पिता–पुत्र

पाचव पुत्र को

बापू के आशीर्वाद

पांचवें पुत्र को बापू के आशीर्वाद

महात्मा गांधी का जमनालाल बजाज व उनके परिवार के अन्य लोगों के साथ हुआ पत्र-व्यवहार

संपादक
काका कालेलकर

प्रस्तावना
जवाहरलाल नेहरू

•

१९५३

मुख्य विक्रेता
सस्ता साहित्य मंडल, नई दिल्ली

प्रकाशक का निवेदन

पूज्य गाधीजीके श्री जमनालाल बजाज तथा उनके परिवारके लोगोके साथ हुए पत्र-व्यवहारके इस सग्रहको हिन्दी-जनताके सामने रखते हुए हमें बडी प्रसन्नता हो रही है। जमनालालजी गाधीजीके पाचवे पुत्र बने थे। इस दृष्टिसे इस सग्रहमे अपने पुत्र-पौत्रोंके प्रति गाधीजीकी अनुपम वत्सलताके दर्शन होते है।

पूज्य काकासाहबने इसका सपादन करके तथा बीच-बीचमें सलाह आदि देकर हमारा जो मार्गदर्शन किया उसके लिए हम कृतज्ञ है।

पूज्य गाधीजीके पत्रो तथा लेखो आदिको प्रकाशित करनेकी स्वीकृति देनेके लिए नवजीवन ट्रस्ट, अहमदाबाद, के भी हम आभारी है।

प्रस्तुत पुस्तक तीन भागोमे विभक्त है। पहले भागमें गाधीजी व जमनालालजीका पत्र-व्यवहार है। इसमे पूज्य बा, श्री महादेवभाई देसाई तथा श्रीमती जानकीदेवी बजाजके पत्र भी ले लिये हैं। दूसरे भागमे बजाज परिवारके अन्य लोगोको गाधीजीने जो पत्र लिखे है उनका सग्रह दिया गया है। तीसरे भागमे गाधीजी व जमनालालजी सबधित पत्र व अन्य सामग्री दी गई है।

अतमे परिशिष्ट है। इसके चार भाग है। पहले परिशिष्टमें मूल पुस्तकके भाग १ और २ के चुने हुए पत्रोका हिन्दी अनुवाद है। मूल पुस्तकमें जिन पत्रोकी सख्याके नीचे 'अ' सकेत दिया है सिर्फ उन्ही पत्रोका अनुवाद दिया गया है। जमनालालजी रोज डायरी लिखते थे। उसमे वे दिनभरके काम तथा अपने मनोभावोका वर्णन लिखा करते थे। गाधीजी-सबधी उल्लेखोसे

ये डायरिया भरी पडी है। शुरूमे सन् १९३२ के अत तककी डायरिया खो गई है। उसके बादसे उनकी मृत्युसे एक दिन पहले तककी डायरिया सुरक्षित है। परिशिष्टके दूसरे भागमे उन डायरियोमेंसे तथा परिवार वालोंको लिखे पत्रोमेंसे गाधीजी-सबधी चुने हुए अश तथा विचार उद्धृत किये गये है। परिशिष्टके तीसरे भागमे "हिन्दी नवजीवन" "यग इडिया" "हरिजन सेवक" तथा "हरिजन" पत्रोंसे जमना-लालजीके सबधमे समय-समय पर लिखे गये लेखो और सस्मरणोमेंसे चुने हुए अश दिये गये है।

गाधीजीने जो पत्र स्वय अपने हाथो लिखे है उनकी भाषा बिना कुछ फरक किए ज्यो की त्यो रखी गई है। ऐसे पत्रोकी असमरूशा परिशिष्ट ४ मे दी गई है।

सपादकके वक्तव्यके बाद "मार्गदर्शककी खोज" तथा "पाचवे पुत्रको" ये दो शीर्षक आप पायेगे। पहलेमे जमनालालजी मार्गदर्शककी खोजमे बापू-तक कैसे पहुचे यह उन्हीके शब्दोमे दिया गया है। दूसरेमे बापूने अपने 'पाचवे पुत्र' के प्रति समय-समय पर जो उद्गार व्यक्त किये है उनमेंसे कुछ उद्धरण दिये गये है।

"परिचय" मे गाधीजी और जमनालालजीके 'परिवार' में से उन्ही लोगोका परिचय दिया है जिनके नाम पत्र-व्यवहार हुआ है।

सारा पत्र-व्यवहार मूलमे जिस भाषामे लिखा गया है उसी भाषामें दिया गया है। गुजराती पत्र नागरी लिपिमें छापे गये है। हरेक भागमे पत्र आदि तारीखवार दिये गये है।

पुस्तकमे कही कही विशेष पत्रोंके ब्लाक बनाकर भी दिये गये है।

जिन पत्रोके नीचे हस्ताक्षर ब्लाकमे दिये गये है, उनकी मूल प्रतिया मौजूद है। जिनको नकल परसे लिया गया है उनके नीचे लेखकका नाम दे दिया गया है।

पत्रोके बीचमें जहा तारक चिह्न (* * *) आये है उसका अर्थ है कि वहा सपादकने कुछ अश छोड दिया है। अक्षर अस्पष्ट हो जाने या

प्रकाशक का निवेदन

नष्ट हो जानेसे जो अश पढा नही जाता है, वहा विन्दु चिह्न (   ) दिये गये है। कई पत्रोमें पूरी तारीखें व स्थान नही है। उनको खोजकर या सदर्भसे जानकर कौसमे दे दिये है।

इस सग्रहमे वे ही पत्र दिये जा सके है जो हमे प्राप्त हो सके है। जमनालालजी-सबधी गाधीजीके तथा गाधीजी-सबधी जमनालालजीके अनेक पत्र मित्रो एव सबधियोके पास होगे। उन सबसे हमारी प्रार्थना है कि उनके पास इस तरहके जो भी पत्र हो उनको या उनकी नकले हमे भेजनेकी कृपा करे ताकि दूसरे सस्करणमें उनका उपयोग किया जा सके।

इस सग्रहको तैयार करनेमे जिन भाइयोने प्रेमपूर्वक हमें सहायता प्रदान की है उनके हम हृदयसे आभारी है। इन सहायकोमे सर्वश्री हरिभाऊ उपाध्याय, नीलकठ मशरूवाला, यू एस मोहन राव, के वी कामत, चिमनलाल शाह तथा रामलाल परीख मुख्य है।

मार्तण्ड उपाध्याय

प्रस्तावना

सन् १९१९ ईसवीमे भारतके लबे इतिहासमे एक नये युगकी शुरूआत हुई। इससे पहले ही भारतमे ही नही बल्कि विदेशोमे भी गाधीजी काफी प्रख्यात हो चुके थे। पर सन् १९१९ मे तो वे एक तेज सितारेकी तरह भारतके विशाल रगमच पर चमक उठे। लाखो लोगोकी श्रद्धाका केन्द्र तो वे बन ही चुके थे, साथ ही इस समय तक जुदा-जुदा प्रवृत्तियो वाले श्रद्धालु लोगोका एक बडा मजमा भी उनके आसपास आ जुटा था।

हमारा यह जमघट बडा अजीबो-गरीब था। हमलोग एक दूसरेसे बिलकुल अलग थे, हमारी पृष्ठ-भूमिया अलग थी, जीवनप्रणालिया अलग थी, विचारधारायें भी अलग थी। लेकिन इसके बावजूद हममे कुछ-न-कुछ समानता जरूर रही होगी जो हमे उस अद्भुत विभूतिकी ओर बरबस खीचती थी।

उस समय गाधीजीके नजदीक आने और उनके गिने-चुने आत्मीय जनोमें निकटका स्थान पाने वालोमे जमनालाल बजाज एक थे। जहा तक मेरा खयाल है उनसे मेरी पहली मुलाकात सन् १९२० के काग्रेस अधिवेशनमे हुई थी। गाधीजीके नेतृत्वमे चल रहे राष्ट्रीय आन्दोलनमे सहयोगियोके तौर पर काम करते हुए हम अकसर मिलते रहे, और हमारा परिचय काफी घनिष्ठ होता गया। स्वभावत हम एक दूसरेसे बहुत भिन्न थे, और मुमकिन है कि दूसरी परिस्थितियोमें यह घनिष्टता

गाधीजी व जमनालालजीका पत्र-व्यवहार अग्रेजीमें *To a Gandhian Capitalist* नामसे प्रकाशित हो चुका है। यह प्रस्तावना वहासे अनुवाद करके ली गई है।

पैदा होनेका मौका ही न आता। मेरे खयालसे हमने एक-दूसरेकी कीमत समझी और हमारा आपसी प्रेम और आदर आहिस्ते-आहिस्ते बढता ही गया। जमनालालजीके प्रति निश्चय ही मेरा आदर बढ गया और प्रेमवश मैं उनको एक निकटका पारिवारिक व्यक्ति समझने लगा। हमारी विचार प्रणालिया भिन्न होनेके बावजूद मै अपने घरेलू तथा सार्वजनिक मामलोमे सलाह लेने अकसर उनके पास जाया करता था। क्योंकि मैने यह देख लिया था कि वह बडे ध्येयनिष्ठ और व्यवहारकुशल व्यक्ति थे।

हम दोनो अपने अपने दृष्टिकोणमे गाधीजीको श्रेष्ठ तथा महान व्यक्ति मानते थे। उनके नेतृत्वमे उनके साथ ही हम दोनो भी एक ही ध्येयकी साधनामे बढते गये। जिस महान आन्दोलनमें हमने हिस्सा लिया उसके कई पहलू थे और सभी ढगके लोग उसकी ओर आकर्षित हुए। उसमे भारतकी अनगिनत जनता थी, बुद्धिजीवी और समाजवादी, जमीनदार और किसान, पूजीपति और मजदूर, व्यापारी और कारीगर, सभी थे। एक अजीब मेला था। सबका समावेश करनेवाले उस आन्दोलनमे हम सबने अपना अपना छोटा-बडा हिस्सा अदा किया। यह कहना मुनासिब होगा कि जमनालालजी इस आन्दोलनमें एक विशेष और अनोखी प्रतिभा लेकर आये। हममेंसे लगभग सभी लोग औरोकी तरह ही थे। हमारे बिना शायद काम चल भी जाता। पर जमनालालजी तो अपने ढगके एक ही थे। उनके जैसे और लोग इस आन्दोलनमें उनकीसी निष्ठाके साथ शरीक नही हुए थे। इस वजहसे वे हमारे लिए और भी कीमती थे। सत्यके प्रति निष्ठा और कर्तव्य-परायणताके कारण वे हमारे प्रिय बन गये थे।

जब भरी जवानीमे वे हमसे जुदा हो गये, हम सबको जबर्दस्त सदमा पहुचा। उनकी जगह लेनेवाला कोई नही था। मुझे निहायत खुशी है कि उनके पत्रोका यह सग्रह प्रकाशित हो रहा है। इससे इस बातका कुछ पता लगता है कि जमनालालजी क्या थे। साथ ही गाधीजीके जीवन और कार्यके अनेक पहलुओमेंसे एकको कुछ झलक भी दिखाई देती है।

पहलगाव (कश्मीर),
२६ जून १९५१

जवाहरलाल नेहरू

अनोखा संबंध

पूज्य गांधीजी और जमनालालजीका संबंध पूरे पच्चीस सालका और अत्यन्त घनिष्ट था। हम यह भी कह सकते हैं कि एक तरहसे अद्वितीय था। बचपनमें उनके जन्मदाताने जमनालालजीको गोद दे दिया था। प्रौढ अवस्थामें उन्होंने स्वयं अपनेको महात्मा गांधीजीकी गोदमें अर्पण किया और महात्माजीने उनको अपने पांचवें पुत्रके तौर पर स्वीकार किया। जमनालालजीने न केवल अपने हृदयको, अपनी संपत्तिको और सेवा-शक्तिको गांधीजीके चरणोंमें अर्पित किया, बल्कि जहां तक हो सका, उन्होंने अपना सारा परिवार ही गांधीजीके हाथोंमें सौंप दिया। गांधीजीने भी न केवल जमनालालजीकी, किन्तु उनके सारे परिवारकी, व्यावहारिक तथा आध्यात्मिक चिन्ता अपने सिर पर ले ली। सचमुच यह संबंध अनोखा था।

गांधीजी आदर्शवादी महात्मा होते हुए भी व्यवहार-कुशल नेता थे। जमनालालजी अत्यन्त व्यवहार-कुशल व्यापारी और समाज-सेवक होते हुए भी आदर्श-परायण थे। इसीलिए इन दोनों अद्भुत बनियोंका संबंध इतना घनिष्ट हो सका।

बचपनमें पिताका कुछ कडा रुख देखते ही धन-संपत्तिका सब मोह छोडनेकी तेजस्विता जिन्होंने बताई थी, उन्होंने लगातार पचीस वर्ष तक अपनी बुद्धि-शक्ति, हृदय-शक्ति, और शारीरिक-शक्ति गांधी-कार्यमें लगाकर अपनी आत्मनिवेदनकी, स्वात्मार्पणकी श्रद्धा व निष्ठा भी बताई। ऐसे शिष्यको, और उनके परिवारके व्यक्तियोंको भी, गांधीजीने जो अनेक पत्र लिखे थे, उनका यह संग्रह है।

इन पाच-छ सौ पत्रोको पढते और उनमे अवगाहन करते ऐसा अनुभव होता है, मानो हम पवित्र गगाजीके प्रवाहमे स्नान और पान कर रहे हैं। क्षण-क्षण हम उसकी पावनता और प्रसन्नता अनुभव करते है और पढते-पढते उसमेंसे नया बल भी मिलता है। सत-चरित्रके श्रवणका जो माहात्म्य बताया है उससे भी बढकर सत-सवादोका होना चाहिये। और ये पत्र तो मानो नित्यके लिखित सवाद ही है। इन पत्रोके साथ सबध रखनेवालोमेसे आज श्री महादेवभाई नही है, राष्ट्रमाता कस्तूरबा नही है, इन पत्रोके प्रधान लेखक राष्ट्र-हृदयके नेता महात्मा गाधी भी नही है और उनके पचम पुत्र, जो अपनी साधनाके जरिये उनके उत्तम पुत्र हुए थे, वे भी नही है। किन्तु इन चारोके साधक-जीवनकी प्रेरणा हमारे पास है, जो इन पत्रोके अन्दर प्रतिबिम्बित हुई है, और वह दीर्घकाल तक दुनियाके अनेक देशोके और अनेक जमानोके श्रेयार्थियोको कृतार्थ करती रहेगी।

महात्माजीके जीवनके हम तीन प्रधान अग मान सकते है। एक उनका राजनैतिक जीवन, जिसमे प्रधानतया सत्याग्रहकी आत्मशक्ति और बलिदानकी दिव्य-शक्ति प्रकट होती है। दूसरा उनका रचनात्मक जीवन, जिसके जरिये वे हिन्द जैसे एक गिरे हुए विस्खलित, निराश और अध राष्ट्रको नवजीवनकी दीक्षा देते रहे और मानो धीरे-धीरे उसकी सब हड्डिया इकट्ठी करके उसमे प्राण फूकते गये। रचनात्मक कार्य केवल सस्था-रचनाका नही, राष्ट्र-निर्माणका कार्य था। रचनात्मक सस्थाओके द्वारा असख्य कार्यकर्त्ता-ओको नये आदर्शकी दीक्षा देना, कदम-कदम पर उनमे शुद्ध दृष्टि और अदम्य शक्तिका विकास करना, और उनके द्वारा सारे राष्ट्रमे नया चारित्र्य और नया तेज पैदा करना, यह कोई सामान्य काम नही था।

महात्माजीके जीवनका तीसरा पहलू है, असख्य व्यक्तियोके जीवनमे, उनके व्यक्तिगत सवालोमे, पारिवारिक सबधोमे और व्यवहारकी अनेक बातोमे पिता और माताके हृदयसे प्रवेश करना और पूरी आत्मीयताके द्वारा असख्य परिवारोकी अखड सेवा करते रहना।

भारतके आम लोग गाधीजीके प्रथम दो पहलुओको अच्छी तरह जानते है। बाहरी दुनिया गाधीजीके राजनैतिक और सत्याग्रही कार्योको देख कर चकित

हो गई और उसीसे अब भी प्रेरणा ले रही है। हिन्दुस्तानके लोग, और कुछ हद तक हिन्दुस्तानके अग्रेज-राज्यकर्त्ता भी, गाधीजीके रचनात्मक कार्यक्रमकी संजीवनीको बहुत कुछ समझ सके। लेकिन गाधीजीके तीसरे पहलूका कार्य, उसकी गहराई, उसका विस्तार और उसकी तेजाब जैसी शुद्धि-शक्ति बहुत कम लोग जानते है। गाधीजीके इस तीसरे कार्यसे जिन परिवारोको लाभ हुआ वे ही उसकी लोकोत्तरता जानते है। लेकिन वे भी उसका विस्तार कहासे जाने? गुप्त दानका माहात्म्य जिस तरह सबसे बडा है, वैसे ही इस आध्यात्मिक, उत्कट, व्यक्तिगत और पारिवारिक सेवाका माहात्म्य भी असाधारण है। मै तो मानता हू कि गाधीजीके ऊपर बताये हुए विविध कार्योमे इस आखिरी अप्रकट सेवा-कार्यका महत्त्व दूसरे प्रकट कार्योसे तनिक भी कम नही है।

सद्भाग्यसे इन तीनो पहलुओका परिचय हमें यहा इन पत्रोमें मिलता है। और विशेष तो यह कि जो पहलू हम या जगतके लोग अन्यथा नही समझ सकते वह इस पत्र-सग्रहमे विशेष रूपसे प्रकट हो रहा है। इतिहासकी दृष्टिसे और आध्यात्मिक दृष्टिसे भी यह मसला एक असाधारण दस्तावेज है।

हम यहा यह भी देखते है कि जिस तरह गाधीजीने जमनालालजीके जीवनमें और परिवारमे प्रवेश किया उसी तरह या उससे भी अधिक जमनालालजीने भी गाधीजीके जीवनमें, उनके जीवन-कार्यमें, उनके कुटुबमें और उनके विशाल राष्ट्रीय एव अन्तर्राष्ट्रीय परिवारमे प्रवेश किया। इसी परसे हम अन्दाज लगा सकते है कि जमनालालजीकी विभूति भी कितनी उत्तुग और मर्मस्पर्शी थी। अगर गाधीजीने जमनालालजीकी कई उलझने सुलझाई तो जमनालालजीने भी गाधीजीकी व्यक्तिगत तथा सस्थागत उलझनें सुलझानेमें अपनी असाधारण निष्ठा और कुशलता दिखलाई है। ऐसा करते-करते उन्होंने इतना अधिकार पाया था कि कभी-कभी उनको गाधीजीसे कडी शिकायत करते और उनके रुखको सुधारते हुए भी देखा गया है। ऐसे समय गाधीजीकी प्रसन्नता एव धन्यता कुछ अजीब ढगसे उनके चेहरे पर प्रकट होती थी। जब-जब गाधीजी जमनालालजीकी बात मान जाते थे तब जमनालालजीके मुह पर भी सच्छिष्य होनेका आनन्द प्रगट होता था। इन निस्स्वार्थ, निरभिमान और समान दृष्टिके सेवकोके बीच जो सवाद चलते थे, उनको सुननेका अधिकार या मौका मिलना भी एक भाग्य था।

श्री महादेवभाई भी कभी-कभी ऐसी ही बाते महात्माजीसे करते थे, किन्तु उनका रुख अनुव्रताके जैसा था। उसमे गाधीजीके साथ असाधारण हार्दिक और आध्यात्मिक एकताकी झलक मिलती थी, और जमनालालजीके सवादोमे उत्तराधिकारी सत्पुत्रकी निष्ठाकी झलक। इसीलिए जब जमनालालजीका अकस्मात् देहान्त हुआ तब गाधीजीने जमनालालजीके सब परिचित मित्रोको उनके कार्य-भारको उठानेका आमन्त्रण देते हुए लिखा था –

"आप जानते है कि जमनालाल और मेरे बीचमे कितना घनिष्ठ सबध था। कोई काम मैने नही किया जिसमे उनका पूरा सहयोग तन, मन और धनसे न रहा हो। जिसको राजकाज कहते है वह न मेरा शौक था न उनका। वे उसमे पडे, क्योकि मै उसमे था। लेकिन मेरा सच्चा राजकाज तो था रचनात्मक कार्य। और उनका भी राजकाज यही था। मेरी आशा थी कि मेरे बाद जो मेरे खास काम माने जाय, उन्हे वे सपूर्णतया चलावेगे। उन्होने मुझे ऐसा आश्वासन भी दे रखा था।"

और सचमुच जमनालालजीमे वह शक्ति थी। दो तपकी याने चौबीस वर्षकी अवधि तक ऐसा कार्य करके उन्होने वह अधिकार भी प्राप्त कर लिया था।

गाधीजी और जमनालालजीमे यह एक समान विशेषता पाई जाती है कि दोनोका हृदय-विकास इतना असाधारण था कि केवल विस्तार ही नही किन्तु उत्कटता से भी वे सारे राष्ट्रको अपना कौटुबिक परिवार बनानेकी शक्ति रखते थे। जहा इन दोनोको प्रवेश मिला वहा वे तुरन्त ही अपने कौटुबिक सद्गुणोकी सुगध फैला देते थे। और वह केवल दिखावेके शिष्टाचारमे नही, किन्तु सचमुच प्रेम, आत्मीयता और सेवाके द्वारा। जब गाधीजीने जमनालालजीको शिमलामे राजकुमारीजीके यहा ठहरनेके लिए भेजा तबका इन दोनोका पत्र-व्यवहार पढने लायक है। ऐसा लगता है कि वहाँका इन दोनोका विनोद मानो कौटुबिक गुणोके विकासकी होड ही है।

जमनालालजी, जानकीमैया या उनके पुत्र-पुत्रियोके बारेमे जब गाधीजी पूछताछ करते है तब उनके लिए एक भी चीज कम महत्त्वकी नही है। उनके शरीर-स्वास्थ्यसे लेकर हरेककी पढाई, उसका विकास, खासकर व्यक्तित्वका विकास, सब पहलुओ पर गाधीजीकी वात्सल्यपूर्ण दृष्टि पाई जाती है।

चि कमलनयनको गाधीजीने समय-समय पर जो पत्र लिखे हैं उनके अन्दर उसके क्रमिक विकासकी झलक पाई जाती है। छोटी उम्रके पत्र अलग है। सीलोन जानेका तय हुआ तबके अलग है, और उसकी महत्त्वाकाक्षा देखकर ही गाधीजी मातापिताको सलाह देते पाये जाते हैं।

चि कमला, मदालसा और ओम् तीनो मीठी लडकिया है। प्रेमल है। किन्तु तीनो अपने-अपने नमूनेकी स्वतत्र व्यक्तिया है। गाधीजी तीनोको अलग-अलग ढगसे प्रेरणा देते है और उनके विकासमे मददगार होते है।

मिठास तो सबसे ज्यादा रामकृष्णकी है, लेकिन वह अपनी सस्कारी नम्रताके पीछे अपनी स्वतत्रताको सभाल लेता है। यही कारण है कि उसके नाम गाधीजीके खत कम है। किन्तु प्रेम और इतजारी सबकी ओर एकसी ही है। जानकीमैयामे आत्म-विश्वास पैदा करनेका काम तो गाधीजी ही कर सके। यहा तक कि जमनालालजीके स्वर्गवासके बाद जो जानकीमैया सती होकर अपने जीवनका अत चाहती थी उनके सिर पर बापूजीने गोसेवाका भार डाला। इतना ही नही, किन्तु उन्हे उर्दूके हर्फ सीखनेके लिए भी बिठा दिया। यह तो गाधीजी ही का काम था।

भारतका आतरिक इतिहास अगर हम ध्यानसे पढे तो हम देख सकते है कि हमारे राष्ट्रके सास्कृतिक धुरधर सबके-सब विशाल परिवार, याने अविभक्त कुटुब पद्धतिके ही कायल थे। "वसुधैव कुटुम्बकम्" ही उन सबका आदर्श था। हम यह भी जानते है कि आदर्श कौटुबिक सद्गुणोका विकास किये बिना, परिवारकी परिधि बढाते जाना खतरेसे खाली नही है। अपने देशमे हमने अविभक्त कुटुब पद्धतिका पुरस्कार करते-करते कई व्यक्तियोके विकासमे बाधा डाली है और चद व्यक्तियोके व्यक्तित्वको कुचल डाला है। कई बार गाधीजीने चद व्यक्तियोका नेतृत्व मजबूत करनेके लिए दूसरोंके व्यक्तिगत विकास पर अकुश रखा है, और अगर उन्होने अपने विकासके लिए अलग क्षेत्र नही ढूढा तो उनका व्यक्तित्व बढनेमे रुक भी गया है। जमनालालजीका तरीका कुछ अलग था। उन्हीके मुहसे मैंने सुना है कि जब कभी उन्होने देखा कि दो व्यक्तियोंके स्वभावमें परस्पर मेल नही है तो वे दोनोके लिए अलग-अलग भिन्न-भिन्न क्षेत्र बना देते थे ताकि दोनोकी शक्तिका पूर्ण विकास हो सके। यही कारण था

कि ऐसे मामलोमे जमनालालजीको ज्यादा सफलता मिलती थी। अगर हम इतिहासमें ढूढे तो गाधीजी और जमनालालजीने मिलकर जिस विशाल कुटुवकी स्थापना की, उसके जैसा विशाल कुटुव, कुटुवके रूपमें शायद ही और कही चला होगा।

जब गाधीजीने राजकोटका सवाल अपने हाथमें लिया और जमनालालजीने जयपुरका, तब दोनोमे यही मध्यकालीन खानदानी-वृत्ति काम कर रही थी। गाधीजी और जमनालालजी बारबार कहते थे कि वे स्वय जितने प्रजाके हितचिंतक थे उतने ही देशी राजाओके भी मित्र थे। देशी राजाओने कभी गौरसे सोचा ही नही कि इन वचनोमें कितनी गहराई भरी हुई थी। अगर देशी राजाओके सब सवाल इन्हीके द्वारा और इन्हीके ढगसे हल किये जाते तो देशका राजनैतिक जीवन, हमारी सस्कृतिके लिए अधिक हितकर हो जाता। लेकिन पश्चिमकी शिक्षाने अपना प्रभाव इतना फैलाया था कि राजा और प्रजा दोनो गाधीजीकी पद्धति और जमनालालजीकी मनोवृत्ति या महत्त्वाकाक्षाको समझ नही सके, झेल न सके। और अग्रेजोकी मौजूदगी और नीतिके कारण भी मामला हमेशा विगडता गया।

जो बात देशी राजाओके बारेमें थी वही हिन्दुस्तानके समाजके बारेमें भी सही थी। गाधीजीमें धार्मिक या सामाजिक तगदिली तनिक भी नही थी, किन्तु हिन्दू-धर्म और हिन्दू-समाज दोनोके प्रति उनकी आत्मीयता कम न थी। जमनालालजीके बारेमें भी यही कहा जा सकता है। जो निष्ठा जमनालालजीमें हिन्दू-धर्मके प्रति पाई जाती है वैसी निष्ठा बहुत कम लोगोमें देखनेको मिली है। इस धर्मनिष्ठाके कारण ही वे गाधीजीके भक्त बने। जमनालालजीमें यदि हिन्दू-धर्मके प्रति औरोके जैसी विकृत निष्ठा होती तो वे गाधीजीको अपना हृदय अर्पण नही कर सकते। गो-सेवा, अस्पृश्यता-निवारण, आतर्जातीय-विवाह, हिन्दू-मुस्लिम एकता, राष्ट्रभाषा-प्रचार, सर्व-धर्म-समभाव और ट्रस्टीशिपका सिद्धात (सपत्तिकी और विश्वस्त-वृत्ति), इन सब बातोमें जमनालालजीने गाधीजीके साथ अपनी पूर्ण एकता सिद्ध की थी। कितने आश्चर्यकी बात है कि गाधीजीके पचीस वर्षके इन पत्रोमें उनको ऊपर बताई बातोमे जमनालालजीसे कभी भी दलील नही करनी पडी।। ऐसा लगता है कि दोनोके बीच ये सब बाते पहले ही मान्य थी। इसी

लिए इन सब बातोमे जमनालालजी गाधीजीका कार्य पूर्ण हृदयसे करके उनको सतोष दे सकते थे और स्वय भी सतोष पा सकते थे।

सचमुच जमनालालजी गाधीजीकी कामधेनु थे। पैसे देने या लानेकी दृष्टिसे ही नही, किन्तु गाधीजीके आदर्श और मनोरथ समझकर उनकी सब कामनायें सिद्ध करनेके लिए अपनी समस्त शक्ति, अपना समस्त बल — द्रव्य-बल, मनुष्य-बल, बुद्धि-बल और व्यवस्था-बल — लगानेवाली कामधेनु थे।

गाधीजीको रचनात्मक कार्यक्रमके लिए पैसे तो कई लोगोने दिये है। बिडला-बधु, अहमदाबादके व्यापारी, रगूनवाले डा प्राणजीवन मेहता, उत्कलके जीवराम कोठारी आदिसे लेकर डा रजबअली पटेल तक असख्य लोगोने गाधीजीको आर्थिक सहायता दी है, किन्तु गाधीजीके कार्यको अपना ही कार्य बनानेकी शक्ति तो जमनालालजीने ही दिखाई। खादी हो या इतर ग्रामोद्योग, गुजरात विद्यापीठ हो या राष्ट्रभाषा प्रचार, अस्पृश्यता-निवारण हो या गो-रक्षा, सब कार्योमे जो कुछ भी जोश या जिन्दापन आया उसमें जमनालालजीके व्यक्तित्वका भाग कमोवेश अवश्य था। गाधीजीके इन सब पत्रोमे इतना विश्वास पाया जाता है कि राष्ट्र हितकी हर बातमे जमनालालजी उनके साथ है ही।

खादी और गो-रक्षा दोनोमे वैश्य-धर्मका चरम उत्कर्ष है। जब जमनालालजीने गाधीजीके पास आत्मशुद्धिके लिए कोई साधना मागी तब गाधीजीने उनको गोसेवाका ही काम सौंपा। हमारे शास्त्रकारोने कहा है कि गो-रक्षाका काम भगवानने वैश्योको सौपा है। गो-रक्षा वैश्य ढगसे ही हो सकती है, क्षात्र ढगसे नही। फिर कौनसा आश्चर्य है कि गाधीजी और जमनालालजी दोनो वैश्य इस कार्यमे अपनी अधिकसे-अधिक शक्ति लगा सके।

सन् १९२२ मे ही गाधीजीने जमनालालजीको लिखा था यदि विदेशी सूत और कपडोका व्यापार करनेवाले लोग अपने व्यापारको नही छोडेंगे, और जनता विदेशी कपडोका मोह नही छोडेगी तो मुल्ककी महाबीमारी—भूख हरगिज हट नही सकती। दर्दनाक अनुभवसे कहना पडता है कि आज भी वह बात उतनी ही सही है। गाधीजीने तीस बरस पहले जो स्पष्ट देखा था उसका विश्वास आज भी न हमारे व्यापारी वर्गको हुआ है,

न, हमारी जनताको, न प्रजाकीय सरकारको। महाबीमारी—भूख घटी नहीं, बढती ही जाती है। तो भी लोग और सरकार अपनी सारी शक्ति खादी और ग्रामोद्योग के पीछे नही लगा रहे है।

श्रेयार्थी जमनालालजीके आत्मशुद्धिके सतत प्रयत्नका संपूर्ण चित्र हमें कौन दे सकेगा? श्री विनोबाजी शायद कुछ दे सके। लेकिन ऐसे चित्रका दर्शन करके पावन होनेके अधिकारी भी तो कौन और कितने है?

जीवन-शुद्धिका प्रयत्न मनुष्य-जीवनकी सर्वोच्च साधना है। अधिकांश जनता इस बारेमे जागृत ही नहीं होती। बहुतसे लोग तो कानूनके डरसे स्थूल बातोंमे अपनेको स्वच्छ मार्ग पर रखते है। थोडे ऐसे भी होते है जो अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा बनाये रखनेके लिए अपनेको सीधे मार्ग पर रखते है। चंद लोग अपने बाल-बच्चोंके लिए अच्छी विरासत छोडनेके खयालमे सदाचारके रास्ते पर चलते है और इतनी सिद्धि हासिल की तो अपने आपको कृतार्थ मानते है। पर जमनालालजीको इतनी सिद्धिमे संतोष नही था। वे कहते थे कि अशुभ वासना मनमें पैदा ही क्यो हो?

समय-समय पर जमनालालजी बापूजीको अपनी मानसिक स्थितिकी रिपोर्ट देते थे, और गांधीजी भी उन्हे उचित सलाह और प्रोत्साहन देते रहते थे। अगर यह सारा पत्र-व्यवहार अविकल रूपमे मिल जाता तो आत्मोन्नतिके मार्गमें सतत प्रयत्न करनेवाले तमाम विश्वके यात्रियोंके लिए वह एक दिशादर्शक नक्शा हो जाता। आज भी जो कुछ हिस्सा यहा पर हमे उपलब्ध है, उसमे उपनिषत्कालके साधक और महर्षियोंके संवादकी झलक और भव्यता पाई जाती है। नारद या प्रतर्दन राजा अपने गुरुके पास जाकर अपनी हालत बताते है और आगेका रास्ता पूछते है, वैसा ही वायुमंडल यहा दीख पडता है।

गांधीजीने अपना प्रधान जीवन-सिद्धान्त और व्यापक जीवन-दृष्टि जमनालालजीको सबसे पहले उस एक ही पत्रमे लिख भेजी, जो उन्होंने भारतमे प्रथम बार जेल जाने पर साबरमती जेलसे १६-३-१९२२ को लिखा था। यह मानो एक दीक्षा पत्र ही था और ऐसा दीख पडता है कि उसी समयसे जमनालालजी आत्मशुद्धिके लिए गांधीजीसे मदद मांगने लगे। गांधीजीकी दृष्टिमे आत्मशुद्धि और स्वराज्य-प्राप्ति एक ही चीज है।

सत्यकी अनन्य निष्ठाके बिना किसीका आदर्श-सत्याग्रही बनना असंभव है।

इस पत्रमें गांधीजी बताते हैं कि सर्व श्रेष्ठ भावना सत्यकी ही हो सकती है। सत्यकी खोज करते-करते उन्हें उसमें जीवनके और सब सिद्धांत मिल गये। सत्यके द्वारा ही उन्हें अहिंसाका साक्षात्कार हुआ। पूर्ण सत्यके दर्शन तो भगवानकी कृपासे ही होंगे। लेकिन निर्मल अंतःकरणको जिस समय सत्यके जैसी जो भी चीज लगे उसीको पूरी निष्ठासे चलाते-चलाते शुद्ध सत्य मिल सकता है।

अहिंसाका ऐसा नहीं। सत्यके द्वारा अहिंसा प्राप्त होती है। केवल अहिंसासे सत्य मिलेगा ही, ऐसा विश्वास नहीं है। कई बार अहिंसा किसे कहे इसका निर्णय करते असमंजस पैदा होता है। जन्तुनाशक पानीका व्यवहार भी हिंसा ही है। सच तो यह है कि इस हिंसामय जगतमें अहिंसामय बनकर रहना यही बड़ी साधना है। सत्यकी दृढ़ निष्ठासे अहिंसा सिद्ध हो सकती है। सत्यसे ही प्रेम सिद्ध होता है, सत्य ही हमें मृदु बनाता है। जो सत्यवादी बनना चाहता है, सत्यका आग्रह रखना चाहता है, उसका नम्रताके बिना चलेगा नहीं। सत्यकी मात्रा जैसे-जैसे बढ़ती जाती है वैसे-वैसे वह नम्र होता ही जाता है।

गांधीजीने अपने अनुभवसे ही यह बात लिखी है। वे कहते हैं, सत्यको आज मैं जितना पहचान सकता हूं और उसका खयाल रख सकता हूं उतना एक वर्षके पहले नहीं था। आज अपनी अल्पताका भान जितना है उतना एक सालके पहले नहीं था। मुझे दिन पर दिन 'ब्रह्म सत्य जगन्मिथ्या' के महावाक्यका अद्भुत साक्षात्कार होता जाता है। इसलिए हमें धीरज बढ़ाना चाहिए। धीरज बढ़ते-बढ़ते कठोरता मनुष्यके हृदयसे कम होने लगती है, सहिष्णुता बढ़ती है। अपनी खामियां पहाड़के जैसी दीख पड़ती हैं और दुनियाकी खामियां रजके जैसी। सत्यके द्वारा ही आत्माके दर्शन होते हैं।

जबतक आत्माको न पहचानोगे तबतक उसकी जगह अहंकार लेता है। अहंकारके कारण हमारा शरीर टिक सकता है। अहंकारका पूर्ण नाश होते ही शरीरका भी आत्यंतिक नाश होगा और वही है मोक्ष। जिसके अहंकारका पूर्ण नाश हुआ है, वह तो सत्यकी प्रत्यक्ष मूर्ति रहेगा। उसे परब्रह्म कहनेमें भी कुछ संकोच नहीं। इसीलिए तो परमात्माका एक सुंदर नाम है दासानुदास। हमें भी दासानुदास होकर ही रहना है।

लेकिन सत्य-निष्ठा कोई आसान व्रत नहीं है। स्त्री, पुत्र, मित्र, परिग्रह, सब कुछ सत्यके अधीन रहना चाहिये। सत्यकी खोज करते-करते अगर इन सबोका त्याग करनेके लिए तत्पर रहे, तभी हम सत्याग्रही बन सकते हैं।

गाधीजी स्वराज्य और राष्ट्रोत्थानकी प्रवृत्तिमे पडे, उसका मुख्य कारण भी सत्य प्राप्तिकी इच्छा ही था। सत्यकी उपासना द्वारा सत्यरूप हो जाना यही परम धर्म है। इस धर्मका पालन करते हुए स्वराज्य साधना पैदा हुई। उसीकी सिद्धिमे जमनालालजी जैसे अपने साथियोको कुरबान करते उन्हे कभी सकोच नही रहा। बाह्य स्वराज्य तो एक प्रतीक मात्र है। सच्चा स्वराज्य तो व्यक्तिका आतरिक और हृदयका स्वराज्य है। गाधीजीका विश्वास है कि ऐसा एक भी सत्याग्रही सिद्ध हुआ तो स्वराज्य प्राप्ति होते एक क्षणकी भी देरी नही लगेगी। यह मार्ग कठिन है इसलिए उसे हम छोड न दे। मार्ग कठिन है इस वास्ते प्रयत्नकी पराकाष्ठा करनी चाहिये।

गाधीजीने जमनालालजीको अपना पाचवा पुत्र बनाया, तभीसे जमनालालजी तो सत्पुत्र होनेका प्रयत्न करते ही थे, लेकिन गाधीजी भी सत्पिता बननेकी अखड कोशिश करते रहे। और उनका प्रयत्न इतना उत्कट था कि हरेक आदर्श वे इसी जन्ममे सिद्ध करना चाहते थे। चकित दुनियाने देख लिया कि उत्कट प्रयत्नसे साधक कितनी ऊचाई तक पहुच सकता है।

जेलसे लिखे और एक पत्रमे ५-१०-२२ को गाधीजी जमनालालजीको उनकी धर्म-भावनाके बारेमे लिखते है मनमे अपवित्र विचार आ जाय उससे घबरा जानेका कोई कारण नही है। अपवित्र विचारोसे जो व्यक्ति पूर्ण मुक्त हुआ उसे मोक्ष ही मिला। अपवित्र विचारोका पूर्ण नाश दीर्घ तपश्चर्यासे ही होता है। उसका उपाय एक ही है। जब कभी मनमे अपवित्र विचार आ जाय तब तुरन्त उसके सामने उसका विरोधी पवित्र विचार खडा कर देना चाहिये। ईश्वरके अनुग्रहसे ही यह हो सकता है। इस अनुग्रहके लिए सर्वकाल ईश्वरका नाम लेना और वह अतर्यामी है इस बातको पहचान लेना जरूरी है। शुरू-शुरूमे रामनाम हृदयसे नही निकलेगा। जीभ रामनाम लेती जायगी और मनमे दूसरे विचार आते जायेगे, इसकी परवाह नही। आत्म-शुद्धिका खयाल रखकर हम रामनाम लेते जाये, तो अतमे जो नाम जीभ पर है वह हृदयमे भी प्रथम स्थान ले लेगा।

और एक बात है। मन तो चाहे दौडता रहे, हम अपनी इद्रियोको उसके अधीन न होने देंगे। जहा मन गया वहा अगर उसके पीछे हमारी इद्रिया भी गई, मनकी वासनाके वश होकर अगर हम वैसा आचरण करने लगे तो हमारा नाश हो जायगा। लेकिन जबतक मनुष्य, भले ही जबरदस्ती, अपनी इद्रियोको काबूमे रखता है, किसी-न-किसी दिन अपवित्र विचारोको भी काबूमे ले ही आवेगा। अपनी बात बताते हुए जमनालालजीको प्रोत्साहन देनेके लिए गाधीजी कहते है कि आज भी अगर मेरे विचारोके अनुसार मै अपने इद्रियोको कार्य करने दू तो आज ही मेरा नाश हो जायगा। मनमे अपवित्र विचार आते ही इससे हम मायूस क्यो हो, हमे तो अधिक उत्साही बनना चाहिये। प्रयत्नका सारा क्षेत्र हमारे वश है। परिणामका क्षेत्र भगवानने अपने वशमे रख लिया है, इस वास्ते परिणामकी चिता हम न करे। जब कभी मनमे अपवित्र विचार आ जाय तब ऐसा समझ लेना कि अपनी पत्नीके प्रति हम बेवफा बने है। साधु पति पत्नीके प्रति बेवफा हो ही कैसे सकता है? तुम साधु हो। मामूली इलाज तो तुम जानते ही हो। आहारकी मात्रा कम करके अल्पाहारी बनना चाहिये। दृष्टि अपने सामनेकी जमीन पर रखकर ही चलना चाहिये। आख अगर मलिन हो जाय तो उसपर ऐसा क्रोध करना मानो हम उसे फोडनेके लिए तैयार हुए है। पवित्र ग्रथोका सत्सग तो रखना ही चाहिये।

इस तरह गाधीजी जमनालालजीको आश्वासन देते गये।

दिन पर दिन जमनालालजीको मनमे शका उठने लगी कि इस तरह गाधीजीके ऊपर अपना बोझ डालना कहा तक मुनासिब है। तारीख २५-१०-२२ को जमनालालजीने लिखा मेरे बारेमे आपने जो रास्ते बतलाये उनका उपयोग मै अवश्य करूगा, इससे जरूर लाभ पहुचेगा। लेकिन ऐसा मनमे सवाल उठता है कि जब मनकी ऐसी हालत थी तब आपका पुत्र बननेका अधिकार ही मुझे क्या था। आप पर मैने जवाबदारी डाल दी। लेकिन उससे मै अपनी जवाबदारीसे मुक्त नही हो सकता। मन बाहर इधर-उधर जाता है, तो इज्जतके डरसे उसे रोक सकता हू, लेकिन मेरी इच्छा तो यही है कि गृहस्थाश्रममे रहते हुए भी कामवासनासे हमेशाके लिए मुक्त हो जाऊ। यही तो सबसे कठिन बात है, लेकिन मुझे विश्वास है कि आपके पवित्र आशीर्वादसे मुझे मुक्ति मिलेगी।

गांधीजीने जमनालालजीको अपना पुत्र बनाया सही। एक बार उन्होंने जमनालालजीको एक पत्रमे चिरंजीवकी जगह भाई जमनालालजी लिखा। जमनालालजीको इसका दुख हुआ और उन्होंने शिकायत की। जवाबमें गांधीजीने लिखा कि खुले खतमे चिरंजीव लिखना योग्य है या 'भाई' इसका निर्णय मैं उस समय नही कर सका, इस वास्ते मैंने 'भाई' शब्दका प्रयोग किया। अब जिस तरह तुम्हारे मनमें शका है कि चिरंजीव बननेकी योग्यता तुममें है या नही, इसी तरह मेरे मनमे भी शका है कि मैं पिताका स्थान लेनेके योग्य हू या नहीं। अगर तुम अपूर्ण हो तो मैं भी अपूर्ण हूं। मुझे भी अपनी योग्यताका विचार करना चाहिये। तुम्हारे प्रेमके कारण मैं 'पिता' बन गया, ईश्वर मुझे इस स्थानके योग्य बनाये। अगर तुममें खामी रही तो वह मेरे स्पर्शकी खामी होगी। मुझे विश्वास है कि हम दोनो प्रयत्न करते-करते सफल हो जायेंगे और अगर सफलता प्राप्त नही हुई तो भी क्या? भगवान् जो भावनाका ही भूखा है, हमारे अतरको समझ सकता है। जैसी हमारी योग्यता होगी वैसा हमारा निकाल करेगा। इसलिए जबतक मुझमें मलिनताको ज्ञानपूर्वक स्थान न दू तबतक तुमको चिरंजीव (पुत्र) ही मानता रहूगा।

इस पत्रमें गांधीजीने जमनालालजीके साथ अपनी इतनी एकता मानी है कि वे लिखते है कि तुम्हारे अन्दर अगर कुछ कमी रही तो वह मेरे स्पर्शकी कमी होगी।

इसमे तनिक भी आश्चर्य नही। जब गांधीजीने भारतकी सेवा शुरू की तब उन्होंने कहा था कि मैं सारे देशका प्रतिनिधि हू। सज्जन, दुर्जन, देशभक्त, देशद्रोही, सब भारतियोके कृत्योंका उत्तरदायित्व मेरे सिर पर है। इसीलिए तो उन्होंने चौरीचौराके अत्याचारोकी पूरी जिम्मेदारी अपने सिर पर ली और उसका प्रायश्चित्त किया। आश्रममें अगर किसीने कोई गलती की तो वह अपनी ही गलती है, ऐसा समझकर वे स्वयं प्रायश्चित्त करते थे। भारतीय वेदान्तमें विश्वात्मैक्यकी जो भावना बताई है, उसकी साधना गांधीजी केवल ध्यानके द्वारा नही किन्तु इस तरह समग्र जीवन द्वारा भी करते थे।

जब जमनालालजीको उनकी जातिने बहिष्कृत किया तब गांधीजीने उनको लिखा कि तुमने जो कुछ भी किया है उसमे कुछ भी ऐसा नही जिसके

लिए शरम या पछतावा हो सके। जातिको तो अधिकार है ही कि जिस किसी व्यक्तिने उसके नियमोका उल्लघन किया उसका वह बहिष्कार करे।

जब तुम्हारे नाम तोहमतनामा आयेगा, उसको तुम मेरे पास भेज देना। मैं उसका जवाब लिख दूगा। उसमे फिर जैसा चाहो वैसा फेरफार कर सकोगे। मैं इतना चाहता हू कि हमारे जवाबमे पूरी नम्रता और विनय होना चाहिये। इस बहिष्कारके कारण जातिमें तुम्हारा प्रभाव कम होगा और द्रव्य इकट्ठा करनेकी तुम्हारी शक्ति भी घटेगी, इसकी मुझे फिक्र नही है। धर्मकी रक्षा करते भीख मागनेका समय आ जाय तो भी क्या? आखिर जब तुम्हारी जाति तुम्हारी धर्म-निष्ठा और नम्रता पहचान सकेगी तब स्वय नम्र बनेगी। इसी तरहसे जातियोमे सुधार हो सकेगा।

तारीख २१-११-१९२६ के पत्रमे आशीर्वाद भेजते हुए गाधीजी लिखते है तुम दीर्घायु होवो और तुम्हारी पवित्रतामे वृद्धि होवे। इस जगतमे दूषणसे रहित कोई है ही नही। हम उस दूषणको दूर करनेकी कोशिश ही कर सकते है। ऐसा प्रयत्न तुम कर ही रहे हो। भगवानका वचन है कि प्रयत्नशीलके लिए दुर्गति है ही नही।

जमनालालजीने एक बार कपडेकी एक मिल खरीदनी चाही। उसमे एक उद्देश्य यह भी था कि मिल-मजूरोको गाधीजीके आदर्शके अनुसार रखनेकी कोशिश की जाय। जब जमनालालजीके घरके लोगोको इसका पता चला तो सबके सब अस्वस्थ हो उठे। खादी प्रचारक जमनालालजी कपडेकी मिलके मालिक बन जाय यह कैसा! ऐसे वायुमडलमे गाधीजीने जमनालालजीको एक खत लिखा जिस परसे सिद्ध होता है कि सारा बजाज परिवार गाधीजीके असरके नीचे आगया था।

तारीख २७-९-३४ के पत्रमे वर्धामे गाधीजी लिखते है खादी प्रचारमे इतनी गहराई तक उतरनेके बाद कपडेकी मिलका मालिक बनना अच्छा नही है। मुझे तो इस बातका आघात हुआ। लेकिन शायद मैं कुछ न लिखता परन्तु जानकीमैया कल आकर पूछने लगी कि यह बला किसके लिए खरीद रहे है? लडके भी इस चीजको पसद नही करते। नौकर जरूर कहेगे कि अच्छा हुआ, अब मालिक हमे खादी पहननेका उपदेश थोडे ही करेगे।

जो चीज किसीको पसद नही है उसे छोड ही देना चाहिए। अगर परोपकारके लिए धन कमानेके खयालसे ही इस प्रवृत्तिमे पडे हो तो इस परोपकारके बिना काम चला लेगे।

गाधीजीके इस खतके मिलनेके पहले ही जमनालालजीने मिल न लेनका निर्णय कर लिया था।

जब जमनालालजीने ४९ वर्ष पूरे किये और पचासवेमे प्रवेश किया तब उनकी मानसिक अस्वस्थता बहुत ही बढ गई थी। उन्होने पवनारसे ४-११-३८ को गाधीजीको एक ऐसा दर्द-भरा पत्र लिखा है जो पढते-पढते हरेकका हृदय अस्वस्थ हो जाता है। उनके मनमे आत्महत्याके विचार भी आने लगे थे। दुनिया-भरके पत्र-साहित्यमे यह पत्र एक अनोखा स्थान प्राप्त करेगा।

"आज मिती व तारीखके हिसाबसे मुझे ४९ वर्ष पूरे हुए है। पचासवा वर्ष चालू हुआ है। आपका आशीर्वाद तो सदैव ही रहता है, परन्तु मै जब विचार करता हू तो मुझे इन दो अढाई वर्षोमे ऐसा साफ दिखाई देता है कि मै आपके आशीर्वादका पात्र नही हू। मेरी कमजोरियोका जब मै विचार करता हू तब तो इन वर्षोमे खासकर छोटेलालजीकी घटनाके बाद मेरे मनमे आत्महत्याके भी विचार आये, जिसे मै कायरता व पाप समझता आ रहा था, बुद्धिसे तो अभी भी समझता हू। मुझे दु ख इस बातका विशेष रहता है कि मेरी उन्नतिके बदले अवनति विशेष होती दिखाई दे रही है।

"इसके कई कारण हो सकते है, परन्तु उन सबकी जिम्मेवारी तो मेरी ही है। देहलीके पहलेतक तो विचारोका जोर मेरे मनमे चलता रहा, एक तो मै सब सार्वजनिक कार्योसे, अगर सभव हो तो खानगी काममे भी, अलग हो जाऊ। अगर यह सभव न हो तो ज्यादा जिम्मेवारीका काम लेकर उसमे रात-दिन फसा रहू। परन्तु अब तो निकलनेमे ही अधिक समाधान मिलना सभव है।

"मेरी कमजोरी मुझे इस प्रकार दिखाई दे रही है। अहिंसा व सत्यका आचरण कम होता दिखाई दे रहा है। डर है कि कही इस परसे श्रद्धा भी कम न हो जावे। इसी कारण असहनशीलता भी बढ रही है। क्रोधकी मात्रा भी बढती जा रही है। कामवासना बढती हुई मालूम हो रही है। लोभकी मात्रा भी। इतने सब दुर्गुण या कमजोरी जो

मनुष्य अपनेमें बढती हुई देख रहा है फिर उसे जीनेका मोह कैसे रह सकता है? यानें मानसिक कमजोरीके विचार तककी बात होती तो भी फिर प्रयत्नके लिए उत्साह रहता, परन्तु जब शरीरकी इन्द्रियोंको भी मैं काबूमें न रख पाता हू यानी प्रत्यक्ष शरीरसे पाप होते दिखाई देता है तब लाचार बन जाता हू। ऊपरी हिम्मत तो बहुत ज्यादा रख रहा हू, रखनेका प्रयत्न भी करता रहूँगा, परन्तु मुझे आज यह अनुभव हो रहा है कि कही यही दशा रही तो या तो पागलकी स्थिति पर पहुच जाना सभव है या पतनके मार्ग पर जानेका भय है। इसलिए आज अगर स्वाभाविक मृत्युका निमत्रण आये तो मेरी आत्मा कहती है कि मुझे समाधान, शाति मिलेगी, क्योकि मेरा भविष्य अधेरेमे दिखाई दे रहा है। मुझे आज यह विश्वास हो जावे कि मेरा पतन कभी नही होवेगा, मै सत्यके मार्गसे नही हटूगा, तो मुझमें फिर नवजीवन, उत्साह आना सभव है। मुझे इन वर्षोमें बहुतसी मानसिक चोटें लगी है, कुटुम्बियो द्वारा, मित्रो द्वारा, जिसके लिए मेरी तैयारी न थी। अगर इसी प्रकार चोटें लगती ही रही तो पागल होनेके सिवा दूसरा क्या होवेगा? मृत्यु तो मेरे हाथकी बात नही है। आत्महत्यामें तो कायरता व पाप दिखाई देता है। क्या करू, कुछ समझमें नही आता। मेरे दिलका दर्द किसे कहू? कौन ऐसा है जो प्रेमसे मेरी मानसिक स्थितिको सुधार सकता है? मेरा भरोसा तो आप पर व विनोबा पर ही था। परन्तु आपसे तो अब आशा कम होती जा रही है। विनोबासे अभी आशा है। शायद कोई समाधान-कारक मार्ग निकल जाए।

"इन वर्षोंमे मै आपके पास कई बार हृदय खोलनेके लिए आया परन्तु आपकी मानसिक, शारीरिक व आसपासकी स्थितिके कारण पूरी तौरसे खोल नही सका। इसका मेरे मनमे दुःख रहा और ऐसा लगता रहा कि मै आपको व अन्य मित्रोको धोखा तो नही दे रहा हू। क्योकि मै धोखेसे बढकर पाप या नीच कृत्य नही मानता आया। इसलिए मैने मेरी स्थिति कई मित्रोको, घरवालोको कहनेका प्रयत्न किया, परन्तु उसमे पूर्ण सत्य न रहनेकी वजहसे या अन्य कई कारणोंसे उसका जो परिणाम आना चाहिये था, वह नही आया। अब आप कोई राजमार्ग बता सकते है। मुझे तो लगता है कि अभी तक मेरी बुद्धि काम दे रही है। मेरेमें जो-जो कमजोरिया है व वे जिन कारणोंसे घुसी है वह भी मालूम है, उनको निकालनेकी इच्छा

भी है। यह इच्छा तीव्र बनाई जा सकती है। परन्तु मेरे पास याने मेरे साथ कोई ऐसा व्यक्ति नही है जिसमें प्रेम, सेवा व उदारता भरी हुई हो, जिसके पवित्र चरित्र व प्रेममय वातावरण या सेवामें मेरे मनको शांति मिले। क्या इस प्रकारकी बहिन या भाई आपकी निगाहमें है ? अगर निगाहमे है तो क्या उसका मेरे साथ रह कर मेरी सेवा करना सभव है ? सार्वजनिक कार्यकर्त्ताके पाससे काम छुडा कर उससे अपनी सेवा लेनेकी हिम्मत नही होती। मैंने जिन कमजोरियोका वर्णन किया है उसका यह अर्थ नही है कि मेरेमें पहले कमजोरिया नही थी, इन वर्षोमे ही आई है। वे पहलेसे ही थी, परन्तु मुझे लगता था कि वे जोरसे निकल रही है। परन्तु आज ऐसा नही मालूम हो रहा है, यही खास बात है।

"आप कोई ऐसा मार्ग निकाल सके तो निकाले जिससे मेरी मामूली मनुष्योमे गिनती हो। लोग अधिक पवित्र व उच्च न माने तो शायद इससे भी मेरा कल्याण हो। आप मेरी इस अवस्थामे दु खी तो होगे ही परन्तु मै क्या करू ? समझमे नही आता। मुझे तो आपको प्रणाम करनेमें भी सकोच होता है।

"मेरे मनमे जिस प्रकार विचार आये आज जन्मदिनके निमित्त लिख दिये है। आप जब यहा आवेगे तब समय निकालकर जो कहना हो सो कहे, वहा तक मैं विनोबासे मदद लेनेका प्रयत्न करूगा।"

यह पत्र गाधीजीको कुछ देरीसे मिला। इस बीच वे गाधीजीसे मिले और उन्होने अपना सारा हृदय-मथन गाधीजीके सामने प्रकट किया। मौनवार होनके कारण गाधीजीने सब बाते सुन ली और एक कागज पर लिखा एक-दो दिनके लिए रह सको तो रह जाओ। कल कुछ समय निकालकर हम बाते करेगे। तुम्हारे दर्दकी दवा मै तो आसान मानता हू। डर जानेका कोई कारण नही है और तुम्हारा विनाश तो है ही नही। फिर भी तुम्हारे दोषोको मै तो स्वीकार कर ही लेता हू, क्योकि मुझे ऐसे सब अनुभव हो चुके है। ये सब गुत्थिया यहा हल करके ही जाओ, इतना ही आज कहता हू। लेकिन जमनालालजी रुक नही सके, इसलिए उसी रातको गाधीजीने अपने विचार स्पष्ट करते हुए उन्हे एक पत्र लिखा। गाधीजी लिखते है कि, मनुष्यको चाहिये कि वह अपने दोषोका चिन्तन न करे, गुणोका ही करे, क्योकि मनुष्य जैसा चिन्तन करता है, वैसा बनता है। उसके यह मानी नही कि दोष

कभी नही देखना चाहिये। दोष देखे विना चलेगा नही, लेकिन उन्हीका विचार करते-करते पागल न वनना चाहिये। आत्म-विश्वास रखकर निश्चय करो कि तुम्हारे हाथोसे कल्याण ही होगा।

इसके वाद, कौनसी प्रवृत्ति कम करनी चाहिये, कौनसी प्रवृत्ति छोडनी चाहिये, क्या-क्या करना चाहिये, यह सब वतानेके वाद गाधीजी लिखते है कि दूसरा सवाल विकारका है। यह जरा मुश्किल काम है। अगर मै तुम्हारी वात वरावर समझा हू तो कहूगा कि तुम्हे स्त्री-परिचर्या छोडनी चाहिये। सव कोई उसे हजम नही कर सकते। अपनी प्रवृत्तियोमे स्त्रियोकी सेवा लेनेवाला ज्यादातर मै ही हू। मेरी सफलता-निष्फलताका निर्णय मेरी मृत्युके वाद ही हो सकेगा। मै केवल प्रयोग कर रहा हू। मेरी कामना है कि मै शुकदेवजी जैसा निर्विकारी वन जाऊ। उस स्थिति तक मै नही पहुचा हू। स्त्री-जातिकी सेवा छोड देनेकी वात इसमे नही है। जो कुछ मैने वताया है वह अगर हृदयसे जच जाय तभी उसका पालन करना। निराशाके लिए कही भी स्थान नही है। तुम पतित नही हो, सत्यनिष्ठ हो। सत्यनिष्ठका पतन कभी नही हो सकता।

जमनालालजीके जीवनमे यह सक्रान्तिका समय था। यहासे वे अधिकाधिक अन्तर्मुख होने लगे। जयपुर जेलसे १५-४-३९ को वे गाधीजीको लिखते है

"मेरा मन तो यहा लग गया है। शान्ति भी ठीक मिल रही है। विचार भी प्राय ठीक चलते है। कई वार कमजोरियोके खयालसे उदासीनता व रोना आ जाया करता है। वादमे विचार करनेसे, पढनेसे उत्साह व भविष्य ठीक दिखाई देने लगता है। भक्तिकी ओर झुकाव वढ रहा है—वढा रहा हूँ। परमात्माकी दया रही और आपका तथा विनोवाका आशीर्वाद रहा तो जीवनमे उत्साह ठीक आ जावेगा। पत्र सुवह प्रार्थनाके वाद लिखा है जैसे विचार आये वैसे ही।"

अपनी जीवन-साधनाके सिलसिलेमे जमनालालजीको पिता तो गाधीजी मिल चुके थे, किन्तु वे एक आध्यात्मिक माताकी खोजमे भी थे। गाधीजीने सिफारिश की कि श्रीमती कमला नेहरूकी जिनपर श्रद्धा थी, ऐसी एक साध्वी

माता आनन्दमयी देहरादूनके पास रहती है, उनसे मिल लेना। जमनालालजी अगस्त १९४१ मे उनसे मिले। बडे ही प्रभावित हुए। आनन्दमयी विवाहिता होते हुए भी बाल ब्रह्मचारिणी थी। उन्होने अपने पतिको भी सन्यास लेनेका उपदेश दिया था।

एक समय जमनालालजीको जन्म-दिवसपर आशीर्वाद भेजते हुए यरवडा जेलसे गाधीजीने लिखा था –

जन्म और मृत्यु दोनोकी बात सोचते हुए मुझे लगता है कि जन्मकी अपेक्षा मृत्यु कुछ अच्छी चीज है। जन्ममे दुख भरा हुआ है, पराधीनता भी होती है। मृत्युके सामने हम पराधीनतासे छूट जाते है। चद लोगोने ब्राह्मी स्थितिका अनुभव भी किया है। अगर ठीक देखा जाय तो जन्मके मानी है दुखमें प्रवेश, पर मृत्यु तमाम दुखोसे पूर्ण मुक्ति बन सकती है। इस तरह हम मृत्युके सौन्दर्यके बारेमे और उसके लाभके बारेमे बहुत कुछ सोच सकते है। मै तो आशीर्वाद देता हू कि इसी प्रकारकी मृत्यु तुमको मिले। इस आशीर्वादमें, इस इच्छामे सब इष्ट बाते आ जाती है।

अध्यात्म शास्त्रका कौल है कि श्रेयार्थी और पुरुषार्थी साधकका अतिम गुरु यमराज ही है। न सोचनेवाले लोग मृत्युसे नाहक डरते है। डरके मारे वे ऐसे अधे होते है कि मृत्युका स्वरूप तो क्या मृत्युकी मुखमुद्रा तक देखते नही। सचमुच आत्मार्थी और ऋतार्थी साधकके लिए मृत्यु परम मित्र है, जिसने आज तक किसी भी साधकको निराश नही किया। दोष जलानेकी जो शक्ति तेजाबमे है वही शक्ति साधकोके लिए सर्वातक यमराजके पास होती है। सब तरहकी प्रतिकूल परिस्थितिका छेद करके साधक-आत्माको अपने हाथमे लेनेकी और एक क्षणमे उसके सब पाश तोडनेकी शक्ति उस परम गुरुमे ही है। जिसने पूर्ण हृदयसे चाहा कि अपना हृदय शुद्ध हो और सत्यनारायणका दर्शन हो, उसके लिए कृतान्त हमेशा रास्ता साफ और खुला रख छोडता है। जो लोग वासना-जालमे फसे है उनके भाग्यमे चौरासी लाख योनिका फेरा बदा हुआ है। लेकिन जो सत्यधर्मी है, कृतात्मा है, श्रेयार्थी यानी मोक्षार्थी है, उनके लिए परमात्मा स्वय परम-मित्र मृत्युका रूप धारण करके आता है और

उसकी सब ग्रथिया तोड देता है। सब सशयोकी निवृत्ति कर देता है और सब जटिलता दूर करके उसे अपने हृदयमे स्थान दे ही देता है।

येथे झाली नाही, कोणाची निरास,
आल्या याचकास कृपेविशी ॥

बम्बई,
८ सितम्बर १९५३

काका कालेलकर

ता. क.

यह किताब करीब करीब तैयार हो जानेके वक्त परिशिष्ट २ का तैयार मसाला पढनेको मिला। इसमे अधिकाश तो जमनालालजीके जानकीदेवीके नाम लिखे हुए पत्र तथा डायरी मे गाधीजीके बारेमें जो जिक्र पाये जाते है, उनका सग्रह है। इतना सारा पूरा मसाला हाथमे आते कौनसा सपादक हृदय-हर्षित न होगा ? सन् १९१७ के प्रारभसे लेकर श्री जमनालालजीका विकास कैसा होता गया, कौटुबिक जीवनको सामाजिक एव राजकीय जीवनके साथ एकरूप बनानेका उनका सतत प्रयत्न कैसा था, यह सब इस मसालेमे इतना स्पष्टरूपसे प्रकट हुआ है कि मानो हम उनकी आत्मकथा ही पढ रहे है।

राष्ट्रभक्ति और सेवा का उच्च आदर्श और जीवनशुद्धिका उत्कटसे उत्कट जागरूक प्रयत्न एक साथ, एक धारामे चलते देख कर बापूजीके इस उत्तम शिष्य-पुत्रकी जीवनसाधना पूरी-पूरी ध्यानमे आती है। अखड कर्मयोग और उसके साथ अतर्मुख आत्मपरीक्षण और गुरुभक्तिके वातावरणका ध्यानयोग, यह सब आत्मोन्नति साधनाके नये नमूने दुनियाके सामने पेश हुए है। यह सब पढनेके बाद निश्चय होता है कि जमनालालजी सचमुच गाधी-युगके दैवी सपतके सर्वोत्तम नमूने थे। गाधीजीने जमनालालजीको उनके आखरी दिनोमे जो आश्वासन दिया था वह पढते अर्जुनको दिया हुआ श्रीकृष्णका आश्वासन याद आता है —

मा शुच सपद दैवी
अभिजातोसि भारत।

का. का.

मार्गदर्शक की खोज

जीवन सेवामय, उन्नत, प्रगतिशील, उपयोगी और सादगी-युक्त हो, यह भावना, जबसे मैंने होश सभाला तबसे, अस्पष्ट रूपसे मेरे सामने थी। इसीकी पूर्तिके हेतु, सामाजिक, व्यापारिक, सरकारी और राजकीय क्षेत्रोमे कुछ हस्तक्षेप करना मैंने प्रारम्भ किया। सफलता मेरे साथ थी। पर मुझे सदा यह विचार भी बना रहता था कि जीवनको सपूर्ण सफलताके लिए किसी योग्य मार्गदर्शकका होना जरूरी है। मैंने अपने विविध कार्योमे लगे रहने पर भी इस खोजको चालू रखा। इसी मार्गदर्शककी खोजमे मुझे गाधीजी मिले। और सदैवके लिए मिल गये।

*   *   *   *

मार्गदर्शककी खोजमे मैंने भारतके अनेक व्यक्तियोसे सपर्क स्थापित किया। महामना मालवीयजी, कविवर रवीद्रनाथ ठाकुर, सर जे सी बोस, लोकमान्य तिलक, आदि अनेक नेताओ तथा व्यक्तियो से मैंने कम-अधिक परिचय प्राप्त किया। उनके सपर्कमें रहा। उनके जीवनका निरीक्षण किया। मेरी इस खोजमे एक बातने मेरे दिल पर सबसे बडा असर कर रखा था। वह थी समर्थ रामदासजीकी उक्ति "बोले तैसा चाले, त्याची वदावी पाउले।" अनेक नेताओसे मेरा परिचय होने पर मुझे उनके जीवनमे मेरे इस सिद्धातकी प्राप्ति जिस परिमाणमे होनी चाहिए, नही हुई। भिन्न-भिन्न व्यक्तियोके भिन्न-भिन्न गुणोंका मुझ पर असर पडा। सबके प्रति मेरी श्रद्धा और आदर भी बना रहा। पर अपने जीवनके मार्गदर्शकके स्थान पर किसीको आसीन नही कर सका।

*   *   *   *

जब मैं मार्गदर्शककी खोजमें था तब गाधीजी दक्षिण आफ्रिकामे सेवाकार्य कर रहे थे। उनके विषयमे समाचार पत्रोमे जो आता उसे मैं

गौरसे पढता था, और यह स्वाभाविक इच्छा होती थी कि यदि यह व्यक्ति भारतमे आवे तो उससे सपर्क पैदा करनेका अवश्य प्रयत्न किया जाय। सन् १९०७ से १९१५ तक इस खोजमे मै रहा। और जब गाधीजीने हिन्दुस्तानमे आकर अहमदाबादके कोचरब मोहल्लेमे किरायेका बगला लेकर अपना छोटासा आश्रम आरभ किया, तब उनसे परिचय प्राप्त करनेके हेतु मै तीन बार वहा गया। उनके जीवनको मै बारीकीसे देखता। उस समय वे अगरखा, काठियावाडी पगडी और धोती पहिनते थे। नगे पैर रहते थे। स्वय पीसनेका काम करते थे। स्वयपाक-गृहमें भी समय देते थे। स्वय परोसते थे। उनका उस समयका आहार केला, मूगफली, जैतूनका तेल और नीबू था। उनकी शारीरिक अवस्थाको देखते हुए उनके आहारकी मात्रा मुझे अधिक मालूम होती थी। आश्रममें प्रात साय प्रार्थना होती थी। सायकालकी प्रार्थनामे मै सम्मिलित होता था। गाधीजी स्वय प्रार्थनाके समय रामायण, गीता आदिका प्रवचन करते थे। मैंने उनकी अतिथि-सेवा और बीमारोकी शुश्रूषाको भी देखा और यह भी देखा कि आश्रमकी और साथियोकी छोटीसे छोटी बात पर उनका कितना ध्यान रहता है। आश्रमके सेवा-कार्यमे रत और निमग्न बा को भी मैंने देखा। गाधीजीने भी मेरे बारेमे पूछताछ करना आरभ किया। धीरे-धीरे सपर्क तथा आकर्षण बढता गया। ज्यो-ज्यो मै उनके जीवनको समालोचक की एक सूक्ष्म दृष्टिसे देखने लगा त्यो-त्यो मुझे अनुभव होने लगा कि उनकी उक्तियो और कृतियो मे समानता है और मेरे "बोले तैसा चाले" इस आदर्शका वहा अस्तित्व है। इस प्रकार सबध तथा आकर्षण बढता गया।

*   *   *   *

महात्माजीके कार्यमे मै अपने आपको विलीन हुआ पाने लगा। वे मेरे जीवनके मार्गदर्शक ही नही, पिता-तुल्य हो गये। मै उनका पाचवा पुत्र बन गया।

*   *   *   *

आज २४ वर्षसे अधिक समय व्यतीत हो गया, जबसे मै महात्माजीके सपर्कमे हू। इन वर्षोमे मैंने उनके जीवनके समस्त क्षेत्रोका अवलोकन किया। मै उनके सहवासमें घूमा, उनके आश्रम-जीवनमें भी

रहा, उनके उपवासोमे उनके निकट रहा, वीमारियोके समय उनकी शुश्रूषामे भाग लेता रहा। उनकी अनेक गहन मत्रणाओका मै साक्षी हू, और उनके सार्वजनिक कार्योका भार मैने शक्ति भर उठाया। सारी अवस्थाओमे उनके अनेक गुणोका मुझपर असर होता ही गया। मेरी श्रद्धा वढती गई। मै अपने आपको उनमे अधिकाधिक विलीन करता ही गया। और आज तो वे मेरे आदर्श है और उनकी आज्ञा मेरा जीवनादर्श है। उनका प्रेम मेरा जीवन है।

महात्माजीमे अनेक अलौकिक गुण है। इस प्रकारके शब्दोसे मै अपने हृदयके सच्चे भाव प्रकट कर रहा हू। पर विरोधकी आशका न करते हुए इतना तो अवश्य कह सकता हू कि उनमे मनुष्योचित गुणोका वहुत वडा समुच्चय है। मानवी गुणोके तो वे हिमालय है। उनकी नियमितता, सार्वजनिक हिसाव रखनेकी सूक्ष्मता, वीमारोकी शुश्रूषा, अतिथियोका सत्कार, विरोधियोंके साथ सद्व्यवहार, विनोद-प्रियता, आकर्षण, स्वच्छता, वारीक निगाह और दृढ निश्चय आदि गुण मुझे उत्तरोत्तर प्रकट होते हुए दिखाई दिये है। महात्माजीमे मैने विरोधी गुण भी देखे है। उनकी अविचल दृढ़ता, कठोरता, अगाध प्रेम और मृदुता की वुनियाद पर खडी है। उनकी पाई-पाईकी कजूसी महान् उदारताके जलसे सिचित है और उनकी सादगी सौदर्यसे पोपित है।

* * * *

महात्माजीके प्रति अगर मेरा खाली आदर भाव ही रहता तो उनके विषयमे मै कुछ विशेप लिख सकता। पर महात्माजीने मुझे इस तरहसे अपनाया है कि उनके प्रति मेरे मनमे पिता और गुरुके समान ही भाव पैदा होता है।

वचपनसे ही सार्वजनिक जीवनका प्रेम होनेके कारण वहुतसे सरकारी प्रतिष्ठित कर्मचारी तथा देशके प्रख्यात नेतागणसे मेरा परिचय हुआ। पूज्य लोकमान्य तिलक महाराज और भारतभूपण मालवीयजी जैसे महान् पुरुषोका परिचय मेरे लिए लाभदायक हुआ। लेकिन महात्माजीने तो मेरी मनोभूमिका ही वदल दी। मेरे मनमे कई वार त्यागके विचार पैदा हुआ करते थे। उन्हे कार्यरूपमे लानेका रास्ता वता दिया। उनका निर्मल चारित्र्य, शीतल तेजस्विता, गरीवोकी कलक, मनुष्य-मात्रसे सत्य-व्यवहार, अनुपम प्रेम और धर्म-श्रद्धा देखकर ही मेरा मन उनकी ओर खिचता गया। मेरे जीवनकी

त्रुटिया मुझे दिखाई देने लगी एव यह महत्त्वाकाक्षा बढने लगी कि इस जीवनमे किस तरह महात्माजीके सहवासके योग्य बन सकू।

* * * *

मेरी रायमे आज भारतमे गरीबोके साथ यदि कोई एक-जीव हुआ है तो वह महात्माजी है। महात्माजी मानो कारुण्यकी मूर्ति है। गरीबोके कष्ट दूर करनेमे अमीरोके साथ भी अन्याय न होने पावे, और भिन्न-भिन्न वर्गोके बीच द्वेषभाव तनिक भी पैदा न हो, इसकी वे हमेशा चिन्ता रखते है। इसी-लिए भारतवर्षके सब धर्म, पन्थ और वर्ग के लोग उनको आत्मीयताकी दृष्टिसे देखते है। चातुर्वर्ण्यका तो मानो उनमे सम्मेलन ही हुआ है। भारतवर्ष पर उनका जो असीम प्रेम है उसके लायक यदि हम भारतवासी बने तो भारतका उद्धार अवश्य हो जाय।

मेरी समझमे तो महात्माजीका सहवास जिसने किया हो, या उनके तत्त्वोको समझनेकी कोशिश की हो, वह कभी निरुत्साही नही हो सकता। वह हमेशा उत्साह-पूर्वक अपना कर्त्तव्यपालन करता रहेगा। क्योकि देशकी स्थितिके सुधरनेमे—स्वराज्य मिलनेमें—भले ही थोडा विलम्ब हो, परन्तु जो व्यक्ति महात्माजीके बताये मार्गसे कार्य करता रहेगा, मुझे विश्वास है कि वह अपनी निजी उन्नति तो जरूर कर लेगा, अर्थात् अपने लिए तो स्वराज्य वह अवश्य पा सकता है।

* * * *

मुझे अपनी कमजोरियोका थोडा ज्ञान रहनेके कारण मैंने बापूको 'गुरु' नही बनाया, न माना, 'बाप' अवश्य माना है। वह भी इसलिए कि शायद उन्हे बाप माननेसे मेरी कमजोरिया हट जावे।

* * * *

मुझे दुनियामे बापू पिता व विनोबा गुरुका प्रेम दे सकते है, अगर मै अपनेको योग्य बना सकू तो।

* * * *

महात्माजीकी अनुपम दयासे आज मै कमसे कम अपनी कमजोरियोको थोडा-बहुत तो पहचानने लग गया हू।

* * * *

जिस दिन मै महात्माजीके पुत्र-वात्सल्यके योग्य हो सकूगा वही समय मेरे जीवनके लिए धन्य होगा।

जमनालाल बजाज

पांचवें पुत्र को

जमनालालजी मेरे पांचवे पुत्र बने। इस स्वेच्छासे गोद आये पुत्रने कितना कुछ किया इसका पता बहुत कम लोगोंको होगा। मैं कह सकता हूं कि इससे पहले किसी मनुष्यको ऐसा पुत्र नसीब नहीं हुआ होगा।

* * * *

जमनालालजीने बिना किसी संकोचके अपने आपको और अपने सर्वस्वको मुझे समर्पित कर दिया था। मेरा शायद ही कोई ऐसा काम होगा, जिसमें मुझे उनका हार्दिक सहयोग न मिला हो, और जो अत्यंत कीमती साबित न हुआ हो।

* * * *

उन्होंने मेरे कामोंको पूरी तरह अपना लिया था। यहांतक कि मुझे कुछ करना ही नहीं पड़ता था। ज्यों ही मैं किसी नये कामको शुरू करता वे उसका बोझा खुद उठा लेते थे। इस तरह मुझे निश्चिंत कर देना मानो उनका जीवन-कार्य ही बन गया था।

* * * *

मेरी इच्छाओंकी पूर्तिके लिए मैं आसानीसे उनपर भरोसा कर सकता था, कारण कि जितना उन्होंने मेरे कामको अपना लिया था, उतना शायद ही और कोई अपना पाया होगा।

* * * *

उनकी बुद्धि कुशाग्र थी। वह सेठ थे। उन्होंने अपनी पर्याप्त संपत्ति मेरे हवाले कर दी थी। वह मेरे समय और मेरे स्वास्थ्यके संरक्षक बन गये। और यह सब उन्होंने सार्वजनिक हितकी खातिर किया।

* * * *

वे बुद्धिशाली भी थे और व्यवहार कुशल भी। वे अपनी जगह पर अद्वितीय थे।

* * * *

वे जिस कामको हाथमे लेते थे उसमे जी-जानसे जुट जाते थे।

*   *   *   *

खादीके काममे उनकी दिलचस्पी मुझमे कम न थी। खादीके लिए जितना समय मैंने दिया उतना ही उन्होने भी दिया। इस कामके पीछे उन्होने मुझसे कम बुद्धि खर्च नही की थी। थोडेमें यह कह लीजिए कि अगर मैंने खादीका मत्र दिया तो जमनालालजीने उसको मूर्तिरूप दिया।

*   *   *   *

जमनालालजीमें छुआछूतको हटाने, साप्रदायिकतासे दूर रहने और सब धर्मोके प्रति समान आदरभाव रखने की जो उत्कृष्ट वृत्ति है वह उन्हे मुझसे नही मिली ह। कोई भी व्यक्ति अपने विश्वास दूसरोको नही सौंप सकता। हा, यह हो सकता है कि जो विश्वास दूसरोंमे पहलेसे मौजूद हो उन्हे प्रकट करनेमें कोई सहायक हो सके। किन्तु जमनालालजीके उदाहरणमे तो मै यह श्रेय भी नही ले सकता कि मैंने उन्हे इन विश्वासोको प्राप्त करने या उन्हे प्रदर्शित करने मे सहायता पहुचाई है। मेरे सपर्कमें आनेसे बहुत पहले ही उनके ये विश्वास बन चुके थे। और उन्होने उनका अनुकरण करना शुरू कर दिया था। उनके इन आतरिक विश्वासोकी बदौलत ही हम एक दूसरेके सपर्कमे आये और हमारे लिए इतने सालोतक घनिष्ठ सहयोगके साथ काम करना सभव हुआ।

*   *   *   *

जिसको राजकाज कहते है वह न मेरा शौक था न उनका। वे उसमे पडे क्योकि मै उसमे था। लेकिन मेरा सच्चा राजकाज तो था रचनात्मक कार्य, और उनका भी राजकाज यही था।

*   *   *   *

वे एक ऐसी साधनामे लगे हुए थे जो कामकाजी आदमीके लिए विरल है। विचार-सयम उनकी एक बडी साधना थी। वे सदा ही अपनेको तस्कर विचारोंसे बचानेकी कोशिशमे रहते थे।

*   *   *   *

जब कभी मैंने यह लिखा है कि धनवानोको सार्वजनिक हितके लिए अपनी सपत्तिका ट्रस्टी या सरक्षक बन जाना चाहिये, तो मेरे दिमागमें सेठ जमनालालजीका उदाहरण मुख्य रूपसे रहा है।

अगर उनका ट्रस्टीपन आदर्श तक नही पहुच पाया तो इसमे कसूर उनका नही था। मैंने जानबूझकर उन्हे रोका। मै यह नही चाहता था कि वह अपने उत्साह या आवेश मे कोई ऐसा कदम उठाये, जिसके लिए ठडे दिमागसे सोचने पर उन्हे अफसोस करना पडे। उनकी सादगी खुद उनकी ही विशेषता थी।

* * * *

जहा तक मुझे मालूम है मै दावेसे कह सकता हू कि उन्होने अनीतिसे एक पाई भी नही कमाई, और जो कुछ कमाया उसे उन्होने जनता-जनार्दनके हितमें ही खर्च किया।

* * * *

जबसे वे पुत्र बने तबसे वे अपनी समस्त प्रवृत्तियोकी चर्चा मुझसे करने लगे थे। अतमे जब उन्होने गो-सेवाके लिए फकीर बननेका निश्चय किया तो वह भी मेरे साथ पूरी तरह सलाह-मशविरा करके ही किया।

* * * *

त्यागकी दृष्टिसे उनका अतिम कार्य सर्वश्रेष्ठ रहा। देशके पशुधनकी रक्षाका कार्य उन्होंने अपने लिए चुना था, और गायको उसका प्रतीक माना था। इस काममे वे इतनी एकाग्रता और लगन के साथ जुट गये थे कि जिसकी कोई मिसाल नही।

* * * *

होना यह चाहिये था कि मै उनके लिए अपनी विरासत छोडकर जाता, पर उसके बदलेमे वे अपनी विरासत मेरे लिए छोड गये।

* * * *

यह मै कैसे कहू कि उनके जानेसे मुझे दु ख नही हुआ। दु ख होना तो स्वाभाविक था। क्योकि मेरे लिए तो वही मेरी कामधेनु थे। लेकिन जब उनके कामोको याद करता हू और हमारे लिए जो सदेश छोड गये है उसका विचार करता हू तो अपना दु ख भूल जाता हू।

बापूके आशीर्वाद

परिचय

बा	कस्तूरबा गांधी
महादेव देसाई ...	गांधीजीके निजी मंत्री
किशोरलाल मशरूवाला	गांधीजीके निकटके साथी जो कभी कभी उनके मंत्रित्वका काम भी करते थे
वालजी गोविंदजी देसाई	गांधीजीके साथी, आश्रमवासी
नारणदास गांधी ..	गांधीजीके भतीजे
प्यारेलाल ..	गांधीजीके निजी मंत्री
मीराबहन (मिस् स्लेड)	गांधीजीकी एक अंग्रेज भक्त व शिष्या
अमृत कौर ..	गांधीजीकी निजी मंत्री
चंद्रशंकर शुक्ल .	कुछ समयके लिए गांधीजीके निजी मंत्री
देवदास गांधी ...	गांधीजीके चौथे पुत्र
सुशीला नय्यर (डॉ)	गांधीजीकी स्वास्थ्य-मंत्री, प्यारेलालजीकी बहन
कृष्णदास गांधी ..	गांधीजीके भतीजे छगनलाल गांधीके दूसरे पुत्र
कनु गांधी	नारणदास गांधीके दूसरे पुत्र
जानकीदेवी बजाज ...	जमनालालजीकी पत्नी
केशवदेव नेवटिया ..	जमनालालजीके समधी
लक्ष्मणप्रसाद पोद्दार	जमनालालजीके समधी
राधाकृष्ण बजाज ...	जमनालालजीके भतीजे
गोदावरी (अनसूया) बजाज	श्रीकृष्णदास जाजूकी पुत्री, राधाकृष्णजीकी पत्नी
रामेश्वरप्रसाद नेवटिया	जमनालालजीके दामाद
कमला नेवटिया ...	जमनालालजीकी बड़ी पुत्री, रामेश्वरप्रसादजीकी [पत्नी
कमलनयन बजाज ...	जमनालालजीके बड़े पुत्र
सावित्री बजाज ..	लक्ष्मणप्रसादजीकी पुत्री, कमलनयनजीकी पत्नी
श्रीमन्नारायण अग्रवाल	जमनालालजीके दामाद
मदालसा अग्रवाल ...	जमनालालजीकी दूसरी पुत्री, श्रीमन्नारायणजीकी [पत्नी
ओम् (उमादेवी) अग्रवाल	जमनालालजीकी तीसरी पुत्री
जगदीश पोद्दार ..	लक्ष्मणप्रसादजीके दूसरे पुत्र
रामकृष्ण बजाज .	जमनालालजीके दूसरे पुत्र
दामोदरदास मूंदड़ा ..	जमनालालजीके निजी मंत्री

विषय-सूची

भाग १

महात्मा गाँधी और जमनालालजी
तथा जानकीदेवी बजाज
का पत्र-व्यवहार

नोट – फाइलोंमें प्राप्त जमनालालजीको लिखा गांधीजीका यह पहला पत्र है। इस पत्रकी प्रतिलिपि सामनेके पृष्ठ पर देखें।

१

मोतीहारी,
श्रावण शुक्ल
(जुलाई १९१७)

सुज्ञ भाई श्री जमनालालजी,

१६-३-१९२२] शुभेच्छुक बापूके आशीर्वाद

• २०

चि जमनालाल,

कल मैने मोहवश होकर रामदासके विषयमे जल्दीमे अपने विचार बताये। हम जुदा हुए उसके बाद मै पछताया और देखा कि अपनेको सावधान समझनेवाला मनुष्य भी किस प्रकार मुग्ध हो सकता है और कैसे बिना

विचारे बोल सकता हूं। कल मैंने पिताके रूपमें अपने धर्मका पालन नहीं किया। मैं समझता हूं कि जबतक चि. रामदास अपने जीवनका आदर्श निश्चित नहीं कर लेता और अपनी इच्छाके मुताबिक स्थिर नहीं हो जाता, तबतक वह शादी करेगा तो पाप करेगा। मेरी प्रतिष्ठाके आधार पर नहीं, बल्कि अपने गुणोंके आधार पर वह शादी करे ऐसी उसकी इच्छा है। हम सब भी यही चाहें। इस कारण रामदासको कोई भी व्यवसाय पसंद कर लेना चाहिये। उस परसे लड़की देनेवाले मातापिता विचार करेंगे और लड़की खुद भी समझेगी कि उसे कहां जाना है। इस कारण हम सबका, और अब तो आप जो बाहर हैं उनका, पहला काम रामदासको काममें लगानेमें मदद करना है। रामदासको पढ़नेका शौक हो तो भले पढ़े। अगर रामदासका बूढ़ा बाप आज बालकके समान अभ्यास कर रहा है, तो रामदासकी जवानी तो अभी शुरू हो रही है। अगर उसे व्यापारमें पड़ना हो तो पड़े और आश्रममें या राष्ट्रीय विद्यालयमें उसका मन लगे तो वैसा करे। हरीलालके साथ रहना हो तो उसके साथ रहे। मेरी खास तौरसे सलाह है कि किसी भी काममें एक साल रहकर अनुभव लेनेके बाद ही रामदास सगाईका विचार करे।

धनिक मातापिताकी लड़की चरित्रवान् हो तो भी जबतक वह खुद गरीबी पसंद न करे रामदासको ऐसे विवाह-बंधनमें बंधना अपनेको दुखी बनाना है और कन्या तथा उसके मातापिताको दुखी करना है। सही रास्ता तो मुझे यह प्रतीत होता है कि गरीबसे-गरीब परिवारमेंसे गुणवती कन्या खोज निकालनी चाहिये। ऐसी खोजमें समय लगे तो कोई हर्ज नहीं।

बाके प्रति भी मैं गलत मोहमें पड़ गया था। मैं मानता हूं कि उसके प्रति कसाईपन बरतनेमें ही मेरा धर्म है। मातापिताको अपने स्वार्थके लिए अपनी सतानकी गतिविधि या इच्छाको न रोकना चाहिये। इसके विपरीत कल मैंने बाको उल्टे उत्तेजन दिया पर मेरी सलाह है कि बाको तो कडुआ घूंट पीकर रामदासका वियोग भी संतोष पूर्वक सहन करना चाहिये। रामदास राजगोपालाचार्य जैसे चरित्रवान्के पास जाकर सुखी हो इसके लिए बाको उसे आशीर्वाद देना चाहिये। उसमें ही बाका परम श्रेय है। उसके सद्गुणी पुत्र हैं इसीसे वह संतोष माने। रामदासको उनका (राजाजीका) साथ मिले यही उचित है।

तुम अपनी इच्छासे दूसरे देवदास बने हो। अब देखो कि यह कितना कठिन हो पड़ता है। सब लड़कोंकी इच्छायें अब तुमको पूरी करनी हैं। ईश्वर तुम्हारी सहायता करे। मैं तुम्हारे प्रेमके लायक बननेका प्रयत्न करता ही रहता हूं।

अब तुम्हारी धार्मिक भावनाके बारेमे --

ऐसा समझो कि अपवित्र विचारसे जो मुक्त हो जाय उसने मोक्ष प्राप्त किया। अपवित्र विचारोका सर्वथा नाश बडी तपश्चर्यासे होता है। उसका एक ही उपाय है। अपवित्र विचारोके आते ही उनके विरुद्ध तुरत पवित्र विचार खडे कर दे। ईश्वर प्रसादीसे ही यह सभव है। वह प्रसादी चौबीसो घटे ईश्वरका नाम जपनेसे तथा वह ईश्वर अतर्यामी है यह जान लेनेसे ही मिलती है। भले रामनाम जीभ पर ही हो और मनमे दूसरे विचार आते रहे। जीभसे रामनाम इतना प्रयत्न पूर्वक ले कि अतमें जो जीभ पर हो वही हृदयमें भी प्रथम स्थान ले ले। फिर मन चाहे जितना मिथ्या प्रयत्न करे तो भी एक भी इद्रिय उसके वशमें नही होने देनी चाहिये। जो मनुष्य मन जिधर ले जाय उधर इद्रियोको भी जाने देता है उसका नाश ही होता है। परन्तु अपनी इद्रियोको जो मनुष्य बलात् भी अपने कब्जेमे रखता है तो यह आशा है कि वह किसी दिन अपवित्र विचारो पर भी अधिकार कर लेगा। मै जानता हू कि आज भी अगर मै अपने विचारोके अनुसार अपनी इद्रियोको खुली छोड दू तो आज ही मेरा नाश हो जाय। अपवित्र विचार आये तो उससे पीछे न हटे बल्कि अधिक उत्साहित हो। प्रयत्न करनेका सपूर्ण क्षेत्र हमारे पास है। परिणामका क्षेत्र ईश्वरने अपने हाथमें रखा है। इसलिए उसकी चिता मत करो। जब भी अपवित्र विचार आयें मनमे यह भी समझो कि तुम जानकीबाईके प्रति बेवफा होते हो। और साधु पति अपनी पत्नीके प्रति बेवफा होता ही नही। तुम साधु हो। प्राकृत उपाय जानते ही हो। अल्पाहार ही करे। सिर्फ अपने सामनेकी जमीन पर निगाह रखकर ही चले। आखे मलिन होनेकी सभावना हो कि उसे फोड डालने जितना क्रोध उनपर करना चाहिये। निरन्तर पवित्र पुस्तकोका ही सग रखे। ईश्वर तुम्हारा सब प्रकार रक्षण करे।

५-१०-१९२२] शुभेच्छुक बापूके आशीर्वाद

: २२ :

चि जमनालाल,

तुमने कानपुर जानेका इरादा छोड दिया, यह ठीक किया है। अभी कमजोरीके सिवाय और भी कुछ है क्या ?

चिचवडकी सस्थाको तुम जानते हो। उनका विरोध काफी हो रहा है। पैसेकी तगी बनी ही रहती है। मै समझता हू कि उन्हे मदद देनेकी जरूरत है। सोचता रहता हू कि किस तरह दी जाय। कुल मिलाकर उन्हे १५००० रू की जरूरत है। इतनी मदद मिल जाय तो फिर उन्हे बिलकुल जरूरत न होगी और फिर न मागे ऐसी प्रतिज्ञा करनेके लिए वे लोग तैयार

है। यदि तुम्हारा अनुभव मेरी तरह हो कि वे लोग इसके लायक है और तुम्हारे पास सुविधा हो तो मै चाहता हू कि उनकी इतनी मदद तुम करो।

राजगोपालाचार्यको फिरसे दमेका दौरा शुरू हुआ है। मै समझता हू कि उन्हे नासिककी हवा माफिक आवेगी। यदि तुम्हारे पास सुविधा हो तो उन्हे मेलम पत्र लिखो कि वे तुम्हारे पास आकर कुछ समय रहे। दवा भी वे पूनाके वैद्यकी ही लेते है। वे वैद्य उनकी जाच भी कर सकते है। मैने उन्हे लिखा तो है कि जबतक तुम वहा हो तबतक वे नासिक रहने चले जाय तो ठीक।

तुमको मालूम हुआ होगा कि पूनाके वैद्यकी दवा वल्लभभाईकी मणिबहन, मगनलालकी राधा और प्रो कृपलानीकी कीकीबहनके लिए शुरू की है। इसकी प्रेरणा करनेवाला देवदास है। इन वैद्यके सबधमे तुम्हारा अनुभव क्या है, सो लिखना। मालवीयजी कल काशी गये। हिन्दू–मुसलमानके सबधमे कुछ बाते हुई। हकीमजी आये थे। उन्होने भी इसी विषयमे बाते की। मोतीलालजी यही है, वे अभी रहेगे। वे कौसिलकी बाते कर रहे है। सब बातोका विचार करता रहता हू।

जवाब दिया, ६-४-१९२४] बापूके आशीर्वाद

: २४ :

चि जमनालाल,

तुमको दु ख हुआ उससे मुझे भी हुआ। मैने उस खतमे चिरजीव विशेषणका उपयोग नही किया क्योकि वह मैने खुला भेजा था। उसमें चि विशेषण सब लोग पढे यह उचित होगा या नही इसका निर्णय उस समय मै नही कर सका। इससे मैने भाई शब्दका प्रयोग किया। तुम चि होनेके योग्य हो या नही अथवा मै पिताका स्थान लेने लायक हू या नही, इसका निर्णय कैसे हो? तुम्हे जैसे अपने बारेमें शका है, वैसे ही मुझे अपने बारेमे है। यदि तुम अपूर्ण हो तो मै भी अपूर्ण हू। पिता बननेसे पहले मुझे अपने बारेमे ज्यादा विचार करना था। तुम्हारे प्रेमके वश होकर मै पिता बना हू। ईश्वर मुझे इसके योग्य बनावे। यदि तुममे कमी रहेगी तो मेरे स्पर्शकी वह कमी होगी। इसका मुझे विश्वास है कि हम दोनो प्रयत्न करते हुए अवश्य सफल होगे। इतने पर भी यदि निष्फलता हुई तो वह भगवान, जो कि भावनाका भूखा है, और हमारे अत करणको देख सकता है, हमारी योग्यताके अनुसार हमारा फैसला करेगा। इसलिए जबतक मै ज्ञानपूर्वक अपने अन्दर मलीनताको स्थान नही देता हू तबतक तुमको चिरजीव ही मानता रहूगा।

आज एक बजे तक मौन है। पडित सुन्दरलालको छ बजे आनेके लिए कहा है। उनसे मिलनेके बाद तुमको बुलानेकी जरूरत होगी तो तार दूगा।

वहाकी आवहवा माफिक आई होगी। मणिवहन हजीरा गई है। राधाकी तबीयत वहुत सुधरी है ऐसा कह सकते है। कीकीवहन भी अच्छी है।

मई-जून, १९२४] वापूके आशीर्वाद

• २८ •

चि जमनालाल,

तुम्हारा तार मिल गया और पत्र भी। ववई, पूना और सूरतकी यात्रामे लिखनेको एक क्षणका भी समय नही मिला। आज सुवह आश्रम पहुचा।

तुमको चोट लगी इससे मुझे विलकुल दु ख नही हुआ। मै तो मानता हू कि हम जैसे वहुतोको कदाचित् वलिदान होना पडे। जहर इतना ज्यादा व्याप्त हो गया है और अप्रमाणिकता इतनी ज्यादा फैल गई है कि कुछ शुद्ध व्यक्तियोको वलिदान हुए विना इस आपत्तिमे हमारा छुटकारा नही हो सकता। हो सके तो झगडेकी जडका पता लगाना। क्या कोई ऐसे समझदार हिन्दू या मुसलमान नही है जो समझे और झगडेके कारणोको दूर करे?

मेरे निश्चय तुमने समझ लिये होगे। वेलगाममे वोट (मतदान) से किसी भी महत्वपूर्ण वातका फैसला न करनेका मैने निश्चय किया है। झगडे इतने वढ गये है कि फिलहाल तो हमको सत्याग्रहका वृहत् स्वरूप वद ही रखना चाहिये। मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि अगर हम ऐसा नही करेगे तो हमारा ही नाश हो जायगा। एक भी वात सही रूपमे नही समझी जाती। सवका अनर्थ, चारो ओर अविश्वास! इस समय तो हम खुद अपनी जगह कायम रहे और दूसरे जो कुछ करते है उसके साक्षी रहे। 'यग इडिया' के द्वारा तो मैने वहुत कुछ समझाया है। मुझे पता नही कि उसमेसे कितनेका अनुवाद 'नवजीवन' मे आया होगा।

तुम्हारा हाथ विलकुल अच्छा हो गया होगा।

मौ मुहम्मद अलीका पत्र या तार आने तक मै यही हू।

सितवर, १९२४] वापूके आशीर्वाद

: २९ .

चि. जमनालाल,

तुम्हारा हाथ अव विलकुल दुरुस्त हो गया होगा। मेरा पहला पत्र मिला होगा।

मेरे चित्तमे अनेक परिवर्तन होते रहते है। उसका पूरा दर्शन इस समयके 'यग इडिया' मे आवेगा। वोट लेकर हमे मेजारिटी (वहुमत) नही वनाना चाहिये, इतना मुझे अभी तो लगता है। वेलगावमें यदि हमको ज्योका-त्यो काम करनेका अवसर नही मिले तो हमें अलग होकर जितना वन सके उतना

काम करना चाहिये। मै यह देख रहा हू कि-जो जहर अभी फैल रहा है वह इसके बिना नष्ट नही होगा। इतना तो मानता हू कि कैसे भी हो हम उसका मुकाबला कर सकेगे। दिल्ली जानेके लिए तारकी राह देख रहा हू। वहा जाना पडा तो हिन्दू-मुसलमानके विषयमे कुछ रास्ता निकलनेकी सभावना है। अभी तक यह पता नही चला कि वहा दगा कैसे हुआ।

घटवाईके भाषण अभी देखे। यदि इसी तरह बोला हो तो मेरा धन्यवाद बेकार हो गया। इस भाषणमे अहिंसा नही है।

बालकृष्ण आगया यह ठीक हुआ। अपनी इच्छाके अनुसार भले वहा रहे। इसके साथ जो पत्र है वह उसे दे देना। अक्टूबरमे तुम भी आवोगे न ?

१०-९-१९२४] बापूके आशीर्वाद

: ३१ :

पू भाईश्री,

यहाका कामकाज धीमे-धीमे चल रहा है। कमेटीने सब-कमेटी बनाई। सब-कमेटीमे एक दिन लोग खूब दिल खोलकर बोले। इसलिए सब-कमेटीमेसे अब एक खानगी सब-सब-कमेटी बनी है। हकीमसाहबके यहा उसकी बैठके होती है। बापू, पडितजी, सभी मौलाना (जफरअली सहित) और हकीमसाहब, इतने लोग रोज इकट्ठे होते है और शाम तक बाते चलती रहती है। बापू कुछ रास्ता निकालनेका प्रयत्न कर रहे है। जो हो जाय सो सही।

गोरक्षा समितिका काम ठीक हो गया। बापूने अपने गोरक्षाके भाषणके अनुसार एक योजना बना ली है। वह सबको पसद आगई है। अत अब इस कामको स्थायीरूप मिल जायगा। बापूको इस कामके लिए एक अच्छा मत्री चाहिये। युवक, उत्साही, हिन्दी-अग्रेजी आदि भाषाओको जाननेवाला और सबसे बढकर चरित्रवान्—हो सके तो ब्रह्मचारी—गो-सेवक चाहिये। आपकी निगाहमे कोई है ?

यहा ३१ तक तो रहना होगा ही।

२८-१-१९२५] सेवक महादेवके प्रणाम

: ३५

मुरब्बी जमनालालजी,

आपको यह जानकर दुख होगा कि बापूने पाठशालाके बालकोकी मलीनताके लिए आजसे ७ दिनका उपवास शुरू किया है। बालकोमे यह पाप प्रवेश कर गया है, यह तो पहले मालूम हो गया था, परन्तु यह इतनी बडी मात्रामे फैल गया है, यानी २-३ बालकोको छोडकर सभी इस पापमे फस गये है, इसका पता बापूको अभी लगा। सबने अपना दोष कबूल किया।

इस उपवासके रहस्यकी चर्चा मै आपके साथ नही करूगा। इसकी योग्यता या अयोग्यताके विषयमे भी नही। अभी तो वापूका आग्रह है कि इस खबरको सुनकर आप दौडे न आवे। मुझे इतना ही लिखनेके लिए उन्होने कहा है और उसके अनुसार आपको लिख रहा हू।

इसके साथ लक्ष्मीदासभाईका पत्र भेज रहा हू। इसमे जो सूचनाएँ है उन पर विचार कर ले।

२४-११-१९२५] सेवक महादेवके प्रणाम

: ४१ :

मुरब्बी जमनालालजी,

वापूने आज सुवह पारणा किया। इसकी खवर आपको तारसे दे दी है। वापूकी तवीयत अच्छी है। कमजोरी है। उपवास पूरा होनेके समयकी विधि इस प्रकार थी –

सुवह ७-३० वजे उपवास छोडा। पहले प्रार्थना हुई। उसमे इमाम-साहवने कुरानकी आयते पढी और उनका अर्थ समझाया। उसके वाद मिस स्लेडने–जिसका नाम मीरावहन रखा गया है, यह आपको मालूम हुआ ही होगा– 'लीड काइन्डली लाइट' गाया, और अन्तमे वालकोवाने उपनिषद् और गीताके श्लोक कहे तथा उनका विवेचन किया। उन श्लोकोका विषय विषयात्मा और मानमात्मा, महात्मा और शान्तात्माका भेद था। इसके वाद वापूने धीमे स्वरमे दर्द और प्रेमसे भरे कुछ वचन कहे। उनमे मुख्य वाक्य इस प्रकार थे –

"वहुत चिन्तन और आत्ममथनके वाद मै मानता हू कि मैने भूल नही की। सभव है कि मेरी भूल मुझे न दिखाई देती हो, पर क्यो न दिखाई दे? मुझमे ममता है? दुराग्रह है? मलीनता है? क्या मैने सत्य किसी समय नही देखा? ममता है तो सिर्फ एक वातकी और वह यह कि छलाग मारकर यदि ईश्वर तक पहुचा जा सकता हो तो पहुचना और उसमे विलीन हो जाना। ईश्वरका मतलव है सत्य। मलीनताको तो मैने निकाल फेका है, फिर मेरी भूल मेरी समझमे क्यो न आवे?

"आश्रमसे मैने वडी आशाए रखी है। जव सारी दुनिया सोती होगी तव आश्रम जवाव देगा ऐसी मेरी अभिलाशा है जैसे फिनिक्स द आफ्रिकामे हुआ था।

"पर यह आशा कैसे पूरी हो? चारित्र्यका पाया मजवूत और शुद्धि सपूर्ण होने पर। उसके लिए सात दिनके उपवास तो कुछ भी नही है। ऐसे उपवास –उससे भी कठिन– भविष्यमे भी शायद करने पडे। अनशन भी करना पडे। इनसे तभी वच सकता हू जव मै जगलमे भाग जाऊ। पर जगलमे मै क्यो भाग जाऊ? मै जन्मसे तो वैश्य हू, फिर भी कर्मसे शूद्र, क्षत्रिय और व्राह्मण हुआ हू। मुझे तो शान्त आत्मा वनना है।" इत्यादि।

उसके बाद सब चले गये। फिर ६-३० बजे बालकोकी प्रार्थना हुई। बालकोसे जो कहा गया वह बिलकुल सुनाई नही दिया, क्योकि बापूकी आवाज बिलकुल बैठ गई थी। किन्तु, बालकोबा और सुरेन्द्रका आदर्श रखकर चलो, २४ घटे काम होता हो तो २४ घटे काम करो, यह ध्वनि थी।

उसके बादके समयका तो क्या वर्णन करू ! २१ दिनके उपवास छूटनेकी घडीसे भी वह अधिक पावन थी, अधिक गभीर और अधिक द्रावक थी। बापूका कठ रुघ गया था। ७ बज गये, लेकिन उपवास छोडनेका मन किसी तरह नही हो रहा था। खाना किसी भी तरह नही रुचता था। स्थिर पडे रहे। कौन जाने किस विचारमे लीन, कौन जाने कितनी तीव्र वेदनासे पीडित। देवदासको बुलाया। स्थितप्रज्ञके श्लोकोका पाठ करनेके लिए कहा। यह हो चुका। फिर शात होकर लेट रहे। अतमे ७-४० पर कुछ स्थिर होकर पारणाके लिए अगूर और सतरेका रस मगाया और हम सबकी जानमे जान आई।

आज तबीयत अच्छी मालूम होती है। खूब काम किया फिर भी बहुत थकान नही मालूम देती। बोलते बहुत कम है। कल, दो-एक दिन शातिसे बितानेके लिए, अम्बालाल सेठके बगले शाही बागमे रहने जायेगे।

१-१२-१९२५] सेवक महादेव हरिभाई देसाई

: ४३ :

मुरब्बी भाईश्री,

आपका तार बापूको दिखाया था। उन्होने कहा कि डूमस सबधी सुझाव शकरलालका होना चाहिये। मुझे तो पता ही नही था। शकरलालने डूमसके लिए जोर दिया। लेकिन अपना पक्षपात मैने वर्धाके लिए—आपके लिए और पूज्य विनोबाजीके सहवासके लिए—बताया और बापूने भी कहा कि "मुझे जमनालालजी और विनोबा जितनी शाति दिलायेगे उतनी दूसरा कोई नही दिला सकता।" इसलिए आज जो तार दिया है वह बापूके कहे अनुसार दिया है। बापू तो कहते है कि एक दिन बबई ठहरे बिना यदि नवी ता को ही वर्धा पहुच सके तो अच्छा।

बापूको कहा रखा जाय, कहा अधिकसे-अधिक आराम तथा शाति और विनोबाजीका सहवास मिलेगा, यह तो आप ही जाने और तय करे। वहा आयेगे यह निश्चित है।

आप आनन्दमे होगे। बापू आजकल अम्बालालभाईके यहा है। कल फिर आश्रममे आ जायेगे। तबीयत ठीक सुधरती जा रही है।

४-१२-१९२५] स्नेहाधीन महादेवके प्रणाम

: ४४ :

चि जमनालाल,

विनोबा मुझे कहते थे कि यहाके उपवासोसे मैं चिन्तामे पड जाऊगा ऐसा तुमने समझा था। लेकिन मुझे चिन्ता विलकुल नही हुई, यही नही, वल्कि उससे मुझे आनन्द हुआ। भाई भन्सालीके उपवास केवल उनके शौकके लिए थे। वे इन दिनो भारी तपश्चर्या कर रहे है। भाई किशोरलालने सिर्फ व्यक्तिगत, और अपने विकार दूर करनेके लिए किये थे। मगनलालके वतौर प्रायश्चित्तके थे और वे ठीक ही थे। ८५ ने उन्हे धोखा दिया। इसका उपाय उनके पास, सिवाय इसके कि वे कष्ट सहन करे, दूसरा नही था। इसका असर उस कुटुम्ब पर अच्छा हुआ है। किशोरलाल, भन्साली और मगनलाल तीनोकी तवीयत अच्छी है। अव इसमे मेरे लिए चिन्ताका कोई कारण नही ह।

मेरी तवीयत अच्छी रहती है। अव मै ४ सेर (१ सेर=४० तोला) दूध पीता हू और ८ बिसकिट खा लेता हू, जो जमनावहनने वनाकर भेजे है। नियमित रूपसे घूमता-फिरता हू। अत मेरे सवधमे विलकुल चिन्ता न करे।

इसके साथ चि मणिका पत्र तुम्हारे पढनेके लिए भेजता हू। उसे लौटानेकी जरूरत नही।

कमलाके विवाहके सवधमे कोई खबर अभी नही है क्या ?

४-१२-१९२५] वापूके आशीर्वाद

: ४८ :

चि जमनालाल,

मसूरीके विपयमे आज मुझको वडा उद्वेग होता रहा है। वहा या और कही जानेका मन ही नही होता। मेरी तवीयतके लिए हवाफेरकी जरूरत नही है। मुझे आरामकी जो जरूरत है, वह तो यहा ठीकसे मिल जाता है, और यहाका जो थोडा कामकाज देख सकता हू वह मेरे लिए दवाका काम दे देता है। आश्रम न छोडनेके वहुतसे कारण है। आश्रम छोडनेसे हानि हो सकती है। इसलिए यदि मुझे विचारपूर्वक वचनमुक्त कर दे तो मै छूट जाना चाहता हू। यदि तुम यह मानते हो कि मसूरी जाना ही चाहिये तो मै अवश्य जाऊगा। पर आज जो मानसिक उद्वेग हुआ है वह तुमको लिखना उचित समझकर लिखा है। शकरलालके साथ भी वातचीत करूगा।

सतीशवावू कल आये है। डा सुरेश शनिवारको आयेगे।

मणिवहन तुम्हारे साथ रहना नही चाहती। उसे अपनी गुजराती अच्छी कर लेनी है। फिर भी मदालसाको जानकीवहनके पास ही रहना चाहिये। काफी समय आश्रममे रहेगी तो यो ही वहुत कुछ सीख लेगी।

कन्या गुरुकुलको बारीकीसे जाचकर मुझे लिखना। यह भी लिखना कि उनमे कितनी कन्यायें है।

जवाब दिया १९-३-१९२६] बापूके आशीर्वाद

: ५२ :

प्रिय जमनालालजी,

आपका पत्र मिला।

१ ऑल इडिया काग्रेस कमेटीमे आनेके बारेमें बापू कहते है —

"इच्छा न होती हो तो न आवे। दलागिरी जरूर हो आवे। यदि इच्छा हो जाय तभी आवे।"

२ बेलगामवालोके बारेमे उनकी सलाह उन्हीके शब्दोमे लिखता हू —

"मुझे यह बात बिल्कुल पसद नही, परन्तु बेलगामवालोको तुम मदद कर चुके हो। उन्होने ठीक कुरबानी की है। इसलिए यदि तुमको इनमें हिस्सा लेनेकी इच्छा हो ही और मशीनरी सचमुच इतनी ही कीमतकी हो और मारगेज अच्छा मिल सके तथा तुम उधार रुपये लगा सको तो मै नाराज नही होऊगा। अथवा कमसे-कम तुम्हे उलाहना तो नही दूगा।

"परन्तु इसकी सिफारिश करनेके लिए मै तैयार नही हू। अत सब बातोका विचार करके तुम जो निर्णय करोगे उससे मै सहमत हो जाऊगा।"

हार्निमेनके आदमीको जो कहा सो ठीक है। मगनलालभाईको आश्रमकी चीजोके बारेमें सदेशा दे दिया है।

साहबजादा घर गये है। छोटुभाईके साथ क्या हुआ सो कुछ नही बताया।

बापूका फिनलैंड जाना अनिश्चित है। बापूने स्वीकृति तो लिख दी है, परन्तु कई शर्तें लगा दी है। वे लोग मजूर करेंगे तो जाना सभव हो सकता है। शर्तें ये है पोशाक अपने ढगकी ही रखेंगे, सिर्फ मौसमके लिए ही कुछ फेरफार करना जरूरी होगा तो करेंगे, भोजनमें बकरीका दूध और फलाहार, भाषण नही करेंगे, मगर विद्यार्थियोके साथ बातचीत करेंगे, पासपोर्टकी सारी व्यवस्था वही लोग करेंगे और उसमें किसी प्रकारकी शर्तें न होनी चाहिए। ये सब वे लोग मजूर करेंगे तो बापू जायेंगे। उनका जवाब नही आया है। साथ जानेवाले तो दो है —अभी तो देवदास और मेरे नामकी चर्चा है, आखिरमें जो चला जाय वह सही। और जानेसे पहले वल्लभभाई जैसे कुछ चमत्कार कर दे तो उनका भी खयाल करना पड़ेगा।

३०-४-१९२६] स्नेहाधीन सेवक महादेवके प्रणाम

: ६२ :

चि जमनालाल,

तुम्हारा देवदासके नामका पत्र पढा। जो तूफान आया है उसकी मुझे आशा नही थी। मगर आ जाने दो। उसीमे धर्मकी परीक्षा है। जब तुम्हारे पास तोहमतनामा (दोषपत्र) आ जाय तो मुझे भेज देना। मै उसका जवाब तैयार कर दूगा। उसमे जो परिवर्तन करना हो वह कर देना। मतलब यह कि हमे पूरे विनयका पालन करना है। जातिको अधिकार है कि जो व्यक्ति उसके नियमका उल्लघन करता है, उसका बहिष्कार करे। तुमने जो कुछ किया है उसमे न तो शरमानेकी, न पछताने जैसी कोई बात है। जातिमे तुम्हारा प्रभाव कम होगा, पैसा प्राप्त करनेकी तुम्हारी शक्ति अवश्य कम होगी। परन्तु उसकी मै कोई चिन्ता नही करता। तुम्हारे लिए भीख मागनेका समय आ जाय तो भी हर्ज नही। धर्म रहे और भिक्षुक होना पडे तो वह स्वागत-योग्य है। अतमे जब जाति तुम्हारे धर्म और विनयको पहचान लेगी तब स्वत नम्र बन जायगी। जातियोमे सुधार तो होने ही चाहिए। वे आसानीसे हो सकेगे।

अण्णाको प्रेस लेनेके लिए ८००० रुपये और अभी भेजनेकी जरूरत है। वे यहा आये थे। उन्हे प्रेस लेनेकी सुविधा कर देनी चाहिये। यदि घनश्यामदासने ५००० रु दुबारा न भेजे हो तो उन्हे याद दिला देना। वे आ जाय तो वही भेज देना और ३००० उसमे और जोडकर भेज देना। दूसरे महीनेमे यह काट लेना।

अ ब ६ (११-७-१९२५) ?]

बापूके आशीर्वाद

: ७१ :

चि जमनालाल,

तुम्हारा पत्र मिला। तुम दीर्घायु होवो और तुम्हारी पवित्रतामे वृद्धि होवे। इस जगतमे बिना दूषणके तो कोई भी नही है। हम उसे दूर करनेका ही प्रयत्न कर सकते हैं। वह प्रयत्न तुम कर रहे हो। प्रयत्नशीलकी दुर्गति नही है ऐसा भगवानका आश्वासन है।

अब तो ४ ता को मिलेगे। ताप्ती व्हेली होकर आनेका विचार कर रहा हू। शास्त्रीयार कल आ रहे है।

२१-११-१९२६]

बापूके आशीर्वाद

: ७४ :

चि जानकीबहन,

तुम्हारे पाससे देवदासको आना पडा यह मुझे अच्छा नही लगा। परन्तु वह नही रह सकता था, यह मै समझ सकता हू। अब कदाचित् थोडे ही दिनोमे वह वहा आ जायगा।

तुम्हारी तबीयत कैसी रहती है ? वहा कुछ शक्ति बढ रही है ? कुछ तकलीफ होती है ?

चि कमलाकी पढाई कुछ चल रही है ? तुम खुद न लिखकर कमलासे एक लम्बा पत्र मुझे लिखवाओ। मेरी तबीयतकी चिन्ता नही होनी चाहिये। अभी तो ठीक रहती है। परन्तु बूढे तो मृत्युके किनारे ही बैठे होते है न ? अत किसी-न-किसी बहाने उन्हे पुराना मदिर छोडना ही चाहिये और इच्छा हो तो नये मदिरमें बसे और बदीवास छोडना ही हो तो स्वतत्र रहकर वायुमे ही वास करे। परन्तु बहुत काल तक जेलमे रहनेवालेको जैसे जेलखाना अच्छा लगने लगता है वैसा ही हाल हमारा भी है। देहाध्यासके कारण देह छोडना अच्छा नही लगता। मुझे अच्छा लगता है कि नही, यह तो मै नही जानता। मेरी बुद्धिको तो इसमे अच्छा लगने जैसा कुछ भी दिखाई नही देता। परन्तु आवरणके सामने बुद्धि बेचारी दीन हो जाती है। अत सच्ची बातका पता तो मरते समय लगेगा।

तुम्हारे पास अभी कौन है ?

अप्रैल, १९२७] बापूके आशीर्वाद

: ९० :

चि जानकीबहन,

तुम्हारा पत्र मिला। अब उत्साह क्यो न होगा ? अब तो भाषण करती हो, अखबारोमें भी नाम आता है ! समय-समय पर जब जानकीबाई बजाजका नाम अखबारोमे देखता हू तो उससे ऐसा ही लगना चाहिये न कि जमनालाल और हम सब भले ही जेल गये और वही रहे ! मुझे तो विश्वास था ही कि तुम्हारे दिखाई देने वाले अविश्वासके पीछे पूरा आत्मविश्वास था। ईश्वर उसमे वृद्धि करे। कमलनयनको जल्दी नही करनी है। खादी उत्पत्तिके काममें अभी भले लगा रहे। टुकडीके बाहर निकलने पर बालजीभाईको लिखे।

२७-७-१९३०] बापूके आशीर्वाद

: ९१ :

चि जानकीबहन,

तुम बहुत चट मालूम होती हो। ज्यो-त्यो करके पत्र लिखनेसे बच निकलना चाहती हो। और यदि भाषण करते-करते हाकिम 'डिक्टेटर' बन जाओगी तो फिर मुझ जैसेके तो बारह ही बज जायगे न ? मालूम होता है जमनालालने नासिकमे अपना धधा ठीक जमा लिया है। यह तो मै जानता ही था। उनके पजेसे कोई छूट ही नही सकता। मदू पहले तो पत्र लिखती थी, अब तुम्हारी तरह ही आलसी हो गई है। ऐसी ही आलसी बनी रही

तो तुम्हारे पाससे उसे हटा लेनेका हुक्म जारी करना पडेगा। अब शरीर कैसा है ? ओम उपद्रव करती है या नही ?

२१-९-१९३०] बापूके आशीर्वाद

: ९५ :

चि जमनालाल,

शा मगलदास हरिलाल गाधी, ठि फणसवाडी २ री गली, दादी-शेठ अगीयारी लेन, हरिलाल माणेकलाल गाधीका माला। यह भाई शा हरिलाल माणेकलाल गाधीके लडके है। भाई हरिलाल सूरजबहनके धर्म-पिताके नामसे प्रसिद्ध थे। इनके पास सूरजबहनकी सारी रकम है। इनकी स्थिति अभी बहुत अच्छी नही कही जा सकती। सूरजबहन कहती है कि एक समय हालत बहुत अच्छी थी। मैंने भाई हरिलालको लिखा है कि विधवा बाईके रुपये किसी खानगी पेढीमें नही रखने चाहिए। इसलिए उनको इडिया बैंकमे रखकर उसकी रसीद सूरजबहनके नाम भेज दे। इसका जवाब साथमे है। सभव है कि रुपये बिलकुल खतरेमें न हो। पर मैं चिन्तामें पड गया हू। तुम भाई मगलदासको अपने पास बुलवा लेना अथवा उनसे मिल लेना और पूछ लेना। सारे हाल जान लेना और रुपये बैंकमें रखे जा सके तो रखवा देना। सूरजबहनके नाममे रखवाने है। इनके यहा सूरजबहनके गहने वगैरा भी है। उन्हे भी अपने कब्जेमे ले लेना। अथवा उनकी जो सेफ डिपाजिटकी रसीदे है वे ले लेना। इस वक्त तो तुमको सूरज-बहनके पत्रकी जरूरत नही पडेगी। परन्तु जरूरत हो तो मुझे तार दो तो मै भेज दूगा। परन्तु भाई मगलदाससे तो तुरन्त मिल लेना।

उन अग्रेज भाइयोसे मिलनेके लिए २४ ता को वहा आना है। वल्लभ-भाई साथ होगे।

१८-६-१९३१] बापूके आशीर्वाद

: ९६ :

चि जमनालाल,

तुम्हारा भेजा भगतसिंह सबधी प्रस्ताव पढ लिया। देवने भी तुम्हारे कहनेसे भेजा था। मुझे यह प्रस्ताव बिलकुल पसद नही आया। 'आज' शब्दसे इस प्रस्तावका मूल्य बदल गया। 'आज' बढानेसे ऐसी ध्वनि निकल सकती है कि आज भी सभाको अहिंसा पर विश्वास नही है। जो अहिंसाको शाश्वत धर्म नही मानते है उन्हे भी 'आज' बढानेकी आवश्यकता नही है।

वहा २४ को नही, बल्कि २५ ता गुरुवारको, आना है। मै तो गुजरात मेलसे आऊगा। उस समय इस विषयमे अधिक चर्चा करनी हो तो कर लेना।

इसके साथ चुडे महाराजके सबधमे पत्र है, उसे पढ लेना और कुछ छानबीन करने जैसी हो तो करना।

राजेन्द्रबाबूको फिलहाल बिहार जानेका विचार छोड़ देना चाहिये। राधिका वहां आई है?

२०-६-१९३१] बापूके आशीर्वाद

: ९७ :

प्यारी बहन जानकीबहन,

मैंने सुना है कि तुम्हारी तबीयत अभी तक ठीक नहीं हुई। अभी तो तुमको बहुत काम करना है, इसलिए जल्दी अच्छी हो जाओ, और तबीयतके लिए फल वगैरा लेना पड़े तो लेना चाहिये। यह कुछ मौज शौकके लिए तो खाना नहीं है। अगर तुम अपनी तबीयत नहीं सुधारोगी तो मुझे दुःख होगा। जरूरी इलाज करके अब जल्दी अच्छी हो जाओ।

बहन कमला परसों यहां आई थी। मीटिंगमें भी हमारे साथ गई थी। उसकी तबीयत अच्छी है। यहांसे रवाना होनेका हमारा अभी कोई निश्चय नहीं है। सब मजेमें है।

९-८-१९३१] बापूके आशीर्वाद

: ९९ :

चि. जमनालाल,

तुम्हें पत्र लिखानेका समय ही नहीं मिलता। अभी दाहिने हाथको तकलीफ नहीं देता हूं, इस वजहसे लिखनेका काम कम होता है। बायें हाथसे जितना लिखा जाता है, लिखता हूं। कल पत्र भेजे थे सो मिले होंगे। अस्पृश्यताके लिए कांग्रेस, कांग्रेसवालों और उनके द्वारा अथवा प्रेरणासे जितने रुपये खर्च किये गये हो उनका हिसाब तैयार करनेकी बड़ी आवश्यकता है। कुछ तो मेरी जबान पर है। तुमको भी याद होना चाहिये। यह भार तुम पर डालता हूं। जहांसे मंगाना हो मंगाकर ये आंकड़े इकट्ठे कर लेना। उसमें फिर कुछ रह जायगा तो मैं याद कर लूंगा। मैंने बीस लाखका हिसाब लगाया है। मेरी समझसे यह कम ही है, अधिक नहीं। तिलक फंडमें कुछ रुपये तो इस कामके लिए 'ईयर मार्क' थे। तुम्हारे पास तिलक फंडका जो हिसाब है उसमेंसे यह मिल जायगा।

अलमोड़ाकी जमीनके सबधमें कुछ हुआ? कुछ न हुआ हो और जल्दी ही सकता हो तो उसे जल्दी कर लेना मैं जरूरी समझता हूं।

जानकीबहन और बालकृष्णके क्या हाल हैं? अखबारोंमें बड़ी गलतफहमी हुई और अनेक प्रकारकी बातें आने लगीं तो कल वाइसरायको तार दिया था। उसका उत्तर अभी नहीं आया। तारकी नकल इसके साथ भेजता हूं। पट्टणीजी कल आ रहे हैं। कुछ होगा तो सूचना दूंगा।

२२-८-१९३१] बापूके आशीर्वाद

: १०१ :

प्रिय जमनालालजी,

पिछली वार जव मैने आपको पत्र लिखा था उसके वाद फेडरल स्ट्रक्चर कमेटीमे वापूके उस दूसरे भापणके सिवा, जिसने कि हमारे व व्रिटिश हल्कोमे एक सनसनीसी फैला दी, और कोई विशेप घटना नही हुई है। सदानन्दने लगभग सम्पूर्ण भापण तारसे भेज दिया था, जिसे आपने पढ ही लिया होगा। यदि न पढा हो तो 'यग इडिया' मे देख ले, जिसके लिए मै भापणका पूरा विवरण भेज रहा हू। वापूने राजा-महाराजाओसे पूरी तौर पर वातचीत कर ली है और उन्हे साफ साफ वता दिया है कि वे उनसे क्या अपेक्षा रखते है। भापणका रूप सर्वसाधारण ही हो सकता था, और एक अपीलके रूपमे उसे पेश किया गया था, क्योकि यही वापूका तरीका है। पर हमे कुछ देशी-राज्य-मित्रोकी ओरसे घवराहटसे भरे तार आये है। भापणका वह हिस्सा, जिसमे परोक्ष चुनावोका जिक्र था, कई मित्रोको पसन्द नही आया। पर उसमे न तो कोई डरनेकी वात थी और न सिद्धातसे झुकनेकी, यह शास्त्रीयारके इस कथनसे जाहिर होता है "तो गान्धीजी चाहते है कि उनकी काग्रेसके अनोखे सविधानको भारतके विधानका आदर्श मान लिया जाय।"

वापूने अर्विनके साथ आज वहुत देर तक वातचीत की। मुझे तो वापूसे मिलनेका जरा भी मौका नही मिला और इस पत्रको डाकमे डालने और आज शामको मेन्चेस्टरके लिए रवाना होनेसे पहले उनसे मिलना सम्भव नही दीखता। इधर जो फेडरल स्ट्रक्चर कमेटीकी वैठके जारी है वहा वैठकर लम्बे लेक्चर सुनते-सुनते दिमाग थक जाता है। और वापूको वहुतसे लोगोसे मिलना भी पडता है। गरज यह कि वापू वडे ही व्यस्त रहते है और कई वार तो क्षणभरके लिए भी उनसे मिलना मुश्किल हो जाता है। वे वहुत थकावट महसूस करते है और चन्द दिनोके आरामकी उन्हे सख्त जरुरत है। आराम कव मिल सकेगा भगवान ही जाने। पर मुझे यकीन है, यह वक्त जल्दी ही आने वाला है, क्योकि वापू अपनेको विलकुल एकाकी महसूस कर रहे है और दूसरी पार्टियोसे मदद मिलनेकी उन्हे कोई उम्मीद नही रह गई है। मसलन्, रुपयेके प्रश्न पर और उसके सवधमे स्टेट-सेक्रेटरीके वक्तव्यके मामले पर किसीने उनका साथ नही दिया और उन्हे अपना हल अकेले ही जोतना पडा। सप्रू, रगस्वामी अयगार, मि जिन्ना सभी तो वहा मौजूद थे, पर सभी सर सैम्युअल होरके वाक्चातुर्यसे प्रभावित हुए मालूम देते थे। ऐसी हालतमे कोई क्या उम्मीद करे?

फिर मुसलमानोकी वात लीजिये। वापूकी शौकत अली और आगाखासे दो वडी निराशापूर्ण मुलाकाते हुई। आगाखाकी हार्दिकताका अभाव तो शौकत अलीके लिए भी स्पष्ट था। जिन्ना कही वेहतर थे, पर उनका खयाल था कि

बापूको उनके मित्रोंकी ओरसे कोई कठिनाई न होगी। निजी तौर पर जिन्नाको अन्सारीके लिए कोई उज्र नहीं है। पर उनके इन्तजारमें और पन्द्रह दिन हम यहां कैसे रुकें? और यदि हमें मुसलमानोंकी सारी मांगे मान ही लेनी हैं तो फिर अन्सारीके लिए क्यों रुका जाय? बादमें आकर वे उनकी पुष्टि कर दें। मानो बापूकी कुछ देने-दिलानेकी मन्शा नहीं थी और महज अन्सारीकी आड ले रहे थे। सच तो यह है कि वे लोग अन्सारीको नहीं चाहते, मगर बापू तो इस बात पर तुले हुए हैं कि वे अन्सारीके पीठ पीछे कुछ नहीं करेंगे। बापू प्रयत्न करेंगे कि अन्सारी मुसलमानोंकी मांगें मान लेवें। पर अगर ये लोग उनके लिए नहीं रुक सकते तो बापू भी वे मांगें अन्सारीकी ओरसे मंजूर नहीं करेंगे। अतएव इस सबबसे सफलताकी आशा बहुत कम दिखाई देती है।

जहां तक मुख्य प्रश्नका सवाल है, वे लोग स्वतंत्रताके प्रश्न पर इस बातचीतको तोड़कर सारी दुनियाके सामने हमें लज्जित करनेकी कोशिश करेंगे। पर बापू भी इस बात पर तुले हुए हैं कि संरक्षणों (सेफ गार्ड्स) की चर्चा पहले हो और उसीकी रोशनीमें आजादीकी बातचीत। मजदूर दलके पार्लमेन्टके सदस्योंसे बापू मिले। एक और मीटिंगमें तीनों दलोंके पार्लमेन्टके सदस्योंसे भी उनकी मुलाकात हुई। इस भेंटमें अनुदार दलके लगभग सभी प्रमुख सदस्य गैर-हाजिर थे। भाषणके अन्तमें बड़ी दिलचस्प चर्चा हुई जिसका बड़ा अच्छा असर पड़ा। मि. होरेबिन अगले हफ्ते स्कारबरोमें होनेवाली मजदूर दलकी बैठकमें बापूको ले जानेका इन्तजाम कर रहे हैं। नेशनल लेबर क्लबमें उनका सत्कार भी होगा। मजदूर दलके सदस्य, जिनमें बहुतसे बापूसे मिल चुके हैं, बड़ी सहानुभूति रखते हैं। आम मजदूरको तो बापूके प्रति सच्ची श्रद्धा है और वह उनसे जब भी मिलता है, अत्यन्त प्रेमपूर्वक मिलता है, परन्तु मध्यम वर्गके अंग्रेजोंकी मनोवृत्ति पर अभी तक कोई असर नहीं पड़ा है।

२५-९-१९३१] सप्रेम आपका महादेव

: १०२ :

प्रिय जमनालालजी,

बापूकी सर सैम्युअल होरसे आखिरी बातचीत हो गई। अब उन्हें बापूसे कोई उम्मीद नहीं रह गई है। उन्होंने यह मान लिया कि प्रान्तीय स्वशासनकी बात, जिसके बारेमें बापू सोच रहे थे उनके दिमागमें कभी नहीं थी। उनके हिसाबसे दरअसल उसमें और आजादीमें केवल नामका ही फर्क था। अतः उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। "अब हम मित्रोंकी तरह जुदा हों। आप मुझे समाचार देते रहिये। मुझे घटनाओंकी सरकारी तौर-पर तो जानकारी हमेशा मिलती रहेगी, पर मैं चाहता हूं कि इस बारेमें आपके

विचार भी मालूम होते रहे। पर आज तो यह मान ले कि हमारा मत नही मिल रहा हैं।" इसीके बाद ही बापूने अल्पसख्यक कमेटीमे अपना वह धडल्लेका भाषण दिया। उन प्रहारोके सामने रैम्जे मॅकडॉनाल्ड भी छोटा लगने लगा और एकबारगी उसे अपने अहकारको पी लेना और अपनी रोब गाठने एव अपमान करनेकी वृत्तिको भुला देना पडा। इसका प्रभाव बहुत ही अच्छा पडा और हम आशा करे कि वह दिलोकी सफाई करने वाला भी साबित होगा।

किन्तु परिणाम क्या? परिणाम तो यह कि वह महाशय अब हमारे मत्थे दोप न मढ सकेगे। 'न्यू स्टेट्समैन' के सुन्दर लेखको पढ लीजिये। उसके सपादकने कुछ दिन पहले एक घटेतक बापूसे बाते की थी और वह इस बातचीतसे स्पष्टत बहुत लाभान्वित हुआ दीखता है।

जनरल स्मट्स भी बापूसे मिले। उनका व्यवहार असाधारण रूपसे अच्छा था। उन्होने कहा कि बापूने अपने पक्षको इस कुशलतासे पुष्ट किया है कि यदि उन्हे खाली हाथ लौटना पडे तो वह एक भारी विपत्तिकी बात होगी। हिन्दुस्तानियोने स्वशासन करनेका अपना अधिकार सिद्ध कर दिया है, और अब उनके पथमे कोई बाधा नही रहने दी जा सकती। उन्होने इसमे अपनी सहायता देनेकी इच्छा भी प्रकट की। इसके बाद वे दो बार प्रधान मत्रीसे मिले भी और कुछ साम्प्रदायिक हल लेकर आये, जोकि उन्हे एक अच्छा मध्यम मार्ग जचा, और बापूकी सहमति प्राप्त कर उन्होने इसे फिर प्रधान मत्रीके सामने पेश किया। उसमे कोई सार नही है, और उसका कोई खास नतीजा भी निकलने वाला नहीं है। पर उनकी गाढ मित्रता और सहयोगकी भावनाओसे सभीको अचरज व आनन्द हुआ।

कुछ मित्र, जिनमे वेजवुड बेन, लोथियन, चर्चके कुछ उच्चपदस्थ व्यक्ति और दूसरे लोग भी है, कुछ-न-कुछ हल निकालनेका जीतोड प्रयत्न कर रहे हैं। बापूने आज अर्विनको एक तार भेजकर यह सूचना दी थी कि चूकि सम्मेलन अब टूटने ही वाला है, उन्होने वापस जानेका निश्चय कर लिया है, बशर्ते कि अर्विन कोई दूसरी सलाह दे। एक घटेके भीतर ही उनका जवाब आया कि वे बापूसे मिलने कल आ रहे है।

(यहा एक पेरेग्राफ छोड दिया गया है)

हम मार्सेल्ससे २७ को या जिनोवासे २९ को रवाना होनेकी आशा करते हैं। बापूको बदनाम करनेके लिए यहाके अखबारोने प्रान्तीय स्वशासनका जो भूत खडा किया है, आशा है आप उससे चिन्तित न होगे। बापू इस प्रकारकी किसी भी बातको कभी स्वीकार नही कर सकते थे। यहाके मित्रोकी घबराहटको कम करनेके लिए उन्होने प्रधान मत्रीको एक पत्र लिखा हैं और 'न्यूज क्रानिकल' को भी एक लम्बी मुलाकात दी है।

१३-११-१९३१]   आपका महादेव

: १०९ :

मुरब्बी जमनालालजी,

राऊंड टेबल सबंधी अटकले दैनिक अखबारोमें इतनी अधिक आती है और राऊंड टेबल कॉन्फरेन्सके बाहरकी बापूजीकी हलचलोंके सबधमे यग इडियामें मैं इतने विस्तारसे लिखता हू कि आपको अलग पत्र नही लिखे। वल्लभभाई और जवाहरलालको लिखे कुछ पत्र आपको देखनेको मिले होगे, ऐसा मैंने मान लिया है। आजका बापूका जबर्दस्त भाषण तो वहाके अखबारोमें आगया होगा। पूरा भाषण यग इडियाके लिए भेज रहा हू। अब तो राऊंड टेबलकी उत्तरक्रिया शेष रह गई है, यह कहू तो हर्ज नही।

बमनजी बापूसे मिले थे। उनके पास जो रकम लेनी बाकी है वह लगभग १॥ लाख हो जायगी। 'चर्खा सघ' और 'देश सेविका सघ' को देनेके लिए अब वह राजी होगये है। इनसे आप जरूर मिले और दोनो सस्थाओके बारेमें सारी बाते करे और उन्हे उनका परिचय दें। उनके मनमें इनकी कमेटियोमें आनेका लोभ है। बापूने कहा है कि कमेटीमें आनेके लिए जो पात्रता चाहिये उसे प्राप्त करे। चर्खा सघके लिए तो पात्रता प्राप्त करना इनके लिए अशक्य है, परतु बापूका खयाल है कि देश सेविका सघकी प्रवृत्तिमे इनको चालक बना सकते हैं। इनसे मिलकर सब बाते कर ले और उनकी रकमके विषयमें भी ठीक-ठाक कर ले।

पूज्य बापूकी तबीयत, यहाके अत्यत कामके बोझको देखते हुए, कह सकते है कि असाधारण रूपसे अच्छी रही है। सर्दी काफी पडती है परतु शिमलासे जरा भी अधिक नही। सब लोग कहते है कि इस समय इग्लेंडमें बापूके कदमोके साथ-साथ हिंदुस्तानकी हवा भी आई है।

१३-११-१९३१] (महादेव देसाई)

: ११० :

चि जमनालाल,

तुम्हारे पत्रकी हम सब राह देख रहे थे। पत्र सपूर्ण है। वहाका खानपान माफिक आगया है, यह बडे सतोषकी बात है। जानकीबहन और कमलनयनके सबधमे मुझे समाचार मिल चुके थे। विनोबा यदि व्रत लेकर न बैठ गये हो तो मैं समझता हू कि उन्हे दूध लेनेकी जरूरत है। वहा भी उनका काम तो सख्त मालूम होता है। उसको करते रहनेके लिए दूधकी जरूरत है ऐसा मेरा खयाल है। मेरा दृढ विश्वास है कि वनस्पतियोमें ऐसी वनस्पति जरूर है जो दूधकी आवश्यकताको पूरा करती है और दूधके दोषोसे मुक्त है, परतु ऐसी वनस्पतिको खोज करनेकी योग्यता जिन वैद्योमे है, उन्हे इसका

खयाल नही है। हम जैसोकी शक्तिके बाहरकी यह बात है, या फिर इस एक ही वस्तुके पीछे पड जाना चाहिये। परतु मेरी निश्चित राय है कि ऐसा नही हो सकता। अत जो धर्म सहजप्राप्त हो गया है उसीको पकड रखना हमारा कर्तव्य है। मुझे यह खयाल बना ही रहता है कि विनोबाको अपना वजन इतना ज्यादा कम न होने देना चाहिये।

वहा तुम्हारे पास बढिया समाज जम गया मालूम होता है। तुम्हारे 'क' वर्गकी मुझे ईर्ष्या होती है। जब तुमको यह वर्ग मिला तो मुझे बहुत खुशी हुई थी। तुम्हारा स्वास्थ्य उसमे कुछ खराब होगा ऐसी शका मुझे कभी नही हुई। खुद अपनी और अपने पडोसियोकी तबीयतका जतन करनेकी तुम्हारी क्षमताके विषयमे मेरे मनमे कभी शका आई ही नही , और जो अनुभव तुमको मिल रहे है, वे दूसरी तरह तुम कभी प्राप्त नही कर सकते थे।

प्यारेलालसे कहो कि कुसुमके द्वारा उनके लिखे पत्रका पूरा जवाब मै दे चुका हू। इसलिए यहा कुछ नही लिखता। वह जवाब कदाचित् इससे पहले उसे मिल जायगा। न मिले तो मुझे खबर कर देना। हम तीनो मजेमे है। अभी दो महीने हुए कि मै रोटी, बादाम, खजूर, एक साग और नीबू लेता हू। उससे अच्छा रहता है। रेच-पिचकारीकी बिलकुल जरूरत नही रहती। 'आश्रमका इतिहास' लिख रहा हू। बहुतसा समय पत्र लिखनेमे जाता है। इस छोटेसे मडलमे तुम्हारे सबधमे तो दिनमें कितनी ही बार बाते होती है। सबको हम सबके यथायोग्य कहना। जब-जब लिख सको तब-तब लिखते रहना।

९-४-१९३२] बापूके आशीर्वाद

: ११२ :

चि जानकीबहन,

कितना अभिमान ? जेलमे हो आई तो अब पत्र ही नही लिखोगी ? जैसे तुम्ही अकेली जा सकती थी न। तबीयत कैसी है ? कमलनयन कहा है ? उसको मैने खत लिखा है। ऐसा मालूम नही होता कि वह उसे मिला हो।

बालकृष्ण कहा है ? उसका इधर कोई खत ही नही। मदालसा भी मानो सो गई हो। शिवाजी तथा राधाकृष्णके बारेमे लिखना। छोटेलालको पत्र लिखा है उसका भी जवाब नही। इन सबकी आशा तुमसे रखता हू। हम तीनो मजेमे है।

१५-८-१९३२] बापूके आशीर्वाद

: ११३ :

चि जानकीमैया,

खूब ! आखिर पेसिलसे दो सतरे लिखनेकी तकलीफ की तो। जेल जाकर भी आखिर आलस्य नही गया न ? 'अ' वर्ग देनेमे ही भूल

हुई। 'क' वर्ग देकर खूब काम कराना चाहिये था। आलस्यका तो ठीक, परतु अब शरीरकी हालत ठीक कर लेना। विनोबाके शिकजेमे खूब फसी हो। पत्र बराबर नही आयेगे तो सजा मिलेगी। पुरानी कमली, जिसपर तुमने खादी सीकर फिरसे नई बनाई थी, वह राजमहलमे ही आई यह बात मै कह चुका हू न ? यहा तो वह है ही। अभी तो बहुत चलेगी।

२०-८-१९३२] बापूके आशीर्वाद

: ११५ :

चि जानकीमैया,

'क' वर्गका खाना खाकर मरनेका भय तुम जैसोको होता है, इसीसे बिना खाये जीनेका रास्ता मैने पकडा है। कलसे यह देख लेना। खा-खाकर तो सारा ससार मरता है। 'अ' वर्गका खाकर कितना जी लोगी यह देख लेगे। परतु अनशन करते-करते जीनेकी कला कैसी ? एक शर्त है जरूर। तमाम मैयाओको जोगन बनकर बाहर निकलना पडेगा और अस्पृश्योको स्पृश्य बनाकर खुद भी ईश्वरी शक्ति होनेका दावा साबित करना पडेगा। इतना करना और फिर 'अ' वर्गका ही खाना खाती रहना। परतु यदि कोई 'अ' वर्गका न दे तो 'क' वर्गके खानेसे भी सतोष मानना।

परतु मान लो कि जोगनोका भी कोई बस न चला तो भले ही यह मिट्टीका पुतला टूटकर अभी गिर जाय। मै तो जीनेवाला ही हू। जबतक एक भी मैया मेरा काम करती होगी तबतक कौन कहेगा कि मै मर गया ? भले ही आत्माकी अमरता सबधी गीताका तत्वज्ञान हम छोड दे। जो अमरता मैने बताई है वह तो हम चर्म-चक्षुओसे भी देख सकते है। इसलिए खबरदार जो जरा भी घबरा गई तो ! शोभित होना और शोभित करना। तन, मन, धन ईश्वरको सौपकर सुखी होना व रहना। नखरेबाज ओमको और ज्ञानी मदालसाको आज नही लिख सकूगा।

यह तुम सबके लिए है, ऐसा समझना। तुम्हारा सौभाग्य अखड रहे।

१९-९-१९३२] बापूके आशीर्वाद

११६ :

चि जमनालाल,

तुम परेशान बिलकुल न होना। तुमको तो नाच उठना चाहिए कि जिसको तुमने पिताका स्थान दिया वह तुम्हारे प्रिय कामके लिए पूर्णाहुति देता है। तुम्हारे लिए तो यह उत्सव ही होना चाहिए।

जानकीमैयाके साथ मेरा विनोद चल रहा है। सरदार, महादेव तुमको याद करते है।

२७-९-१९३२] बापूके आशीर्वाद

: ११९ :

चि जमनालाल,

तुम्हारा पत्र अभी मेरे हाथ लगा, सुना, और उसका जवाब लिखा रहा हू। तुम चाहते हो वे सब आशीर्वाद टोकरियो भर तुम्हारे जन्मदिवस पर तुम्हे मिले। जो मृत्यु चाहेजब छोटे-वडे, गोरे-काले, मनुष्य-पशु या दूसरे सबके लिए आने ही वाली है, फिर उसका डर क्या ? और उसका शोक भी क्या ? मुझे तो बहुत वार ऐसा लगता है कि जन्मकी अपेक्षा मृत्यु अधिक अच्छी चीज होनी चाहिये। जन्मसे पहले माताके गर्भमे जो यातना भोगनी पडती है उसे तो मै छोड देता हू। परतु जन्मते ही जो यातना शुरु होती है, उसका तो हमे प्रत्यक्ष अनुभव है। उस वक्तकी पराधीनता कैसी है ? और वह तो सबके लिए एकसी होती है। जब कि मृत्युमे, यदि जीवन स्वच्छ हो, तो पराधीनता जैसी कुछ नही रहती। बालकमे ज्ञानकी इच्छा नही होती और न उसमे किसी तरहज्ञानकी सभावना ही होती है। मृत्युके समय तो ब्राह्मी स्थितिकी सभावना है। इतना ही नही बल्कि हम जानते है कि बहुत लोगोकी मृत्यु ऐसी स्थितिमे होती है। जन्मके माने तो दु खमे प्रवेश है ही जब कि मृत्यु सपूर्ण दु ख-मुक्ति हो सकती है। इस प्रकार मृत्युके सौदर्यके विषयमे और उसके लाभके विषयमे हम बहुत कुछ विचार कर सकते है और इसे अपने जीवनमे सभवनीय बना सकते है। इस प्रकारकी मृत्यु तुमको प्राप्त हो, ऐसे आशीर्वाद और ऐसी कामनामे जो कुछ भी इष्ट हो वह सब आगया। इस इच्छामे हम दोनो साथी है, ऐसा समझो। तुम्हारे स्वास्थ्यके सबधमे सबकुछ जाननेके बाद भी जो विचार मैने बताये है, उनपर मै दृढ हू। तुमको अपने खर्चसे भोजन प्राप्त करनेकी छुट्टी मिल सके तो उसे प्राप्त करनेमे मै कोई दोष नही समझता। शरीरको एक अमानत समझकर यथासभव उसकी रक्षा करना रक्षकका धर्म है। मौज-मजेके लिए गुडकी एक डली भी न मागो, न लो, परतु औषधिके तौर पर महगसे महगे अगूर भी मिल सके तो प्राप्त करनेमे कोई बुराई नही दिखाई देती। इसलिए ऐसे भोजनपानको ग्रहण करनेमे उद्वेग पानेकी आवश्यकता नही। ऐसी ही स्थितिमे दूसरोको भी ऐसा खाना दिलाया जा सके तो दिलाना चाहिये। मेरी दृष्टिमे जितने गेहू मिलते है उतने खानेकी जरूरत नही। गुडको बिलकुल छोड देना उचित मानता हू। तुम्हारे शरीरको गुडकी जरा भी आवश्यकता नही। इसके बदले निर्दोष शहद लेना अधिक अच्छा है। परतु जबतक मीठे फल मिल सकते है, उसकी भी जरूरत नही। दूधमे किसी भी प्रकारका मीठा मिलाना दूधको पचानेमे हानिकारक है। दूधकी मात्रा बढाना अच्छा है। जैतूनके तेलकी जगह मक्खन लेते हो, यह ठीक ही है। यहा जो जैतूनका तेल मिलता है वह हमेशा शुद्ध नही होता, ताजा तो मिलता ही नही, और मक्खनमे जो विटेमिन होते है वे जैतूनके तेलमे

नही होते। सागमे हरी सब्जी होनी चाहिए। आलू वगैरा लगभग रोटीका स्थान लेते है। इनमे स्टार्च होता है। तुमको स्टार्चकी कमसे-कम जरूरत है। और जितनी होगी वह सब गेहूसे पूरी हो जायगी। दाल हर्गिज मत लो। मक्खन यदि काफी ले लो तो दो पौंड दूध काफी है। इसके घटाने बढानेका आधार वजनके ऊपर है। वजनके स्थिर हो जाने तक, और हजम होता रहे तबतक, मक्खनकी अथवा दूधकी या दोनोकी मात्रा बढाते जाना चाहिये। तरकारियोमें लौकी, कद्दू भिन्न-भिन्न प्रकारकी सब्जिया, फूलगोभी, पत्तागोभी, बिना बीजकी सैम, बैगन इन सबकी गिनती अच्छी हरी सब्जियोमे होती है। गेहूका आटा चोकर मिला हुआ होना चाहिये। यदि गेहू बिलकुल साफ करके पीसा गया हो तो उसका कोई भी अश नही फेंकना चाहिये। फलमे ताजे अगूर, मौसमी, सतरे, अनार, सेव, अनन्नास लेने योग्य है। आजकल जो प्रयोग अमेरिकामें हो रहे है उससे मालूम होता है कि एक ही साथ बहुतसी चीजे नही मिला देनी चाहिये, फल अकेला ही खानेसे उसका गुण अधिकसे अधिक हमे मिलता है। और भूखे पेट खाना तो सर्वोत्तम है। अग्रेजीमे कहावत भी है कि सुबहका फल सोना है और दुपहरका चादी है, इसलिए पहला खाना अकेले फलका होना चाहिये। सुबह गर्म पानी पियो तो हर्ज नही। तुमको चौबीसो घटे खुली हवामें रहनेकी इजाजत मिल सकती हो तो लेनी चाहिये। खुली हवामे रोज धीमे-धीमे प्राणायाम कर सको तो अच्छा है। रातकी सर्दीसे डरनेकी बिलकुल जरूरत नही। गले तक अच्छी तरह ओढ लिया हो और सिरपर और कानपर कपडा लपेट लो तो फिर कोई हानि नही। चौबीसो घटे शुद्धसे शुद्ध हवा श्वासके लिए फेफडोमे जाय यह अति आवश्यक है। सुबहकी धूप सहन हो सके तो इस तरह शरीरको खुली हवामे जितना खुला रख सको उतना रखना चाहिये। इस सबकी चर्चा डा कन्ट्राक्टरके साथ कर लेना और फिर जो उचित मालूम हो सो करना।

माधवजीकी गाडी तो ठीक चल ही रही होगी। वहा जो साथी रहते हो और जो आवे उन्हे आशीर्वाद और हम तीनोका यथायोग्य। अस्पृश्यताके सबधमे यहा जो कुछ चल रहा है वह शायद तुम जानते होगे। तुमको जो विचार सूझे वह मुझे लिख सकते हो। उन्हे भेजनेकी इजाजत तुमको वहासे मिल सकेगी।

८-११-१९३२]

बापूके आशीर्वाद

: १२३ :

चि जमनालाल,

अपनी तबीयतके समाचार आज ही देना। तुमसे मिलनेकी तजवीज कर रहा हू। अप्पाका मामला फिलहाल तो सुलझ गया है। अर्ध उपवास और पूर्ण उपवास स्थगित हो गये है। पूरे प्रश्नका निर्णय हो जायगा। मैंने

दो पौड वजन फिरसे प्राप्त कर लिया है। 'आश्रमवासियोके प्रति' खोजकर भेजूगा। और कुछ चाहिये सो मगा लेना। कमलनयनको सीलोन भेजनेकी पूरी आवश्यकता है। कमलनयन लिखता है कि जानकीदेवी भी अब तो अनुकूल है। वहाका जलवायु उसे जरूर माफिक आयगा। अग्रेजीका शौक पूरा हो जायगा। हिंदुस्तानका वातावरण इस समय उसे शात नही रहने देगा। सीलोनमे शात रह सकेगा। वह घरका घर और बाहरका बाहर है। जब इच्छा हो तब लौट आ सकेगा। अग्रेजीका अध्ययन बहुत अच्छी तरह हो सकेगा। अनेक दृष्टियोसे मुझे यह प्रयोग बहुत पसद है। अपना विचार लिखे। उसके बाद उसे भेजनेकी तजवीज करूगा। एक दो जगह लिखना पडेगा।

घनश्यामदास कल गये। तुमसे मिल सकना सभव नही था। देवदास अभी यही है। राजेद्रबाबूकी तबीयत अच्छी नही कह सकते।

७-१२-१९३२] बापूके आशीर्वाद

: १२४ :

चि. जमनालाल,

तुम्हारे दोनो पत्र मिल गये। मेरी व्यस्तताकी कोई सीमा नही, और कमलनयनके बारेमे मेरे विचार भिन्न होनेसे लिखनेकी जल्दी नही थी इसलिए मौका मिलते ही सबसे पहले पत्र लिखनेका सोचा था। आज लिखना ही था कि तुम्हारा दूसरा पत्र आ गया। इससे ऐसा मालूम होता है कि तुम्हारी तबीयत गिरी है। परतु मुझे ऐसा भय नही मालूम होता। मवाद फिरसे निकला, यह तो अच्छा ही हुआ। कृत्रिम उपायोसे मवाद बद हो जाय तो कुछ लाभ नही। पेटमे आव जैसा लगता है, इसका कारण तो यह हो सकता है कि कोई खास चीज खानेमे आगई हो। इधर एक दो दिनसे रोटी ठीक नही होती थी। तुम रोटीका टोस्ट बनाकर खाओ तो शायद ज्यादा अच्छा होगा। दात तो मजबूत है ही। रोटी खूब चबानी चाहिये, यह तो जानते ही होगे। यहासे टोस्ट बनाकर भेज सकते है, क्योकि डबल-रोटी हमारे यार्डसे ही वहा जाती है और रोटी बनानेमे थोडा बहुत मेरा हाथ है। अत टोस्ट बनानेमे कोई कठिनाई नही आवेगी। यदि तीन दफा खाते हो तो टोस्ट ताजे भी बनाकर भेजे जा सकते है।

व्यापार-सबधी भेट-मुलाकातमे बहुत वक्त देते हो, यह भी इस समय न करना ही उचित है। डाक्टर मोदीके कहे अनुसार पूर्ण आरामकी आवश्यकता है। बहुत बोलना भी अच्छा नही है। अत यहाकी आबहवासे पूरा फायदा उठानेके लिए आराम करना, कम बोलना बहुत जरूरी है।

तुम्हारे बारेमे कर्नल डोइलने काफी समयतक बातचीत की है, परसो ही बाते की। उनकी सलाह यूरोप जानेकी ही थी, परतु मुझे

तो इसकी कोई जरूरत मालूम नही होती। इस देशमें प्राप्य सहायतासे जो कुछ हो सकता है वह करके शात रहना। परतु तुम्हारी इच्छा विलायत जानेकी हो तो मुझे जरूर सूचित करना। तुमसे बार-बार मिलनेकी जो माग मैंने कर रखी है, उसका जवाब भी आजकलमें आना चाहिये।

अब कमलनयनके विषयमे। कमलनयनको द आफ्रिका भेजनेके लिए खास इजाजत लेनी चाहिये। वहा उसके लिए अध्ययनका कोई साधन नही है। अग्रेजी स्कूल या कालेजमें उसको स्थान नही मिलेगा। हिंदुस्तानियोके लिए एक अच्छा कालेज है, परतु हमारी दृष्टिसे उसमे कुछ भी नही है। खानगी अध्ययनकी सुविधा भी कमसे-कम है। फिनिक्स तो जगल है। वहा जानेसे उसको छापखानेमे ही लगा रहना पडेगा। अत किसी भी दृष्टिसे दक्षिण आफ्रिकाका विचार करने जैसा नही है। जब कि सीलोनमें इससे उलटा है। वहा जितने स्कूल है उनमेंसे किसीमे भी कमलनयन जा सकता है। न्यूरा-लियाकी आबहवा तो उत्तमोत्तम है। सृष्टि सौदर्य वहासे अच्छा शायद ही कही हो। वहा जानपहचानवाले भी काफी मिल सकते है। वर्नाड आलूविहारी तो घरका ही आदमी है और बहुत विद्वान है, चरित्रवान है। मेरे साथ ही विलायतसे आये थे और सीलोनके प्राचीन महाकुटुम्बोमेंसे है। वहा अगर ठीक न मालूम हो तो तुरत वापस भी बुला सकते है। समय-समय पर पत्र-व्यवहार हो सकता है। इसलिए मेरी दृष्टिसे कमलनयनकी अग्रेजी पढनेकी अभिलाषा पूरी करनेके लिए हमारे सिद्धातोके अनुकूल जगह सीलोन ही है। खुद कमलनयनको भी अच्छी मालूम होती है। परतु तुमको यदि वह ठीक न मालूम दे तो अभी तो भले वर्धा ही रहे। यदि वर्धामे उसे सतोष मिलता हो तो कहनेकी कोई बात ही नही। सतोष नही है ऐसा उसकी बातसे और उसके पत्रसे मालूम हुआ, इसलिए यह प्रश्न उपस्थित हुआ है।

मणिलालका बुधवारको जाना मुल्तवी रहा। अत अब तो फिर २९ ता को ही जा सकता है।

छगनलाल जोशी मेरी मददके लिए कल यहा आ पहुचे है। इससे मेरा काम हल्का तो नही होगा, परतु जो हमेशा अधूरा रहा करता था उसमे फर्क पड जायगा।

मिला, ११-१२-१९३२] बापूके आशीर्वाद

: १२५ :

चि जमनालाल,

तुम्हारा पत्र मिला। कमलनयनके बारेमें समझा। पूनामे उसका इतजाम नही हो सकता। वकीलके साथ उसके बारेमे बातचीत हो ही गई थी। इतने बडे लडकेको वहा नही रखते। सुविधा भी नही। विशेष बात

तो इस विषयमे जब मिलेंगे तब कर लेगे। तुमको फाउन्टेनपेनकी स्याहीकी जरूरत थी। हमारे पास स्वदेशी स्याही थी। भाई कटेलीको इसका पता था, अत उसमेंसे तुम्हारे लिए एक दवात भेजी है। हमारे पास तो उसका भडार भरा पडा है।

यहाकी डबल-रोटीमें जो शक्कर होती है उसके स्वदेशी होनेकी सभावना है। क्योकि पूनामे विदेशी शक्कर बहुत कम आती है। परतु यदि विदेशी हो तो भी मै इसमे दोष न मानूगा, क्योकि यह शक्कर खमीर उठानेके लिए डाली जाती है। अर्थात् खमीरके साथ मिलकर उसमेंसे एक नया ही पदार्थ पैदा हो जाता है–जैसे अमुक गैस अमुक मात्रामे मिलकर पानी पैदा होता है। इसलिए रोटी खानेवालेके लिए यह नही कह सकते कि वह गेहू और शक्कर दो पदार्थ खाता है। खमीर उठानेके लिए तीन चीजे काममें लाई जाती है। महुवा, शक्कर और नमक। महुआ विदेशी होता है। इसलिए मेरी दृष्टिसे विदेशी शक्कर त्याग करने वालेके लिए भी रोटी निर्दोष मानी जा सकती है। इतने पर भी यह जाननेके बाद अतिम निर्णय तो तुमको ही करना है। यहा जो चपाती बनती है वह यदि तुमको माफिक आती हो तो मुझे डबल-रोटीका आग्रह करनेकी आवश्यकता नही।

तुम्हारी मुलाकातके बारेमे अभी कोई उत्तर नही आया।

आपरेशनके लिए अभी विलायत न जानेके बारमे स्थिति समझी। खुद मुझे तो ऐसी दहशत नही है। हजारो आदमियोके कान बहते है और उन्हे कुछ भी दूसरा उपद्रव नहीं होता। यह सब भाग दिमागके पास है इसलिए अतिम परिणाम आ सकता है, इस विचारसे डाक्टर स्वय चौंक जाते है और बीमारको भी डरा देते है। इसलिए इस देशमे जितनी मदद मिल सकती हो उतनेसे ही सतोष माननेमे मुझे सकोच न होगा। परतु यह बात अभी तो अप्रस्तुत है। शाति होनेके बाद इसका मार्ग अपने आप सूझ जायगा।

मेरी कोहनी जैसी थी वैसी ही है। वजन १०३ है, तबीयत कुल मिलाकर ठीक है।

इसके साथ जानकीबहनका पत्र भेजता हू। उसमे कमलनयनके विषयमें जो कुछ लिखा है वह देख लेना। मैंने जवाबमें लिखा है कि कमलनयनके साथ मास्टर और रसोइया जाय यह मैं कभी मजूर नही करूगा। ऐसा करनेमे बाहर जानेका लाभ वह खो देगा। साथमें यह भी लिखा है कि तुम्हारे साथ इस सबबमें बातचीत चल रही है।

[१५-१२-१९३२] बापूके आशीर्वाद

: १२९ :

चि जानकीमैया,

वाह ! मेरे पत्रका जवाब तक न देना ? मेरा इतना ज्यादा डर है ? हरिजनको देते हुए जी दुःख पाता हो तो ऐसा लिखो। मुझे चतरे भेजते हुए थैली खुल जाती है, किंतु हरिजनके लिए बंद रहती है क्या ?

बापूके आशीर्वाद

कल जमनालाल बंबई गये। वहां डाक्टर मोदी उनकी जांच करेंगे। शरीर तो अच्छा है। तुम्हारे और खुद अपने संतोषके लिए ही गये हैं।
२६-३-१९३३]

: १३० :

चि जमनालाल,

सेठ पूनमचंद रांकासे जितनी जल्दी मिल सको मिलना उचित है। उनसे कहना कि उनके उपवास सत्याग्रहकी नीतिके विरुद्ध हैं। और मैं समझता हूं कि किसी भी तरीकेसे उनका बचाव नहीं हो सकता। कैदियोंके वर्गीकरणके विरुद्ध सभी लोग नहीं हैं। जिन कैदियोंको 'अ', 'ब', वर्ग मिलता है, वे सब 'क' वर्गकी ही स्थितिमें नहीं जाते। जिन्हें ऊंचे वर्गमें रखा जाता है वे उस वर्गकी सुविधाओंको लेनेके लिए बाध्य नहीं है। जो इस सुविधासे लाभ उठाते हैं, अपनी इच्छासे ही उठाते हैं और उसका त्याग करनेके लिए सेठ पूनमचंद उन्हें मजबूर कैसे कर सकते हैं ? उसके लिए उपवास कैसे कर सकते हैं ? वे खुद चाहें जिस सुविधाका त्याग करें, यह दूसरी बात है। यह वर्गीकरण मुझे खुद पसंद नहीं है, किंतु उसमें फेरफार करानेका मार्ग उपवास हर्गिज नहीं है। मुझे आशा है कि सेठ पूनमचंद अपना हठ छोड़ेंगे। उनको यह भी जानना चाहिये कि जबतक वे अपनेको सत्याग्रही मानते हैं तबतक वे उसकी मर्यादाओंको पालन करनेके लिए बंधे हुए हैं। सत्याग्रहके प्रणेताके नाते उसकी मर्यादा स्थिर रखनेका मुझे कुछ तो अधिकार होना चाहिये। इस दृष्टिसे भी उन्हें मेरी सलाह मानना उचित है। ईश्वर तुमको सफलता दे।
८-४-१९३३]

बापूके आशीर्वाद

: १३४ :

चि जमनालाल,

तुम्हारे दो पत्र एक साथ मिले। तार भी मिला। तुम वहां रह गये हो यह मुझे बहुत अच्छा लगा है। इसी तरह निश्चिततासे रहो। मैं मानता हूं कि उपवास निर्विघ्नतासे समाप्त हो जायेंगे।

तुम्हारे दर्दके लिए किसी वैद्य या हकीमकी सलाह लेना भी उचित मालूम होता है। कानमेंसे बहुतोंको पीप निकलकर बंद भी हो जाता है। इससे डरनेकी कोई वजह नहीं, खानपानका ध्यान रखो तो काफी है। गाय सामने

आई हो और उसके थन साफ करके साफ हाथसे दुहा जाय तो वह दूध ताजा ही पियो। खानेमे ध्यान रखो। अटशट कुछ न खाओ। दाल नही, मसाले नही, कच्ची सब्जी कुछ-न-कुछ चाहिये। टमाटर, सलाद अच्छी वस्तु है। कच्चे प्याज खानेका डा देशमुखका खास आग्रह है।

जानकीबहनका समय किस तरह बीतता है? घूमती फिरती है? ओम क्या पढ रही है? प्रभुदास क्या करता है?

शाती रुइयाको समवेदनाका पत्र लिखा है। राधाकृष्णने खबर दी थी।

तुमको पत्र भेजे जाते रहेगे।

७-५-१९३३]   बापूके आशीर्वाद

: १३६ :

चि जमनालाल,

ज्ञानके सबधमे तार दिया है सो मिला होगा। छगनलालका पत्र इसके साथ है, इससे मै समझता हू कि ज्ञान वहा नही आई। ज्ञानने स्वीकार कर लिया, यह किस तरह हुआ, यह यदि तुम जान सके हो तो मुझे बताना।

१२ ता वाली मीटिंगके लिए तुमको बरबस आनेकी बिलकुल जरूरत नही है। अपनी राय भेजना चाहो तो भेज दो। जरूरत होगी तो पढ लूगा। अच्छा तो यह हो कि वह श्री अणेको भेज दो।

कमलाके लिए भी आनेकी जरूरत नही। जो कुछ हो सकता है वह बराबर होते रहेगा। मै पूछताछ करता रहता हू। कमलनयन आता-जाता रहता है। जानकीदेवीसे भी मिला था। कमला भी मिल गई। वह अभी बच्ची ही है। खूब लाड-प्यारमे पली है, इसलिए अपनी जिम्मेदारीका भान कम है। इसमे उसका कसूर नही। जैसे हम वैसी ही हमारी सतति। हमारे अदर उत्तरोत्तर जो फेरफार हुआ करते है उनतक हमारी सतति नही पहुच सकती है। हरिलालका उदाहरण सोलह आने है। वह सब मर्यादाए लाघ गया। उसने ये सब प्रत्यक्ष रीतिसे तोड दी। मैने मनसे भोगोको भोगा और बाह्येन्द्रियोपर धीरे-धीरे अधिकार प्राप्त किया। यदि मनको भी अतमे वश न कर सका होता तो मिथ्याचारीमे मेरी गिनती आसानीसे होती। परतु मुझमे जो फेरफार हुए उनका स्पर्श हरिलालको कैसे होता? बीचमे यह व्याख्यान ही हो गया।

तुम शरीरको सम्हालकर सब काम करो। प्रभुदास यदि वहा आया हो तो उसके क्या हाल है? अब क्या खोजोगे?

विनोबा, बालकृष्ण और छोटेलालकी तबीयत कैसे रहती है?

राधिका आगई। अब देवलाली है। केशू अभी यहा है, शान्त है। अभी किसी निश्चय पर नही पहुच सका। पहुच जायगा। उसे काफी समय दे रहा हू। लक्ष्मीनिवासकी पत्नी सुशीलाने ५००० रुपये हरिजन सेवाके लिए दिये, उसका तुमने क्या फैसला किया?

देवदास, लक्ष्मी रणछोडदासके बगलेमे रहते है। राजाजी घनश्यामदासके साथ। मेरी तबीयत ठीक हो रही है। रोज तीन बार करके ४५ मिनट घूमता हू। वजन ९७ पौड तक पहुच गया है। और बढेगा। अब मेरी चिंता करनेकी कोई बात नही रहती।

नारणदासका पुरुषोत्तम बहुत करके यहा आयगा और डा दिनशाके वहा नर्सगिक उपचारकी शिक्षा लेगा।

वहाका तुम्हारा काम कब पूरा होगा ?

गिरधारी फिर आज गिरफ्तार होगा। कल छूटा था। उसे हैदराबाद जानेका हुक्म है। उसने उसे नही माना।

तुम्हारा खानपान आदि ठीक चल रहा होगा। मुझे सविस्तर लिखना।

बापूके आशीर्वाद

आज १०–११ ३० तक हरिजन सेवकोके साथ बातचीत की।

२-७-१९३३]

: १३७ :

चि जमनालाल,

मुझे जरा भी फुरसत नही रहती। इससे लिखनेकी इच्छा होते हुए भी नही लिख सकता। आश्रमको लिखे पत्रकी नकल इसके साथ है। मेरे विचार इस तरह उडते रहते है। आखिर कहा जाकर ठहरेगे, यह पता नही। मेरा आजकलमें ठिकाना लग जायगा तो फिर ऐसे विचारका आदान–प्रदान नही हो सकेगा। परतु तुम तो विचार करने लग ही जाओगे। जो ठीक लगे वैसी सलाह नारणदासको देना। मेरा पत्र विनोबा पढेगे ही, उनको लिखनेका समय मिला ही नही। और आज मिलनेकी आशा नही।

कमलाके उपवास चल रहे है। सभवत आज छूटेगे। मेहता ध्यान रखते है। मुझे रोज रिपोर्ट देते है। उपवासमें खूब हिम्मत रखी है।

तुम्हारा शरीर ठीक रहता होगा।

तुमको कूद तो पडना ही है। परतु जल्दी न करो। शरीरको ठीकठाक करके आना।

१७-७-१९३३] बापूके आशीर्वाद

: १३९ :

चि जमनालाल,

इधर तुम्हारा कोई पत्र नही। मैंने आशा रखी थी। पूनासे लिखा मेरा पत्र मिला होगा। आश्रमकी आहुति देनेके सबधमे बातचीत कर रहा हू। लगभग निश्चित जैसा है। आज निश्चय हो जायगा। इस आहुतिकी नकल करनेकी जरुरत नही। इसको आदर्श मानकर जो अपना आचरण बनाना

चाहे वे जरूर बनायेगे। वर्धा आश्रमके सबधमे भी फिलहाल साबरमतीका अनुकरण करनेकी आवश्यकता नही। समय मिला तो विशेष लिखूगा।

अब्दुलगफ्फार खाका लडका, जो विलायतमे था और वहासे अमेरिका गया था, मुझसे पूनामे मिला था। अभी बबईमे है। अमेरिकाके शक्करके कारखानेमें काम सीखकर आया है। कितना सीखा है सो तो भगवान जाने। खुर्शेदबहन वगैराकी सलाह है कि वह शक्करके किसी कारखानेमें फिलहाल काम करे तो अच्छा। तुम्हारे कारखानेमे उसे आजमा देखो। उसने मुझ पर अपनी होशियारीकी छाप नही डाली। भलमनसाहतकी डाली है। अभी तो कहता है कि जैसा आप कहेगे वैसा करूगा। इस समय तो उसे वेतन देनेकी बात नही है। एक महीनेके बाद यदि वह काममें कुशलता बतावे तो वेतन ठहराया जा सकता है। अभी तो उसके लिए रहने-खानेका इन्तजाम करना पडेगा।

मेरी तबीयत ठीक है। रणछोडभाईके यहा ठहरा हू। आश्रम रोज जाता हू। आज मीराबहनसे मिलनेकी आशा रखता हू। इजाजतके लिए तार दिया था सो वह मिल गई है।

२१-७-१९३३] बापूके आशीर्वाद

: १४० :

चि जमनालाल,

तुम्हारा पत्र मिला। प्रश्न तो सब ठीक है। भरसक जवाब देता हू। आश्रम सौप देनेमे मतलब तो यह है कि जो वस्तु अतमे उन्हे लेना ही है वह उन्हे सौप देना अधिक अच्छा। प्रतिवर्ष लगानके लिए माल उठा ले जाय उससे तो शौकसे सारी जमीन ले ले। फिर हजारो लोग बिना इच्छाके बर्बाद हो गये तो सत्याग्रहके नामसे परिचित आश्रम खुद होकर सारा त्याग करे यह इष्ट है और धर्म भी मालूम होता है। परतु इसका अर्थ यह नही कि अभीसे वहाके आश्रमको भी ऐसा ही करना है। इससे उलटा मुझे लगता है कि वहासे जो-जो व्यक्ति निकल सके उससे सतोष मान ले। विनोबा तो अब नही निकल सकते। उन्हे हरिजन सेवाके लिए रहना है। महिला आश्रमका उपयोग पूरा करना चाहता हू। वहा बच्चे भी आवे क्या? कितनी ही बहने तो वहा आयेगी ही। नीला नागिनी और अमलाबहनका प्रश्न है ही। उन्हे वहा भेजे बिना दूसरा उपाय नही है। दोनोंसे हरिजन-सेवाका काम लेना है। अभी तो दोनोको तैयार होना है। नागिनीदेवीका पुरुषोसे सबध कम होना चाहिये। जगम सपत्ति यदि सरकार न ले तो कही खुलेमें रखेगे। गायोका प्रश्न बडा है। विचार कर रहा हू।

तुमको अभी कूद पडनेकी जल्दी नही करनी है। समय आने पर कूदना। इतना ब्यौरा काफी है न? बडी व्यस्ततामें लिख रहा हू।

२२-७-१९३३] बापूके आशीर्वाद

: १४७ :

चि जमनालाल,

नीला फिर रास्तेसे भटक गई है। उसके पत्रोंसे उसकी अव्यवस्था स्पष्ट झलकती है। इतने दिन हिंदू धर्मकी धुन थी, अब ईसाई धर्मकी लगी है। इसमे भी यदि निश्चय हो तो अच्छी बात है, परतु मुझे ऐसा नही लगता। उसकी कल्पनाशक्ति उसे इधरसे-उधर झकझोरा करती है। मौन लेनेसे उसका मन अधिक चक्कर खा गया जान पडता है। साथवाला पत्र पढकर उसे दे देना और फुरसत मिल जाय तो उससे बात भी कर लेना। अथवा विनोबा करे। द्वारकानाथसे कुछ हो सकता हो तो वे आश्वासन दे।

मेरा तार तुमको मिला होगा। तुम्हारे साथ बात तो करनी ही है। परतु मै तुमको यहा घसीटना नही चाहता। पहले तो ऐसा ही लगता था कि बबई थोडे दिन रहकर वर्धा जाऊ, परतु दो-तीन दिनसे कुछ अनिश्चितता आगई है। कदाचित् वहा आकर बबई जाना ठीक होगा, लेकिन देखता हू। जवाहरलाल छूट गया है सो उससे मिलनेकी भी जरूरत है, पर वह मुलाकात तो वर्धामे भी हो सकती है। आखिर तो जो होना होगा वही होगा। इसलिए मै कोई योजनाये नही बनाता।

मेरा शरीर ठीक होता जा रहा है। दो पौड दूध साग और फल लेता हू।

मिला, ४-९-१९३३] बापूके आशीर्वाद

: १५४ :

चि जमनालाल,

कलकत्तेसे लिखा तुम्हारा पत्र मिल गया। लेकिन उसमे यह नही समझ सका कि तुम सतीशबाबूसे मिले या नही। मिले तो होगे। यह भी नही लिखा कि तुम्हारी तबीयत कैसी रहती है। अब लिखना। शिवप्रसाद बच गये यही बडी बात समझनी चाहिये। यात्रा ठीक तरह चल रही है। मेरा शरीर सोचा था उससे ज्यादा काम दे रहा है, इसलिए चिंता करनेका जरा भी कारण नही है। ओमकी गाडी ठीक चल रही है। वह ऐसी नही है जो किसीको अपने लिए चिंता करने दे। मत्रीपदके लिए धीरे-धीरे तैयार हो रही है। इतनी जागरूकता अभी नही आई कि मुझे पूरा सतोष हो, परतु शरीरको खतरेमे डालकर उसपर चाप चढाना नही चाहता। आसानीसे जितना काम कर सकती है उतना ही लेता हू। किसन मेरे साथ है, यह तो तुम जानते ही होगे। बहुत भली लडकी है। ओमके साथ खूब घुल-मिल गई है। इसका शरीर जेलमे छीज गया, नही तो अच्छी मजबूत थी और मन चचल था। यात्रासे उसको फायदा हुआ मालूम होता है। इस बार मेरे साथ

मलकानी है। इनके विषयमे तो पूछना ही क्या। मेहनत कर रहे है। दामोदर ठीक काम दे रहा है। वह मजा हुआ है। अत्यज खातेसे रुपये दिल्ली भेजने थे सो भेज दिये क्या ? गोशीबहनको प्रतिमास कुछ भेजते रहना होगा। वे भी किसी खातेसे निकालकर देना। मथुरादास जितने कहे उतने देना। बबईसे पूरी रकम उनको मिलनी चाहिये थी, परतु उन लोगोने नही दी। अब मै पत्रव्यवहार करूगा, परतु इस बीच उसे रुपया अवश्य मिलना चाहिये।

बापूके आशीर्वाद

ता क बुधवार, सुबह प्रार्थनाके पूर्व—

जानकीबहन तुम्हारे क्रोधके बारमे लिखती है सो क्या बात है ? उसमे तथ्य हो तो उसे निकाल देना। ओमसे पूछा तो वह भी कहती जरूर है कि मदनमोहनको भी तुम कभी-कभी रुलाते हो।

तारा तो अच्छा काम देनेवाली है ही। उसका शरीर अच्छा रहेगा तो वह मज जायगी। डा शर्मा (दिल्ली) का तार है। उसने अपनी सपत्ति १० हजारमे बेची है और ऋणमुक्त हो गया है। अब वह आश्रममे आना चाहता है। अपनी पत्नीके साथ आवेगा। उसको मैने सुझाया है कि वह तुमको लिखे। उसे अपनानेकी आवश्यकता है। जच जाय तो अच्छा, नही जचा तो चला जायगा।

तुम अपने शरीरको सभालकर काम करते होगे। जानकीबाई सोमण यहा रहना चाहती है। जहा विद्या आदि रहते थे वहा उन्हे जगह दी जा सकती है क्या ?

३१-१२-१९३३] बापूके आशीर्वाद

: १५८ :

चि जानकीबहन,

यदि दिमागकी कमजोरीके कारण जमनालालको गुस्सा आता हो तो उसमें शिकायतकी क्या बात ? बीमारके गुस्से पर भला कोई ध्यान देता है ? बीमारकी चिढ तो हमेशा पी ही ली जाती है। या केवल विनोदके लिए मुझे पत्र लिखा है ? मदालसासे कहना कि वह मुझे भूल गई मालूम होती है। ऐसा नही चल सकेगा। ओम मजेमे है।

रामकृष्ण कैसा है ? तुम्हारी तबीयत कैसी है ? बालीका ध्यान रखना।

३०-१-१९३४] बापूके आशीर्वाद

: १५९ :

चि जमनालाल,

तुम्हारा पत्र मिला। मैने गोदिया तार दिया था और वर्धा भी दिया है। जबतक राजेद्रबाबू खास तौर पर तुमको नही बुलावे तबतक अगीकृत

कार्यको हर्गिज नही छोडना। राजेंद्रबाबू बिना विचारे नही बुलावेगे। मैने भी अपने बारेमें यही वृत्ति रखी है। मुझे इन विषयमे कोई सदेह नही है कि तुम्हारा अगीकृत कार्य जल्दीसे नही छूट सकता। तुम्हारे गये बिना जहा काम नही चल सकता हो वही जा सकते हो। ऐसी हालत मुझे अभी नही दिखाई देती। राजेंद्रबाबूके बुलाने पर आश्रमके छूटे हुए लोगोको भेजा है। कई लोगोके जानेका तार आज आगया है। उनमे भी सुरेंद्रको नही भेज रहा हू। क्योकि वह तुम्हारे पास काम कर रहा है। उसकी जरूरत न हो तो उसे भेज सकते हो। जाय तो गर्म कपडे साथ ले जाय। परतु उसकी वहा जरूरत हो तो अभी उसके जानेकी जरूरत नही। स्वामीको जानेका तार दिया है।

ओमका ठीक चल रहा है।

३०-१-१९३४] बापूके आशीर्वाद

:१६२:

चि जमनालाल,

एलविनका पत्र पढ गया। उसे अलग डाकसे लौटा रहा हू। टिकट खर्च बचानेके लिए। इनकी समस्या देखनेके बाद इन्हे मदद देनी पडेगी ऐसा लगता है। उनके पास जो रुपये आते है वे कहासे? वे गायन सिखाते है सो किस तरह? उनके साथ शामरावके अलावा और कौन है?

ऐसा मालूम होता है कि उनको मांसाहार किये बिना गति नही है। इनकी ऐसी श्रद्धा नहीं है कि दूध-फल पर निर्वाह हो सके। परतु वे कुछ भी खाये, इस कारण उनकी मदद बद करनेका कोई प्रयोजन नही है। परतु कताई बद हो जाय या हलकी पड जाय तो यह सहन नही किया जा सकता। यदि कताईमें उनका विश्वास न हो तो छोड देना चाहिये। मै यह नहीं कहता कि वे काते तभी मदद दी जाय, परतु आशय यह है कि वे सत्यकी रक्षा करे। देखना इतना ही है कि काम सब स्वच्छ हो। एलविन सीधे-भोले है इसलिए खुदको धोखा दे सकते है। इसलिए इस बातकी आवश्यकता है कि मित्र लोग उनकी देखभाल करे।

डा अन्सारीकी पार्टीका निश्चय हो गया होगा। जबतक इसका स्पष्टीकरण न हो जाय तबतक उसमें दिलचस्पी अवश्य लेना। राजा भी दिलचस्पी ले। मालवीयजीको अदर लानेके बाद मदद भी देनी होगी और यह भी देखना होगा कि वे नुकसान भी न करने पावे। विलब या जल्दी करके वे नुकसान पहुचा सकते है।

जुलाई तकका कार्यक्रम तो देख लिया न? इसके अनुसार करनेसे बहुत जगह मुलाकाते मिल सकेगी।

२१-५-१९३४] बापूके आशीर्वाद

: १७० :

चि जमनालाल,

उपवासके बाद यह पहला पत्र लिख रहा हू। मजेमे हू। आज दूध लिया है। ब्लड प्रेशर अच्छा है। इसलिए मेरी चिन्ता न करो। जानकीबहन जबतक रहना चाहे तबतक उन्हे रहने दो। ओमको ज्यादा दिनतक वहा रखनेकी शायद जरूरत न हो। महादेव और मदनमोहन आवे तो आने दो। उनका जाना मुझे आवश्यक मालूम हुआ है। भले ही लौट सके तो वह कल वापस लौट आयें। यहा परेशानी नही होगी। अत हृदयमे रामको अकित करके क्लोरोफार्म लेना। सब कुशल है। ईश्वरको तुमसे अभी बहुत सेवा लेनी है। बहुत अर्पण कराना है।

१५-८-१९३४] बापूके आशीर्वाद

: १७५ :

चि जमनालाल,

कल विनोबाके रवाना होनेके बाद डा जीवराजका बहुत अच्छा तार मिला। उससे मालूम हुआ कि फिर खूनकी शिकायत नही हुई और दर्द भी कम हुआ था। फिर भी ठीक हुआ जो विनोबा वहा डुबकी लगाने चले गये। उनके जानेमे कारण कमलनयन है, यह तो जाना होगा। कमलनयन खुद तुम्हारी शनिवारके दिनकी तकलीफ देखकर घबडा गया, इससे यहा पहुचते ही महादेवके द्वारा उसने मुझे कहलाया। मैंने सूचनाका स्वागत किया और विनोबाको खबर भेजी। वे तुरन्त तैयार हो गये। मदालसाकी भी इच्छा हुई, परन्तु वह तो भक्त है न? इसलिए विनोबाकी मशा देखकर रुक गई। उसका सयम उसे फलेगा। रह गई सो ठीक हुआ। अब यदि दर्द मिटा हो और चित्त शान्त हुआ हो तो विनोबाको जल्दी मुक्त कर देना। परन्तु जरूरत हो तबतक वह भले ही वहा रहे। यहाका तत्र व्यवस्थित हो रहा है। विनोबा उसीमे रातदिन व्यस्त रहते है।

विद्याभ्यास सबधी तुम्हारी प्रतिज्ञाका पालन अवश्य होगा। तुमको आश्वासन देनेके लिए इतना लिख दिया है। इसकी चर्चा विनोबाके साथ करनेकी जरूरत नही। इस समय तुमको इस बातकी साधना करनी है कि तुम्हारा शरीर जल्दी अच्छा हो जाय। यहाकी अथवा दूसरी और कोई भी चिन्ता अपने ऊपर लेनेकी जरूरत नही। मेरी तो बिलकुल ही न करना, क्योकि मेरी गाडी अच्छी तरह चल रही है। राधाकिसन और शिवाजी बहुत अच्छी तरह पहरा दे रहे है। तुम बहुत नही बोलते होगे। डाक्टर जो छूट दे उसका उपयोग कजूसीसे करनेमे ही हित है। डा जो चाहे वह अगर धर्म विरुद्ध न हो तो करना चाहिये। हमारी इच्छाके अधीन होकर कोई छूट दे तो वह दूसरी बात है।

बापूके आशीर्वाद

जाजूजी मिले थे। खबर सुना गये। मदनमोहनको भेजनेकी जरा भी जल्दी न करना। यहा किसीको कोई तकलीफ नही है। यह निश्चित समझना।

२०-८-१९३४]

: १७७ :

चि जमनालाल,

तुम्हारा, ओमका, जानकीमैयाका तथा मदनमोहनका पत्र मिला। विनोवासे समाचार जाने और अभी-अभी डा शाहका तार भी मिला। इससे अब तो ऐसा ही मानना चाहिये कि थोडे दिनमे ही जखम भर जायगा। परन्तु तुम हवाई किले न बाधना। वहाका सब काम धीरजके साथ पूरा करना। किसी तरहकी जल्दी नही है। चिन्ता भी नही है। यहा राधाकिसन सब बातका ठीक इन्तजाम कर लेता है। और मेरी रखवाली तो वह तथा और दूसरे कई लोग कर रहे है।

जिस वाक्यके साथ 'विनोद' लिखना पडे उसे क्या विनोद कहेगे ! जानकीमैया चिल्ल-पुकार मचा दे यह अच्छा या तुम मनमें सब कुछ दबाकर सपने देखते रहो यह अच्छा ? जानकीमैया चिल्लपो मचा देती है तो इससे हम समझ जाते है कि उसे बडा दु ख है और तुम मनमे समझ लेते हो तो हम लोग धोखेमें पड जाते है। कहो अब कौन बढकर है ?

२३-८-१९३४] बापूके आशीर्वाद

: १८० :

चि जमनालाल,

तुम्हारे पत्र आते रहते है और खबर तो मिलती ही रहती है। ईश्वरका पूरा अनुग्रह मालूम होता है कि डाक्टरोकी धारणाओसे भी जल्दी जख्म भर रहा है। जल्दी बिलकुल न करना। जख्म पूरा भर जानेपर ही वहासे निकलना है। सिंहगढका विचार मुझे पसद है। मेहताकी मदद भी मिलती रहेगी। सिंहगढकी हवा तो उत्तम है ही। पानी खूब हलका है। इससे पूरा लाभ मिलेगा। दूर भी नही कह सकते।

बातचीत ज्यादा न करना। करना भी पडे तो पूरी आवाजमे नही, बल्कि बहुत धीमी आवाजसे। आवाज निकालनेका असर कान पर पडे बिना रहता ही नही।

दालभात छोडनेसे जरूर लाभ होगा। दूध पर अधिक आधार रखना। दही खट्टा बिलकुल नही होना चाहिये। जैसे-जैसे इजाजत मिलती जाय कसरत खूब बढाते जाये। चिन्ता तो बिलकुल मत करना। ऐसा करनेसे कानके फायदेके साथ दिमाग भी तरोताजा हो जायगा।

मालवीयजी आज आगये। राधाकान्त भी साथ है। आसफ अली और खलीक आगये है। और लोग कल आयेंगे।

खानभाई खुश रहते है। रोज सुवह घूमते है और शामको ४ से ५ वजेका समय देता हू। धीरे-धीरे वाते हो रही है।

मेरे सबधमे पगलीकी वात तो सुनी होगी। उसमे मै तुमको नही डालना चाहता। वादमे जव विलकुल अच्छे हो जाओ तव जो टीका करनी हो सो करना। मुझे तो लगता है कि तुमको यह सब अच्छा लगेगा।

ओम मेरे पास ही रहती है। आवश्यक मदद करती है। सच पूछो तो एक या दो लडकीका काम चार या पाच लडकियोमे वट गया है। इससे सबके हिस्सेमे थोडा-थोडा आता है। और प्रभावती कहा ऐसी है जो दूसरोको वहुत करने दे। फिर मदालसा तो अपना हिस्सा वटाने आती ही है।

राधाकिसन तुम्हारे सुझावोके कारण इतना चिन्तित रहता है कि मुझ पर ठीक-ठीक पहरा रखते हुए भी घवराता रहता है। मै जल्दी तो उठ ही जाता हू। अधिक सोनेकी जरूरत नही रहती और मेरा काम निपट जाता है तो मन हलका रहता है। वजन अव धीरे-धीरे ही वढेगा। खुराकमे वृद्धि करनेकी गुजाइश नही। जो है उससे धीरे-धीरे वढेगा। वही ठीक है। ताकत वढती रहती है। दिनमे सो लेता हू। रातको ८ वजकर ४५ मिनट पर और ज्यादासे ज्यादा ९ वजे चारपाई पर चला ही जाता हू। इस तरह मैने अपनी तवीयतके वारेमे उलहना मिलने जैसी वात नही रक्खी। तुम्हारे आने तक और उसके वाद भी यही रहूगा। विना कारण यहासे खिसकना नही है।

एडरूज फिर रविवारको आ रहे है।

कुमारप्पा २० दिनकी छुट्टी लेकर आये है। इनको फिर तुरन्त वापस भेज दूगा। यहा मगलवारको आवेगे।

कन्याओका ठीक चल रहा दीखता है। विनोवा ही सव कुछ देखा करते है। इसलिए मुझे किसीमे हाथ डालनेकी जरूरत नही रहती।

वापूके आशीर्वाद

आसामके वारेमे लिखना रह गया। वहा काग्रेसके लोगोको जानते हो तो उन्हे आसामके रुपये भेज देना। यदि न जानते हो तो ज्वालाप्रसादको भेज देना। मारवाडी रिलीफ वहा काम करती है। उसमे यह रकम मिलायी जाय। तुमको जैसा उचित लगे वैसा करना।

८-९-१९३४]

: १८३ :

चि जमनालाल,

वल्लभभाई खबर देते है कि तुम * * में कपडेकी मिलका सौदा करना चाहते हो। तुम यानी तुम्हारी कपनी। मुझे इससे आघात तो पहुचा ही। जो इतनी गहराई तक खादीमे उतरे है वह मिलके मालिक बनेगे, यह बात अनहोनी-सी लगी, फिर भी मै निश्चय नही कर सका कि क्या लिखू। इतनेमे कल जानकीमैया आई। मध्यमाकी परीक्षा दे चुकी है इसमे मन हलका है। उन्होने जबसे यह सुना है तबसे उन्हे भी चैन नही पडी है। वे पूछती है कि यह बला किसके लिए? लडके भी पसद नही करते। नौकर कहते है कि अब तो घरकी ही मिल होगी इसलिए सेठजी खादी पहननेको थोडे ही कहेगे? यह कार्य किसीको पसद नही है इसलिए मिलका विचार छोड देना। यदि सौदा हो गया हो तो नसीबमे आ पडा यह समझकर करना। भागीदारोको लेना हो तो वे भले ले। यदि तुम धधा ही चाहते हो तो बहुतसे व्यवसाय पडे है। परोपकारके लिए ज्यादा कमाना चाहते हो तो परोपकारके बिना हम चला लेगे। ओम् कहती है कि 'आप काग्रेसके लिए धन चाहते है। क्या इसीलिए काकाजीको मिल खरीदनेकी प्रेरणा कर रहे है?' इन सबको क्या जवाब दू? यदि हो सके तो इस विचारके छोड देनेकी खुशखबरी तारसे देना।

२७-९-१९३४] बापूके आशीर्वाद

: १८४ :

चि जमनालाल,

तुम्हारे पत्र मिले। मिलकी झझटसे अच्छे बचे। इस बाघके डरसे यहा जानकीमैया और बालकोके मनका सुन्दर अनुभव मिला। सब व्याकुल हो गये थे, यह मुझे बहुत अच्छा लगा। यह वृत्ति कायम रहे ऐसी आशा हम सदा करे।

जबतक डाक्टर वहासे बिलकुल मुक्त न करे तबतक वहासे हिलना ही नही है।

जितनी हो सकेगी उतनी बाते यहा करेगे। बाकी काग्रेसमें और उसके बाद। काग्रेसके बाद तो फिलहाल वर्धा ही लौटना होगा। काग्रेसके बाद तुरन्त नई बात करनेका कुछ सोचा ही नही है। इसका विचार तो यही होगा।

यहाका चल रहा है।

कमलाको पत्र लिखते रहते होगे। आजकल तो वहा खुर्शेदबहन है उनको लिखो तो भी चलेगा।

५-१०-१९३४] बापूके आशीर्वाद

: १९१ :

चि जमनालाल,

तुम्हारे कानके विषयमे अभी तक कोई खबर क्यो नही ? किशोरलाल और गोमतीने विस्तर पकड लिये है। गोमती ठीक है। किशोरलालको अभी बुखार है, मगर उतार पर है। उद्योग सघको वगीचेमे ले जानेकी तैयारिया हो रही है। मकानके ऊपर दो कोठरिया बनानेकी तजवीज है। एक बनानेकी बात राधाकिसनने की थी। अब दोकी चल रही है। लगभग दो हजारके खर्चका सवाल है। ऐसा जरूरी नही है कि यह किया ही जाय। इसका सही उपयोग तो चौमासेमे होगा। दिनमे तो मै नीचे पडा रह सकता हू। रातको अवश्य ऊपर सोने जाऊगा। ऊपरकी कोठरिया तो भविष्यकी दृष्टिसे ही बनानी चाहिये। बात निकली तो मुझे 'हा' कहनेका प्रलोभन हुआ। तुम इनकार कर दोगे तो काम बन जायेगा और दो हजार रुपया बच जायेगा। पर अब वे कहा तुम्हारे रहे है ? यह लिखते समय मनमे यह विचार आ जाता है कि ऊपर मकान बनवानेको फिलहाल मुझे ही दृढता पूर्वक मना करना चाहिये। ऐसा ही होगा। इसलिए ऊपरका लिखा रद्द समझना।

स्वरूपरानीकी ओरसे कृष्णा फिर धीमेसे प्रभाकी माग कर रही है। मैने तो लिखा है कि प्रभा इस तरह काममे लग गई है कि उसे मुक्त नही किया जा सकता परन्तु वहासे किसी दूसरी बहनको भेज सकते है। उसको एक साथिन चाहिये और मै मानता हू कि ऐसी कोई बहन मिल सकेगी। तुम्हारी हिम्मत पडे तो तुम स्वरूपरानीको तसल्ली देना। नही तो यह बात मुझ तक ही रहने देना।

२२-१२-१९३४]

बापूके आशीर्वाद

: १९३ :

चि जमनालाल,

तुम इस समय दो कोठरिया बनवानेका आग्रह न रखना। मैने सोच समझकर ही मना किया है। सब कुछ ट्रस्ट ही है न ? कौडी-कौडी करके बचानेसे ही बरकत रहती है। भले ही खानगी दुकान हो या दरिद्रनारायणकी। दरिद्रनारायणकी दुकानमे तो और भी अधिक सावधानी चाहिए। मगनलाल स्मारकका मसविदा नही बना सका। भरसक कोशिश तो करूगा।

अभ्यकर बच जाय तो बडा अच्छा हो। उनसे जब मिलो तो कहना कि मै उन्हे बहुत याद करता हू।

खानसाहब मेरे साथ दिल्ली आ रहे है। मेहेर तो साथ होगी ही। मेहेरका भी ठीक चल रहा है। आजकल यहा आनदके पिता और वैकुठ

मेहता है। आनदके पिता दुनियाकी यात्रा करके आये है। उद्योग सघमे बहुत दिलचस्पी लेंगे।

२६-१२-१९३४] बापूके आशीर्वाद

: १९७ :

चि जमनालाल,

तुम नही आ सकोगे यह समझा। जबतक डाक्टर इजाजत न दें तबतक वही रहना ठीक है। बहुत उपाधि मोल न लेना।

रामदासको मणिभवनमे रखनेकी मणिलालकी इच्छा कम है, ऐसा रामदासको प्रतीत होता है। अत वहासे उसका चला जाना ठीक ही है। अब वह अलग कमरा लेकर रहना चाहता है। उसका किराया २५ रु तक होगा, जिसकी उसने माग की है। मै समझता हू कि वह उसे लेने दे। यह सब अनुचित तो मालूम होता है किन्तु रामदासकी बीमारी ही ऐसी है कि उसके विषयमें अनुचित उचित मालूम होता है। इसमें पिताका मोह कहा तक मुझे गलत रास्ते ले जाता होगा, सो नही कह सकता। रामदासकी इस मागमे यदि तुमको दोष मालूम होता हो तो उसके अनुसार उसे कहनेका अधिकार तुमको वर्षो पहले मिल चुका है। जैसा ठीक मालूम हो वैसा करना।

स्वरूपरानीके विषयमे समझा। स्वरूप तार भेजती रहती है। मुझे यहा २५ तक तो रहना ही पडेगा। २८ तो यहासे रवाना होनेकी आखिरी तारीख है।

राजाजी कल लक्ष्मीको लेकर यहा आ रहे है।

जयप्रकाशसे मिलते रहते हो न?

१४-१-१९३५] बापूके आशीर्वाद

: २०५ :

चि जमनालाल,

तुम्हारा पत्र मिला। डा जीवराजके पत्रसे मुझे सतोष है। वे भोजनमें परिवर्तन करना सुझाते है। मक्खन ज्यादा लेनेको कहते है। उनके साथ बात करके बढाना जरूरी समझो तो बढा देना। मुझे डर है कि तुम बातचीत बहुत करते होगे और कसरत कम। यदि ऐसा हो तो तुमको दोनोमे सुधार करनेकी जरूरत है। मुझे विस्तारसे लिखना।

कमलनयनके साथ बाते की है। मेरी निश्चित राय है कि यदि वह राजी हो जाय तो विवाह करके ही उसका विलायत जाना उचित है। परन्तु अपनी पत्नीको वह साथ न ले जाय। पत्नीको ले जाकर पढ सकना लगभग असभव है। विलायतमें घर-गिरस्ती जोडना भी अनुचित है। हा, दोनो सैर-सपाटेके लिए जाये तो बात दूसरी। पर यहा तो सैर-सपाटेका सवाल है ही नही। मेरी राय इस प्रकार है। अभी सगाई कर ले। मलेरिया शान्त

होने पर कोलम्बो जाय। एक परीक्षा तो पास कर ही ले। फिर विलायत जाय। जानेसे पहले विवाह कर ले। थोडा समय ससारका सुख भोगना चाहे तो भोगे, परन्तु विलायत तो अकेला ही जाय। विलायतसे भले आता-जाता रहे। कोलम्बोका अनुभव कमलनयनको ठीक काम आयेगा। उसका जीवन अभी अध्ययनशील नही बना। यह हो जाने पर फिर कोई कठिनाई नही रहेगी।

उद्योग सघमे छ स्थायी ट्रस्टी नियुक्त किये है, उनमे तुम्हारा नाम लिखा है। यह आवश्यक था। अत तुमको साधारण सदस्य बनानेकी जरूरत है। इसका फार्म इसके साथ भेज रहा हू, उसे भरकर लौटती डाकसे भेज देना। इसमें सकोचका कोई कारण नही है।

बापूके आशीर्वाद

कृष्णदास सगाईके लायक हो गया है। कोई लडकी तुमने निगाहमें रखी है? हो तो लिखना।

६-२-१९३५] बापू

: २०७ :

मुरब्बी भाई,

आपका दूसरा पत्र कल शामको पूज्य बापूको मिला। बापूने लिखाया है कि यदि पैदल चलनेमे चक्कर आनेका डर हो तो मोटरमे घूमने जाया करे। मोटरमे बैठकर खुली हवामे घूमने जाना चक्करके लिए भी अच्छा है।

ग्राम उद्योग सघके सदस्य होनेकी प्रतिज्ञाके सबधमे बापू लिखाते है कि उन्होने आपके विषयमे पूरा-पूरा विचार करके ही दस्तखत करनेकी सलाह दी है। उन्होने सबसे कहा भी है कि वे आपकी सही प्राप्त कर सकेगे। अब यदि आप नही करेगे तो उसका असर खराब होगा। वे समझते है कि आपको सही करनेमे धर्मभीरु होनेका कोई भी कारण नही है। आपने मानसिक त्याग तो पूरा-पूरा किया ही है, आपकी वृत्ति भी ग्रामीण ही है। आज इतना ही उनके लिए काफी है। इसलिए वे जोर देकर लिखाते है कि फिलहाल तो उस पर सही करके भेज दीजिये।

यहा आनेके बाद मेरे साथ इस विषयमें पेट भरके चर्चा कर ले और यदि आप मुझे समझा सके अथवा मै आपको समझा न सकू तो फिर आपके सदस्यतासे त्यागपत्र देनेमे मै कोई आपत्ति न करूगा। सदस्यतासे जब चाहे इस्तीफा देनेकी इसमे छूट है। आपके बिना यह ट्रस्टी-मडल बनाना उन्हे (बापूको) ठीक नही लगता।

चि कृष्णदासको सदेश कह दूगा।

अन्य बातोके विषयमे कलके पत्रमें लिखा है।

९-२-१९३५] किशोरलालके प्रणाम

: २१४ :

चि जमनालाल,

तुम्हारे दोनो पत्र मिले। कुमारप्पासे पूछा। जब ये फार्म छपाये गये थे तब कोई अध्यक्ष नही नियुक्त किया गया था। खजानची तो थे ही। उनका नाम देना आवश्यक मालूम हुआ इसलिए छापा गया। मुझे इसकी कोई खबर नही थी। कागज भी मैने तुम्हारा पत्र आनेके बाद मगाकर देखा। अब आगे जो फार्म छपाया जायगा उसमे परिवर्तन करके छपानेकी सूचना की है। इसमें कोई खास बात नही है।

कमलनयन सरहदमें पहुच गया यह ठीक है। पत्रोमें था कि उसे चोट आई है। पर उसमे कोई खास बात नही मालूम होती।

कमलाका मालूम हुआ। कमलाकी इच्छा है कि जब वह जाने लगे तो बबई जाकर मैं उससे मिल आऊ। तुम वहा हो ही सो मुझे सलाह देना।

कान कैसा रहता है इस प्रश्नका उत्तर नही है। आज ठक्करबापा आये हैं।

१८-४-१९३५]

बापूके आशीर्वाद

: २१७ :

चि जमनालाल,

तुम्हारा पत्र मिला।

मदालसा भले ही उबाला हुआ दूध पिये और रोटी हजम हो तो खाये। अपने शरीरकी सभाल रखकर जो जीमें आवे वह खाये पर चार बारसे अधिक नही। बीचमें भी कुछ नही। यह समझमें आ सकता है कि वह कसरत करेगी तो भोजनका परिमाण बढेगा।

चौधरीके बारेमें कल लिख चुका हू। उसे घर कहा दे? या तो पुराने बगलेमेंसे दो कमरे या नयेमेंसे। बगीचेमे दोनो रह सके ऐसी सुविधा नही देखता। चौधरीकी मुझपर अच्छी छाप पड रही है। वह काम किया करता है। दोनोंके लिए उसे १०० रु की आवश्यकता है। उसकी पत्नीको ७५ रु दूसरी जगहमे और उसे २५ रु यहासे, इस प्रकार १०० रु दिये जा सकते हैं। मकानके बारेमें लिखना।

कानका मवाद बद हुआ? राजेन्द्रबाबू और राजा आज आ गये। राजा बहुत थक गये हैं इसलिए अब वह जा रहे हैं।

प्रोफेसर भी आ गये।

बापूके आशीर्वाद

प्यारेलालके विषयमें तारादेवीको लिख चुका हू।

२८-४-१९३५]

: २३४ :

चि जमनालाल,

सुनता हू कि तुम्हारे आनेकी तारीख आगे वढती जा रही है। अलमोडामें रहनेके लिए वढ रही है यह मुझे अच्छा लगता है। तुमको आराम करनेकी आवश्यकता है ही। वहा बैठे-बैठे भी तुम पूरा आराम ले सको यह सभव तो है नही। पत्र तो लिखने ही पडते है। लोग भी वहा मिलने-जुलने आते ही है, और वहाका काम तो है ही। यह होते हुए भी जो परिश्रम यहा उठाना पडता है वह तो वहा नही ही है, इस कारण जाडा शुरू होने तक वहा रहो तो मुझे अच्छा लगेगा। फिर वहाके जाडेकी तो तारीफ है। इससे भी अधिक अच्छा जाडा शिमलाका माना जाता है, और जाडेमें शिमलाका रहन-सहन वर्धासे भी सस्ता होता है। वगले मुफ्तके जैसे किराये पर मिल जाते है। साग-सब्जी, फल वगैरा ढेरके ढेर और सस्ते मिलते है। और दुग्ध उत्तमोत्तम होते है। सरदी लोगोकी कल्पनामें ही होती है। लाहोरमें जितनी ठड लगती है उसकी अपेक्षा वहा कम लगती है, इसलिए मै तो तुमको सरदीके दिनोकी भी छुट्टी दे दूगा। जहा वैठे रहोगे वहासे भी काम तो देते ही रहोगे। पूरा एक वर्ष शातिसे अगर पहाड पर विता दो तो मेरा खयाल है कि तुम्हारा कानका दर्द शात हो जायगा, मदालसाका शरीर विलकुल तैयार हो जायगा और जानकीमैया, हड्डिया न तोड ले तो, वढिया घुडसवार वन जायेंगी। चर्खा सघकी सभामें तुम उपस्थित रहो ऐसी मेरी इच्छा तो जरूर है, पर अगर तुमको सतोप हो जाता हो तो मै तुम्हारी उपस्थितिके विना भी काम चला सकता हू। नई नीतिके वारेमें चर्चा तो खूव की है। तुमको जो कहना हो वह लिखकर भेज सकते हो। खादी-प्रतिष्ठान, मेरठ और कश्मीरके भडारके विषयमें विचार करनेकी वात हो तो इनके वारेमे भी मेरे विचार वन चुके है। इस सवधमे तुम अपने अभिप्राय भेज सकते हो और फिर जो हो जाय उसे सहन करो।

उसके वाद काग्रेस कमेटीकी मीटिंगका सवाल है। इसमे भी न आओ तो चलेगा। इन सवमेंसे मुक्ति इसी शर्त पर मिल सकती है कि तुमको किसी भी पहाड पर यह सारा समय विताना चाहिए। अगर नीचे उतरते हो तो फिर दोनो वैठकोमे शामिल होना यह तुम्हारा धर्म हो जाता है। तुम जालधर जानेवाले थे सो क्या नही गये? राधाकृष्ण और सरदार ऐसा समझते है कि शायद तुम नही गये। सरदारको वहा जाना पडेगा। यहा सव ठीक चल रहा है। वालकोवा गौरीशकरकी देखरेखमे केवल दूधका प्रयोग कर रहे है। अव ठीक है। इसके साथ भगवानजीका पत्र है। तुमने जिस आदमीके लिए लिखा उसे मिलनेको कह दिया है।

२०-९-१९३५]

वापूके आशीर्वाद

: २३९ :

प्रिय मुरब्बी जमनालालजी,

यह पत्र नासिक पहुचते-पहुचते लिख रहा हू। बापूकी तबीयत अच्छी है। बातचीत करनेमें तो बीमार लगते ही नही। गाडी रवाना होते ही सरदारके मजाक शुरू हो गये। डाक्टरसे बोले, "लो गाडी चलने लगी, अब बत्तीकी स्विच बद करो।" और डाक्टर स्विच खोजने लगे। सब जोरोंमे हस पडे। तो बोले, "डाक्टर! थर्ड क्लासमें स्विच नही होती।" बापूजी सुबह पौने चार बजे उठे। अकेले ही प्रार्थना करके फिर सो गये। मैं और मणिबेन चार बजे उठे और यह समझकर कि बापू सो रहे है, हम दोनो भी प्रार्थना करके सो गये। सुबह पता चला कि बापू हमसे पहले ही प्रार्थना कर चुके थे। प्रार्थनाके बाद तुरत जो सोये तो ५॥ बजे उठे। बादमे फिर सो गये। सरदार ६॥ बजे बापूसे कहने लगे, "बीमार आप है या हम? आप तो लकडीकी इस कडी पट्टी पर भी सो जाते है। आपको बीमार कौन कहेगा? लकडीकी इन सीटो पर हम नही सो सकते, इस कारण बीमार तो हमी हुए न?" इस तरह मजाक होते रहते है। डब्बा तो रिजर्व जैसा ही है। क्योकि नासिक तक तो कोई आया ही नही। पर अब नासिक आ गया है और यह पत्र आपको कल मिल सके इस हिसाबसे डाकमे डालना हो तो उसे नासिकमें ही डालना चाहिए।

[१७-१-१९३६] स्नेहाधीन महादेवके प्रणाम

: २४५ :

ग्राम-निवास सबधी मेरी कल्पना

बाकी इच्छा हो तो उसे लेकर, न हो तो अकेले मुझे ही, सेगावमें एक झोपडी बनाकर रहना।

मीराबहनवाली झोपडी शायद मेरे लिए काफी न हो।

झोपडी बनानेमे कमसे कम खर्च करना। १०० रु से ऊपर तो आना ही नही चाहिए।

मुझे जितनी मददकी जरूरत हो वह सेगावमेंसे ही प्राप्त कर लेनी चाहिए।

जब जब जरूरत हो मुझे मगनवाडी जाते रहना चाहिए। ऐसा करनेके लिए जो वाहन मिले उसका उपयोग करना।

के पास ही मीरा रहे। मेरी सेवामें समय न दे, लेकिन गावके काममे मदद दे सकती है।

जरूरत हो तो महादेव, काति आदि वही रहे। उनके लिए सादी झोपडी बनाना।

ऐसा करते हुए वाहरके जिन कामोमे मै भाग ले रहा होऊ उनको जारी रखू।

खास जरूरतके वगैर वाहरके लोग मुझसे मिलनेके लिए सेगाव न आवे। मगनवाडी जानेके जो दिन तय हुए हो उन दिनो वहा मिल लिया करे।

वाहर भ्रमण करनेकी जरूरत मालूम होने पर .

मेरा पूर्ण वि करनेसे खास लाभ होनेवाला है और ग्राम उद्योगका काम अधिक गतिमे चलेगा, लोगोका ध्यान ग्राम उद्योगकी तरफ अधिक झुकेगा।

ऐसा करनेसे मीरावहनकी भारी शक्तिका पूरा उपयोग होगा। और महादेव, काति, आदिको भी नया और अच्छा अनुभव मिलेगा।

मेरे गावमे बस जानेसे मेरी कल्पनामे जो दोष होगे वे ऊपर आ जायेगे। दूसरोको प्रोत्साहन तो मिलेगा ही।

सेगावमे ही बसनेका नही है, पर यह प्रवाह-पतित मालूम होता है। लेकिन कोई दूसरा गाव अधिक ठीक मालूम हो तो उसपर विचार करनेको मै तैयार हू।

[१९-३-१९३६] वापू

: २४८ :

प्रिय भु जमनालालजी,

पूज्य वापू और सरदार दोनो मजेमे है। आज कुमारप्पा पहुच गये। दीवान और डाक्टरकी मनाही होते हुए भी, वापू कुर्सीका उपयोग न करके सारी पहाडी पैदल ही चढ कर गये। पाच मीलकी चढाई २। से २॥ घटेमे पूरी कर सके, पर थकान विलकुल नही आई। यहा शाति तो अपार है, और यहाकी स्वच्छता और निर्जनता आकर्षक है। वापूको बहुत आराम और शाति मिलेगी इसमे शका नही। राज्यने सारा प्रवन्ध हमारी रुचिको ध्यानमे रखकर किया है।

चितलियाने कुछ पर्चे भेजे थे सो उनमेसे एक, जो आपके लिए था इसके साथ भेजता हू। अभी तक भगिनी सेवा मदिरका कब्जा उसने छोडा नही है। और उस सबधकी सारी योजनाकी रूपरेखा वह वना रहा है। वापूने उसे लिखा है कि सेवा-मदिरका कब्जा छोडनेके वाद ही उसकी योजना पर विचार हो सकेगा। इसपर भी विचार करना होगा कि वह ट्रस्टके हेतु तथा वापूकी विचार-सरणीके अनुरूप है भी या नही।

डा अन्सारीकी मृत्युसे वापूको बहुत आघात पहुचा है। अनेक पत्रोमे उन्होने लिखा है कि मृत्यु उनको हिला नही सकती, लेकिन इस मौतसे उनको बहुत आघात पहुचा है। ऐसा लगता है मानो वह अकेले रह गये

है। उनकी मित्रता कोई राजनैतिक मित्रता नही थी, बल्कि गाढ व्यक्तिगत मित्रता थी। हरिजनमें भी बापूने अपना दु ख उडेला है।

जिस बहनके सबधमे डा जाकिर हुसैन साहबका पत्र लखनऊमे आपको मिला था और जिसका उत्तर आपकी ओरसे मैंने दिया था, उस बहनका पत्र इसके साथ भेजता हू। उसे मैं लिख देता हू कि अपने आनेके सबधमें सीधा आपसे पत्रव्यवहार करे।

आप कुशल होगे। सबको यथायोग्य। किशोरलालभाईको प्रणाम। जानकीबहन, गोमतीबहन आदिको भी।

[१३-५-१९३६] सेवक महादेवके प्रणाम

: २६६ :

चि जमनालाल,

उद्योग सघके इतने सारे सदस्य यहा आये, इससे कल मैं शरमिंदा हुआ और दु खी भी। ऐसे कामके लिए मुझे वहा आना चाहिए। इससे ही खर्च वगैरामें बचत होती है। मेरे इतना चलने फिरनसे मेरे शरीरको कोई नुकसान नही होता, पर वहा न जाकर सबको यहा घसीटनेसे मुझे बहुत आघात पहुचा। इसलिए मोटर या बैलगाडी जो भी हो, मुझे समय पर भिजवा देना कि जिससे मैं वहा अधिकमे अधिक पौने दो बजे तक पहुच सकू। सबको बगले पर ही बुला लेना। अगर वहा न हो सके तो खुशीमे मगनवाडी ले जाना। चर्खा सघका सीधा या अटपटा जो काम हो उसे जहा तक हो सके तुम ही निबटा लेना, जिससे हम वहा अत्यन्त महत्वकी ही बाते कर सके।

[१७-९-१९३७] बापूके आशीर्वाद

: २६९ :

चि जमनालालजी,

तुम्हारा पत्र मिला। बहादुरजी आ सकते है।

श्रीमन्के बुखारके बारेमे मालूम हुआ। उसका बुखार खराब है। हठीला मालूम होता है। आज उसे देख आनेकी आशा रखता हू। सुबहकी प्रार्थनाके बाद यह लिख रहा हू। श्रीमन्की बीमारीके कारण शिक्षा परिषदको स्थगित करनेकी सूचना महादेव और किशोरलालने रखी। वह मेरे गले नही उतरी। सौ मनुष्योकी व्यवस्था करनेकी जिम्मेदारी तुम पर तो नही ही होनी चाहिए। पैसे तुम्हारे होगे यह मैं मान लेता हू। इसकी मुझे चिन्ता भी नही है। परन्तु मैं यह मानता हू कि कामकाजका बोझा तुम्हारी सहायताके बिना दूसरे लोग न उठा सके तो ऐसे काम करने ही नही चाहिए। अगर ऐसी शक्ति दूसरोमे भी आ जाये तभी काम शोभित होगे। इसी कारण मैंने आर्यनायकमको कहलवाया था कि उसकी अपनी श्रद्धा और लगन

हो तो ही परिषद भरने दे। नही तो भले ही स्थगित हो जाय। यह कल्पना ही श्रीमन्की थी और श्रीमन्के ऊपर ही मैने आधार रखा था। वह तन्दुरुस्त था तबतक मै निश्चिन्त था। उसके बारेमे मैने मान लिया था कि वह तो बीमार पडेगा ही नही। इस कारण जब उसकी बीमारीका सुना तो मै व्याकुल हो गया। तुम्हारी श्रीमन्की खोजको मैने अत्यत आश्चर्यजनक माना है। उसमे विद्वत्ता, प्रौढता और नम्रताका असाधारण मिश्रण है। उसकी गैरहाजिरीमें परिषद मुझे अटपटी लगेगी। परन्तु हाथमे लिये काम अधूरे नही रखे जाने चाहिए, इस न्यायसे और नायकमकी श्रद्धा कम न हो वहा तक और तुम्हारा विरोध न हो तो परिषद करनेका मैने आग्रह रखा है। मै मानता हू कि तुम्हारा विरोध सही जगह पर होगा। क्योकि तुम्हारी व्यवहार-बुद्धिके बारेमे मुझे श्रद्धा है। तुम्हारे बिना, तुम्हारे बगलेके बिना, परिषदका काम सागोपाग हो सकेगा या नही इसकी पूरी जानकारी तो तुमको ही होगी। इस कारण अगर तुम चाहते हो कि परिषद स्थगित रखनी चाहिए तो मुझे तुरन्त तारसे खबर देना, तो परिषद स्थगित कर दूगा।

तुम्हारी तबीयत ठीक होगी। सावित्रीका ठीक चल रहा होगा।

[१२-१०-१९३७] बापूके आशीर्वाद

: २८३ :

चि जमनालाल,

महादेवके नाम तुम्हारा पत्र देखा। तुम्हारी व्यथा समझ सकता हू। मै चाहता हू कि मेरा कदम उस व्यथाको, थोडे बहुत अशमे भी, कम करनेमे सहायक बने। मैने अखबारोके लिए एक लेख लिख तो रखा है, पर अभी छपाया नही। तुम्हारी सूचना विचारणीय तो है ही। मेरे स्वभावके अनुकूल दूसरी वस्तु है। ऐसी बाते जब मै प्रकट करता हू, तभी मुझे अधिक शाति मिलती है। तुम्हारे पत्रमे जो भय प्रकट किया गया है वह व्यावहारिक चीज है। विचार पूर्वक और धर्म समझकर जो कदम मै उठाऊ उस पर दृढ रहनेकी शक्ति मै खो बैठा हू ऐसा मुझे नही लगता। फिर भी छपानेकी जल्दी नही करूगा। वह स्थगित रहा तो भी जो लोग गुजराती नही समझते उनके लिए तो गुजराती जैसा वक्तव्य अग्रेजीमे होना ही चाहिए।

सावित्रीके पुत्र-जन्मके समाचार कल गोवर्धनदासके द्वारा मिल गये थे। लक्ष्मणप्रसादको पत्र लिख रहा हू।

[११-६-१९३८] बापूके आशीर्वाद

२८४

प्रिय जमनालालजी,

आपका पत्र बापूजीको पढा दिया था। उनका उत्तर इसके साथ है। आपको अब यहाकी परिस्थितिमे वाकिफ कराता हू। बापूके इस प्रस्तावका

मीराबहनको छोडकर और सब स्त्रियोने तीव्र विरोध किया है। राजकुमारीका विरोध तो सबसे अधिक तीव्र हैं। पुरुषोमे सुरेन्द्रजी, बलवतसिहजी जैसोने इसका स्वागत किया है। विरोधियोमे मुझ जैसे है। मैने तो अनेक कारणोसे विरोध करके नीचे लिखे अनुसार सूचना की थी

१ बापूको भी वह स्वतत्रता नही लेनी चाहिए जो दूसरे नही ले सकते। अगर बापूका यह सिद्धान्त तत्वत स्वीकार करे तो, बापूको अपने लिए तथा अपने तमाम साथियोके लिए, बहनोके तमाम व्यक्तिगत तथा एकातिक स्पर्श निषिद्ध मानने चाहिए।

२ जाहिरा तौर पर भी प्रत्येक अनावश्यक स्पर्श निषिद्ध मानना चाहिए।

इसके जवाबमे बापूका कहना है कि नैष्ठिक ब्रह्मचारीके अलावा और सबके लिए ये दो नियम पर्याप्त है। पर जिसे नैष्ठिक ब्रह्मचर्यका पालन करना है उसके लिए तो स्पर्शमात्र वर्ज्य होना चाहिए। मै यह चीज स्वीकार नही करता। पर यह तो मुझ जैसोके क्षेत्रसे बाहरकी बात है। मै तो इतना ही समझता हू कि अनेक बहने बापूके स्पर्शसे पवित्र हुई है और अपनी अनेक व्याधियोमे बापूसे आश्वासन प्राप्त कर सकी है। बापूको इस सेवासे बहनोको वचित नही रखना चाहिए।

इस प्रस्तावको समझानेवाला लबा लेख हरिजनके लिए पिछले हफ्ते बापूने लिखाया था, उसे मैने जोरदार कारण बताकर रोक दिया था। इस हफ्ते भी उसको रोकनेकी पूरी आशा है। फिर तो जो हो सो ठीक।

आपके पत्रसे मै जरा घबरा गया। बापू अमुक काम करे तो हमारा मार्ग सरल हो यह कहना मुझे कठिन लगा। जिसका जितना अधिकार उसका वैसा ही मार्ग। मै समझता हू कि मैने ऊपर जो मर्यादाये बताई है उन सबको हम सब साथी स्वीकार करके बापूको निश्चित कर दे तो बापूको कोई नया प्रस्ताव करनेकी बात नही रहेगी। इस चीजकी जाहिरा चर्चा करनेमे मै आज तो लाभके बजाय हानि ही अधिक देखता हू। अधिक क्या लिखू? सुशीला और प्यारेलाल दो दिन हुए यहा आये है। सुशीलाकी सेवा तो निषिद्ध नही मानी है। पर दूसरी बहनोको यह खटकता है। वे पूछती है कि हम उसकी अपेक्षा क्या कम पवित्र है? इन सरदीके दिनोमे भी ब्लड प्रेशर १८०/१०८ रहता है। इसे चिन्ताजनक तो मानना ही चाहिए। पर इस तरहकी चर्चाओमे जब चौबीसो घटे लगे रहते है, तब ब्लड प्रेशर कम कैसे हो सकता है?

१२-६-१९३८*] आपका महादेव

:२९३:

चि जमनालाल,

अभी अग्रेजीकी एक सुदर उक्ति देखी थी। उसका अर्थ यह है कि मनुष्य को अपने दोपोका चिन्तन न करके गुणोका करना चाहिए। क्योकि मनुष्य जैसा चिन्तन करता है वैसा बनता है। इसका अर्थ यह नही कि दोप देखे ही न। देखे तो जरूर लेकिन उनका विचार करके पागल न बने। ऐसा हमारे शास्त्रोमें भी मिलता है। इस कारण तुमको आत्मविश्वास रखकर यह निश्चय करना चाहिए कि तुम्हारे हाथो कल्याण ही होनेवाला है। हुआ तो है ही।

तुम्हारे लिए अतिलोभ छोडना उचित है। व्यक्तिगत व्यापार परोपकारके लिए भी खत्म कर देना चाहिए। खत्म न कर सको तो कडी मर्यादा निश्चित करनी चाहिए। राजनैतिक क्षेत्रसे भी निकलनेका प्रयत्न करना चाहिए। अगर उसमें रहना ही पडे और तुम अपनी ही शर्तो पर रह सकते हो तो केवल मध्यप्रान्तके सगठनका कार्य करो। पर तुम्हारा क्षेत्र तो पारमार्थिक व्यापार है। इसलिए तुम फिरसे चर्खा सघमें अपनी सारी शक्तिका उपयोग करो। यह काम तुम्हारी बुद्धि, तुम्हारी नीति और तुम्हारी व्यापार-शक्तिका पूरा उपयोग ले सकता है। राजनीतिमे बहुत गदगी होती रहती है। उसके अन्दर तुमको सन्तोप मिले इसकी कम ही सभावना है। चर्खा-सघ पूर्ण सफल हो जाय तो सहज ही पूर्ण स्वराज मिल सकता है। इसमें तुम कूद पडो, तो ग्राम-उद्योग, अस्पृश्यता-निवारण आदिमें भी थोडा बहुत ध्यान दे सकते हो। लेकिन वह तो तुम्हारी इच्छाके अनुसार ही। यह तो अतिलोभको रोकनेके लिए और तुमको मनके मुताबिक पूरा काम मिल सके इसके लिए सूचित कर दिया है।

दूसरी वस्तु विकार है। यह जरा कठिन है। मै अगर तुमको ठीक-ठीक समझा होऊ तो मै यह समझता हू कि तुमको स्त्री-परिचर्या रोकना उचित है। सब इसे पचा नही सकते। यह कह सकते है कि हमारे मडलमें स्त्री-परिचर्या करनेवाला अधिकाशमे मै अकेला हू। मेरी सफलता या असफलताका निर्णय मेरी मृत्युके बाद ही निकल सकेगा। मेरे लिए तो यह प्रयोग ही है। मै स्वय भी दावेके साथ नही कह सकता कि मै सफल ही हुआ हू। मेरी कामना शुकदेवजीकी स्थितिको पहुचनेकी है। उस स्थितिसे मै कई योजन दूर हू। अगर तुमको आत्मविश्वास हो तो मुझे कुछ कहना ही नही है। लेकिन अगर न हो और मेरा समझना ठीक हो तो तुमको गहरे उतरकर उचित परिवर्तन करना चाहिए। इसमे स्त्री-सेवा छोडनेकी बात नही है।

इनमेंसे एक भी चीजकी प्रतिध्वनि तुम्हारे हृदयमे न हो तो कुछ करना नही है। विचारोका आदान-प्रदान करना। निराशाको कही भी स्थान

नहीं है। तुम पतित नहीं हो, सत्यनिष्ठ हो। सत्यनिष्ठका पतन सभव ही नही।

२६-१२-१९३८] बापूके आशीर्वाद

: ३२४ :

चि जमनालाल,

तुम्हारा पत्र मिला था। तुम और ५० वर्ष पूरे करो और तुम्हारी शुभेच्छायें परिपूर्ण हो। निराश विलकुल मत होना। शान्तिसे वहा तबीयत सुधारो। यहा ठीक चल रहा है। कमलनयन लबी बाते कर गया था। रामकृष्णका मन अभ्यासमें लग गया मालूम होता है। ओम् मजे करती है। श्रीमन्‌का तो पूछना ही क्या! अपने कर्तव्यमें परायण रहता है। राजाजी आज आये है। एंडरूज यही है। आज डा जाकिर हुसेन आ रहे है।

३-१२-१९३९] बापूके आशीर्वाद

: ३३१ :

चि जमनालाल,

तुम्हारा पत्र और तार मिले। शास्त्रीजीसे बाते की।

तुम्हारी वहाकी मियाद पूरी होने तक जयपुर जानेकी बिलकुल जरूरत नहीं है। फिर मेरा दिल्लीका काम निबटा नहीं है, तब तक जानेकी कोई बात है ही नही। इसलिए १५ तक सहज ही पहुच जाते है। फिर कितने दिन बाकी रहते है? तबीयत ठीक करना भी धर्म है यह समझना जरूरी है। तुम्हारा मसविदा ठीक नहीं मालूम होता। तुमको कोई फरियाद करनी हो तो वह महाराजासे ही करनी है। उसे बीचमें लानेमें कोई सार नहीं समझता। तुम जब घूमने-फिरने लग जाओगे तब उनसे खुद जाकर मिल सकते हो। फिर जो होना हो सो हो।

वाइसरायके साथ जितनी गहराईमे तुम चाहते हो उतना मैं नहीं जा सकता। मूल बातके साथ जितना मेल हो उतने तक ही मैं जा सकता हू। तुम्हारे मिलनेके बारेमें मेरे दिल्लीसे लौटनेके बाद विचार करेंगे।

मैं समझता हू कि इसमें सब उत्तर आ जाते है। बाकी शास्त्रीजी बतावेगे। जानकीदेवी और मदालसा मजेमे होगे।

१-२-१९४०] बापूके आशीर्वाद

: ३४४ :

चि जमनालाल,

तुम्हारा जयपुरवाला आज ही पढा। हरिजनके लिए लिखने बैठा पर विचार किया कि अभी न लिखू। यह सोचकर छोड दिया कि लिखनेसे तुम अधिक निगाहमे चढ जाओगे। लेकिन तुम समझते हो कि मेरे लिखनेसे लाभ

ही होगा तो मैं लिखनेको तैयार हूं। तुम्हारी और राजेन्द्रबाबूकी तबीयत कैसी है? मैं शिमला जा रहा हूं। रविवार या सोमवारको सेवाग्राम लौटूंगा।

वहांका काम तुम्हारे संतोषके लायक चल रहा होगा।

२५-९-१९४०] बापूके आशीर्वाद

: ३४६ :

चि जमनालाल,

मेरा जी तुममें ही लगा रहेगा। वहां इच्छित लाभ मिले तो मुझे बहुत शांति मिलेगी। अधिक आधार तो राजकुमारीके निर्मल प्रेमके ऊपर है। लेकिन तुम्हारी मानसिक दृढ़ताका भी भाग उसमें होगा ही। खानेमें या और किसीमें कुछ परिवर्तन करना हो तो मुझे लिखना या तार देना।

मदालसा आज मीराबहनके पास रह गई है। उसकी भावनायें तो बहुत ऊंची है। उसका शरीर ठीक हो जाय और प्रसूति निर्विघ्न हो जाय तो मैं मानता हूं कि वह जरूर चमकेगी। विनोबाका शिक्षण सफल होना चाहिए।

१६-७-१९४१] बापूके आशीर्वाद

: ३५९ :

चि जमनालाल,

इसके साथ शांताका पत्र है। वहां पहुंचते-पहुंचते अक्षर अस्पष्ट हो जायें और न पढ़े जायें तो पढ़नेकी तकलीफ मत उठाना। उसका सार मैंने आज तारमें दिया है। शांताको इच्छा भी नहीं है और अनिच्छा भी नहीं है। वह तो तुम्हारे अंदर समा गई है। अर्थात् जो तुम्हारी इच्छा वह उसकी इच्छा। यह है भी ठीक। इस कारण प्रश्न केवल उसके हितका रहता है। तुम वहां बहुत अधिक समय रहनेवाले हो तो शांता वहां जाकर कुछ प्राप्त भी कर सकती है। मेरी निगाहमें तो उसे वहां तुम्हारी अनुपस्थितिमें रहना चाहिए। शायद उसे वहां रहनेकी जरूरत भी न हो। भक्ति तो उसमें है। अब यह विचारणीय है कि वहांका वातावरण उसे सक्रिय बनाता है या नहीं। वह इस जन्ममें तो दूसरा गुरु बनानेवाली है नहीं। उसके गुरु तो तुम ही हो, इस कारण तुमको तो उसे आज्ञा ही देनी है। इस पत्र-व्यवहारमें ही तुम्हारा वहां रहनेका समय पूरा हो जायगा। अगर तुमको वहां शांति मिलती हो और जो चाहते हो वह मिल जाता हो तो वहांसे हटना नहीं। अगर वहां रहनेका निश्चय करो या और कुछ तय करो, पर शांताकी वहां उपस्थिति चाहते हो तो तार देना, उसे रवाना कर दूंगा। तुम्हारे तारमें विचारके लिए अवकाश था। इस कारण ही तार भेजा और जवाब मंगाया। महेश और शांता दोनोंके विषयमें विचार करनेकी बात तो थी ही। मैंने ऐसा अर्थ किया

कि दोनोको उनकी खातिर बुलाया गया है, तुम्हारी सेवाकी खातिर नही। अगर बुलानेका हेतु सेवा ही हो तो जुदा विचार करना उचित है।

आज सरदारके कोई खास समाचार नहीं है। कलका पत्र मिला होगा। मदालसा मजेमें है।

२५-८-१९४१] बापूके आशीर्वाद

: ३६८ :

चि जमनालाल,

भाई जुगलकिशोरके पत्रके अनुसार उनसे चर्खा सघ द्वारा काम लेना। कागडामे जितना हो सके उतना पैसा तो अवश्य खर्च करेगे, यही बात पिलानीके बारेमें।

मेरे विचारसे तो ए आई सी सी की बैठक वर्धामें हो यही ठीक होगा। तुमको भी ठीक लगे तो तारसे निमत्रण भेज देना। बैठक मेरे आनेकी तारीखके बाद और १९वी तारीखसे पहले हो जानी चाहिए।

इदु यहा आई है।

मदालसा ठीक होगी। बच्चा बराबर बढ रहा होगा।

मुझे चर्खा सघमें तुम्हारी अनुपस्थिति बहुत महसूस हुई और अब वर्किंग कमेटीमे भी मालूम होगी। पर तुमसे आग्रह न करनेमें ही मैंने श्रेय समझा है।

मेरी तबीयत ठीक रहती है। तुम्हारी ठीक होगी।

२७ जनवरीके बाद गो-सेवा-सघकी सभा रख सकते है।

जानकीमैया आ गई? तबीयत बिगाडी तो नही न?

२१-१२-१९४१] बापूके आशीर्वाद

३७९

चि जानकीबहन,

ईश्वरकी कृपा होगी तो तुम्हारी खबर लेनेके लिए तीसरी तारीखको पहुच रहा हू। 'कृपा' तो भूलसे लिख गया। ईश्वरकी तो हमेशा कृपा ही होती है। हम उस कृपाको न पहचान सके यह हमारी मूर्खता है। पर उसकी इच्छाके तो हम अपनी इच्छा या अनिच्छासे अधीन है ही। अर्थात् उसकी इच्छा होगी तो तीसरीको मिलेगे। मदालसा और ओम् वहा होगी यह ठीक है। सावित्रीकी अनुपस्थिति खलेगी। कमलाका तो कहना ही क्या? वह तो बहुत जजाली है। अब और नाम भरने लगूगा तो दूसरी चिट लेनी पडेगी और फिर वक्त?

३१-७-१९४४] बापूके आशीर्वाद

२. भाग २ के पत्रोंका अनुवाद

: ६ :

चि राधाकिसन,

एक पत्र महिलाश्रमके विषयमें लिखा है वह मिला होगा। जमनालालसे मिलता रहता हू। उनकी तबीयत ठीक रहती है। कल सुना कि लक्ष्मीनारायण मदिरमे दर्शन करने आनेवालोकी सख्या घट गई है। क्या यह ठीक है? हाजिरीका कोई हिसाब रखा जाता है? हरिजनोके लिए खोले गये दूसरे मदिरोके विषयमे भी जानकारी ले लेना।

२८-१-१९३३] बापू

: १५ :

प्रिय रामेश्वरदासजी,

वदे। एक भाईने गुडके पृथक्करणका ब्योरा भेजा है वह इसके साथ भेजता हू। पू बापूजीने कहलाया है कि आप अपने विशेषज्ञसे पूछ देखें कि यह ठीक है या नही? उसका quantitative पृथक्करण हुआ है या हो सकता है क्या? भिन्न-भिन्न प्रकारके नमूने प्राप्त करके उसका quantitative पृथक्करण हो सकता हो तो निकालकर उसकी रिपोर्ट भेज सको तो ठीक।

इस सबधमे देशी तथा मिलकी सबसे शुद्ध शक्करमें, इसी तरह, शुद्ध और अशुद्ध शक्करोमे क्या अन्तर होता है यह भी जाननेकी इच्छा है।

शक्कर बनानेके बाद जो molasses (इसका देशी शब्द क्या है?) बच रहता है उसमें क्या पदार्थ रहते हैं?

Glucose और fructose बनानेकी कोई घरेलू या काम चलाऊ पद्धति है? उसके लिए क्या क्रिया करनी पडती है?

यदि ये सब बाते किन्ही पुस्तकोमे मिलती हो तो उनके नाम भी लिखें। आप कुशल होगे। यहा सब मजेमें ह।

६-१२-१९३४] तुम्हारा किशोरलालके वदेमातरम्

: २० :

चि कमलनयन,

तेरे अक्षर सुन्दर तो लगते है लेकिन स्पष्ट नही है। 'द' और 'ह' एक जैसे होते हैं। 'अच्छा' मे 'अ' अधूरा है। और 'च्छा' मे 'च' अलग पड गया है और 'ट' पढा जाता है। 'छा' 'ध्य' पढा जाता है।

: २८ :

चि कमलनयन,

पिताजीका भेजा अग्रेजी पत्र कल मिला और उसका जवाब भी भेज दिया। तेरा पत्र आज मिला।

मैंने यह सलाह दी है कि तुम्हे हिन्दीमे उत्तमा परीक्षा देनी चाहिए और अग्रेजी पर अच्छा अधिकार प्राप्त कर लेना चाहिए। इस प्रकार तुम परिपक्व हो जाओ और अभ्यासी बन जाओ। उसके बाद फिर पश्चिमकी तरफ जाओ तो पूरा लाभ उठा सकोगे। जब जानेका समय आवे तो मेरी सिफारिश है कि पहले अमेरिका जाओ। उसके बाद इग्लैंड और फिर यूरोपके दूसरे प्रदेश। अन्तमे जापान और चीन।

यह मुझे अच्छा लगता है कि तुम्हे परीक्षाका लोभ नही है। अमेरिकामे तुम एक साल रहकर सूक्ष्म अनुभव प्राप्त करो, अग्रेजीका अभ्यास बढाओ, और फिर दूसरी जगह इच्छानुसार रहो। सब मिलाकर बाहर दो वर्ष रहो। इस प्रकार तुम्हे खूब अनुभव मिल जायगा और अपना भविष्य बना सकोगे। इस विचारमे अनुभवके आधार पर जो परिवर्तन करना पडे वह किया जा सकता है। मुख्य बात यह है कि तुरत तो पश्चिमकी ओर जानेका विचार छोडना चाहिए। हिन्दी पूर्ण करने और अग्रेजी पक्की करनेके लिए मै चार वर्ष जरूरी समझता हू। हिन्दीके लिए ही सस्कृत अभ्यासकी आवश्यकता भी जरूरी समझता हू। चार वर्ष तक राह देखना मै अधिक नही समझता। रामकृष्णको आशीर्वाद। उसे सभालते होगे।

फरवरी, १९३४] बापूके आशीर्वाद

: २९ :

चि कमल,

१ कम बोलना।

२ सबकी सुनना लेकिन शुद्ध हो वही करना।

३ हर मिनिटका हिसाब रखना और जिस क्षणका काम उसी क्षण करना।

४ गरीबके समान रहना। धनका अभिमान कभी मत करना।

५ पाई-पाईका हिसाब रखना।

६ अभ्यास ध्यानपूर्वक करना।

७ इसी प्रकार कसरत करना।

८. मिताहारी रहना।

९ डायरी लिखना।

१० बुद्धिकी तीव्रताकी अपेक्षा हृदयका बल करोडो गुना कीमती है, अत उसका विकास करना। उसके विकासके लिए गीताका, तुलसीदासका मनन आवश्यक है। भजनावली रोज पढना। प्रार्थना रोज दोनो समय करना।

११ अब सगाई की है तो तू छूटनेसे बच गया है। मनको दूसरी स्त्रीकी तरफ कभी न जाने देना।

१२ मुझे अपने कार्यके हिसाबका एक पत्र हर हफ्ते लिखा करेगा तो तेरा कल्याण है।

३-६-१९३५ बापूके आशीर्वाद

: ३३ :

चि कमलनयन,

पिताजीसे सुना कि – + अब तुमसे शादी नही करना चाहती, इस कारण कल उसे मुक्ति दे दी। हमें यही शोभा देना है। तुम स्वस्थ होगे। तेरे नसीब अच्छे ही है। इस कारण तुम्हे योग्य स्त्री ही मिलेगी। अभी तो तुम अपने अध्ययन और अपने चरित्रके गठनकी तरफ ही सब कुछ छोडछाड कर लग जाओ। मुझे पत्र लिखना तो बाकी है ही। अपनी अंग्रेजीका सुधार करना। रसपूर्वक अध्ययन करना, शरीर मजबूत बनाना। मजदूरी करनेमें आलस्य मत करना। उसमें शरमकी तो बात ही क्या है ?

[१६-७-१९३५] बापूके आशीर्वाद

: ३९ :

चि कमलनयन,

तुम्हारा पत्र देरीसे ही सही, पर मिला यह ठीक हुआ।

अरे रामजपन भी अचूक करेगा तो तेरा भला ही होगा।

वहा तू हाथ कागज इस्तेमाल नही कर सकता इसकी चिन्ता नही। इसके लिए तेरे अन्दर उत्साह और गरीबोंके प्रति अत्यन्त अनुकंपा होनी चाहिए। यह तुम्हारे स्वभावमें पैदा हो जाय तब अपने आप तुम यह सब कर लोगे। जो वस्तु तुम अपने मनके उत्साहसे करोगे वही ठीक है, वही तुम्हे फलेगी।

तुम वहा बैठे-बैठे ब्रिटिश और अन्य विदेशीके भेदमें मत पडना।

कपडेके बारेमें भी एक बात कह दू। वहा खादीका आग्रह स्वेच्छासे नहीं रख सकते हो तो उसे छोड देना। जिसमें तुम्हे सुविधा हो वह पोशाक पहनना और जिसकी सुविधा हो उस कपडेकी बनाना। मै समझता हू कि इनमें तुम्हारे सारे प्रश्नोका उत्तर आ जाता है।

अर्थात् विदेशी या मिलके कपडेका ओवरकोट पहन सकते हो। मोजे पहन सकते हो, कसरतका बनियान पहन सकते हो। ये सब चीजे हाथकी ही प्राप्त करनेका प्रयत्न करना बुरा नहीं है। लेकिन ऐसा न करो तो पाप नही माना जायगा।

वहा तुम्हारा मुख्य काम अपना अध्ययन पक्का करना है। निर्भयता, वीरता, दृढता, उद्यम, उदारता, दया, प्रेम इन सबका विकास करना है।

सादगी और नम्रता जरूरी है। रहाके जीवनका निरीक्षण करना। क्षण-क्षणका सदुपयोग करना। डायरी लिखना।

तेरा पत्र लौटाता हू।

कोई बात रह जाती हो तो पूछ लेना।

४-९-१९३५] बापूके आशीर्वाद

: ४० :

चि कमलनयन,

इनके साथ तीन पत्र भेजता हू। ये तीरका काम करेंगे। वुडब्रुक बरमिंघममें है। यह अच्छी संस्था है। उनके सपर्कमें जल्दी ही आ जाना। यह लिखते-लिखते लगा कि प्रोफेसर होरेस एलेक्जडरको भी पत्र भेजू, अर्थात् चार पत्र हो गये। वे वुडब्रुकके है। मुझे नियमित रूपसे लिखना। सुनना सबकी लेकिन करना अपने मनकी और तुमसे जो आशाये बधती जाती है उनके अनुसार ही। वहाके प्रलोभनोकी सीमा नही है। अपना नाम शोभित करना और उसके गुण याद करके 'कमल'के समान कीचडमें रहकर भी अलिप्त रहना। इसमें सब कुछ कुशल ही होगा। अपनी शक्तिके अनुसार ही डुबकिया लगाना। किसीकी प्रतिस्पर्धा मत करना। प्रत्येक क्षणका सदुपयोग करेगा तो तेरी शक्तिया जितनी विकसित होनी होगी, हो जायेंगी। रामायण और गीताका गहरा अभ्यास करना। रोज अध्ययन करना। मूल गीता तो पढोगे ही, लेकिन एडविन अरनोल्डका 'Song Celestial' भी पास रखना।

६-७-१९३६] बापूके आशीर्वाद

: ४३ :

१ चार वर्ष, अथवा कमलनयनका अध्ययन पूरा हो तबतक, विवाह न करना।

२ सावित्रीको अब जो शिक्षा लेनी हो वह हिन्दुस्तानमें ही ले। विवाहके बाद दोनो प्रवासके लिए या और कोई कामसे जहा इच्छा हो जायें।

३ कमलनयन—सावित्रीके बीच पत्र-व्यवहारकी खुली छूट होनी चाहिए। पत्र खानगी होनेकी जरूरत नही समझता।

४ सावित्रीको विवाहसे पहले भी समय-समय पर वर्धा या जानकीबहन वगैरा जहा हो आते-जाते रहना चाहिए।

१९३६] बापू

: ४४ .

चि कमलनयन,

तुम्हारा पत्र मिला। तुम गहरे उतर रहे हो और यहा सब तुम्हे जल्दी बुलानेकी बात कर रहे है। तुम्हारे ससुर भी जल्दी मचा रहे है। जानकीबहनकी भी यही इच्छा है। पिताजीका भी लगभग यही अभिप्राय है। मै खुद तटस्थ हू। यद्यपि मै नही मानता कि तुम वहासे बहुत कुछ ले आनेवाले हो, परन्तु जबतक वहा रहनेका मोह हो तबतक तुम्हे यहा बुलाना मुझे ठीक नही लगता। अगर तुम्हे व्यापारमे लगना हो तो डिग्रीका मोह छोडना चाहिए। बैरिस्टर होकर क्या करोगे? ग्रेज्युएट होकर क्या करोगे? जहा तक मै तुम्हे समझता हू तुम्हे कमाई करनी है, पिताके धन पर नही रहना। साधू भी नही बनना है। यह ठीक हो तो व्यापारमे ही तुम्हारा पुरुषार्थ है। इतना स्वीकार करो तो तुम बैरिस्टरी अथवा डिग्रीका लोभ छोडो। तुम्हारी अग्रेजी अब ठीक-ठीक हो जानी चाहिए। परन्तु अगर तुम्हे डिग्री लेनी ही हो, कैम्ब्रिज या ऑक्सफोर्डमे रहना हो, तो दीनबन्धु एडरूजसे मिलना। ऑक्सफोर्ड या कैम्ब्रिजमे मै जिन्हे जानता हू उन्हे एडरूजके द्वारा ही पहचानता हू। इसलिए तुम उनसे मिल लो। वह तुम्हारी उचित व्यवस्था करा देगे। वे कैम्ब्रिजमे रहते है। उन्हे तो तुम पहचानते ही हो। फिर भी मै उनको लिखता हू। इसलिए जब तुम उनको लिखोगे तब उन्हे याद आ जायेगी। उनका पता पेमब्रोक कालेज, मास्टर्स लॉज, कैम्ब्रिज है। जो कुछ करो पूर्ण विचार करके करना। मुझे लिखते रहना। लिखनेमे तुम कुछ आलस्य करते मालूम होते हो।

२६-२-१९३७] बापूके आशीर्वाद

: ४८ :

चि कमलनयन,

मै जाऊ तब तक तुम यहा नही पहुचोगे ऐसा समझ कर यह पत्र लिख रहा हू। तुम्हे मालूम होना चाहिए कि नागपुर बैंक जमनालालजीकी है, उन्होने इसे परोपकारके लिए खोली थी। गरीबोके लिए यह सेविंग्स बैंक बन सके, यह उनकी कल्पना थी और आज भी यही होनी चाहिए। इसलिए यह बैंक टूटनी नही चाहिए। यानी बैंक ऑफ इग्लैंड, इम्पीरियल बैंक जब टूटे और यहा कोई उल्कापात हो तो ही नागपुर बैंक टूटे, अर्थात् वह अन्तमे टूटे शुरूमे नही। उसकी ऐसी साख बन जानी चाहिए। तुम जमनालालजीके वारिस हो। उसका सच्चा अर्थ तो यही है कि तुम उस साखके वारिस हो और यह समझकर ही मैने जलियावाला ट्रस्टको सलाह दी कि वहाके पैसे वही रखे और अधिक भेजनेकी चेष्टा करे। यही सलाह मैने कुमारप्पाको दी है कि ग्रामोद्योगके पैसे वही रखे। यह विश्वास गलत साबित नही होना

चाहिए। फिर भी कल आते ही स्टेशनके ऊपर मुझे भारतनने दूसरी ही बात बताई। उसने तो प्रेमपूर्वक बात की और मैं उसका प्रमुख हू इस हैसियतसे उसने पूछा। कुमारप्पाने मुझे पूछा था कि * * बैंकमे ग्रामोद्योगके पैसे रखें या नही? वैकुठभाईने यह सलाह दी थी इसलिए उन्होंने यह मान लिया था कि मैं स्वीकार कर ही लूगा। परन्तु मैंने तो शका उठाई और स्वीकार नही किया। और कुमारप्पा उस बैंकमे पैसे जमा करा चुके थे। लेकिन अब वहासे पैसे वापस निकाल ही लेने चाहिए। पर उस हालतमें व्याज खोना पडेगा। व्याज खोते हुए भी न निकाल सके तो? इसलिए भारतनने मेरी सलाह मागी। कुमारप्पा अभी यहा नही हैं। परन्तु मैंने कहा कि अगर वे लोग आपत्ति करे तो झगडा करके भी पैसे निकाल ही लेने चाहिए। नही तो मैं मानूगा कि वह रकम जोखिममें है। और यह बाघरीके लिए भैंसको मारने जैसा होगा। * * बैंककी स्थिति क्या है, यह तो मैं आज भी ठीकसे नही जानता। अस्पष्ट खयाल जरूर है। नई बैंकोंके प्रति मेरे मनमें अरुचि और अविश्वास है। इसलिए जल्दीमे उनमे पैसा रखनेके लिए मैं तैयार होता ही नही। फिर सवाल यह पैदा हुआ कि * * बैंकमें नही रखते तो नागपुर बैंकमे क्यो? अपेक्षाकृत वह भी नई ही कहलायेगी न? यह भी एक प्रकारसे सच ही है और भारतनने साथ ही यह भी कहा कि नागपुर बैंकके तो एक दो महीनेमे ही बद होनेकी बात सुनी जा रही है। कारण कि उसे नुकसान हुआ है और लोगोंके पैसे डूबनेका अन्देशा है, इसलिए पहलेसे ही क्यो न निपटा ले। मैंने यह बात नही मानी और मनमें दृढ रहा। पर इस अफवाहका मूल जाननेकी इच्छा हुई। उस समय राधाकृष्ण पास था। उससे मैंने पूछा। उसने मुझे समझाया। मुझे धीरज आई और मैंने भारतनसे कहा कि पैसे नागपुर बैंकमे ही रखने हैं। फिर भी मुझे लगा कि मुझे तुमको यह बात बतानी चाहिए इसलिए यह पत्र लिखा है। तुम विचार करना और सावधान रहना। जमनालालका वारिस होना कोई ऐसी वैसी बात नही है। तुम उनके पुत्रके तौरसे वारिस हो। मैं उनके दत्तक यानी माने हुए पिताके रूपमें वारिस हू। मेरा स्वार्थ, उनका नाम अखडित रहे इसमें है। उनका उठाया हुआ काम किसी प्रकार चलता रहे, इतना ही नही, परन्तु अधिक शोभित हो तभी तुम और मैं उनके सच्चे वारिस माने जायेंगे।

तुम पैसे कमाओगे और बडे सेठ माने जाओगे यह सभव है। परन्तु उनके उत्तर जीवनके पारमार्थिक कामका क्या होगा, उत्तर जीवनमें खोली गई बैंकका क्या होगा? गरीब गायका क्या, खादीका क्या, ग्रामोद्योगका क्या? उनकी इच्छासे मैं वर्धामे आकर बसा हू ना—वह भी सरदारका मीठा क्रोध सहकर। वे मुझे एककी जगह दस वर्गीचे विना परिश्रमके दिला सकते थे। लेकिन वे जमनालाल नही दिला सकते थे। इसलिए मैंने दस

बगीचे छोड दिये। परन्तु अब मैं जमनालालको खो बैठा हू, ऐसा जरा भी आभास अपने मनमें नही होने देना चाहता। उसकी कुजी तुम्हारे हाथमें है, राधाकृष्णके हाथमें है, और जानकीदेवीके हाथमें है। जानकीदेवी तो निरक्षर है। और उनमे जिस विकासकी मैंने आशा रखी थी वह तो जमनालालजीके जानेके बाद सून ही गई। इस कारण बैंकके सबधमें मैं उसे समझा भी नही सकता। समझानेकी जरा कोशिश भी नही की। राधाकृष्ण बहुत चतुर है। वह गुना है परन्तु पढा-लिखा तो नही ही कहलायेगा न? तुम तो विलायत हो आये हो। व्यापारीके रूपमें थोडा बहुत नाम भी कमाया है। तुम्हारे अन्दर आत्मविश्वास तो आवश्यकतासे अधिक है। जो भी हो वारिसके तौर पर और गद्दीनशीन होनेकी हैसियतसे तो मुझे तुम्हारी ओर ही देखना होगा। इसलिए कहता हू कि तुम अपने पिताका नाम परोपकारीके रूपमें उज्वल करनेके लिए मर मिटना। ऐसा करनेकी शक्ति तुम अपनेमें न समझते हो तो नम्रतापूर्वक मुझे चेतावनी दे देना। सब लडके अपने परोपकारी पिताके पीछे पीछे भला कहा चल सकते या चलते भी है? इस कारण तुम यह न करो तो कोई तुम्हारी ओर उगली नही उठा सकता। फिर मैं तो उगली उठानेवाला कौन होता हू? परन्तु दादाकी हैसियतसे तुझे सलाह तो दू, चेतावनी तो दू। फिर तुम जो कुछ करोगे उसे चुपचाप स्वीकार कर लूगा। इसमें तो मैंने तुमको बहुत कुछ लिख दिया है। उस पर पुख्ता विचार करना। और नागपुर बैंकके सबधमें मैंने भारतनको जो सलाह दी है वह ठीक है या नही, इसका जवाब तो मुझे पहुचा ही देना।

२२-११-१९४५] बापूके आशीर्वाद

: ८५ :

चि मदालसा,

अभिमान खराब अर्थमें प्रयुक्त होता है, स्वाभिमान अच्छे अर्थमें। तुम बडे आदमीकी लडकी हो यह समझकर फूल जाओ तो तुम अभिमानी कहलाओगी। परन्तु कोई तुम्हारा अपमान करे और उससे तुम डरो नही तो यह माना जायगा कि तुमने अपने स्वाभिमान या स्वमानकी रक्षा की। ओम् पत्र क्यो नही लिखती?

कमला तो लिखेगी ही क्यो?

बाबू अब तो बहुत बडा हो गया होगा। अभी भी उसे मिठाई बहुत चाहिए क्या?

पत्र लिखनेमें आलस्य न करना। बालकृष्णसे लिखनेको कहना।

१७-७-१९३२] बापू

: ८६ :

चि मदालसा,

तुम्हारा पत्र मिला। तुम भले ही मानो कि तुम्हारे अदर ईर्ष्या, अभिमान वगैरा भरे पडे है, पर मै नही मानता। ये दोष तुमने कहासे लिये होगे? जमनालालमें तो ये है ही नही, जानकीबहनमे भी नही है। न तुमको कोई कुसग हुआ, न तुम्हे किसी प्रकारकी कोई कमी है। क्रोध है यह तो मै भी देखता था। वह जानकीबहनमें भी है। फिर तुम्हारा शरीर भी कमजोर है। लेकिन तुम समझदार हो, इस कारण विचारपूर्वक इस क्रोधको निकाल डालो। जैसे हम है वैसे ही सब है। सबमे एक ही जीव आत्मा है। इसलिए किसी और पर क्रोध करना अपने ऊपर ही क्रोध करनेके समान है। और जिसके अन्दर जीवमात्रकी सेवा-वृत्तिकी लगन पैदा होती है उसमें दोष रह ही नही सकते। तुम अपनी सेवा-वृत्ति बढाना।

मुझे नियमित रूपसे लिखो तो ठीक।

२०-८-१९३२] बापूके आशीर्वाद

: ८७ :

चि॰ मदालसा,

तुम्हारे अक्षर तो बहुत सुधरते जा रहे है। तुम्हारा वाचनक्रम भी अच्छा है। शक्तिसे ज्यादा मेहनत मत करना। शरीर बिगाडकर अध्ययन करनेसे दोनो बिगडेंगे। यह तुम जानती हो कि क्रोध बुरा है, अत धीरे-धीरे वह निकल ही जायगा। इसी प्रकार अभिमानका समझो। चलते-फिरते रोना आ जाता है। यह कमजोरीका लक्षण है। तुम अगर खेल कूदमे लग जाओ तो रोना बद हो जायगा। जरा भी रोने जैसा मालूम हो कि ऊचे स्वरसे गीतापाठ करने लग जाओ तो रोना सूझेगा ही नही। यह करके देखना।

तुम कैसे कहती हो कि मदिरमे रातदिन कोई नही रहता? मदिरके पुजारी तो रहते ही है।

२२-११-१९३२] बापूके आशीर्वाद

: ८८ :

चि मदालसा,

मालूम होता है कि तुम्हारी गाडी ठीक चल रही है। यही क्रम रहा तो थोडे ही समयमें तुम्हारा क्रोध और रुदन शात हो जायगा। जो खुराक लेती हो वह हजम हो जाती हो तो ठीक है।

जो प्रश्न तुम्हारे मनमें उठते है वे सब जिज्ञासुको उठते है। वाचन और विचारसे ये हल हो जाते है। जगत हम ही है। हम उसके अदर है, वह हमारे अदर है। ईश्वर भी हमारे अदर है। हमारे अदर हवा भरी हुई है, यह हम

आखोंसे तो नहीं देखते, लेकिन उसे जाननेकी इन्द्रिय हमारे पास है। ईश्वरको जाननेकी इद्रियका विकास किया जा सकता है। उसका विकास करले तो उसे भी पहचान लेगे। यह तुम्हे विनोबा सिखा रहे है। धीरज रखना।

जानकीमैयासे कहना कि जमनालालसे अकसर मिलता हू। तबीयत अच्छी है।

११-१-१९३३] बापू

: ९० :

चि मदालसा,

तुम्हारा पत्र मिला। यह डर नहीं रखना चाहिए कि विनोबाके लिए तुम भाररूप हो जाओगी। शिक्षकका कार्य है कि वह शिष्यकी अपूर्णताओंको दूर करे। अगर तुम सपूर्ण होतीं तो तुम्हे शिक्षककी मददकी क्या जरूरत रहती?

वाल काट डालनेका इतना डर क्यो? बाल तो घासके समान उगते ही रहते है। यह मैंने देखा है कि बहुतसी लडकियोंके बाल काट डाले और बादमें वे पहलेसे भी ज्यादा लबे हो गये। इस कारण बालोंका मोह न हो तो उनको काट डालो। पोशाकमे चड्डीके अलावा और कोई दूसरा परिवर्तन करनेकी जरूरत नहीं। तुम्हारे समान बालिकाका पोशाक सहज ही सहूलियत-वाला बनाया जा सकता है। पर अब तो हम थोडे समयमें ही मिलेगे।

९-९-१९३३] बापूके आशीर्वाद

: ९९ :

चि मदालसा,

तुमने छोटा पर सुन्दर पत्र लिखा है। जानकीबहनका भय छोड दिया, यह ठीक किया। खूब आनन्दमें रहकर अपना शरीर अच्छा बनाना। श्रीमन् जैसा पति पाकर तुम्हे उनको और जमनालालको शोभित करना है। अनेक पुण्य करने पर ही श्रीमन् जैसा पति मिलता है। ईश्वर तुम्हे जल्दी अच्छा करे।

३-१२-१९३९] बापूके आशीर्वाद

: १०८ :

चि मदालसा,

तेरे बारेमें सोचता ही रहता हू इस कारण मुझे, जिसे कि सपने शायद ही कभी आते है, तुम्हारे बारेमें आया। इस वजहसे लिखनेको प्रेरित हुआ हू। सपना तीन दिन पहले आया। पर लिखनेका समय आज ही मिला है।

बालकको पेटमें रखते हुए जितनी सावधानी रखनी पडती है उतनी ही उसका पालन-पोषण करनेमें। तुम्हारे दूधका गुण तुम्हारी खुराक और तुम्हारे रहन-सहनके ऊपर आधारित है। जैसे तुम्हारी खुराकका असर तुम्हारे दूध पर पडता है उसी प्रकार तुम्हारे स्वभाव और विचारका भी। यह बात

अनुभवसे लिखता हू इसलिए इसे मानना। अत जो कुछ तुम खाओ औपधि समझकर खाना। स्वादके लिए नही। औपधिमेंसे जो स्वाद निकलता है वह सच्चा स्वाद है और पोपक है। औपधिको रूढ अर्थमे लेकर उसकी घिन न रखना। दूध औपधिके रूपमे लिया जा सकता है और स्वादके लिए भी। एकसे शरीर वढता है, दूसरेमे घटता है। वालकको कसरत, हवा, मालिश वगैरा वरावर मिलनी चाहिए। इस सववमें किसीकी वात न सुनना। लाड़-प्यार करनेवाले तो वहुत आ जायेगे, लेकिन कुछ भी हो तुम अपने मनके मुताविक करती रहना।

मेरे सपनेका मतलव पूरा हुआ। तुम मजेमे होगी। वालक वढ रहा होगा। मा वेटी झगडती नही होगी, तुम रोती भी नही होगी। खटिया छोडनेके वाद तुम कुछ महीने यहा रह जाओ तो शायद अच्छा हो।

१५-१०-१९४१] वापूके आशीर्वाद

: ११४ :

चि मदु,

तू पागल है और पागल ही रहेगी क्या? जल्दीसे जल्दी यहा आ जा। रहनेके लिए नही पर मिलनेके लिए तो सही। फिर जितना तुम्हारे दिलमें हो सव उडेल देना और जी भरकर रो लेना। तुम्हे रोनेका इतना सुन्दर मौका दे रहा हू इसलिए वहा रोना वद रखना। वाको जो नियम वताये है उनका पालन करती रहना तो सदा सुखी रहेगी।

तुम दोनोको

२१-११-१९४१] वापूके आशीर्वाद

: ११५ :

चि मदालसा,

सुरेन्द्रनारायणकी वात जानकर दुख हुआ। अभी तो सादी खुराक ही ले रहे होगे। दूध, दही, फलोका रस, सब्जीका रस, खा सकते है। वीज या छिलके पेटमे न जाय। पेडूपर मिट्टीकी पट्टी लाभ करेगी। कराहना नही चाहिए। विना जोर लगाये दस्त न आता हो तो हलकी पिचकारी ले। मौका मिलते ही ववई जाना चाहिए। वहा जाने पर डाक्टर लोग जो कहे वही करना चाहिए। ऐसा भी हो सकता है कि मेरे वताये अनुसार खुराक वगैरा लेनेसे अगर केवल सूजन होगी तो दर्द शायद वद भी हो जाय। रोटी खूव चवाकर ले सकते है। दाल छोडनी चाहिए। जोर डालने वाले व्यायाम न करे। कटि-स्नान वहुत लाभ करेगा। घर्पण-स्नान भी।

वच्चेको कोई दवाई मत खिलाना। उसे सब्जीका पानी, फलोका रस, दवारूप होगा। कसरत तो करे ही। शेष यहा आने पर। श्रीमन् इलाहावाद जावे और सब निवटा आवे।

१५-६-१९४२] वापूके आशीर्वाद

: १२१ :

चि पगली मदालसा,

तेरा पत्र मिला। अब श्रीमन्‌जी आ गये है तो अब जो वे कहे सो करना। तुम्हारे सलाहकार बहुत है। यह खराब है। जिसपर भरोसा वैठे, उसीकी वात सुनो और उसीके अनुसार चलो। दूसरेकी वात सुनो ही मत। और कोई करने आवे तो कान वद कर लो। तब तुम सपाटेसे ठीक हो जाओगी। चिन्ता तो करो ही मत। वालकको जन्म दिया है तो अब उसका अच्छी तरह पालन-पोषण करना ही है। उसके खातिर ही सही, पागल मिटकर ज्ञानी न हो सको तो भी, समझदार बनो तो काफी है।

२३-११-१९४५] वापूके आशीर्वाद

: १२४ :

चि मदु,

तुझ पर दया आती है और झुझलाहट भी। दया आने जैसी वाते तुमने की। झुझलाहट इसलिए कि इतने दिनो तक तुमने उन्हे अपने मनमे दवा रखा।

हम दूसरोके दोष न देखें, अपने ही देखे, इसीसे जीवन सुखी होता है और हम स्वच्छ रहते है। मैंने तुमको कहा है कि तुम्हे कोई ऐसा काम खोज लेना चाहिए जिसमे तुम्हे अपने वारेमे सोचने-विचारनेका मौका ही न मिले। ऐसा काम महिलाश्रम तो था ही। वह ठीक जमा नही। तो अब तुमको अकेले या किसी खास व्यक्तिके साथ अन्य सेवाकार्य खोज निकालना चाहिए। कोई न सूझे तो चर्खेकी सारी क्रियाओका ज्ञान प्राप्त करलेना चाहिए। नैसर्गिक उपचारकी पुस्तके पढ जानी चाहिए। गुजरातीमे है। हिन्दीमें भी है।

मुझे हर मगलवारको जरूर लिखो। और विस्तारसे लिखो। गुस्सा तो किसी पर करना नही चाहिए, अपने खुदके ऊपर भी नही। भजन ऊचे स्वरसे गाना सीख लेना।

२४-८-१९४६] वापूके आशीर्वाद

: १२६ :

चि मदु,

तुम्हारा पत्र मिला।

तुम अपने दोष और दूसरोके गुण ही देखोगी तो सपाटेसे आगे वढोगी और सुख अनुभव करोगी। दु ख जैसी कोई वात नही मालूम होगी। हमें

किसीसे कोई आशा रखनेका अधिकार नहीं है। हम देनदार हैं इसी कारण जन्म लेते हैं। लेनदार तो हैं ही नहीं। यह बात अगर तुम्हारी समझमें आ जाय तो सारा जगत तुम्हें सरल मालूम होगा। यह ज्ञानवार्ता नहीं है, परन्तु जीवन-प्रवाह सरलतासे बहानेका सही मार्ग है।

रसगुल्लोको बहुत-बहुत प्यार।

११-९-१९४६] बापूके आशीर्वाद

: १२९ :

चि मदु,

मैं यह चाहता हू कि तुम अपनी प्रतिज्ञा न तोडो। कामसे फुरसत न मिले तो खाली पोस्टकार्ड ही डालो।

रजत अच्छा हो गया यह ईश्वरकी कृपा।

पति-पत्निमे गाढ मित्रोंके समान प्रेम हो और वह सर्वथा निर्विकार हो। वे सुख-दुखके साथी हो। दोनोमें एक दूसरेको सहन करनेकी शक्ति होनी चाहिए। एक दूसरेके प्रति उदारता होनी चाहिए। दोनोंके बीच पूर्ण स्वच्छता होनी चाहिए। वहम कभी नही, एक दूसरेसे कोई छिपाव नही।

मैं समझता हू कि इतना काफी है। दृष्टात जब मिले तब पूछना।

तुम सबको

१६-१०-१९४६] बापूके आशीर्वाद

: १३१ :

चि मदु,

तुम्हारे पत्र अनियमित हो गये है। वे तुम्हारी अनियमितताके प्रतीक तो नही है न? जो हो, तुम आनद करो और शात-चित्त होओ। तुम्हे और रामको यहा आने देना अच्छा तो लगता है, पर इसे गलत प्रलोभन मानता हू। अखबारोमे जो आता है उसमें कमसे कम ५० फीसदी कम करके पढोगी तो यहाकी हालत कुछ समझ सकोगी। 'दूरके ढोल सुहावने'वाली कहावत सुनी है ना? और जहा रोज गाव बदलने पडते हो वहा तो तमाशबीन लोग भी भाररूप मालूम होते है। बहुतोको इन्कार करता हू। तो तुम दोको कैसे इजाजत दू? मैं जानता हू कि तुम लोग किसी भी प्रकार भाररूप नही बनोगे। फिर भी सयमका पालन करो। वहा बैठे-बैठे जो सेवा कार्य तुम करोगे, यहाके यज्ञमें उतने अशोमें तुमने भाग लिया है, यह मान लूगा। बच्चोको सभालना। अपना शरीर ठीक रखना। राम मजेमें होगा। उसने अपने बारेमे कुछ निर्णय किया क्या?

२६-१-१९४७] बापूके आशीर्वाद

: १३३ :

चि मदालसा,

तुम्हारा पत्र मिला। तुमने तो मुझसे पत्र नही चाहा था। परन्तु मै तो लिखूगा क्योकि अभी तुम बहुत प्रपचमे पडी हो। - - - - - - तुम्हे श्रीमन्मे समा जाना चाहिए। मैने तो देखा है कि श्रीमन् तुम्हारी पूजा करता है। तुम उसे पूजती हो, परन्तु श्रीमन्के पास जो ज्ञान है वह तुममे नही। वासन्तीको सबकुछ कहो इसमे मै कोई दोष नही देखता। वह समझदार है। परन्तु मै यह नही मानता कि वासन्तीमें इतनी शक्ति है कि वह तुम्हे रास्ता दिखा सके। तुम्हारा सुख श्रीमन्के अन्दर समा जानेमे ही है, इस बारेमे मुझे शका नही है। अगर तुम ज्ञानी होती तो मै कहता कि श्रीमन्के साथ लडना। तुम यह मानती हो कि ऐसा ज्ञान तुम्हारे अन्दर नही है। अगर यह बात तुम्हारी समझमें आ जाय तो मै जो कहता हू उसका पूरा अनुभव करना। अगर जरासी भी शका हो तो विनोबाको यह पत्र बताना। वह जैसा कहे वैसा करना। फिर भी विनोबाको तो यह पत्र बता ही देना। वासन्तीको भी दिखाना। रामकी सगाईके बारेमे समझा। इस सबबमे मैने अधिक ध्यान नही दिया। दोनो सुखी हो और शुद्ध सेवा करके पिताजीके नामकी उज्ज्वलतामें वृद्धि करे, यही मेरी कामना है। रामको इतना कह देना।

तुम्हारा दूसरा पत्र मिल गया।

१५-२-१९४७]

बापूके आशीर्वाद

: १३५ :

चि मदालसा,

तुम्हारा पत्र मिला। श्रीमन् १२ तारीखको यहा आ रहे है। अब मैं हरिजनके लिए लिखने लगा हू इसलिए अपनी उलझनें उसके द्वारा सुलझा लेना। तुम्हारा कथन मै ठीक-ठीक समझ न सका। मेरे किसी लेख या आचरणमेंसे छिटक जानेका बहाना मत खोजना। जहा कठिनाई हो उसे दूर करना चाहिए। मेरे लेखमें स्वच्छदताको स्थान होता ही नही। मेरा जीवन सयमके लिए है। यह हो सकता है कि मै उसमें पार न उतरू परन्तु मै स्वेच्छाचारके लिए दरवाजे कभी नही खोजूगा ऐसा मुझे विश्वास है।

२-६-१९४७]

बापूके आशीर्वाद

: १४३ :

चि ओम्,

चाहे जैसे अक्षर बनाकर केवल वचनका पालन करनेकी खातिर बेगार टालनेको तुम पत्र लिखो, तो मुझे तुम्हारे पत्र नही चाहिए। वचनका पालन

करो तो मन और कर्मसे। मनमें तो पालन करनेकी चोरी हो और कर्म पालन करनेका पुण्य प्राप्त करो यह असम्भव बात है। मुझे यह जरा भी पसंद नहीं। मैंने क्या यह नहीं सिखाया कि जो करो वह ठीकसे करो और सुन्दरतासे करो ? छोटे या बड़े किसी काममें वेगार न टालो।

एक पल भी व्यर्थ न जाने दो।

२०-८-१९३४] बापूके आशीर्वाद

: १४६ :

चि ओम्,

तू जबर्दस्त है। मालूम होता है कि मारवाड़ी तो अच्छा लिख लेती है। मारवाड़ीमें और गुजरातीमें बहुत फर्क नहीं है। कोई तो कहते हैं कि गुजराती मारवाड़ीमेंसे ही निकली है और अब तो वह मारवाड़ीसे भी बढ़ जाती है। इसी कारण तुमने मुझे 'दत्तक बाप' बनाया है न ? यहां मदालसा खड़ी खड़ी तुम्हारी टीका कर रही है कि तुमने मारवाड़ी शुद्ध नहीं लिखी। लेकिन जैसा परीक्षक होगा वैसी ही परीक्षा होगी न ? और फिर मदालसी कहांसे मारवाड़ी शिक्षिका या परीक्षिका बन गई ? इस कारण तुम मारवाड़ीमें पास हो।

२९-८-१९३४] बापूके आशीर्वाद

: १४७ :

चि पंडिता ओम्,

इस बारके पत्रमें तो तुमने अच्छा बोध दिया है। पर अपने बोधके अनुसार तुम खुद चलती भी हो ? अगर मैं आराम न करता होऊं, जतन न करता होऊं तो हर रोज आधे पौण्डके हिसाबसे कैसे बढ़ सकता हूं ? तुमने मुझे जिस तरह काम करते देखा है उससे आजकी तुलना करोगी तो तुम मुझे आलसी और अधिक सोनेवाला मानोगी। अच्छा ही है न कि तुम वहां बैठी-बैठी हैंगिंग गार्डनमें चक्कर काटती हो और शेखी बघार रही हो और बदलेमें काकाजीकी थोड़ी सेवा कर लेती हो! हैंगिंग गार्डनकी कथा तुम जानती हो ? मेरा अभिप्राय यह है कि हमारे जैसे गरीबोंके घूमने जानेकी जगह वह नहीं है। वहां तो फक्कड़ लोग जाते हैं। अगर अब तुम जाओ तो देखना और मुझे लिखना कि कितने गरीब लोगोंको तुमने वहां देखा। मैं तो वहां एक या दो बार जाकर तृप्त हो गया।

भले मेरे पास तुमने अपना ज्ञान उंडेला। दत्तक बापके ऐसे ही हाल होते हैं! पर काकाजीको तो नहीं भड़काया न ?

तुम्हारे लिखनेमें भूल है। काकाजीका वजन १०४ बताती है! उसको तो मैं शायद चार दिनमें ही लांघ जाऊंगा। २०४ से तो तुम्हारा मतलब नहीं है ? रामायण पढ़ती है ?

२-९-१९३४] बापूके आशीर्वाद

: १४९ :

चि ओम्,

तेरे पत्रकी आशा रखना व्यर्थ है। मैने तुम्हे लिखा नही पर तुम्हारी याद मुझे बराबर रहती ही है। इस बारका तुम्हारा आचरण मुझे जरा भी अच्छा नही लगा। तेरा पत्र भी अच्छा नही लगा। उसमें गलत बचाव था। मेरे साथ इतने महीने घूमनेके बाद तुमने क्या सीखा? इसका हिसाब लगायेगी? मुझे लिखेगी? काग्रेसके समयमे एक सिरेसे दूसरे सिरे तक जाते हुए तुम मुझे दिखाई दी। उस दिनका तुम्हारा वह पहनाव? मेरे दुख और क्रोधका पार न था। अपने दिये हुए वचनका तू पालन करना। कृत्रिम कभी मत बनना। जैसी हो वैसी ही दिखना। तेरी सगाईकी बाते चल रही है। उस बारेमे स्वतत्रतासे अपने विचार बताना। सच्ची रहना, सच्चा विचारना, सच्चा बोलना। यदि यह तुम्हारी शक्तिके बाहर हो तो मेरा त्याग करना।

साफ अक्षरोमे लिखे तुम्हारे सविस्तर पत्रकी राह देखूगा।

७-११-१९३४] बापूके आशीर्वाद

: १५१ :

चि ओम्,

यह खाते-खाते लिख रहा हू इस कारण पेंसिलसे। खाते हुए लिखना कुटेव है। पेंसिलसे लिखना भी कुटेव है। इसकी नकल मत करना।

अभी भी तेरा कान दुखता लगता है। तुझे बबई जाना चाहिये।

तार देनेकी सोचता हू। मदालसाके भी हाल लिखना।

बापूके आशीर्वाद

: १५२ :

चि ओम्,

बहुत दिनो राह देखनेके बाद तुम्हारा पत्र आया सही। तुझे उलहना थोडे ही दिया जा सकता है। जितना तुम दोगी उतना स्वीकार कर लेता हू। उतनेसे आनद मानना चाहिये। अनुजम्मा भी तेरी बार-बार खबर देती है। वहा तुझे अच्छा अनुभव मिल रहा है। उससे पूरा-पूरा लाभ उठाना। अग्रेजी तो अच्छी करेगी ही। वहाका सगीत भी बहुत ही अच्छा माना जाता है। उसे अच्छी तरह सीख लेना। तामिल तो सीखेगी ही ऐसी आशा है। और यह भी आशा रखता हू कि वहा हिन्दीका प्रचार भी करेगी। चरबी भी कम करना। सक्षेपमे इतना ही कि इतनी दूर जाकर बैठी हो और एक अक्षरका इतना बडा नाम रखा है, उसको शोभित करना। जिसके नामसे कल्याण होता है, ऐसा शास्त्र कहते है, वह नाम लेकर तुम बैठी हो, तो उसका कोई मतलब होगा न? यानी मेरी इच्छा है कि उस अर्थको तुम सार्थक करो।

इसके लिए आवश्यक कुछ गुण तो तुम्हारे अदर है ही। कुछ और आ जायें तो पार उतरे समझो। तुम्हे मालूम न हो तो एक और खबर देता हू। महाराष्ट्रके समान तामिलनाडमे भी सस्कृतके उच्चारण बहुत शुद्ध किये जाते है। महाराष्ट्रमें उच्चार तो है पर उतना उत्तम सगीत नही है। तामिलनाडमें तो मत्रादि मधुर आवाज और सुरमें गाये जाते है। अनुजम्माके द्वारा यह तू सीख सकेगी। यह सब सहजमे ही मिल सकता है। इसके लिए बहुत समय देनेकी जरूरत नही है। यह वर्ष तुम्हारे लिए मगलदायक हो। आरभ किया है सो समय-समय पर पत्र लिखती रहना।

८-११-१९३५] बापूके आशीर्वाद

: १५४ :

चि ओम्,

मैं जानता हू कि मेरी बीमारी तुम्हारे पत्र न लिखनेका अच्छा बहाना बन गई है। पर तुम यह जानती हो कि तुम्हारे पत्र मुझे बोझरूप कतई नही होते। पर यो पत्र लिखने लगो तो तुम 'सोती सुदरी' मिट जाओगी न?

यह पत्र लिखनेका कारण तो यह है कि वहा तुम खुश नही रहती, घरकी याद आया करती है और कभी-कभी आसू भी बहाती हो। ऐसी नाजुक तुम कबसे बन गई? अपने लिए तो जहा रहे उसे ही घर समझना चाहिये। आखिर तो इस जगमे हम लोग 'चद रोजा' मुसाफिर ही है न? मैंने तो वह भाग देखा नही है, पर कहते हैं कि हवा वहाकी बहुत अच्छी है, और उसी प्रकार सुदर भी है। श्री डकनसे मिली होगी। वहाका वर्णन लिखना।

लखनऊमे काकाजी, मदालसा हम सब साथ ही है। तीसरी तारीखको इलाहाबाद जावेगे और बहुत करके आठवीको लौट आवेगे। पद्रहवीके आस-पास वर्धा पहुचनेकी आशा है।

मेरी तबीयत अब ठीक कही जा सकती है। 'हरिजन सेवक' मगाती हो क्या? अब तो अग्रजी भी बराबर समझती होगी।

३०-३-१९३६] बापूके आशीर्वाद

: १५५ :

चि ओम्,

मुझे यहा छोटासा पुस्तकालय बनाना है। उसमे मराठी पुस्तके चाहिये। तेरे पास या मदालसा या और किसीके पास छोटी-छोटी मराठी पुस्तके हो जिनकी वहा अभी जरूरत न हो, तो मुझे यहा भेज देना। सीखनेकी और पढनेकी। यहाका काम नही चला तो वे पुस्तके जिनकी होगी उनको वापस मिल जायेगी। काम चल निकला तो अमुक समयके बाद वे वापस कर दी जायेगी। इसकी कमसे कम मियाद छ महीनेकी है। जो पुस्तके सदाके लिए

दी जा सकती है वे दे देनी है। ऐसी पुस्तकोकी यादी मुझे भेज दो। दस रुपयेमे ज्यादाका पुस्तकालय मुझे नही बनाना है। इसमे तुम्हे अदाज हो जायगा कि मुझे किस तरहकी पुस्तकोकी जरूरत है। मराठी अखबार भी किसीके पास हो तो वे भी, वहा उपयोग हो चुकनेके बाद, चाहिये। इसमें बडे दानकी बात नही है। इसके लिए बडोको परेशान करनेकी भी बात नही है। परतु तुम्हारे जैसे लोग गाववालोकी ओर जरा निगाह रखे तो ऐसे-ऐसे काम सहज ही कर सकते है। इतना तो पीछे लगकर करना। इसमे रस न आवे तो वेधडक होकर इनकार लिख भेजना। ताकि दूसरे ठिकाने आजिजी करू।

११-७-१९३६] बापूके आशीर्वाद

परिशिष्ट २

जमनालालजीकी डायरियों तथा पत्रोंमेंसे गांधीजी संबंधी चुने हुए अंश

: १ :

श्रीमती प्रिय देवी, कलकत्ता, ६–१–१७

श्री गांधीजी महाराज, उनकी धर्मपत्नी व पुत्र यहा आये थे। अपनी तरफसे सब प्रबन्ध किया गया था। इनकी सेवा करनेका १० रोज तक ठीक मौका मिल गया था।

* * *

केवल यही विचार बना रहता है कि ससार मिथ्या है, इसलिए शरीरसे जो-कुछ सेवा बन सके वह निस्वार्थ भावसे करनेका हमेशा प्रयत्न करना ही मनुष्य-जन्मका मुख्य कर्त्तव्य है। आशा है, तुम्हे भी यही ध्येय सामने रखकर कार्य करते रहनेमे अवश्य शान्ति मिलेगी। रायबहादुरकी पदवी सरकारसे मिलनेके कारण कई जगहसे मित्रोके बधाईके तार व पत्र आते है। यह सब आडबर है। फिर भी परमात्माने किया तो इस तरहके आडबरका भी सेवा करनेमें उपयोग हो सकेगा। ईश्वरसे हमेशा यही प्रार्थना करते रहना आवश्यक है कि परमात्मा सद्बुद्धि प्रदान करे और निस्वार्थ भावसे सेवा करनेके लिए बल प्रदान करे।

: २

प्रिय देवी, पटनाके नजदीक चलती रेलमे, १५–८–२१

अब तुम और मै तो विदेशी कपडा पहन नही सकते, इसका पूरा ध्यान रखना। अपना सब घर-कुटुम्ब पूरा स्वदेशी वस्त्र पहनने वाला तथा सादगीसे जीवन बिताने वाला होना चाहिये, इस बातका पूरा उद्योग करते रहना होगा। श्री मदिरमे तो अब विदेशी कपडा स्वप्नके लिए भी नही रहना चाहिये। अगर रहा तो तुम जिम्मेदार हो। अगर तुमसे हो सके तो विदेशी सजावट (फर्निचर) आदि भी घरमें बाहर बगीचेमे रखवा दो। सब बच्चोकी पढाईका पूरा प्रबध रखो, श्री भावेजीकी सलाहसे। योग्य आदमी बच्चोके लिए ढूढनेको उनसे कहा हुआ है। तुम भी आश्रमम बराबर जाती रहना। श्री भावेजीकी सगत, उपदेश-श्रवण करती रहना। भावेजी बहुत विद्वान व चरित्रवान है। इनके सत्सगसे अवश्य लाभ पहुचना सभव है। आश्रमके बालकोसे खूब प्रेमका बर्ताव तथा उनकी बीमारी आदि दुखमें पूर्ण सहायता

तथा शरीरसे सेवा करनेका ध्यान रखना। इस तरह करनेसे तुम्हारी बहुत ज्यादा उन्नति होवेगी, ऐसा मुझे विश्वास है। बने वहा तक नियमसे आश्रममे जाते रहना चाहिये तथा सूत आदि भी वहा पर थोडी देर काता जाए तो और भी ठीक होगा।

पूज्य बापूजीके साथ कलकत्ता, आसाम, मद्रास आदि स्थानोमे जाना होगा। वह तो मुझे पहले ही ले जाना चाहते थे, परन्तु बम्बईके मित्रोने नही जाने दिया। बापूजीके साथ रहनेसे मुझे तो बहुत फायदा पहुचनेकी सभावना है। मेरी इच्छा तो ऐसी होती है कि तुम और मै दोनो बापूजीके साथ भ्रमणमें रहा करे, जिससे इनकी सेवा करनेका भी मौका मिले तथा कई बातोका ज्ञान हो। ईश्वरने किया तो यह इच्छा भी पूर्ण हो सकेगी।

: ३ :

प्रिय देवी, तेजपुर (आसाम), २२-८-२१

गोहाटी (आसाम) ता १८ को पहुचे। श्रावणी पूर्णिमा उसी दिन थी। रास्तेमे रेलवे स्टेशन पर स्नान करके पूज्य बापूजीके हाथसे नया जनेऊ पहना व उसी रोज शामको बापूजीके हाथसे ही रक्षा बधवाई (कलकत्तेसे हाथका कता हुआ और कुसुबी रगमे रगा हुआ सूतका तार साथ ले आये थे)। उन्होने बहुत प्रेम तथा प्रसन्नतासे राखी बाधी। मैने राखी बाधनेकी दक्षिणाके लिए पूछा तो उन्होने विरासत सभालनेको कहा। तब मैने कहा कि आप आशीर्वादके द्वारा आत्मिक बल मुझमे बढा दे। यह बात तुम्हारे ध्यानमे लानेके लिए लिखी है। रक्षा-बधनका दिन खाली नही गया। मेरी समझमे तो बापूजीने इस भावसे अभी तक और किसीको राखी नही बाधी होगी। इस तरह हम लोगोकी जवाबदारी बढती जाती है। उसी तरह परमात्मा ताकत भी बढायेगा, ऐसा भरोसा है। दिनचर्या जितनी सादगीसे और सत्सगसे बितावेगे उतनी ही इष्ट साधनामे सफलता प्राप्त होवेगी। तुमको यही लिखना है कि छोटे छोटे गृहस्थीके प्रपचोकी तरफ विशेष ध्यान न रखकर मनुष्य-कर्त्तव्यकी तरफ अधिक ध्यान रखो। हमेशा प्रेममय बर्ताव तथा आनन्दमय जीवन बिताना है। जितना आनन्द बढेगा उतनी ही जल्दी ध्येयकी प्राप्ति होवेगी। कर्त्तव्य करते जाओ और खूब प्रसन्न रहो। जिंदगीको भार-रूप मत समझो। जबतक स्वराज्य प्राप्त न हो तबतक स्वराज्यके सिवाय दूसरी बातोका स्वप्न भी हमे नही आना चाहिये।

: ४ :

प्रिय देवी, सिलहट (आसाम), अगस्त १९२१

मारवाडी स्त्रियोकी सभा भी हुई। महात्माजीने विदेशी वस्त्र त्यागनेके बारेमे तो कहा ही। साथ ही अपने समाजमे गहने पहननेकी जो बहुत

बुरी प्रथा है उसके बारेमे भी कहा। इससे सुन्दरता नष्ट होती है इसलिए जहातक हो सके गहने न पहने जावे। अगर पहने ही जावे तो बहुत थोडे। कपडे भी साफ स्वच्छ सफेद रगके ज्यादा इस्तेमाल किये जाये जिससे मारवाडकी बहने भी आसामी बहनोकी भाति सीताजीकी तरह दिखने लग जावे। जिस प्रकार हो सके गहने और रग बिरगे कपडे ज्यादा पहननेकी चाल कम करनेकी चेष्टा करनी चाहिये।

\- - *

बापू इतना भारी कार्य करके भी खूब आनदमे रहते है। कभी-कभी तो खूब हसा करते है। मुझसे तो कहते थे कि अगर मुझे फासीका हुक्म होगा तो भी मै तो सब कार्य करते करते हसता हुआ ही फासी पर चढ जाऊगा, ऐसा मेरा मन कहता है। ये सब बाते तुम्हे इसलिए लिखी है कि तुम जो बहुत ज्यादा फिकर किया करती हो सो अब भविष्यके लिए जितने आनन्दका उपयोग लिया जावे उतना लेनेका प्रयत्न करते रहना चाहिये। ज्यादा फिकर या उदास रहनेकी आवश्यकता नही। हमे तो अपना चरित्र शुद्ध रखते हुए आनदमे हँसते हँसते सब शारीरिक कष्ट सहने है तथा मृत्यु प्राप्त करनी है।

* * *

गोहाटीमे बापू जिनके यहा उतरे थे वह श्रीयुत फूकनबाबू विलायतमे बैरिस्टरी पास किये हुए तथा बडे ही शौकीन तबीयतके थे। उन्होने अपने यहाके सारे विदेशी कपडे, स्त्रियोके सुन्दर सुन्दर भारीसे भारी कपडे भी बापूके हाथसे आगमे जलवा दिये। करीब साढे तीन हजारके कपडे थे। और भी लोगोने जलाये। ये सब बाते देखते हुए अब तुम घरमे (कुटुबमे) भारी या हलका विदेशी कपडा नही रख सकती यह विचार कर लेना। श्री फूकनबाबू तो बहुत धनी आदमी भी नही थे।

: ५ :

प्रिय देवी, कलकत्ता, १३-९-२१

मन्दिरमे प्राय सब स्वदेशी कपडा हो गया। मुकुट सोने-चादीका बनवानेका विचार लिखा सो ठीक। वे न बने वहा तक खादीके बना लिये जाये। विशेष फर्निचर जो हो उसे बगीचेके बगलेमे रखवा दे सकेगे। तुमने लिखा कि अपने तो प्राण ही बापूको अर्पण है, स्वप्नमे भी बापू ही दीखते है, यह पढकर बहुत ही समाधान व प्रसन्नता हुई। परमात्मा हमारी इस तरहकी बुद्धि बनाए रखे। परमात्मा अवश्य ही सफलता और शक्ति प्रदान करेगा।

: ६ :

प्रिय देवी, कलकत्ता, १७-९-२१

तुमने लिखा कि पहले पत्रका जवाब आनेमे देरी हुई, इससे चिन्ता हो गई थी, सो इस तरह चिन्ता होना ठीक नही है। कठिन परीक्षाका समय

तो अब आनेवाला है। हम लोगोंका तो जेलमे जाना बहुत जल्दी सभव हो सकता है। अगर इस तरहकी छोटी-छोटी बातोसे चिन्ता हुआ करेगी तो पीछे असली ध्येय प्राप्त करनेमें देर लगेगी और बाधा पहुचेगी। मनको सदैव खूब शात और आनन्दमे रखनेकी पूरी चेष्टा करनी चाहिये। जब हम लोगोका परमात्मा पर पूरा विश्वास है तथा बापूका आशीर्वाद है तब हमे, चिन्ता क्या होती है, यह बिलकुल भूल जाना चाहिये। आशा है, पत्रमें इतना खुलासेवार लिखनेका भावार्थ तुम बराबर समझ जाओगी। भविष्यमें कभी किसी कारणसे चिन्ता मालूम हो तो इस पत्रको स्मरण करनेका ध्यान रखना। परमात्मा जो कुछ करता है वह ठीक ही करता है।

यहा विदेशी कपडे तथा सूतके व्यापारियोमे अच्छी सफलता मिल रही है। परमात्माने किया तो सोमवार तक पूरी सफलता मिल जावेगी। अब सफलतामे सन्देह नही रहा। आज मौलाना मुहम्मद अली, शौकत अली तथा डाक्टर किचलूकी गिरफ्तारीका समाचार मिला। यहा अभी तक खूब शान्ति है। परमात्मा सब जगह शान्ति रखेगा तो हमारा उद्देश्य (स्वराज्य) शीघ्र सफल होगा। अब तो जेलमे जानेमें ही विश्राति तथा शान्ति अधिक मिलना सभव मालूम होता है।

गोहाटीमें सफलता ठीक हुई। मारवाडी व्यापारियोने भविष्यमे विदेशी सूत व कपडा न मगानेकी प्रतिज्ञा कर ली। यह कार्य तो बापूके ही प्रतापसे हुआ। परन्तु विशेष उद्योग किये बिना ही थोडा यश इसमे मुझे मिल गया। वहाके कार्यकर्ता बहुत प्रसन्न हो गये। यहाके लोग थोडे भोले है, परन्तु उनमे बापूजी पर बहुत श्रद्धा व प्रेम है, और त्यागभावना भी है।

: ७ :

प्रिय जानकी, साबरमती आश्रम, २०–३–२२

पूज्य श्री बापूके मुकदमेका हाल सब समाचार-पत्रोमे पढा ही होगा। मुझे इस समय यहा आनेमे बहुत लाभ हुआ। बापूसे खूब बाते हुई। बापूने हमेशाके लिए सग्रहके वास्ते एक बहुत ही सुन्दर पत्र[1] लिखकर दिया है। किसी समय अशान्ति मालूम हो तो उस पत्रसे बहुत लाभ पहुचेगा। अदालतका दृश्य विचित्र था। ऐसा मालूम होता था कि जज तथा उसके साथी पूरे दोषी हैं और बापू उनको दोपसे मुक्त होनेका उपदेश प्रेममे कर रहे है। जज आदिके अग्रेज होते हुए भी उनपर खूब असर हुआ। १८ मार्चका दिन हमेशाके लिए याद रखने योग्य है। यह दिन हमारे भविष्यके इतिहासमें बिजलीकी तरह चमकता रहेगा। अच्छा होता कि तुम भी आ जाती। खैर, कोई बात नही। बापूने मुझे खूब जोरसे पीठ ठोक कर आशीर्वाद दिया। अब मुझे पूरा विश्वास है कि हम लोग अपनी उन्नति अवश्य कर सकेंगे। जिम्मेदारी

[1] देखिए पृष्ठ १५-२२, पत्र सख्या १७।

खूब बढ़ गई है। अब कार्यकी दृष्टिसे जेल जानेकी जरूरत बिलकुल नहीं मालूम होती। हा, शान्ति तथा विश्रान्तिके लिए जानेकी इच्छा होना सभव है। परन्तु इसे रोकना होगा। कार्य करते हुए वैसा मौका आ गया तो आनदकी बात है। फिर भी जानबूझकर नहीं जाना है। बम्बईमें तथा यहा मेरे गिरफ्तार होनेकी बहुत जोरसे चर्चा थी। परन्तु उस चर्चामें कमसे कम हालमें कोई दम नहीं है। अगर मुझे गिरफ्तार होना ही पड़ा तो उस हालतमें हिन्दी नवजीवनके प्रकाशककी हैसियतसे मेरी जगह तुम्हारा नाम रखना चाहिये ऐसा मेरा विचार हुआ था। इस बारेमें मैंने महात्माजीसे पूछा था और उन्होंने भी कहा था कि ऐसे मौके पर उनका नाम रख सकते हो। खैर, अभी तो वह मौका नहीं है। जब आवेगा तब देखा जावेगा।

हा, एक बात लिखना रह गई। १७ ता को सुबह अदालतमें कई मनुष्य रोये, प्रेम-वियोगसे। मेरी भी आखोंमें थोड़े आसू आ गये थे, पर मैंने बाहर जाकर पोंछ लिये। बापू खूब हसते थे व कई लोग खूब हिम्मत रखे हुए थे। ये सब बाते स्मरण करनेमें ज्यादा आनद आवेगा।

: ८ :

प्रिय देवी, बम्बई, ०-४-२२

कार्यका जो भार पूज्य बापूने तथा वर्किंग कमेटीने दिया है, वह बराबर व्यवस्था-पूर्वक होनेसे शान्ति मिलेगी। तुम शान्तिसे अपना कर्त्तव्य करती रहना। बापूको सजा हुई उस दिनसे मनमें ऐसी इच्छा थी कि हो सके वहा तक चर्खा थोड़ी देरके लिए ही सही अवश्य काता जाना चाहिये। परन्तु कई कारणोंसे यह इच्छा पूरी नहीं हो सकी। इससे भी मनमें थोड़ी अशान्ति रहती है। यहा घूमनेका कार्य ज्यादा रहता है। हर रोज कमसे कम एक घटा चर्खा कातनेका तुम प्रयत्न किया करो, घरमें रहो तब तक।

* * *

बापूके जेल जानेके बाद कार्यकी जवाबदारी ज्यादा मालूम होती है। परन्तु बापू जाते समय जो उपहार – अपने हाथका लिखा हुआ उपदेश[1] – दे गये उससे शान्ति मिलती है और जवाबदारीका भान होता है। अब तुम्हें कमसे कम फालतू गहने बेचकर वह रुपया खादीके काममें लगा देना चाहिये। समय मिले तो जो गहना बेचना हो सो अलग निकालकर रख छोड़ना।

: ९ :

प्रिय जानकी, सितबर, १९२२

मेरी बहुत वर्षोंसे यह इच्छा थी कि तुम्हारी व बालकोंकी इज्जत मेरे कारण न होकर तुम लोगोंके पवित्र सेवा-कार्यके कारण हो। उसमें तुम्हारा व बालकोंका भी श्रेय है व अपना भी श्रेय व गौरव है। यह कार्य अब जल्दी ही परमात्माकी दयासे व पू बापूके आशीर्वादसे होता दिखाई

[1] देखिए पृष्ठ १८–२०, पत्र सख्या १७।

दे रहा है। अपने घरमे अब सब छोटे-बडे कम-ज्यादा प्रमाणमे सेवा-कार्य करनेवाले निकलेगे, ऐसा विश्वास हो रहा है। सेवा-धर्ममे भी आनद व सुख मिलता है।

: १० :

प्रिय देवी, बम्बई, ९-१०-२२

पूज्य बापूजी बच्चोकी व तुम्हारी याद करते थे। तुम्हारे ऊपर उनका बहुत प्रेम व श्रद्धा है, ऐसा उनकी बात परसे मालूम होता था।

: ११ :

प्रिय देवी, ओगोल, १०-१-२४

दक्षिण प्रान्तमे एक मास अन्दाज घूमना पडेगा। यहा खादीका कार्य खूब हो सकता है। कई गावोको देखनेका मौका मिला। सूत कातने वाली स्त्रिया तथा बुनने वाले जुलाहे यहा खूब मख्यामे है। इन्हे रुई बराबर देकर, सूत, कपडा लेने व बेचनेकी बराबर व्यवस्था हो जाय तो लाखो रुपयोकी खादी आन्ध्र देश बना सकता है। यहा घूमनेसे पूज्य बापूके खादी पर जोर देनेका महत्व अधिक ध्यानमे आया। अब तो चर्खा रोज काते बिना शाति नही मालूम होती।

* * *

अबकी बार बम्बई पहुचते ही ५-६ परिचित मित्रोकी मृत्युका समाचार एकदम मिला। उसपरसे भी यही मनमे आता है कि व्यर्थ समय बिलकुल न नष्ट करके जितना सेवाकार्य बन सके करनेमे ही लग जाना अपना कर्त्तव्य है। विशेष फिकर न करते हुए खासकर खादी प्रचारका व हिन्दुस्तानी प्रचारका काम करनेका ही निश्चय करनेका विचार है। इससे करोडो देश-भाइयोकी सेवा करनेका थोडा सतोष हो सकेगा। ये दोनो कार्य ऐसे है जिनमे किसी तरहकी भी शका नही हो सकती। आशा है, तुम भी इन दोनो कार्योमे खूब सहायता करोगी।

: १२ :

प्रिय देवी, दिल्ली, १४-६-२५

पूज्य बापूजीसे मिला। बाते हुई। बापूने बहुत बडी तपश्चर्या आरभ की है। बापूका आत्मिक बल, परमात्मा पर जो श्रद्धा है, उसे देखते हुए विश्वास होता है कि उपवास पार पड जावेगे। बा भी आज आ गई है। मेरे पास ही ठहरी है। बापूकी तपश्चर्या देखकर मनमे बहुत तरहकी कल्पनाए आया करती है, परन्तु अपनी कमजोरी देखकर लज्जा होती है। बापूके इस मौकेसे हम लोगोके जीवन व रहन-सहन और आचरणमे फरक हो तो भविष्यका जीवन सुखकर बीतना सभव है। मेरी राय है कि तुम अहमदाबाद आश्रममे

जाकर रहनेका विचार करो तो वहा रहनेसे जरूर आध्यात्मिक लाभ होना सभव है। मनकी कृपणता कम होकर दया-भाव, विश्वप्रेम, आत्मिक बल बढानेका साधन मिलेगा। बच्चोकी पढाई और सगतमे तो पूरा लाभ होना सभव है।

* * *

चर्खा घर-भरमे बराबर चालू रहे। बापूके लिए हृदयसे प्रार्थना होती रहे, इसका खयाल रखना।

: १३ :

प्रिय देवी, पटना, २३-९-२५

तुमने अपने विचार या जो शका थी वह पूज्य बापूजीको कह दी, यह जानकर अधिक सुख हुआ। अभी पूज्य बापूजीसे घरेलू बातोके बारेमे मेरी बात नही हो पाई है। कारण वह बहुत कामोमे लगे हुए है। जब बाते होगी तब मालूम होगा।

: १४ :

प्रिय देवी, बम्बई, ३०-१-२६

मै आज साबरमती जाकर आया। पूज्य बापूजीको ज्वर १०४ डिग्री तक हो गया था। उनका वजन आजकल ९७॥ रतल रह गया है। वहा इस-लिए जाना पडा कि दूसरी जगह बदली जावे या अन्य इन्तजाम किया जावे। इसका विचार करने पर डाक्टरोकी राय हुई कि अभी दूसरी जगह ले जानेकी जरूरत नही। गर्मीमे ले जाया जाय। आश्रममे ही आरामसे रह सके, थोडी विश्राति लेते रहे तो जल्दी वजन बढ जावेगा। एक हाथमे दर्द रहता है, वह भी कम हो जावेगा। पू बापूने दवा और विश्राति लेना स्वीकार कर लिया है। परमात्माने किया तो जल्दी ही ठीक हो जावेगे।

* * *

चि कमलाके विवाहके बारेमे श्री केशवदेवजी यहा आ गये थे। पू बापूजीने तो कहा है कि सब तरहका विचार करनेके बाद मुझे तो आश्रममे ही विवाह करना ठीक मालूम होता है। फिर भी चि रामेश्वरप्रसादकी इच्छा देख लो। वह भी आ गया था और उसने भी कहा मुझे आश्रममे ही विवाह करना सब तरहसे पसन्द है। उसने आश्रममे विवाह करनेके जो-जो कारण बतलाये उससे पूज्य बापूजीको व मुझे बहुत ही सन्तोष हुआ। अब विवाह आश्रममे करनेका ही निश्चय हो गया है।

: १५ :

प्रिय देवी, वर्धा, ६-११-२६

आशा है, तुम पू बापूजीके उपदेश तथा सत्सगसे अधिक उदार तथा सिद्धातसे जीवन बितानेका निश्चय करके यहा आओगी। सच बात तो यह

है कि मेरे तथा अपने घरके सुधार व परिवर्तनमे मुझे तुमसे पूरी सहायता मिलनी चाहिये। अब थोडे वर्ष मानसिक सुधारोकी बागडोर तुम अपने हाथमे ले सको तो आज मुझे कितना सुख और सन्तोष मिले इसका तुम ही विचार कर सकती हो। तुम चाहो तो पू बापूजी व विनोबाकी सहायतासे अपने जीवनको और घरको ठीक कर सकती हो। मेरी कमजोरिया दूर करा सकती हो।

: १६ :

प्रिय जानकी, साबरमती, ५-४-२९

श्री छगनलालभाई गाधीसे तथा पू बासे, रुपये पैसेके मामलेमे, जो दुनियादारीकी दृष्टिसे बहुत भारी कसूर नही समझा जाता है वैसी गलती या कसूर पर, इस बार पू बापूजीने नवजीवनमे अपने हृदयका दुख लिखा है। तुम उसे भली प्रकार पढनेका प्रयत्न करना। यहा आश्रममे रहने वालोकी कमजोरियोसे पू बापूजीको बहुत दुख व कष्ट हुआ करता है।

: १७ :

प्रिय जानकी, साबरमती आश्रम, ७-४-२९

इस बारके नवजीवनमे पू बापूजीका आश्रम सबधी लेख पढकर हृदय फटता है। उपाय नही। तुम खूब विचारके साथ इस लेखको दो-चार बार पढना।

: १८ :

प्रिय जानकी, साबरमती आश्रम, १५-२-३०

पू बापूजीने आजकल खूब उत्साह व जोरोसे लडाईकी पूरी तैयारी कर रखी है। यहाका वातावरण पूरे जोश तथा उत्साहसे भरा हुआ है। छोटे-छोटे बच्चोने भी जेल जानेकी इच्छा कर रखी है। तुम इस समय यहा रहती तो तुम्हे ठीक लाभ मिलता व पू बापूजी तुम्हारा नाम भी जेल जानेवालोकी फेहरिस्तमे, अगर तुम्हारा उत्साह और इच्छा होती तो, लिख लेते।

: १९ :

प्रिय जानकी, नासिक रोड सेन्ट्रल जेल, २१-६-३०

तुम्हारी व दूसरी बहनोकी दो बार थोडे समयकी गिरफ्तारीकी बात जानकर विनोद हुआ। अगर स्त्रियोको गिरफ्तार करना शुरू हो जावेगा तो तुम्हारा नबर जल्दी ही आ जावेगा। तुम तो सब तरहसे तैयार हो ही। तुम्हे तो कुछ समयके लिए जेलकी दुनियाका अनुभव मिल सकेगा व शान्ति भी मिलेगी। साथ ही जनतामे विशेष जीवन व जागृति आवेगी।

* * *

ईश्वरकी अपने पर पूर्ण दया व पू. बापूजीका आशीर्वाद है कि जिसके कारण अपनेको इस प्रकारकी बुद्धि होकर सेवा करनेका यानी अपनी कमजोरी कम करनेका मौका मिला। तुम्हारी बहादुरी व हिम्मत देखकर मनमें सुख होता है। मुझे तो तुम्हारे बारेमें व सारे कुटुबके बारेमें पूरा सन्तोष व अभिमान है। मेरी यह इच्छा अवश्य है कि इस प्रकारके धर्म-युद्धमें हम लोगोंमेंसे सबोंकी या जो सबसे ज्यादा प्रिय हो उसकी आहुति हो तो परम सन्तोष व सुखकी बात होगी। एक दिन मरना तो अवश्य है ही। फिर जिससे देश व जाति व कुलकी प्रतिष्ठा बढ़े इस प्रकारकी पवित्र मृत्यु मिले तो फिर क्या बात! अब तो जेलकी मनमें नहीं रही। अगर इच्छा है तो ऐसी मृत्युकी ही है। खैर, जो होनी होगी सो होगी। चिन्ता करनेका समय नहीं है। अभी तो बहुत खेल खेलने व देखने होंगे, ऐसा दिखाई देता है। भविष्य बहुत ही उज्ज्वल व साफ दिखाई देता है।

: २० :

प्रिय जानकी, नासिक रोड जेल, ७-७-३०

चि. कमलसे कहना कि वह जरा अधिक सभ्यता व नम्रताका व्यवहार करनेका खयाल रखे। अब वह सत्याग्रह-दलमें पू. बापूजीकी टुकडीका स्वयं-सेवक है। उसपर ज्यादा जिम्मेदारी है। मुहसे एक एक बात सत्य व तौलकर निकालनी चाहिये, जिससे आगे चलकर वह जिम्मेवारीके साथ काम कर सके।

: २१ :

प्रिय जानकी, नासिक रोड जेल महल, २३-१०-३०

ईश्वर सब ठीक करेगा। तुम्हारे लिए मनमें स्थान तो पहले ही ठीक था, अबकी बारकी तुम्हारी हिम्मत, सेवा, योग्यताका विचार करके जो सुख व सन्तोष मिलता है वह कैसे लिखूं? हम लोग बहुत ही पुण्यवान् हैं। ईश्वरकी व पू. बापूजीकी दया व आशीर्वादसे मेरी समझमें अपने जितने सच्चे सुखी ससारमें प्राय. बहुत कम लोग होंगे। आशा है, जेलमेंसे हम लोग अधिक योग्य बनकर निकलेंगे।

: २२ :

प्रिय जानकी, सेंट्रल जेल, नासिक, जनवरी १९३१

परमात्माके व पू. बापूजीके आशीर्वादसे, हम लोगोंका, अपने जीवनका आदर्श प्राप्त करनेमें सफलीभूत होना बहुत सम्भव दिखाई देता है। अगर हम अपनी कमजोरियोंको बराबर पहचानते रहे व उन्हे निकालनेका तन-तोड प्रयत्न करते रहे तो अवश्य जीवन पूरी तौरसे नहीं तो कुछ अंशमें तो सार्थक बना सकेंगे।

: २३ :

प्रिय जानकी, चलती रेलमें, प्रयाग, १८—२—३१

पू. बापूजी 'रफल'[1] देखकर बहुत खुश हुए। उन्होंने कहा, मैं इसे अब दो वर्ष और चला सकूंगा। तुम्हारे लिखे समाचार उन्हें कह दिये। तुम्हारी भेजी हुई पूनी उन्होंने आज कातकर देखी। उन्होंने कहा है कि रुई तो अच्छी है, परन्तु पूनी ठीक नहीं बनी। लम्बी ज्यादा है व पोली भी है। आगेसे बहुत अच्छी पूनी बना सको तो थोडी बापूजीको भेजनेका प्रबंध करेंगे।

: २४ :

चि. मदालसा, अक्टूबर, १९३२

अपनी माताके नामके पू. बापूके पत्रकी नकल तुमने भेजी उसे पढ कर सुख मिला। अपनी माताको कह देना कि वह उस मुताबिक पूरी तैयारी करनेमें लग जावे व बापूकी परीक्षामें इस जन्ममें पास हो जावे तो उसमें खूब सुख व लाभ मिलेगा।

— — —

बापूके उपवासकी इस भीष्म-प्रतिज्ञाने तो हम सबकी अस्पृश्यता-निवारणकी जवाबदारी बहुत ज्यादा बढा दी है। परमात्मासे हर रोज मैं तो प्रार्थना करता ही हूं, तुम सब भी किया करो, कि जिससे हम सब लोग अपना कर्त्तव्य व जवाबदारी पूर्णतया समझते रहें व उसे पूरा करनेके लिए जी-जानसे उद्योग करते रहें।

: २५ :

डायरीसे— यरवडा मंदिर, ११—१—३३

रातमें सुखकारक स्वप्न आया, याने आकाशवाणी हुई व प्रत्येक मंदिरोंकी देव मूर्तियां कहने लगीं कि 'गांधी' का कहना ठीक है, उसीके मुताबिक करो। अस्पृश्यताका भेद निकाल डालो, आदि उत्तम विचार।

२६

डायरीसे— यरवडा मंदिर, २८—१—३३

जेलरने आजकी तारीखका बापूका वक्तव्य लाकर दिया, उसे चार-पांच बार पढा। हृदयमें भक्ति, प्रेम, चिन्ता आदि उत्पन्न हुई।

: २७ :

डायरीसे— यरवडा मंदिर, २५—१—३३

बापूका स्टेटमेंट खूब शांतिसे ईश्वर प्रार्थना करके फिर पढ देखा, क्योंकि अभी सुबह ही वापस करना है।

१ देखिए पृष्ठ ९०, पत्र संख्या ११३।

२८

डायरीसे— यरवडा मदिर, २–२–३३

बापूसे १२-१० मे १-१५ तक १४ वी मुलाकात हुई। विविधवृत्त तथा अन्य पत्रोका खुलासा। मुझे किसी प्रकारका विचार व चिंता न करनेको कहा। वे जो कुछ भेजे, बिना विचारके मैं पढता रहू।

२९

डायरीसे— यरवडा मदिर, ६–२–३३

पू बापूसे १२ से १ तक १५ वी मुलाकात। डॉ अबेडकरके विचार, व्यवहार, हिन्दू जातिसे लडनेकी तैयारी आदिके सबधमे विचार प्रगट किये। बापूको इससे दु ख तो पहुचा ही। मदिर-प्रवेशका हाल। अपने स्वास्थ्यके सबधमे मैने बापूसे प्रार्थना की कि आप मेरे बारेमें अधिकारियोसे चर्चा न करे तो मुझे सतोष रहेगा। मै खुद अपनी खुराक, जो कुछ ज्यादा है, घटाना चाहता हू।

३०

डायरीसे— यरवडा मदिर, ७–२–३३

सवेरे बापूकी बकरियोके दर्शन हुए, आनद हुआ।

बापूने मिलने बुलाया। करीब आधा घटा स्वास्थ्यके बारेमे व जेलकी चिन्ता न करनेके बारेमे समझाकर अपने उदाहरण देकर कहा। मैने अपनी अडचने कही। बापूके कहनेसे हरिजन, अग्रेजी पत्र, गुजरातमे किन्हे भेजे जावे, उनकी फेहरिस्त जल्दीमे तैयार करके भेजी।

३१

डायरीसे— यरवडा मदिर, १३–२–३३

पू बापूसे १२-२० से १ बजे तक १७ वी मुलाकात हुई। 'हरिजन'मे एक कालम, उपवाससे लगाकर आज तककी हालत, बापू अपने हाथसे लिखा करे, यह सूचना मैने की। उन्हे पसद आई। हरिजन सोसाइटीके विधानके बारेमे थोडी सूचना की, उन्होने लिखकर भेजनेको कहा। अम्बेडकर, राज-भोज, रा व राजा वगैरहके बारेमे उनका मत जाना।

* — *

बापूने कहा कि 'विनोबा' तीन वर्षके अन्दर ब्रह्मकी प्राप्ति कर लेने वाले है। अप्पासाहबका फैसला हो गया, अब इस बारेमे बापूके उपवासका डर न रहा। हरिजन सोसायटीका विधान तीन बजे दुरुस्त करके वापस भेजा।

३२

डायरीसे— यरवडा मंदिर, ८—३—३३

पूज्य बापूसे तेईसवीं मुलाकात करीब ४० मिनट। स्वास्थ्यका हाल, बापूने मेरे बारेमें बंबई सरकारको जो पत्र लिखा था, वह मुझे दिखा सकते हैं या नहीं, उसपर थोडी चर्चा। मैंने कहा, मेरा पूरा समाधान नहीं हुआ, आदि।

३३

डायरीसे— यरवडा मंदिर, ९—३—३३

स्काउटिंग और ग्राम-सेवाकी श्री श्रीरामजी वाजपेयी लिखित पुस्तक पर बापूने मेरी राय मगाई थी, वह लिखकर भेजी।

३४

डायरीसे— यरवडा मंदिर, १४—३—३३

आज बापूकी बकरियोंसे खेला। उन्हें रोटी खिलाई। उन्होंने गेहू नापास किया, बाजरा पास किया। उनके खान-पान व स्नानकी व्यवस्था करानी है, बाल भी बढ गये हैं।

३५

डायरीसे— यरवडा मंदिर, १५—३—३३

आज बापूको नोट भेजा, उसमें डेविड-योजनामें किनकी ओरसे मदद मिल सकती है उनके नाम लिख भेजे। श्री जानकीदेवी अगर बापूकी प्रार्थना-आज्ञा स्वीकार न करे तो बापूने उनका 'हुक्का पानी' बन्द (असहकार) करनेकी विनोदी सूचना लिख भेजी।

३६

डायरीसे— यरवडा मंदिर, १७—३—३३

बापूसे छब्बीसवीं मुलाकात। स्वास्थ्य, बापूका वजन १०५, वल्लभभाई दूध-फलके ऊपर, डेविड-योजना, म चर्खा संघ, अनन्तपुर खादी-कार्य, हरिजन उच्चवर्णके लोग कैसे बनें, नैतिक व्यावहारिक अडचनें, डॉ अंबेडकरका विरोध संभव, आदि। मेरी शंकाओंका समाधान।

३७

डायरीसे— यरवडा मंदिर, २४—३—३३

पू बापूसे अठ्ठाइसवीं मुलाकात—ईशु चरित, डेविड-योजना। नारायणदास व प्रेमाबहनको महिला-आश्रमके लिए बापू लिखेंगे। आश्रमके बीमारोंकी हालत, गुलजारीलालका स्वास्थ्य ठीक है, हरिजन बिल। बापू डॉ मोदीको पत्र लिखेंगे। बापूने कहा, मुझे बंबईमें दूध लेना चाहिये। मैंने कतल वगैरहका

कारण समझाया। बापूने उसका खुलासा किया। हो सका तो बापू शुक्रवारको पत्र भेजा करेंगे। सत्याग्रह शुद्धतासे याने सत्य व अहिंसासे नही चल रहा है। बापूको पाच वर्ष इसी माफिक निकल जाते मालूम हुए।

३८

डायरीमे— पूना, ७-४-३३

पू बापूसे डेविड-योजना, स्वास्थ्य, मोदी रिपोर्टपर चर्चा। दण्ड किसीने जमा किया। भविष्यका कार्य। वर्धा जाना जरूरी हो गया, पूनमचद राकाके बारेमे बापूने कहा, उनसे खण्डवा मिलना जरूरी है।[1] मेरे कहनेपर राघवेन्द्र रावसे मिलना भी उन्होने पसद किया। मुझे स्टेटमेन्ट देनेकी जरूरत नही। उन्होने कहा, कमसे कम एक महीना तो मुझे ठडी जगह—मसूरी, महाबलेश्वर, पचगनी, वगैरह रहना जरूरी है। मेरे पहनावेकी जानकीदेवीने चर्चा की। प्रश्न-उत्तरके बाद मामूली धोती, कुरता, टोपी, अभी निश्चित हुआ।

३९

डायरीसे— शैल आश्रम, अलमोडा, १०-५-३३

पूज्य बापूके छूटनेकी व पू बापू व श्री अणे द्वारा डेढ मासके लिए सत्याग्रह स्थगित किये जानेकी खबर मिली। बापूका व सरकारका स्टेटमेट पढा। एक प्रकारसे खुशी हुई। परन्तु ज्यादा विचार करनेसे चिन्ता रही। रातको निद्रा बराबर नही आई, पूना जानेके विचार आदिके कारण।

४०

डायरीमे— पूना-बम्बई, ३१-५-३३

पू बापूके दर्शन, इच्छाके विरुद्ध, श्री महादेवभाई व मथुरादासभाईके आग्रहके कारण करने पडे। खूब सुख मिला।

४१

डायरीमे— पूना-बम्बई, १८-६-३३

पू बापूने मुझे फिर अलमोडा जानेको कहा। शरीरकी सभाल रखनेका मैने उनसे वचन लिया। उन्होने कहा कि मुझे अभी जीना है।

४२

प्रिय जानकी, वर्धा, ३०-८-३३

पूज्य बापूजीने तुमको वही रहनेको कहा है सो एक तरह ठीक ही है। अगर तुम उनके कहनेसे वहा बनी रही और खुदा-न-खास्ता प्लेगकी शिकार हो गई तो मुझे तो इतना सतोष रहेगा कि उस हालतमे पूज्य बापूजीका आशीर्वाद मिला और उसके साथ स्वर्ग भी। वहा प्लेगसे मरोगी तो बहुत करके पूज्य बापूका तो आशीर्वाद मिल ही जायगा। इससे अब तुम्हारी तरफकी चिन्ता कम है।

१ देखिए पृष्ठ १०७, पत्र सख्या १३०।

४३

प्रिय जानकी, पटना, २९–६–३४

पूनाकी दुर्घटनासे पू वापूजी तो वचे ही, साथमे चि ओम वगैरह भी वच गई। 'जिसको ईश्वर वचाने वाला है उसे कौन मार सकता है?' इस प्रकारकी घटनासे ईश्वरकी शक्ति (अस्तित्व) मे विश्वास वढता है।

४४

डायरीमे– वर्धा, ५–८–३४

वापूने कानके लिए बम्बई जानेका आग्रह किया। उन्होने कहा कि नही तो मै वम्बई चलूगा, तथा अन्य दवाओकी वाते की। जानेका निश्चय किया।

४५.

प्रिय जानकी, वम्बई, १६–११–३४

पू वापू अगर मेरी चिन्ता करना छोड दे तो मुझे कम तकलीफ हो।

४६

डायरीमे– वर्धा, २८–११–३४

गाधी-सेवा-सघका कार्य प्राय दिनभर होता रहा। वापूजीका प्रवचन हुआ। मेरा ट्रस्टी व सभापतिपदका त्यागपत्र स्वीकार करनेके वारेमे वापूने सदस्योको व ट्रस्टियोको ठीक समझाया।

.४७

डायरीमे– वर्धा, १४–१२–३४

सुवह घूमते हुए वापूके साथ मन स्थितिकी चर्चा, सभापतिका भार लेनेमे निरुत्साह, आदि।

वापूके साथ भी ग्राम-उद्योग मण्डलकी चर्चा, खूब विचारके वाद आखिर खुर्शेदवहनने इन्कार किया। मेरी स्थितिका खयाल करके वापूने हुक्म नही दिया। उन्हे दु ख हुआ। जाजूजी सभापति हुए। मनमे थोडा विचार।

·४८

प्रिय जानकी, वम्बई, २९–१–३५

मुझे तो पू वापूने ठीक प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट) भेजा है। तुम भी इस प्रकारके कामोमे मदद करो तो कितना अच्छा हो।

४९

डायरीसे— वर्धा, २२-२-३५

बापूजीसे २ बजेसे ४ बजे तक बातचीत, खासकर व्यापारके सम्बन्धमे। उन्होने हाउसिंग कपनीका काम ठीक बतलाया, केमिकलका पसद नही किया। रामेश्वर भी साथ था। उससे भी बात हुई।

५०

डायरीसे— वर्धा, २५-२-३५

पू बापूने वर्धासे ता २४-२-३५ को एक मित्रको इस प्रकार लिखकर दिया—"हमें किसीको पापी माननेका अधिकार नही है, क्योकि हम सब दोषसे भरे हुए हैं। जिसको हम अपनेसे ज्यादा पापी मानते है, वह सचमुच ऐसा है, यह माननेका हमारे पास न कारण है, न साधन है। एक पैसा चुराने वाला एक व्यभिचारीकी अपेक्षा अधिक पापी हो सकता है। सम्भव है कि पैसे चुराने वालेने जानबूझकर चोरी की हो और व्यभिचारीने अपनेको रोकनेका बडा प्रयत्न किया तो भी वह अपनेको रोक न सका हो। उसके शुभ प्रयत्नका किसीको ज्ञान हो सकता है ? मनुष्यके हृदयको तो सिर्फ भगवान ही जानता है। इसलिए हम किसीके पापकी तुलना न करे, लेकिन क्षमा-वृत्ति बढाते रहे, यह अहिंसा धर्मका एक लक्ष्य है।"

५१

डायरीसे— वर्धा, २१-७-३५

बापूके पास मगनवाडी; चर्खा-सघसे त्यागपत्र पर चर्चा, विचार। शकरलाल तो पहलेसे विरोधी था ही। बापूसे फैसला हुआ कि सभापतिका काम वह करेगे, सदस्य मैं रहूगा व वह जो काम लेना चाहेगे और मैं कर सकूगा, उतना किया जावेगा।

५२

डायरीसे— वर्धा, १२-१२-३५

बापूसे मगनवाडीमे मिले। उन्हे यहासे महिला-आश्रम या अपने यहा ले जानेको राजी किया, जोकि वह मगनवाडी छोडना नही चाहते थे।

५३

डायरीसे— वर्धा, १३-१-३६

प्रार्थनाके बाद बापूके समक्ष महादेवभाईने लीलावतीको बापूके दर्शन करानेके बारेमे दुराग्रह व जिद्द की। मेरा भी व्यवहार ठीक नही रहा। उसके दुखका अनुभव होता रहा। बापूके सामने यह घटना नही होनी चाहिये थी। उन्हे भी विचार रहा होगा।[1]

[1] उस समय बापू बीमार थे और उनकी रखवालीका काम जमनालालजीके जिम्मे था।

५४

डायरीसे– वर्धा, १४–१–३६

श्री महादेवभाईको दु खसे भरा हुआ पत्र लिखा। उनका भी पत्र आया। दोपहरको सब फैसला हो गया। सरदारका व्यवहार न्यायसे थोडा अलग मालूम हुआ। आज मनमे काफी असन्तोप व दु ख रहा और आँखे भी गीली हुई।

* *

वापूने अपने मनमे दो बाते है ऐसा कहा– एक मगनवाडीको सफल बनाना व दूसरी आखिरी लडाई लडना। वर्धा ही सेंटर रखना जरूरी।

५५

चि कमल, साबरमती आश्रम, १२–२–३६

यदि पूज्य बापू एव विनोबाको तुम सतुष्ट कर सकोगे तो मुझे अधिक कुछ कहना नही रहेगा।

५६

डायरीसे– सावली, ४–३–३६

बापूने कान्फरेन्सकी कार्य-पद्धति पर टीका की। उस समय बहुत ज्यादा क्रोध आया। इतने क्रोधका इन वर्षोमे अनुभव नही हुआ था। बापूसे भी ज्यादा पू वल्लभभाई पर क्रोध आया। मनमे दु ख, विचार खूब रहा। विनोबा, किशोरलालभाईसे बातचीत। आखिर बापू व वल्लभभाईसे खुलासा होनेपर थोडी शान्ति।

५७

डायरीसे– लखनऊ, २८–३–३६

बापूके जेलरका चार्ज लेना पडा।

५८

डायरीसे– इलाहाबाद, ६–४–३६

सुबह बापू मौन होते हुए भी बाहर अकेले घूमने चले गये। थोडी देर तक खूब विचार व चिन्ता होती रही। दौड-धूप रही। मोटर लेकर ढूढना शुरु किया। मिल गये। सरोजिनी साथ थी।

५९

डायरीसे– लखनऊ, १६–४–३६

बापूके साथ पैदल घूमने राजेन्द्रबाबू भी साथ हो गये। जवाहरलाल, सरदार, मेरी स्थिति कही। मेरा नाम (वर्किंग कमेटीमें) आखिर रखा गया, उससे थोडी अशान्ति।

जवाहरलाल आये, साथमें मौलाना आजाद। बापूसे देर तक बातचीत। मुझे भी थोड़ा क्रोध आया, जो कहना था कहा।

: ६० :

डायरीसे— वर्धा, ३०-४-३६

बापू आजसे सेगाव रहने गये, वहा उनकी व्यवस्था देखकर आना।

: ६१ :

डायरीसे— वर्धा, ५-९-३६

सुबह अस्पतालमें बापूसे बाते। उन्होंने अपने स्वप्नकी थोडी बाते कही। मनोरंजक थी। बादमें उन्हें ज्यादा बोलनेको मना किया।

: ६२ :

डायरीसे— वर्धा, १८-९-३६

बापूको करीब ९-४५ बजे भविष्यवाणीकी बात अकेलेमें कही।[१] विनोद, हँसी। उन्होंने अपने बारेमें विचार कहे कि जून १९३७ तकका समय मैंने निकाल दिया तो फिर पाच-सात वर्ष निकल जाना स्वाभाविक है।

: ६३ :

प्रिय जानकी, वर्धा, १८-९-३६

पूज्य बापूके बारेमें भविष्यवाणी, जैसी आशा थी, पूरी तरहसे झूठ साबित हुई। कल ता० १७ को शामको सिविल सर्जनको ले जाकर भली प्रकारसे जाच कर ली थी। ब्लड प्रेशर, हार्ट बहुत ठीक था। बापू खूब विनोद करते थे। आज सुबह बापूको अकेलेमें मैंने ९॥। बजे करीब यह बात कही। वह तो खूब हँसे — विनोद किया। औरोंसे ज्यादा चर्चा नहीं की। अब कल खूब विनोद करेंगे। सरदार भी कल आ जावेंगे। अब आगेसे भविष्यवाणी पर ज्यादा श्रद्धा नहीं रखना।

: ६४ :

डायरीसे— वर्धा, २०-९-३६

दोपहरको घनश्यामदास व सरदारके साथ सेगाव बापूके पास जाकर आये। सरदार व घनश्यामदासने भी मुझसे व्यापार आदि कम करनेके लिए खूब आग्रह किया। बापूने भी मदद करनेको कहा। विचार।

: ६५ :

प्रिय कमल, वर्धा, २८-९-३६

श्री वकीलकी बापूके सबधकी १८ ता० को दिनके १० बजे हार्ट फेल होनेकी भविष्यवाणी गलत ठहरी। इसका तो समाधान है, परन्तु उस भविष्य-

[१] एक ज्योतिषीने जमनालालजीसे १६ सितबरको भविष्यवाणी की थी कि १८ सितबरको दिनमें १० बजे गाधीजीकी मृत्यु हो जायगी।

वाणीसे तुम्हारी मा बहुत चिंतित रही। मुझे भी थोडी चिन्ता रही। व्यवस्था रखनी पडी। बिना कारण तार खर्च भी हुआ। मुझे तो विश्वास नही था, भविष्यमे तुम भी खयाल रखना।

: ६६ :

डायरीसे– वर्धा १८–२–३७

सेगावमे पू बापूजीसे सम्मेलन-सभापति, काग्रेस-सभापति, जाजूजी, ग्राम-उद्योग कार्य, मेरी मानसिक स्थिति व कमजोरीके बारेमे बाते। फिर मिलकर खुलासेवार बाते करना।

: ६७ :

डायरीसे– सेगाव, २१–२–३७

बापूके साथ घूमते समय मन स्थिति, मनकी कमजोरी, ब्रह्मचर्य आदिके सबधमे बाते। स्थिति साफ तौरसे उदाहरण देकर कही। बापूने स्थिति समझी व थोडा उपाय बतलाया। फिर बाते होगी। हिन्दी साहित्य सम्मेलन तथा काग्रेसके सभापतित्व आदि सबसे अलग हट जानेके बारेमे बाते हुई।

: ६८ :

प्रिय कमल, जूहू (बम्बई), ३–६–३७

बापूजीको तुम्हारे विवाहमे ले जानेका आग्रह करनेका उत्साह नही होता है। वह तो वैसे ही कलकत्ता जाना पसन्द नही करते है।

* * * *

मेरा तो विचार है कि अगर तुम्हे जचे तो तुम दोनो भाई विवाहके पहले जैसे जनेऊ लेते है, वैसे ले लो। बापूजीने महादेवभाईके लडकेको व एक औरको इसी प्रकार दिलाया था सो मेरा भी मन करता है। फिर जैसी तुम्हारी मरजी।

: ६९ :

प्रिय जानकी, जुहू (बम्बई), १३–१०–३७

पूज्य बापूजी आ गये। वह तो टाईफाइडके सबसे बडे अनुभवी डाक्टर है। नर्सिंगका इन्तजाम खूब अच्छा रखना।

: ७० :

चि कमल, वर्धा, २–१२–३७

पू बापूजीका स्वास्थ्य इधर ज्यादा नरम रहता है। ब्लड प्रेशर सुबह २००-११४ होता था। दोपहरको कभी-कभी १५४-९० भी होता है। इतना

हमेशा रहे तो बहुत ठीक हो। डाक्टर लोगोको भी थोडी चिन्ता है। इन्हे पूरा आराम मिले इसका खयाल तो रखा जाता है। मै प्राय सेगावमे ही सोता हू। मुलाकात वगैरह बन्द है। यहा आराम नही हुआ तो फिर इन्हे समुद्रतट पर ले जाना पडेगा। वह तो जाना नही चाहते है। तुम चिन्ता न करना। ईश्वरको उनसे सेवा लेनी होगी तो कोई जोखम होनेवाली नही है।

: ७१ :

डायरीसे— वर्धा, ९–१–३८

सेगाव — बापूसे महादेवभाईके साथ बातचीत। उन्हे हरिपुरा काग्रेस तक पूरा आराम लेनेको कहा, परन्तु कोई फल नही निकला। बापूकी इच्छा मुताबिक महादेवभाई मुलाकात प्रोग्राम आदिकी व्यवस्था करेगे।

: ७२ :

डायरीसे— वर्धा, २६–१–३८

सेगाव — बापूसे सेगावका हिस्सा व अन्य इमारते आदि ग्राम-सेवा मडलको देनेके बारेमे विचार-विनिमय। बापूने अपना भावी कार्यक्रम व इच्छा बतलाई। उन्हे अब सेगाव छोडना नही है। फ्रटियर रहना पडे तो हिन्दू-मुस्लिम एकताके लिए विचारणीय है।

: ७३ :

डायरीसे— वर्धा, २९–१–३८

सेगाव — बापूसे सेगाव दान देनेके बारेमें बातचीत। मालगुजारीका हिस्सा दान देनेमे व्यावहारिक अडचन। बगीचा व जमीन दान देनेका निश्चय, वसन्त पचमीसे।

: ७४ :

डायरीसे— विठ्ठलनगर, हरिपुरा, १३–२–३८

सुभाषसे जितनी बाते हुई वे सब घूमते हुए बापूको सुना दी। उन्हे पसन्द आई। सुभाष बापूसे मिल लिये, वही बाते हुई।

: ७५ :

डायरीसे— विठ्ठलनगर, हरिपुरा, १६–२–३८

बापूके साथ बातचीत। मै वर्कीग कमेटीमे नही रहूगा, मुझे इसमेसे निकाले। उन्होने कबूल तो किया और हालत समझाई।

: ७६ :

डायरीसे— विठ्ठलनगर, हरिपुरा, २२–२–३८

बापूके जानेकी तैयारी। उनसे मिलना। बापूने अन्दर बुलवाया व मित्रोका तथा सुभाषबाबूका आग्रह कि मै वर्किंग कमेटीमे रहू, उन्होने चालू रखा। मैने इन्कार किया।

: ७७ :

डायरीमें- वर्धा, ३-३-३८

सेगाव – बापूके पास। विनोबा, महादेवभाई साथमें। बापूसे नागपुर प्रान्तिक कांग्रेस कमेटीसे त्यागपत्र देनेके बारेमें विचार-विनिमय। देर तक बापूने अपनी नीति कही, सब जवाबदार कार्यकर्ताओंको कांग्रेसमें सम्मिलित होना चाहिये।

: ७८ :

डायरीसे- डेलाग, २८-३-३८

बापूने हिन्दू-मुस्लिम दंगेके बारेमें जो प्रस्ताव रखा था, उस बारेमें मेरी शंकाओंका समाधान करते हुए एक घंटे करीब भाषण किया।

: ७९ :

डायरीसे- कलकत्ता, ३-४-३८

वर्किंग कमेटी ८ से ११-३० और २ से ७ तक हुई। दो से पांच तक बापूजीके साथ नागपुर-शरीफ प्रकरण चला। सुबह सुभाषबाबूके घर डॉ. खरेने जो परिस्थिति कही उससे तो स्थिति एकदम बदली हुई मालूम हुई। विचार-विनिमय। बापूजीके सामने मैंने मि. शरीफको यहां बुलानेके बारेमें जो विचार कहे, वे सरदारको बिलकुल पसन्द नहीं आये। कई और मित्रोंको बहुत पसन्द आये। खैर।

: ८० :

डायरीसे- वर्धा, १९-४-३८

सेगाव – बापूसे करीब सवा घंटा बातचीत। जयपुर प्रजा मंडल, खादी प्रदर्शनी, वर्किंग कमेटी, स्वास्थ्य व मानसिक स्थिति, महिला मंडल व परीक्षा, मानसिक अशांति व महर्षि रमण, इत्यादि प्रश्नोंपर विचार-विनिमय।

: ८१ :

डायरीसे- वर्धा, २२-४-३८

सेगावमें बापूने दिल खोलकर स्पष्ट तौरसे मनकी स्थिति, कमजोरीका वर्णन किया। बापूने जवाब दिया। अपनी स्थितिका वर्णन किया। किशोरलालभाई, राजकुमारी, प्यारेलाल, मीराबहन वगैरह वहां मौजूद थे। मन थोडा हलका भी हुआ व दुःख भी हुआ।

: ८२ :

डायरीसे- (रेलमें) सवाई माधोपुर, जयपुर, ३०-४-३८

जिनासे समझौतेकी जो बात चल रही है, उस बारेमें बापूने अपने विचार कहे। मिनिस्ट्रीके बारेमें विचार-विनिमय। फ्रंटियरके बारेमें

महादेवभाईका नोट पढा। थोडा दु:ख हुआ। बापूके पास ही नाश्ता किया। बापू अपनी निराशाकी बाते करते थे, मैं अपनी।

: ८३ :

डायरीमे— वर्धा, २३-६-३८

जानकीसे कहा कि बापूको कहकर मन हलका कर लो, परन्तु वैसा नही हो सका।

: ८४ :

डायरीसे— देहली, १-१०-३८

पू बापूके पास सरदार, घनश्यामदासजी, तीन बजेसे साढे चार बजे तक। सरदार वल्लभभाईका व मेरा मतभेद था, उसका खुलासा। आखिरमे यह भेद बहुत तीव्र स्वरूपका व दु:खदायक हो गया था। और तो कारण थे ही, यह भी एक कारण महत्वका था, जिससे वर्किंग कमेटीसे मुझे निकलना आवश्यक मालूम हुआ। पू बापूने स्वीकृति दी। त्यागपत्रके मसविदेमे थोडी दुरुस्ती बापूने की।

: ८५ :

डायरीमे— देहली, २-१०-३८

'वर्किंग कमेटीके पदसे त्यागपत्र दिया। बापूजीने सुन्दर व साफ तौरसे मेरी वकालत की। मैंने भी जो कहना था थोडेमे कहा। मेम्बर लोग स्वीकार करना नही चाहते थे। पू बापूने विश्वास दिलाया कि वह ठीक कर लेगे।

: ८६ :

डायरीसे— वर्धा, १७-१०-३८

सुभाषबाबूसे देर तक बातचीत। उनका आग्रहपूर्वक कहना था कि वर्किंग कमेटीसे मेरे त्यागपत्र स्वीकार करनेमे बहुत ज्यादा गलतफहमी फैलेगी। कई उदाहरण दिये। कमलसे बात हुई वह कही। वर्किंग कमेटीके सभी मेम्बरोकी इच्छा है कि मुझे त्यागपत्र नही देना चाहिये, इत्यादि। मैंने अपनी मानसिक स्थिति समझाकर कही। उन्होने आराम लेने व छुट्टी लेनेको कहा। उन्होने कहा, वह पू बापूको पत्र लिखेगे।'[1]

: ८७ :

डायरीसे— वर्धा, २७-११-३८

बापूसे बात करनेके नोट तैयार किये।

१ देखिए पृष्ठ ३६१-२, पत्र सख्या ३६।

सेगाव – बापूसे सवा घंटेके करीब बातचीत। मेरे जन्मदिनका पत्र[1] उन्हें नहीं मिला। आश्चर्य हुआ। प्यारेलालसे बातचीत। उसे भी पत्र नहीं मिला। बापूसे खुलासा।

मेरे त्यागपत्रोंके बारेमें वर्किंग कमेटीके समय मैं बाहर रह सकता हूं, उन्होंने कहा। जयपुरकी जिम्मेदारी नहीं छोडी जा सकती। नागपुरकी भी। परन्तु नागपुरकी तो शायद छोडी भी जा सकती है, अगर वह मेरा कहना न माने तो। राजकोटका उदाहरण जयपुर, उदयपुर, हैद्राबादको नहीं लागू करना चाहिये, बापूने साफ व जोरसे कहा।

: ८८ :

डायरीसे– मोरा-सागर, २८-२-३९

मुझे विनोबाके सत्संगमें अधिक रहना चाहिये। इसीमें मेरा मार्ग साफ निष्कंटक हो सकेगा व जीवनमें असली उत्साह प्राप्त हो सकेगा।

बापूके प्रेमका व उदारताका खयाल करता हूं तो अपनेको बहुत नीचा व नालायक समझने लगता हूं। बापूको समय बहुत कम मिलता है, इसलिए उनसे भी कई बार न्यायके मामलेमें गलतियां होती दिखाई देती हैं। परन्तु उनके मनमें द्वेष, ईर्षा, किसीका बिगाड हो यह वृत्ति न होनेसे उसका परिणाम ज्यादा कर ठीक ही होता है।

: ८९ :

डायरीसे– मोरा-सागर, ८-३-३९

बापूके उपवास करनेकी, छोडनेकी व राजकोटका मामला सुलझनेकी खबरें पढकर सुख मिला। दो तीन रोजसे जो निरुत्साह था, वह चला गया।

: ९० :

डायरीसे– मोरा-सागर, ३-५-३९

बापूने जयपुर-कैदियोंके बारेमें जो लिखा वह देखा। मेरा भी उल्लेख किया है। इन दिनोंमें मेरी तो इच्छा रही कि मेरे स्थान बदलनेके बारेमें या साथी देनेके बारेमें कोई भी कोशिश न हो तो ठीक रहे। अब लगता है कि मुझे यहांसे जल्दी ही दूसरे स्थान पर ले जावेंगे।

: ९१ :

डायरीसे– (जयपुर कैदी) कर्णावतोंका बाग, २-८-३९

आज दोपहरको स्वप्न आया कि महादेवभाई व पू बापू मुझे देखने आये। स्वास्थ्य व जयपुर स्थिति पर बातचीत। बादमें उन्होंने ए जी जी (राजपूताना रेजिडेंट) से मिलने जानेकी तैयारी की। इतनेमें आंख खुल गई।

१ देखिए पृष्ठ २०२-४, पत्र सख्या २६१।

: ९२ :

डायरीमें— वर्धा, १९-८-३९

सेगांव—बापूजीके पास गये। बापूजीने मेरे बारेमें डॉ भरूचा, जीवराजजी व डॉ मेहताकी रिपोर्ट ध्यानपूर्वक सुनी। विचार-विनिमयके बाद पूना रहकर डॉ मेहताकी देखरेखमें इलाज करानेकी बापूने सलाह दी। जयपुर जाना जरूरी है, इसलिए एक महीने तक इच्छा हो तो डॉ दासकी होमियोपैथिक चिकित्सा करके देख लूं। बापूने कहा, अनाज खाना एक बार बन्द कर दो। फल, साग, दूध लो। आजसे शुरू तो किया है।

: ९३ :

डायरीमें— वर्धा, २०-८-३९(?)

बापूके पास जाकर आये। जयपुर राज्य प्रजा मंडलके बारेमें नाममें थोड़ा परिवर्तन करना जरूरी मालूम दे तो कर लिया जावे। प्रजा मंडलके आफिस-बेअरर दूसरी राजनैतिक संस्थाके नहीं हों, यह बात बिल्कुल स्वीकार न की जावे। अगर अधिकारी लोग लड़ना ही चाहते हों तो हम लड़ेंगे। थोड़े चुने हुए साथियोंको लेकर मुझे स्वास्थ्यके लिए व संचालनके लिए बाहर रहना जरूरी होगा। त्रावणकोरमें सत्याग्रह करनेकी मैं इजाजत देनेवाला हूं। बाहरके लोगोंकी सलाह महासभाके प्रश्नके विरोधके बारेमें बापूको कहा। मेरे त्यागपत्र, कांग्रेस-सभापति, गान्धी सेवा संघ सभापतिके बारेमें विचार-विनिमय।

: ९४ :

डायरीसे— दिल्ली, ८-१०-३९

बापूके सामने वाइसरायसे मिलनेके बारेमें मौलानाने ना कहा। बापूको बुरा लगा। समझाना। मुझे तो मौलानाके कहनेमें सार मालूम हुआ।

बापूने शामकी प्रार्थनाके बाद खानगीमें अपनी कमजोरियोंका पूरा चित्र खोलकर कहा। उन्होंने हिम्मत व उत्साह दिलाया।

: ९५ :

डायरीसे— ८-१०-३९

वर्किंग कमेटी ८॥ से ११ व २ से ८ तक हुई। बापूका खुलासा दोपहरकी वर्किंग कमेटीमें ठीक रहा। लड़ाईके समय अगर ब्रिटिश सरकारने वर्किंग कमेटीकी मांग मंजूर कर ली तो बापूके व्यवहारका खुलासा ठीक हुआ। बापूको चोट तो खूब पहुंच रही है, परन्तु उपाय क्या?

देशी रियासतकी कार्यकारिणी जवाहरलालजीके सभापतित्वमें हुई। वहां १० बजे रात तक बैठना। जवाहरलालजीका स्टेटमेंट ठीक हुआ। मेरे

बारेमे भी जिक्र किया। वर्किंग कमेटी यह पोर्टफोलियो मुझे सौंपना चाहती है। बापूने मुझसे कहा, तब मैंने कहा कि मेरी अभी तैयारी नही है।

: ९६ :

डायरीसे— रामगढ कांग्रेस, १८–३–४०

वर्किंग कमेटी सुबह हुई। बादमे दोपहरको बापूकी उपस्थितिमे हुई। बापूको जवाबदारीसे मुक्त करनेके प्रस्तावको मौलाना, सरदार, जवाहरलाल वगैरहने नही माना। मै मुक्त करनेके पक्षमे था। प्रफुल्लबाबू, देव, पट्टाभी, और राजाजीकी राय मेरे साथ थी।

: ९७ :

डायरीसे— वर्धा, २२–३–४०

बापू रामगढसे आये, उनके साथ पैदल बगले तक आया। टॉगमे थोडा दर्द तो था ही। बापूने माके कान पकडे, माने बापूके कान पकडे। हँसा-हँसी।

: ९८ :

डायरीसे— पूना, २८–७–४०

ऑल इडिया काग्रेस कमेटी ८–१५ से ११–१५ तक व २ से ८–३० तक हुई। आज काम समाप्त हुआ। देहली प्रस्ताव पर मत पक्षमे ९५, विरुद्धमे ४७। तटस्थ नही गिने गये। सब मिलकर उपस्थिति १९० के करीब होनी चाहिये। प्रस्ताव पास तो हुआ, परन्तु मनमे समाधान नही मिला। जवाहरलालका भाषण ठीक हुआ। राजाजीका भाषण व जवाब तो ठीक था, परन्तु बापूके बारेमे अव्यवहारिक आदि समालोचना जो उन्होने व सरदारने की वह थोडी बुरी मालूम दी, क्योकि इन लोगोके मुहसे इन बीस वर्षोमे पहली बार ही इस प्रकार सुननेको मिला। वैसे तो मेरी भी राय इनके साथ ही थी, परन्तु वह कमजोरी आदिके कारणोको लेकर।

: ९९ :

डायरीसे— नई दिल्ली, १–१०–४०

बापूजीने शिमलाकी बातचीतका साराश कहा। बापूजीके साथ घूमना। नीचे लिखे प्रश्नोका खुलासा व उन्होने वाइसरायसे जयपुरके बारेमे बाते की, वे सुनी। वाइसराय व आजादीका खुलासा सुना। मुझे जयपुरकी स्थिति सुलझानेमे ही विशेष समय लगानेकी सलाह दी। राजा ज्ञाननाथजी चिढकर जेल आदि भेजे तो ठीक ही है। राजेन्द्रबाबूको सीकरमे ही आराम लेने देना। वर्किंग कमेटीमे न आनेसे चलेगा, कहा। खादीकी जो रकम बम्बईमे जमा हुई, उसमे राजस्थानकी रकम राजपूतानाके लिए ईअरमार्क करनेको मैने कहा। उन्होने सुन लिया – विरोध नही किया। एक लाख तक। भावी प्रोग्रामकी थोडी रूपरेखा समझी।

: १०० :

डायरीसे— वर्धा, १३-१०-४०

पू बापूके साथ पौनार। विनोबासे बातचीत। प्रथम सत्याग्रहीके नाते विचार-विनिमय। विनोबा अपना बयान तैयार करेगे। बापू स्टेटमेंट बनावेगे। विनोबा बापूसे ता १५ मगलवारको दो बजे मिलेगे। बादमे निश्चित होगा। बहुत करके पौनारसे विनोबा बुध या गुरुवारको सत्याग्रह शुरू करेगे।

: १०१ :

डायरीमे— नागपुर जेल, १५-१-४१

विनोबाके प्रति दिन-दिन श्रद्धा बढती ही जाती है। परमात्मा मुझे अगर इस देहसे उनकी श्रद्धाके योग्य बना सके तो वह दिन मेरे लिए धन्य होगा। मुझे दुनियामे बापू पिता व विनोबा गुरुका प्रेम दे सकते है, अगर मै अपनेको योग्य बना सकू तो।

: १०२ :

डायरीसे— नागपुर जेल, १४-५-४१

बापूजी इतना प्रेम क्यो करते है? विनोबा भी। बापूजीको मेरी इस बीमारीके कारण दो तीन रोज बहुत बेचैनी रही। डा दास कहते थे वे यहा मुझे देखने आनेको भी तैयार थे। परन्तु मेरे मना कराने पर व डॉ दासने भी कहा कि जरूरत नही है, तब नही आये।

१०३

डायरीसे— सेवाग्राम, १४-६-४१

बापूजीसे जेल जानेके बाद आज प्रथम बार खानगी बातचीत। किशोरलालभाई, राजकुमारी अमृत कौर, गोमतीबहन, डॉ सुशीला वहा थे। मैने अपनी मानसिक स्थिति कही। ता १४ मईको नागपुर जेलमे डायरीमे जो नोट किया था, वह पढकर सुनाया। अन्य विचार-विनिमय। बापूको डायरी सुनानेके बाद मन थोडा हलका हुआ।

: १०४ :

डायरीसे— सेवाग्राम, १९-६-४१

पू बापूसे स्वास्थ्य, प्रोग्राम, मन स्थिति पर थोडी देर बात। उनकी इच्छा यह रही कि इस समय मुझे यही रहना चाहिये। मुझे एकान्तमे १५-२० मिनट रोज कुछ समय तक देना सम्भव हो तो, जो समय बापूको अनुकूल हो, देनेको कहा।

: १०५ :

प्रिय जानकी, सेवाग्राम, २४-६-४१

पू. बापूसे, मौका लगने पर, मैं ही मेरे क्रोध आदि आने व मेरा व्यवहार तुम्हें प्रायः असन्तोष देनेवाला होता है, इत्यादिके बारेमें कहना चाहता हूं। तुम्हें तो कहनेका पूर्ण अधिकार है ही। कोई रास्ता निकल सके तो सन्तोष ही होगा। ज्यादा क्या लिखूं?

: १०६ :

डायरीमें– सेवाग्राम, २६-६-४१

पू. बापूसे आज घूमते समय व बादमें १० से ११ तक एकान्तमें मन स्थिति पर साफ-साफ बातें। अपनी स्थिति ज्यादा स्पष्ट तौरसे समझा सका। अब मुझे आशा हो गई है कि वे मेरी स्थिति पूरी तौरसे समझ गये हैं। परमात्माने चाहा तो कोई मार्ग निकल आवेगा।

: १०७ :

चि. मदू, शिमला वेस्ट, १९-७-४१

यहां एक तोफाबाई है। इसमें घरके सब लोग इतना प्रेम करते हैं व सेवा इतनी ज्यादा करते हैं कि सचमुच आश्चर्य होता है। तुम्हारी मा व बाप इतना प्रेम व सेवा पू. बापू, विनोबा या अन्य गुरुजनोंकी या बालकोंकी कर सकें तो कितना अच्छा हो! यह तोफाबाई[1] कौन है, यह पू. बापूसे पूछ लेना। वह जानते हैं। उनकी गोदमें भी बैठनेका इसे सौभाग्य मिला है।

: १०८ :

चि. मदू, शिमला वेस्ट, २४-७-४१

बापूको पत्र इसलिए नहीं लिखता कि उन्हें जवाब लिखना पड़ेगा। बहन तो रोज लिखती ही है। बापू भी उन्हें लिखते रहते हैं, फिर दुहेरा क्यों बापूका काम बढ़ाऊं? तुम कह ही देती होगी।

तुझे तो बापू ग्वारपाठेका पाक खिलाते हैं और मुझे पेट भरकर रोटी भी नहीं देते! मिठाईकी तो बात ही कहां? क्या यह इन्साफ है?

: १०९ :

चि. मदू, मनोर विले, शिमला, २८-७-४१

एक बात अगर तुम्हारी मा कर सके याने पू. बापूके ऊपर हृदयसे पूरी श्रद्धा बढ़ा सकें तो मुझे आशा है उसे खूब लाभ पहुंचेगा। बीच-बीचमें उसे बापूसे बात करनेका मौका मिलता रहे तो ठीक रहेगा। तुम भी इस बातका खयाल रखना। मैंने भी बापूको सूचित तो कर दिया है। बापू पर बोझ न

१ राजकुमारी अमृत कौरकी कुतियाका नाम।

पडते हुए उनके अनुभवोंमे हम लोगोंको लाभ अवश्य उठाना चाहिये। बापूसे ज्यादा शुद्ध प्रेम और कहामे मिलनेवाला है ?

११०

चि मद्दू, रायपुर ग्राट, देहरादून, २१–८–४१

मुझे बाप तो बापू मिल ही गये थे, मा आनन्दमयीजी मिल गई । अब भी मुझे शान्ति नही मिली तो मेरा ही कोई भारी पाप आडे आना सम्भव होगा। मुझे आशा है, शान्ति जरूर मिल जावेगी। मा आनन्दमयीसे मिलनेकी सूचना तो पूज्य बापूने ही की थी।

: १११ :

चि मद्दू, १०–९–४१

पू बापूजीसे मिलने पर खानपानके बधन थोडे ढीले करनेकी इच्छा है, अन्यथा सफरमे थोडा कष्ट होता है। खर्च भी ज्यादा आता है। मौका लगे तो मेरे पत्रका साराश पू बापूसे कह देना।

: ११२ :

डायरीसे– १–१–४२

पू बापू काग्रेससे अलग हुए। वह सब पढकर थोडा बुरा मालूम हुआ। परन्तु विचार करने पर लगा कि ठीक ही हुआ।

. ११३ :

डायरीसे– गोपुरी, १३–१–४२

वर्किंग कमेटी सुबह ९ से ११, दोपहरको २–१५ से ६–१५ तक हुई। दोपहरकी मीटिंगमें पू बापूजी भी आये। ठीक चर्चा, विचार-विनिमय हुआ। मेरे त्यागपत्रके बारेमे बापूजीने कहा कि मौलाना तथा अन्य सदस्योकी वृत्ति त्यागपत्र स्वीकार करनेकी नही है तो फिर मुझे इस समय आग्रह नहीं करना चाहिये। मै अपने मन पर बोझ नहीं रखू, इत्यादि।

परिशिष्ट ३

हिन्दी नवजीवन, यंग इंडिया, हरिजन सेवक तथा हरिजनसे जमनालालजी संबंधी चुने हुए अंश

THE ISSUE IN NAGPUR

In one of his memorable articles on Civil Disobedience Mahatma Gandhi has expressed his dream of ideal civil resisters They would be, he said, like flocks of innocent lamb, being led to the slaughter house, with full consciousness of the fact

* * * *

When I visited Nagpur last week, and when I saw batches of volunteers with the Swarajya Flag, being led to the scene of Satyagraha by Seth Jamnalalji, I saw with my own eyes the dream of Mahatmaji realised It was a privilege to watch these valiant bands march through the town to the Civil Lines, doomed to be arrested and led to prison They were marching cheerfully on

* * * *

The Mussalman community has also given more than its full quota, and the fair sex is also represented

And what is it that has drawn such devoted fighters to this movement? Surely it is the unique sacrifice of the men who are leading the movement, and their simple faith But no less is the justice of the cause responsible for the hearty response 'Surely you should not offend the susceptibilities of those who are devoted to the Union Jack?' was the question put to Shriyut Jamnalalji by one of the police officers Straight went the reply 'Why should they resent the Swarajya Flag? They might to-morrow resent my white cap and my Khadi dhoti Am I therefore to discard them when I enter those sacred precincts called *the Civil Lines*?' That is the position so truly put by the man, than whom no one has sacrificed more for the Constructive Programme, but who feels that even his absorbing interest in that programme should not allow him to swallow the insult

* * * *

I want to emphasise the fact that there is not a trace of aggression in Shriyut Jamnalalji's movement

* * * *

Here therefore is a fight which the rest of the country cannot look on with indifference or even amused interest I think the least that the All India Congress Committee can do is to set the seal of their approval on the Nagpur movement

* * * *

It is a fight which if it is fought to the finish is fraught with great potentialities It is a fight which will prepare people for an undertaking of a larger magnitude, viz, Mass Civil Disobedience I hope, therefore, that the Working Committee and the next All-India Congress Committee will give the question the consideration that it deserves

Young India, 17-5-23] —*Mahadev Desai*

GO TO NAGPUR

"I trust that by God's grace and the blessings of Bapu and all other elders I shall be able to pass the incarceration with courage and peaceful mind and utilise the time in spiritual meditation"

So wrote Jamnalal Bajaj, the beloved of the nation, on 16th June in a letter written the day before his arrest "There is every probability of the leading workers being arrested possibly before 18th instant," he said in the same letter, and the statement has proved true Those who have known Seth Jamnalal Bajaj and his work during these last three years, will understand the true sincerity and depth of feeling hidden in the simple words reproduced above which he wrote in expectation of his arrest Of Jamnalalji's generosity and unlimited readiness for sacrifice of any sort that the cause demanded, the nation knows No one had tasted like Jamnalalji the sweets of domestic happiness, wealth, position, influence and what is coveted by men more than anything else—friendship with the great and the powerful, in short everything that makes for abstinence from the sufferings and privations involved in the great enterprise initiated by Mahatmaji Yet in a moment he changed his life completely and spurning all the ease and pleasures that could be purchased by his wealth and the power and influence that lay at his feet he

plunged into the thick of the fight like the humblest worker Who can say our nation has not risen in stature?
Young India, 21-6-23] —*C Rajagopalachari*

धर्मवीर जमनालालजी

"जिस दिन मैं महात्माजीके पुत्र-वात्सल्यके योग्य हो सकूँगा, वही समय मेरे जीवनके लिए धन्य होगा। महात्माजीकी अनुपम दयासे अपनी कमजोरियोको तो कमसे कम थोडा वहुत पहचानने लगा हूँ।"

इन मृदुल वचनोमे मृदुल-हृदय जमनालालजीका सारा जीवन समा जाता है। दो वर्ष पहले, जब वे नागपुर-महासभाकी स्वागत-समितिके सभापति थे, मैंने उनका कुछ परिचय पाठकोको कराया था। पर आज मैं देखता हूँ कि उनके थोडे परिचयसे जमनालालजीका जो वर्णन मैंने किया था वह अब गाढ परिचय हो जाने पर भी, ज्योका त्यो बना हुआ है। इसकी कुजी है उनके जीवनकी सरलता। सिर्फ दो ही दिनके सहवाससे आप उन्हे पहचान सकते है और फिर वर्षो तक उनके सबधकी अपनी धारणाको बदलनेकी जरूरत आपको न रहेगी।

जमनालालजी स्वभावत बडे प्रेमी और उदार है। इससे जिन लोगोका साबका उनसे पडता है उनका हृदय वे अपने लडकपनसे ही जीतते आये है। धनाढ्य जनको आश्रित, खुशामदिये तथा अगरेजी हाकिम आम तौर पर घेरे रहते है। उन सबने उनकी अमियभरी चितवनका अनुभव किया है। पर वे यह मन्त्र लडकपनसे ही सीखे है कि लक्ष्मी दुर्लभ रत्न है। उसका नाश करनेसे दुलत्तियाँ खानी पडती है। वह तो तभी श्रेय कार्योमे बाधक नही हो सकती जब उसे अपने काबूमे रक्खा जाय। इसलिये वे तभीसे साधु-समागम करने लगे। "लक्ष्मीके बदौलत प्राप्त प्रतिष्ठा क्षणिक है, परन्तु सच्छील प्राप्त प्रतिष्ठा चिरस्थायी है," यह जानकर ही उन्होने लो तिलक, मालवीयजी, इत्यादिका समागम किया। 'जयन्ती अक' मे आप लिखते है-"इन सब महान् नरोका परिचय मेरे लिए लाभदायक हुआ, पर महात्माजीने तो मेरी मनोभूमिका ही बदल दी।" अनेक सत्पुरुषोका समागम करते करते बापूजी उन्हे मिले। उन्हे उन्होने अपना हृदय-देव बनाया। १७वी महासभाके समय उन्हे 'रायबहादुर' का खिताब मिला। कलकत्तेमे वे बापूजीके पास आकर कहते है-"मुझे आशीष दीजिएगा?" बापूजीने कहा-"आशीर्वाद क्या दूँ? इसका सदुपयोग करो। अपमान सचित करना आसान है, पर खिताबकी रक्षा करना मुश्किल है। खिताब बुरी चीज है। उसका सदुपयोगकी अपेक्षा दुरुपयोग ही अधिक होता है। आप हर मौके पर इसका सदुपयोग कीजिए। मै चाहता हूँ कि यह आपके उत्कर्ष और देशभक्तिके लिए

बाधक न हो।" सच पूछिए तो उसी दिन उन्होंने दीक्षा ली। उसके बाद दिन-पर-दिन उन्होंने अपना उत्कर्ष ही किया है—दिन-पर-दिन वे अपने गुरु, अपनेको पुनर्जन्म दिलानेवाले पिताके पात्र होनेके लिए अधिकाधिक योग्य होते गये हैं।

नागपुर-महासभाके समय वे अपनी 'रायबहादुरी' छोडकर राजनीतिके क्षेत्रमे उतरे। असहयोगके कामके लिए एक लाख रुपये बापूजीके चरणोमे अर्पण किये। उस समय उनके मनकी स्थिति अद्भुत थी। एक दिन बापूजीने मुझसे कहा' "इनकी नम्रताका तो कोई ठिकाना ही नही। मुझसे कहते हैं कि मुझे देवदासकी तरह मानिए। मुझे आज्ञा कीजिए, मेरी भूले सुधारिए, मुझे पाचवा पुत्र समझिए।" मित्र और स्नेहीके बदले वे नागपुरमे पाचवे पुत्र बने। उस दिन उनकी जिम्मेदारी पहलेसे अधिक बढी। उस दिनसे वे प्रत्येक काम करते समय अपने दिलसे यही पूछने लगे "बापूजी मुझे यदि यह काम करते समय देखे तो उनके दिल पर क्या असर हो?" और उनके अनुसार वे काम करते है। तबसे लेकर अबतकके उनके कार्योका रहस्य इससे जाना जा सकता है।

ये बहुत पढे-लिखे नही है। हिन्दी, मराठी, गुजराती थोडा-बहुत जानते है। कुछ ही दिनोंसे वे राजगोपालाचार्यजीके साथ वैसी ही टूटी-फूटी अगरेजी बोलना सीख गये है जैसी कि राजगोपालाचार्यजी टूटी-फूटी हिन्दी बोल लेते है। पर इस कमीसे, शानदार शिक्षाके अभावसे, उनका काम नही अटकता। उनकी व्यवहार-दक्षताको देखकर राजगोपालाचार्यजी ही नही, बल्कि विट्ठलभाई पटेल जैसे भी दग रह जाते है। पर जैसा कि मै ऊपर कह चुका हूँ यह बाहरी व्यवहार-दक्षता नही। उसके मूलमे उनका यही भाव रहता है कि—"यह काम बापूजीको पसद होगा या नही?" जो टाटा-कपनी मुल्शी-पेटावालो पर अत्याचार करती है, उसके शेअर कैसे भर सकता हूँ? कलकत्तेकी दुकानके सिलसिलेमे अदालतोमे बहुत जाना पडता है, इसलिए क्या कलकत्तेकी दुकानका काम बन्द कर देना ठीक नही? ऐसे सवाल ये बारबार पूछा करते है, और उत्तर प्राप्त करके उनका फैसला तुरन्त कर देते हैं।

उनके साथ रहने पर हम यह जान सकते हैं कि त्याग तो उनके लिए एक मामूली बात है। जब डाक आती है तब उनके पास बैठकर देखना चाहिए। एक भारी पुलन्दा डाकका आता है। सबके उत्तर तेजीसे लिखाते चले जाते है। कितने ही पत्र आर्थिक सहायता चाहनेवालोके होते हैं। "कहाँ काम करते है? कामके सबधमे इन्हे कोई पत्र लिखा है? फला शख्स बडा अच्छा काम कर रहा है। अच्छा, इतने रुपये भेज दो।" यह नित्यका काम है। बापूजी जेलमे गये। चन्देके बारेमे लोगोकी अश्रद्धा बढ गई। वे

शिथिल हो गये। उनकी श्रद्धा बढानेके लिए इसी भावसे उन्होने २॥ लाख रुपये 'सेवक सघ' स्थापित करनेके निमित्त निकाले है कि बापूजीके समयमे जितना त्याग किया उससे अधिक त्याग करनेकी अब आवश्यकता है। पर मै कह चुका हूँ कि त्याग तो उनके लिए एक मामूली बात है। लेकिन, त्यागसे मिलनेवाली शोहरत उन्हे पसद नही। वे ऐसा ही दान करनेमे आनन्द मानते है कि, 'दाहिने हाथकी खबर बाये हाथको न हो।' इस त्याग और दानसे अधिक बढी-चढी उनकी पूर्वोक्त प्रवृत्ति है—एक ही शब्दमे कहूँ तो उनका धर्म-भाव है। इस धर्म-भावके कारण वे यदि किसी दिन मनुष्य-जातिके लिए फकीर बन बैठे तो आश्चर्य नही। अमेरिकाके करोडपति लोग लाखो-करोडो रुपया दान करते है। पर उसमे उनका यह भाव प्राय रहता है कि इस अतुल सम्पत्तिका विनियोग किस प्रकार किया जाय। मानव-जातिके हितके लिए फकीर होनेका भाव शायद ही उनके दिलमे होता हो। जमनालालजीके त्यागमे यही विशेषता है।

आज जो वे असहयोग-आन्दोलनके सिद्धान्तो पर इस प्रकार अटल है उसकी कुजी उनका यही धर्म-भाव है। इसी कारण विट्ठलभाई और पण्डित मोतीलालजी जैसे मानते है कि हम सब लोगोको अपनी तरफ कर सकते है, पर इस बनियेको मिलाना मुश्किल है।

वे शान्तिके साथ खादीका काम करते थे। धन एकत्र कर लाते थे। व्याख्यानबाजीकी हवस तो उन्हे हो ही क्यो? और लडाईको न्योता देनेकी लालसा तो उससे भी कम। पर नागपुरमे ऐसी स्थिति आ खडी हुई जिसकी कल्पना भी उन्हे न थी। उन्होने अपनी शक्तिको तौलकर लडाईका शख फूँका।

'प्रारब्धचोत्तम जना न परित्यजन्ति' के भावसे वे लडाईमे कूदे और आज जेलमे बैठे हुए है।

जमनालालजी उन लोगोमेसे है जिन्हे साबरमती जेलसे बापूजीका पत्र मिलनेका सौभाग्य प्राप्त हुआ था। उनके नामका लबा पत्र[1] प्रकाशित करनेका मुझे अधिकार नही। पर उसका कुछ अश जो मदरासके 'स्वराज्य' मे आया है यहा दे देता हूँ। बापूजीने लिखा था –

"स्त्री, पुत्रादि, मित्र, परिग्रह, बन्धु ये सब सत्यके अधीन रहने चाहिए। सत्यकी खोज करते हुए यदि इन सबके सर्वथा त्याग करनेमे तत्पर रहे तभी सत्याग्रही हो सकते है। मै इसी हेतुसे इस आन्दोलनमे पडा हूँ कि इस धर्मका पालन अधिक आसानीसे हो जाय। और इसीलिए आप जैसोकी आहुति देते हुए हिचकिचाता नही। उसका बाहरी स्वरूप भारतीय स्वराज्य है।

१ देखिए पृष्ठ १५-२०, पत्र सख्या १७।

उसका सच्चा स्वरूप तो है प्रत्येक व्यक्तिका स्वराज्य। यह जो देर हो रही है उसका कारण यह है कि अभी एक भी ऐसा शुद्ध सत्याग्रही तैयार नही हुआ है। पर इससे घबडानेकी जरा भी आवश्यकता नही।"

भविष्यमें ऐसे आदर्श सत्याग्रही होनेवालोका दर्शन मै जमनालालजीमे करता हूँ। कायिक अहिंसा-परायण तो बहुत लोग होगे, परन्तु वाचिक अहिंसा-परायण कम लोग है। उनमे एक जमनालालजी भी है। सरकारी हाकिम उनके प्रेम-भावसे चक्करमे पड जाते है और मेरा ख्याल है कि उन्हें गिरफ्तार करते हुए उन्हे बहुत ही दुख हुआ होगा। ऐसे सत्याग्रहीका कारावास सच्चा कारावास है।

हिन्दी नवजीवन, २४-६-२३] — महादेव हरिभाई देसाई

नागपुर-संग्राम

"मै धर्म समझकर इसमें शामिल हुआ हूँ"

वर्धाका मेजिस्ट्रेट जमनालालजीको 'एक मशहूर षड्यन्त्री' की पदवी देता है, और फिर पुलिसके गवाहसे पूछता है—"यह जमनालाल कौन है?" उधर नागपुरमे इसी जमनालालको जेलमे बैठाकर उनपर मुकदमा चलानेका जोड-तोड हो रहा था। वर्धाके मेजिस्ट्रेटने जहाँ जमनालालजीको षड्यन्त्रका मुजरिम करार दे दिया, वहाँ नागपुरके मेजिस्ट्रेटने उन परसे 'षड्यन्त्र आदिका' आरोप उठा लिया! सिर्फ खिलाफ कानून लोगोका दल इकट्ठा करनेमे मदद करनेका जुर्म उनपर लगाया गया है।

* * * *

उनके मुकदमेकी एक मनोरजक घटना यहाँ दिये विना नही रहा जाता। जमनालालजीसे अनेक सवाल पूछे जाते थे। उनके जवाब वे हिन्दीमे देते थे। मि स्लोनीके साथ एक हिन्दुस्तानी मेजिस्ट्रेट दुभाषियेके तौर पर बैठा था। जमनालालजीने कहा—"मुझे जितनी कडी सजा दी जा सके उतनी दीजिए।" दुभाषिये मेजिस्ट्रेटने उसका जो तरजुमा किया उसका यह अर्थ होता था—"दूसरे सब लोगोमे मैने ज्यादा अपराध किया है, इसलिए मुझे सबसे अधिक सजा दीजिए।" सरकारी वकील चक्करमे पडा। उसने कहा—"जमनालालजीके कहनेका आशय तो यह मालूम होता है कि कानूनके अनुसार मुझे जितनी अधिक सजा दी जा सकती हो उतनी दीजिए।" इस बात पर चर्चा होने लगी। आखिर इन्साफ करनेका भार जमनालालजी पर पडा। उनसे पूछा गया — आपका आशय क्या था? जमनालालजीने शात भावसे उत्तर दिया, "दोनो बाते कहनेका भाव एक ही था।" मेजिस्ट्रेट दग रह गया।

* * * *

जमनालालजीकी शान्तिकी तो मर्यादा ही नही थी। उनका पेश किया गया बयान गभीरतासे भरा हुआ था। उसमे एक भी शब्द आवश्यकतासे अधिक नही था।

"मै धर्म समझकर इस आन्दोलनमे शरीक हुआ हूँ। धर्मके मार्गमे आनेवाले कष्टोको सहन करना मेरा परम कर्तव्य है। उन्हे सहन करनेके लिए ईश्वर मुझे पूरी शक्ति और उत्साह दे।"

हिन्दी नवजीवन, १–७–२३] —महादेव हरिभाई देसाई

JAMNALALJI

Seth Jamnalal Bajaj has been awarded rigorous imprisonment for eighteen months and a fine of Rs 3,000/- with a further term of four and a half months in default Almost every national worker in India knows him personally as an affectionate brother, and will be glad to know that he is happier today in prison than at any time before Words fail when the heart is full.

If there be any doubt still in any one's mind as to the Executive power carrying the magistracy as bond-maid, it will be cleared by the sentence imposed on Jamnalalji Government was not satisfied that the movement would die in six months So three counts had to be made up in order to get thrice the maximum sentence provided by the law So the indictment was laid that he was present and abetted on three days "I was present on many more days, not only on three," said innocent Jamnalalji, not knowing the purpose of the Magistrate

We were there the other day in the great big house of Sethji's It did not seem a big house when the large heart of its owner filled it with his presence But now it was so empty We had a meeting and on the platform for the first time his picture was installed This was enough to move the weaker among us to tears, which they tried to hide We appealed to the people not to let Jamnalalji's great sacrifice run to waste like water in desert sand Does Satan whisper in your ears about family, property, affairs, during this national struggle? Then think of Jamnalalji Had not Jamnalalji wife, children, property and affairs to manage? I have not seen any father love his children more than Jamnalalji I have rarely met men so fond of children whether they be his own or other people's It may be that this element of his character it was that impelled him to undertake suffering and imprisonment so readily What is this Government of ours under which the best of us, the rich and propertied and

men of responsibility, position, and education are in prison, instead of looking after their affairs? When I saw Jamnalalji inside the walls of Nagpur Jail the other day, I found him more happy and cheerful than at any time before, when he was in our miserable company There was a beautiful smile and a satisfaction in his face, which I had not seen before and which I truly envied
Young India 19-7-23] — C Rajagopalachari

भिक्षां देही

हजारो सैनिकोको नागपुर सत्याग्रहके युद्धमे भेजना हो तो कमसे कम पाँच लाख रुपये सिर्फ रेल-भाडेके चाहिए। यह कोई बहुत भारी रकम नही है। यदि चाहे तो एक ही मारवाडी भाई दे सकते है। महासभाके कार्यके लिए जब मैं जमनालालजीके साथ भारतमे घूमनेके लिए निकला, तब अनेक मारवाडी भाइयोसे मेरा परिचय हुआ था। मारवाडी महासभामे भी मैं हाजर था। मारवाडी जातिका जमनालालजी पर बेहद प्रेम मैने देखा। अपनी जातिकी उन्होने खूब सेवा की है। क्या इस समय जमनालालजीकी तपश्चर्या उनके मारवाडी भाइयोका दिल नही पिघलायेगी? मुझे विश्वास है कि यदि उस जातिको यह खबर पहुँचा दी जाय तो इतनी रकम तो आसानीसे मिल सकेगी।

हिन्दी नवजीवन, २२-७-२३] — वल्लभभाई पटेल

अलवर हत्याकांड

लोग जिसे 'अलवर हत्याकाड' कहते हैं उसके सम्बन्धमें कलकत्तेकी कार्यसमितिमे श्री जमनालाल बजाजने एक प्रस्ताव उपस्थित किया था कि एक जाँच-समिति नियत की जाय। बरसोसे महासभाकी यह परपरा चली आयी है कि वह देशी राज्योके भीतरी मामलोमें हस्तक्षेप न करे। कार्य-समितिके सदस्योने अनुभव किया कि यह परपरा अच्छी है और इसको तोडना नादानी होगी। तब श्री जमनालालजीने इस पर जोर न दिया। फिर भी मैंने उनसे यह कहा था कि मै य इ मे इस प्रश्नकी चर्चा करूँगा।

हिन्दी नवजीवन, २०-७-२५] — मो क गाधी

एक स्मरणीय विवाह

श्री जमनालाल बजाजकी पुत्री बहन कमलाबाईके विवाहकी विधि गत रविवार ता २८ को सत्याग्रहाश्रममें की गई थी। रूढि और परपराको अधिकसे अधिक पकड कर बैठी हुई मारवाडी कौमके अग्रगण्य नेता

श्री जमनालालजीने परपराका त्याग करके वडी सादगीके साथ, किसी भी प्रकार आडम्बरके विना, भोजनादिके बडे भारी खर्चके विना यह विधि होने दी, इसलिये श्री जमनालालजी और उनके सम्बन्धी श्री केशवदेवजी धन्यवादके पात्र है। इस अवसर पर श्री गाधीजीने वर-वधूको जो आशीर्वाद दिया, उसमें इसका महत्त्व स्पष्ट समझाया गया है और इस आदर्श विवाहके सम्बन्धमे उनके उद्‌गार प्रत्येक हिन्दूके लिए विचारणीय है –

"आप लोग, भाई और बहने दोनो, जो बाहरसे परिश्रम उठाकर रामेश्वरप्रसाद और कमला इन दोनोको आशीर्वाद देनेको आये हो, इससे मुझे आनन्द होता है और मैं आपको धन्यवाद भी देता हूँ।

* * * *

"जमनालालजीका और मेरा जो सम्बन्ध है वह तो आप खूब जानते ही है। हम दोनोमे यह निश्चय हुआ कि जितनी सादगीसे और कम खर्चसे विवाह कर सके करना चाहिए। इस तरहसे विवाहकी क्रिया करनी चाहिए कि जिससे दोनो पर ऐसा प्रभाव पडे कि वे विवाहका सच्चा अर्थ समझ सके। विवाहको आडम्बर-रहित बनाना, भोजनादिको और गान-तानको स्थान नही देना। ऐसा अच्छी तरहसे कहा हो सकता है? अगर बम्बईमें किया जाय तो मारवाडी समाजको और जमनालालजीके मित्रोको इससे पाठ मिलेगा। आजकल सुधारोके नामसे जो अधर्म चल रहा है, वह वायु नष्ट हो जावेगा। जो धर्म समझना चाहे उनके लिए दृष्टात हो जावेगा। परन्तु मुझे यह भय था कि जितनी सादगीके साथ यहा विवाह हो सकता है उतनी सादगीके साथ वहा नही हो सकेगा। इसकी दलीलोमे मैं उतरना नही चाहता। इसी कारणसे मैंने वर्धाको भी छोड दिया और बम्बईको भी छोड दिया। परन्तु इस कार्यको कैसे किया जाय? जमनालालजी और उनके माता-पिताकी सम्मतिसे ही काम नही चल सकता था। रामेश्वरप्रसादके वडील वर्गकी भी सम्मतिकी जरूरत थी। प्रभुका अनुग्रह था कि केशवदेवजीने भी इसे स्वीकार कर लिया।

* * * *

"हम दोनोने सोचा कि बिलकुल सादगीसे विवाह किया जाय। इसमें स्वार्थ और परमार्थ दोनो है। जमनालालजी और केशवदेवजीका, रामेश्वर-प्रसाद और कमलाका भला सोचना यह तो स्वार्थ, और दूसरोको मार्ग बताना यह परमार्थ। आप देखेंगे कि इस विवाहमे आडम्बर नही होगा। नाच-गान नही होगा, विवाहके समय केवल धार्मिक विधिया ही की जायेगी। आप लोगोको निमत्रण इस भावसे दिया गया है कि आप इसके साक्षी हो और इसमें आप सम्मत हो और ऐसी प्रतिज्ञा करे कि आप इसका अनुकरण करेगे।

* * * *

"अन्तमें मैं इन दोनोको आशीर्वाद देता हू कि ये दोनो दीर्घायु हो और अपने वडिलोको भी सुशोभित करे और धर्मकी रक्षा तथा देशकी सेवा करे।"
हिन्दी नवजीवन, ४-३-२६]

मुमुक्षु जमनालालजी

(१)

श्री जमनालालजीके जीवनचरितके लेखकने जब गाधीजीसे पूछा कि उनका जीवनचरित लिख सकते हैं कि नहीं, तब गाधीजीने उत्तर दिया कि सामान्य नियम तो यही है कि जीवित मनुष्योकी जीवनी लिखना उचित नही समझा जाता है, परन्तु मुमुक्षुकी जीवनी तो लिख सकते है, क्योकि उसमेंसे कुछ-न-कुछ नीतिकी शिक्षा मिलती है और श्री जमनालालजीको मैं मुमुक्षु या आत्मार्थी मानता हू।

यह आज्ञा मागनेवाले श्री रामनरेश त्रिपाठी थे। उन्होने सोचा कि अग्रवाल महासभाकी इस वर्षकी बैठकके जमनालालजी प्रमुख है और इस अवसर पर जमनालालजीका जीवन-परिचय मारवाडी भाइयोको करा देना अच्छा होगा। यह अवसर अच्छा था। और समयानुसार किया गया यह कार्य अवश्य प्रशसनीय है। त्रिपाठीजीको जमनालालजीका ठीक परिचय है और उन्होने इतना हाल इकट्ठा किया है, तब भी इस पुस्तकको जीवन-चरितका बडा नाम नही दे सकते हैं। जमनालालजीकी अवस्था ३७ वर्षकी है। कमसे कम ४०-५० वर्षकी लोक-सेवा तो उनकी राह देख ही रही है। और अबतकके थोडेसे जीवनमें भी जितनी लोक-सेवा अथवा लोक-सेवा द्वारा जो मोक्ष-साधन उन्होने किया है इतना अधिक है कि इस थोडेसे परिचयमे उसकी केवल भूमिका मात्र ही आ सकती है। इनका पूरा पूरा इतिहास यदि लिखने लगे तो सौ पृष्ठोकी पुस्तक कमसे कम ५०० पृष्ठोकी तो बन ही जाय। उदाहरणार्थ इनकी मारवाडी कौमकी सेवा ही ले लीजिए। यदि उसीका उल्लेख करने लग जाये तो मारवाडी कौमकी १० वर्ष पीछेकी दशा और आजकी दशाका सारा इतिहास ही बताना पडेगा। उन्होने महासभाकी सेवा किस प्रकारसे शुरू की, किस क्रमसे उन्होने अपना सेवाका छोटा क्षेत्र विस्तृत कर दिया, इसका सारा रोचक इतिहास देना पडेगा।

परन्तु जमनालालजीके जीवनकी दृष्टिसे ऐसे छोटे परिचयकी भी आवश्यकता है। उसका कारण स्पष्ट है। जमनालालजीके जीवनका आरम्भसे लेकर अबतक जो शान्त और स्थिर प्रवाह रहा है उससे भावी जीवनकी भी झलक मिलती है। जिस सिद्धान्तको उन्होने आज अपना लिया है उसको कार्यमें परिणत करनेका प्रयत्न तो वह खूब करेगे, परन्तु उन सिद्धान्तोसे

हटनेका मौका कदाचित् ही आवेगा। इसलिए यह छोटासा परिचय भी अनुचित नही है। जमनालालजीका जीवन दूसरे पुरुषोके समान वदलता नही रहा है। एक समय विलासी और व्यसनी रहनेके वाद पीछे फिर यकायक सयमी वन गये हो और जीवन विल्कुल वदल गया हो, ऐसा जमनालालजीके विषयमे कोई नही कह सकता। उनके जीवनने किसी भी समय पर यकायक पलटा नही खाया। उन्हे ईश्वरने धर्मवृत्ति जन्मसे ही दी थी। इस धर्मवृत्तिका दिन-प्रतिदिन अधिकाधिक विकास होता गया। जो दैवी सपत्ति मोक्ष देनेवाली होती है उस दैवी सपत्तिके वहुतसे लक्षण उनमें थोडे-वहुत अशमें सदा ही से दिखाई देते थे। अवसर आने पर और भी अधिक प्रकट होने लगे और वे उनमे विशेष रूपसे दृढ होने लगे।

यह वात कुछ विस्तारसे मैं इसलिए लिखता हू कि कोई ऐसा न समझे कि असहयोगमे जमनालालजी १९२१ मे शामिल हुए तवसे ही वे प्रसिद्ध हो गये, अथवा असहयोगमे आ जाना ही उनके जीवनकी वडी घटना है। यह वात तो इस छोटेसे परिचयमे भी वडी अच्छी रीतिसे वतलाई गई है। १९२१ पर्यंतका यानी जमनालालजीका ३०–३२ वर्षकी आयु तकका इतिहास भी वहुत रोचक है और वडा शिक्षाप्रद है। गरीव मा-वापके यहा सीकर नामकी रियासतमें एक वगैर कुवेवाले निर्जल गाँवमें वचपन गुजारा। वडी मुश्किलसे वच्छराज सेठने उनको गोद लिया। लडका गोद देने पर उनके माता-पिताने जन-कल्याणके लिए यह सौदा किया और वच्छराज सेठने यह वालक लेनेके वदलेमे गावमे एक वडा पक्का कुआ वनवा दिया। तवसे यह वालक वच्छराज सेठका हुआ और वर्धा चला गया। वचपनमें रोज इनको एक रुपया दुकानसे मिलता था। इसीमेंसे वचा वचा कर इन्होने जो धन इकट्ठा किया उसमेंसे १०० रुपयेका सोलह वर्षकी छोटी उम्रमे ही एक छापखानेको दान दिया।[1] उन्होने एक दफा कहा था कि यह सौ देनेमे मेरी छाती ऐसी फूली कि वैसी कभी फिर लाख देनेमें भी नही फूली। इस समय भी भोग-विलासमे इनकी रुचि न थी। सतरह वर्षकी छोटी उम्रमे किये हुए उनके एक और कार्यमे दैवी सपत्तिके करीव करीव सव लक्षण — अभय, अहिंसा, सत्य, शाति, तेज, क्षमा और धृति— मौजूद थे। भावी जमनालालजीका उसी एक प्रसगमें पूरा पूरा दर्शन होता है। उनके यह नये पिता वडे क्रोधी थे। जरा जरासी वातमे उनका मिजाज विगड जाता था और हर किसी आदमीका अपमान कर वैठते थे। एक दिन इन्होने जमनालालजीका भी वैसा ही अपमान किया और अपनी दी हुई धन-दौलतके छीन लेनेकी धमकी दी और वडे कठोर वचन कहे। इस पर इन्होने पिताको जो पत्र लिखा वह

१ यह दान १९०६ में, लोकमान्य तिलकके 'केसरी' पत्रका हिन्दी सस्करण नागपुरसे निकालनेका तय हुआ, तव उसे दिया गया था।

वैसाका वैसा उद्धृत करने योग्य है और उसमे ऊपर कहे गये सब लक्षण स्पष्ट दिखाई देते हैं। पत्र मारवाडी भाषामे है इसलिए मारवाडीमें ही देते हैं।[1]

॥ श्री गणेशजी ॥

"सिद्धश्री वर्धा शुभस्थान पूज्य श्री बच्छराजजी रामधनदाससे चि. जमनका चरणस्पर्श। सर्वत्र श्री लक्ष्मीनारायणजी महाराज सदा सहाय हैं। समाचार एक निगाह करें। आप आज मुझ पर निहायत नाराज हो गये सो कोई चिन्ता नहीं। श्री ठाकुरजीकी मर्जी। मैं गोद लिया हुआ था तब आपने ऐसा कहा। पर आपका कुछ भी कसूर नहीं है। कसूर है उनका, जिन्होंने मुझे गोद दिया।

"आपने कहा, नालिश करो, सो ठीक। पर मेरा आप पर कोई कर्ज तो नहीं है। आपका कमाया हुआ पैसा है। आपकी खुशी हो सो करें। मेरा आप पर कुछ अधिकार नहीं।

"आजतक मेरी बाबत या मेरे लिए जो कुछ आपका खर्च हुआ सो हुआ। आजके बाद आपसे एक छदाम-कौडी भी मैं लूगा नहीं, और न मगाऊगा ही। आप अपने मनमे किसी किस्मका खयाल न करें। आपकी तरफ आजसे मेरा किसी तरहका हक नहीं रहा है। श्री लक्ष्मीनारायणजीसे मेरी अर्ज है कि आपका शरीर ठीक रखें और आपको अभी बीस-पचीस वर्ष तक कायम रखें। मैं जहा जाऊगा, वहींसे आपके लिए ठाकुरजीसे इसी प्रकार विनती करता रहूगा। मुझसे आजतक जो कुछ कसूर हुआ वह माफ करें।

"आपके मनमें यह हो कि सब पैसोंके साथी हैं, और यह भी पैसेके लिए सेवा करता है, सो मेरे मनमें तो आपके पैसेकी चाह बिलकुल नहीं है। और ठाकुरजी करेंगे तो आपके पैसेकी भविष्यमे भी मनमे आयगी नहीं, क्योंकि मेरी तकदीर मेरे साथ है। और पैसे मेरे पास हों भी तो मैं क्या करूगा? मुझे तो पैसोंके नजदीक रहनेकी बिलकुल परवा नहीं है। आपकी दयासे श्री ठाकुरजीका भजन-सुमरन जो कुछ होगा सो करूगा, जिससे इस जन्ममें सुख पाऊ और अगले जन्ममे भी। आप प्रसन्न-चित्त रहें। किसी किस्मकी फिक्र न करें। सब झूठे नाते हैं। न कोई किसीका पोता है, न कोई किसीका दादा। सब अपने अपने सुखके साथी हैं। सब झूठा पसारा है। आप अभी तक मायाजालमें फस रहे हैं। मैं आज आपके उपदेशसे मायाजालसे छूट गया। आगे श्री भगवान ससारसे बचावे।

"अपने मनमें आप इस तरह कदापि न समझें कि हमारे पर नालिश-फरियाद करेगा। मैंने अपनी राजी-खुशीसे टिकिट लगाकर सही कर दी है कि आप पर अथवा आपकी स्टेट, पैसे, रुपये, गहना-गाठी आदि किसी सामान

१ यद्यपि 'नवजीवन'में यह पत्र मारवाडी भाषामें ही छपा था, तथापि यहां उसका हिन्दी अनुवाद दिया जाता है।

पर, आजसे मेरा कतई हक नही रहा है। और मेरे हाथका न कोई कर्ज बाकी है। किसीका एक पैसा भी देना नही है।

"अन्य समाचार कुछ है नही। समाचार तो बहुत है, पर मेरेसे लिखे नही जाते।

"सवत् १९६४ मिती वैशाख कृष्ण २, मगलवार। पूज्य श्री १०५ दादाजी श्री बच्छराजजीसे जमनका चरणस्पर्श।

"बहुत बहुत सम्मानसे। आपकी तरफ मेरा कोई रीतका लेन-देन नही रहा है। श्री ठाकुरजीके मन्दिरका काम बराबर चलावे। आपसे दान-धर्म जो बने सो खूब करते जावे। ब्राह्मण साधुको गाली बिलकुल न दें। और किसीको भी हाथका उत्तर दे, मुहका उत्तर नही। ज्यादा क्या लिखू ? इतनेमे ही समझ ले।

"और मै आपकी कोई चीज साथ नही लूगा। सब यही छोड जाता हू। सिर्फ अग पर कपडे पहने हू।"

इस पत्रका असर क्या हुआ होगा, यह बताना कुछ कठिन नही है। सेठ बच्छराजजीका कण्ठ रुध गया और वह बडे प्रेमसे जमनालालजीको मना लाये। गया हुआ रत्न फिर पा लिया। "म्हाने तो पीसा नजीक रहनेकी बिलकुल परवा छे नही"—यह वचन 'अर्थमनर्थं भावय नित्यं' समझके चलनेवालेका वचन है, और इस बातको समझनेवालेका जीवन कैसा बनेगा, इसकी आज कल्पना करना मुश्किल है।

हिन्दी नवजीवन, ८-७-२६]　　　　　　　　　　　— महादेव हरिभाई देसाई

मुमुक्षु जमनालालजी

(२)

बच्छराजजी ४½ लाख रुपया छोड गये थे, परन्तु जमनालालजीने अपनी व्यापार-दक्षतासे, जो उन्होने किसी विद्यालयमे पढ कर नही, परन्तु अनुभवसे प्राप्त की थी, चारसे चौवीस लाख कमाये। और इन चौवीस लाख कमानेमे असत्यसे जितने दूर यह रहे उतना कदाचित् ही कोई दूर रहा होगा।

*　　*　　*　　*

जिस विवेकसे उन्होने धन कमाया उसी विवेकसे उन्होने अपने धनका दान दिया। लाखो रुपया देकर 'सर' हो सकते थे। प्रवाहके अनुसार युनिवर्सिटीम स्कॉलरशिप देकर और सरकारको सरकारी सस्थाओके स्थापनार्थ धन देकर वे मान पा सकते थे। परतु असहयोगी होनेके पहलेसे उनमे सच्ची विवेक-बुद्धिसे व्यवहार चलानेका स्वभाव था। हा, यह बात ठीक है कि असहयोगने उनका क्षेत्र बढा दिया। वे कुल अपने ११ लाख

रुपयेका दान देनेमें वहुत विवेकपूर्ण रहे हैं। सर जगदीशचन्द्र बोसकी विज्ञान-शालाके लिए ३५,००० दिया और काशी विश्वविद्यालयके पुस्तकालयके लिए ५१,००० का दान दिया। इनीमे उनके विवेक और दूरदर्शिताका पता लग जाता है। ११ लाख रुपयेके दानमेंसे केवल दो लाखके करीव उन्होंने अपने समाजके लिए दिया। मुसलमानोको ही २१ हजारका दान दिया।

असहयोगी होनेसे पहलेसे ही आप बडी निर्भयताका व्यवहार करते रहे है। गवर्नरने एक बार आपको दरबारमे बुलाया और इस अवसर पर एक विशेष पोशाक ही पहन कर जानेकी आपको सूचना मिली। आपने वह पोशाक पहननेसे इन्कार कर दिया। आखिरकार आपसे कहा गया कि आप जिस तरह चाहे, आवे। गवर्नरको पार्टी देनेके समय भी आपने कलक्टरको साफ कहला भेजा कि अडे, मास या शराब न दिया जायगा। भारत सचिव मिस्टर मॉटेग्यु जिस समय भारतवर्षमे आये थे, दरभगाके महाराजा सनातनधर्मियोका एक डेप्युटेशन उनके पास ले जाना चाहते थे। जमना-लालजीने उनको लिखा कि यदि आप लोग भारत-सचिवके सामने यह माग रक्खे कि लश्करके लिए जो गोवध होना है वह वन्द हो जाय तो मैं डेप्युटेशनमें शामिल हो सकता हू। महाराजा दरभंगाने यह बात स्वीकार नहीं की और इसलिए आप डेप्युटेशनमें सम्मिलित नहीं हुए। वर्दवानके महाराजाने जमी-दारोके डेप्युटेशनमें सम्मिलित होनेका आपको न्यौता भेजा, परन्तु इसको खुशामदियोका डेप्युटेशन समझ कर आप उसमे सम्मिलित नही हुए। रेलमे सफर करते समय भी 'टामियो' से न डर कर उन्हे डाट दिया करते थे और एक असभ्य यूरोपीयनको तो एक दफा लात मारनेको भी तैयार हो गये थे। यह सब आपकी असहयोगके पहलेकी निडरताके नमूने है।

सेवा द्वारा मोक्ष पानेकी इच्छा आपको पहले ही से थी। एक ब्रह्म-मार्गी सन्यासीका सत्सग कई वर्षोसे आप करते आये और अब भी आप उनकी सेवा करते है। अब भी अकसर हर शुभ कार्यमे आप उनका आशीर्वाद माग कर ही हाथ डालते है। उनमें निर्भयता, वीरता, धर्मबुद्धि और सेवाभाव तो पहले ही से मौजूद थे, परन्तु गाधीजीके सत्सगसे वह और विस्तृत हो गये है। ससारके प्रत्येक व्यवहारमे हर कामको वे धर्मके तराजू पर तौल लेते है। असहयोगी होने पर नये नये सिद्धान्तोके पालन करनेका भार बढा और उनकी सत्यनिष्ठाने उनके सम्मुख कई एक नयी नयी समस्यायें खडी कर दी। टाटा कम्पनी मुलशी पेटावालो पर अत्याचार कर रही है तो फिर उस कपनीके शेयर मैं कैसे रख सकता हू? कलकत्ताके व्यापारके कारण वार बार अदालतमे जाना पडता है तब फिर वहाका व्यापार वन्द ही क्यो न कर दू? मै अस्पृश्यतामे विश्वास नही रखता हू, यह लोगोको किस तरह बताऊ? बहुतसी रीतरिवाजोको मैं बुरा समझता हू तो फिर लडकीके विवाहमें ही उनको तिलाजलि क्यो न दे दू?

आप गरीबसे गरीबके साथ एकसा व्यवहार करते है और भरसक गरीबीसे रहनेका प्रयत्न करते है। ऐसे ही बहुतसे प्रश्नोको उन्होने स्वय बडे कष्ट सहन करके हल किया। ऐसे प्रयत्नोके कई एक वर्णन इस जीवन परिचयमे आये है और ऐसे सैकडो प्रसग उनके भविष्यके जीवनचरितमे लिखे जा सकते है। एक छोटीसी बात है, परन्तु यहा बिना लिखे जी नही मानता। खादीका व्रत खद्दर पहननेमे है, परन्तु जो चरखा-सघके सभ्य है, और रात दिन खद्दरका प्रचार करते है, वे दूसरे कामोके लिए भी खद्दरको छोडकर और दूसरे कपडेका उपयोग किस प्रकार कर सकते है? वर्धामे एक नया ही प्रश्न खडा हुआ। घरमे ५०—१०० निवाडके पलग थे। वैसे घरमे श्रीमती जानकीबाई और बालक सभी नखशिख खद्दर पहनते थे और सूत भी कातते थे, परतु किसीको इस निवाडका कभी ध्यान नही आया। जमनालालजीने कहा कि यह मिलके सूतके निवाडवाले पलग काममे लानेकी क्या जरूरत है? व्यवहार कुशल जानकीदेवीने कहा "आपके लिए हाथोसे काते हुए सूतको निवाडका पलग आया जाता है, परन्तु घरमे बहुतसे पलगोकी निवाड है उसको व्यर्थ नष्ट न कीजिये। परन्तु जमनालालजीने निश्चय कर लिया था कि घरमे मिलके सूतकी निवाडवाले पलग नही रक्खेगे।

इस पुस्तकका परिचय मै अधिक लम्बा बनाना नही चाहता हू। इसी प्रकारके बहुतसे उदाहरण जो पुस्तकमें नही आये है, दिये जा सकते है। परन्तु उनके लिए यहा स्थान नही। उनकी असहयोगकी प्रवृत्ति आज ससारको विदित है। राय-बहादुर और आनररी मेजिस्ट्रेटीको तिलाजलि देकर देशके खजाची बन कर महासभाकी कार्यकारिणी समितिमे काम किया। अपना व्यापार-धन्धा कम करके तीन वर्ष तक देशमे भ्रमण किया। नागपुर-सत्याग्रहका सचालन करते हुए स्वय जेलमे गये। हिन्दू-मुसलमानोके झगडेमे मुसलमानोको बचानेमे स्वय जख्मी हुए। खद्दरके कामका व्रत धारण किया और गोरक्षाका प्रश्न हाथमे लिया। गोरक्षा और खद्दरका वाणिज्य—वैश्यके इन दोनो धन्धोको—उत्साहपूर्वक उठा लेनेके लिए मारवाडी समाजसे आग्रह किया। ये सब बाते सब समाचारपत्र पढनेवाले अच्छी तरह जानते है। इन सब बातोका इस पुस्तकमे वर्णन आ गया है, परन्तु उनके जीवनकी सारी जटिल समस्याओ अथवा अपनी धर्मपत्नीके प्रति व्यवहारकी सारी कहानी तो उनके विस्तृत जीवन-चरितमे ही लिखी जा सकती है। भविष्यमे जमनालालजी क्या करेगे, यह जाननेके लिए यह छोटीसी पुस्तक भी लाभदायक हो सकती है। हमारी सबकी यही प्रार्थना है कि जिस ध्येयके लिए जमनालालजीने अपना जीवन समर्पण किया है उसमे उन्हे दिन-प्रतिदिन सफलता प्राप्त हो।

हिन्दी नवजीवन, १५—७—२६] — महादेव हरिभाई देसाई

A TRIUMPH OF JUSTICE

There is in Wardha a well-known and very well decorated shrine dedicated to Shri Lakshminarayan It was built by Seth Jamnalalji's grandfather It is a private temple made accessible to the public Jamnalalji has been endeavouring to have this temple available to the so-called untouchables also, as he has been trying with great success to have wells in Wardha made accessible to them and generally to procure for them all the facilities available to the other classes He had difficulty with the trustees in bringing them round to his view that this select temple should be thrown open to those whom blind orthodoxy has suppressed Success has at last attended his effort On the 17th inst the trustees unanimously passed the following resolution

"Whereas the question of admitting the so-called untouchables inside the temple of Shri Lakshminarayan has been before the committee on several occasions * * * the trustees hereby resolve * * * that the above named temple dedicated to Shri Lakshminarayan in Wardha be declared open to the 'Untouchables' and that the managing trustee, Seth Jamnalalji Bajaj be authorized to enforce this resolution in such manner as may appear to him to be best"

* * * *

It is a striking demonstration of the tremendous headway that the movement against untouchability has made It shows too what quiet determination and persistence can do to create healthy public opinion in favour of a genuine movement for reform I congratulate Seth Jamnalalji and his fellow trustees on the bold step that they have taken and hope that this example will be followed all over India

Young India, 26-7-28] —*M K Gandhi*

शास्त्रके अनुकूल

भारत-भूषण पडित मदनमोहन मालवीयजी सनातन धर्मके स्तभ हैं। उन्होंने वर्धामें श्री लक्ष्मीनारायण देवस्थानके बारेमें श्री जमनालालजीको निम्नलिखित पत्र लिखा है —

"आपने अपने भगवद्भक्त पूर्वजोंके स्थापित किये भगवान लक्ष्मीनारायण मदिरमें ब्राह्मणसे लेकर चाण्डाल पर्यन्त सब श्रद्धालु भाइयोको जगत्पिताकी पावन मूर्तिका दर्शन करनेकी स्वतत्रता दी और कूवे बनवाये

उनपर सब जातिके भाइयोको स्वच्छ बरतनसे पानी भरनेका अधिकार दिया, यह सुनकर मुझको बहुत सतोष हुआ। आपके ये दोनो काम शास्त्रके सर्वथा अनुकूल है और घट घट वासी विश्वात्मा इससे प्रसन्न होगा।"

हिन्दी नवजीवन, २३–८–२८] –मो क गाधी

रूढ़िपंथियोंसे मुठभेड़

इस आश्रमके सरक्षक श्रीयुत जमनालालजी बजाजने अपने पूर्वजो द्वारा स्थापित श्री लक्ष्मीनारायण देवस्थानमे अछूतोको भी प्रवेशाधिकार देकर रूढिपथियोके क्रोधको आमन्त्रित कर लिया है। इस पर चिढकर उन्होने सेठजीको जाति-बहिष्कृत कर दिया है। मगर इसका सेठजी पर कुछ असर तो पडा ही नही, बल्कि उल्टे वे एक पग और आगे बढकर रेवाडीमें अछूत लडकोका पकाया भोजन कर आये। इसी सम्बन्धमे मारवाडी अग्रवालोका एक शिष्ट मण्डल गाधीजीके पास आया था। इनकी शिकायत यह थी · "हम तो जमनालालजीके विधवा-विवाह, बाल-विवाह-निषेध आदि समाज-सुधार सम्बन्धी कामोमे उन्हे सहायता देना चाहते है। वे मन्दिरमे भले ही अछूतोको भी जाने दें। हम वह भी सह लेगे। मगर अछूतोके हाथका भोजन करना तो असह्य है। जब हम उनके लिए इतना आगे बढते है तो उन्हे भी तो हमारे लिए कुछ करना चाहिए।"

जमनालालजी बोले, "जब मै यहाँ आश्रममें अछूतोके साथ छूतछात नही रखता तो बाहर किस मुहसे रख सकता हूँ ?"

मण्डलने कहा, "आप आश्रममे कुछ भी कीजिए। आश्रम तो जगन्नाथ-पुरी है। मगर बाहर तो समाजका कुछ खयाल रखिए।"

गाधीजीने टोक कर पूछा कि मण्डलका एतराज धार्मिक है या सामाजिक रूढि है और मण्डलके यह कहने पर कि हम तो सामाजिक परपराके आधार पर उज्र करते है, गाधीजीने यो समझाया –

"तब तो आपको सेठजीका आचरण सह लेना चाहिए। अगर आप अपवित्रतासे रहनेवाले अछूतोका छुआ खानेका विरोध करते तो ठीक था। मगर केवल किसी खास परिवारमे जन्म लेनेके ही कारण किसीको अछूत मानना तो धर्मको ही इन्कार करना है। मै कबूल करता हू कि समाजकी रक्षाके लिए सामाजिक परपराको मान लेना चाहिए, चाहे हमे व्यक्तिगत रूपमें भले ही उसका पालन करनेकी आवश्यकता न जान पडे। मगर जब कि वह परपरा अत्याचारी हो जाय, तब भी उसे मान देनेसे तो मौत ही आती है। जमनालालजीने अपने लिए बडा कार्यक्षेत्र चुना है। वे किसी खास समाजमे ही अपनेको डुबा नही दे सकते। उनके लिए सारा ससार परिवार है और सारे मनुष्य-समाजकी सेवाके द्वारा ही वे अपने समाजकी सेवा कर सकते है।

इसलिए जमनालालजीको आप उनके अपने रास्ते जाने दीजिए। विरोधको हम प्रेमके द्वारा ही जीत सकते है। असत्य पर, सत्यको छोडकर नही, बल्कि सत्यके ही द्वारा विजय प्राप्त कर सकते हैं। हम जरा अपने समाजकी ओर नजर दौडावे। इसलिए हम तपस्या करके, अपने अधिकारोके लिए कष्ट सहकर, पचोको सुधारे। जमनालालजी यही तो कर रहे हैं। अगर आप उनका अनुकरण नही कर सकते तो उन्हे आशीर्वाद तो दीजिए। एक दिन वह भी जरूर आवेगा जब केवल आप ही नही, बल्कि कट्टर लोग भी इसे स्वीकार करेगे कि जमनालालजीने अपने कामोसे हिन्दू धर्मकी बडीसे बडी सेवा की ह और इसके लिए आगे आनेवाली पीढिया उन्हे असीसेगी, धन्यवाद देगी।"

जान पडता था कि गाधीजीके दिलसे निकली हुई सच्ची अपीलका प्रभाव श्रोताओ पर खूब ही पडा।

हिन्दी नवजीवन, ६-१२-२८] — प्यारेलाल

HINDI IN THE SOUTH

Sjt Jamnalalji's tour in the South on behalf of Hindi should result in a double response in men and women desirous of learning Hindi and in contributions for conducting the Hindi Prachar Office Accounts received from Madras show that Sjt Jamnalalji's earnestness is producing the desired effect

Young India, 31-1-29] —*M K Gandhi*

HINDI IN EXTREME SOUTH

From Trivandrum Sjt Sesha Iyer, President of the Kerala Hindi Prachar Conference, writes to say that this conference was held at Ernakulam (Cochin) on 10th February last where the following resolution was unanimously adopted

"This conference expresses its deep sense of gratitude to Gandhiji and Seth Jamnalal Bajaj for their untiring efforts in pushing on the Hindi Movement in South India and trying to make Hindi the National Language of India, and urges on all patriotic sons and daughters of India to help the movement by studying the language themselves and also by contributing to the Central Fund"

I have not published this resolution to advertise either myself or Seth Jamnalalji or the parties to the resolution Everybody knows my keenness about Hindi Prachar in the South Seth Jamnalalji was a confirmed lover of Hindi before I returned to India in 1915 His tour in the South has given a fresh impetus to Hindi propaganda there

Young India, 7-3-29] —*M K Gandhi*

सेठ जमनालालजीका सत्कार्य

एक स्वाभिमानी पुरुषके नाते सेठ जमनालालजीने पण्डित सुदरलालजीकी 'भारतमे अग्रेजी राज्य' पुस्तकके सम्बन्धमे बम्बई-पुलिसके डिप्टी कमिश्नरकी प्रार्थनाका जो उत्तर दिया है, वह सर्वथा उनके अनुरूप ही ह। उनका कहना सच है कि युक्त प्रान्तीय सरकारकी यह कार्रवाई 'निरकुश और अन्याय्य है,' और पुस्तकको लेकर देश-भरम मकानोकी जो तलाशी ली गई ह वह 'अत्यन्त अपमानजनक, आक्षेपयोग्य और वदलेकी भावनासे पूर्ण है।' वह कहते है कि उन्होने पुस्तक पढी है और उनकी रायमे वह न केवल विलकुल 'निर्दोष ही है, वल्कि अहिंसाका पाठ पढानेका एक स्तुत्य प्रयत्न भी है।' उनके विश्वास दिलाने पर भी कि पुस्तक न उनके मकानमे है, न कार्यालयमे, पुलिसका दोनोकी तलाशी लेना, इस वातका एक योग्य प्रमाण है कि जमनालालजीने पुलिसके कार्योको जिन शब्दोमे निन्दा की है, वे उचित ही है। इस खानातलाशीका मकसद पुस्तककी तलाशी न थी, वल्कि जमनालालजीकी वेइज्जती करना था। ऐसे अपमानोका उचित उत्तर तो यही होना चाहिये कि जिन लोगोके पास पण्डित सुदरलाल-जीकी पुस्तक है, वे उसकी इत्तिला अपने जिलेके पुलिस दफ्तरमें दे दे, समाचार-पत्रोमे छपा दे, और सरकारको तलाशी लेने या मुकदमा चलाने या दोनोके लिए चुनौती दे। अगर जनता इस नीतिको अपनाकर चलेगी, और यदि अवतक भी पुस्तककी कई प्रतियाँ लापता होगी तो सरकारको जल्दी ही पता चल जायगा कि इस तरह लगातार असख्य मकानोकी निरर्थक खानातलाशी लेते रहना अपनी हँसाई आप कराना है।

हिन्दी नवजीवन, २०–६–२९] —मो क गाधी

ANTI-UNTOUCHABILITY CAMPAIGN

Sjt. Jamnalalji, the Secretary of the Congress Anti-Untouchability Committee, has succeeded in having the famous Dattatreya temple of Ellichpur, the former capital of Berar, thrown open to the so-called untouchables He performed the opening ceremony before a distinguished gathering on 31st July last

* * * *

The organisers of the ceremony deserve congratulations for the service they have rendered to Hinduism and the nation Let us hope that Jamnalalji will be able to induce the trustees of other temples to follow the example of Wardha and now of Ellichpur

Young India, 29-8-29] —*M. K Gandhi*

APPEAL TO TEMPLE TRUSTEES

Sjt Jamnalalji in his capacity as Hony Secretary, Anti-Untouchability Committee of the Indian National Congress, has addressed the following forcible appeal to the trustees of the Public Hindu temples

"You are probably aware that the Indian National Congress has appointed a separate committee this year for making special efforts for the removal of untouchability The work has obviously to be done through the Hindus, and the Congress resolution is explicit on the point In these days of terrific advance in material sciences, while the world is shrinking fast, India has constantly to be weighed in the scale of nations as a single individual unit, and when an evil within the fold of a community apart from its inherent injustice becomes a nuisance to its neighbours and a reproach to the entire nation, it is only appropriate, you will agree, that the premier national institution such as the Congress should interest itself in it, and help the community concerned to achieve its speedy elimination

"Untouchability among the Hindus is no ordinary evil That a community known throughout the world's history for its religious toleration and its most catholic culture should have established and maintained for centuries, and should still countenance in the name of religion, a social code which brands for life human beings as unworthy of ordinary intercourse and capable of polluting others by mere touch or sight, is a tragedy and riddle that baffles every right-minded Indian today

"You have only to visualize the spirit of the Hindu Scriptures and the whole of its culture through centuries to perceive, that such treatment of those lower in the social scale, who are in fact termed the 'young brothers' by the Dharmashastras, is most reprehensible It must be unnecessary for me to tax you with a host of Sanskrit texts in support of my contention Suffice it to say that it is now a matter beyond dispute that the system of untouchability, whatever may be its origin or former justification, is now only a social usage fossilised and hardened into rank inhumanity that is usurping the place of intelligent religious conviction and conduct

"If we turn to tradition, we find even less justification for anything like untouchability The Hindu tradition, founded on Vedic and scriptural lore, and nurtured by the most dynamic teachings of Kabir, Gaurang, Jnaneshvar, Eknath, Tukaram,

Narsinha Mehta and a whole galaxy of Dravidian saints, not only broke the barriers in social intercourse between man and man, but emphatically repudiated and positively set their face against any such cruel distinctions

"It is an irony of fate, that such glorious inheritance notwithstanding, we should have come to treat today one-third of our own kith and kin as pariahs worthy of treatment which we may not mete out even to dogs or to domesticated animals Our weavers, our artisans, our sweepers and scavengers, who are the real toilers of the land and producers of national wealth, who help to keep us clean and healthy and fit for life's vocations—to these our benefactors, meek and lowly little brothers—we deny social and civic rights, protection, knowledge, intercourse, everything that makes life worth living No wonder if under the inexorable law of Karma we are in turn ourselves treated the world over as pariahs and untouchables

"But the evil consequences of this sin do not terminate here The manifest injustice underlying such treatment, and the humiliation it involves for the victim, expose him to unrighteous influences outside, and make of him a disintegrating factor This not only does enormous harm to the community itself, but it corrodes the social foundations of the entire nation. You have no doubt read how movements and counter-movements are launched and conducted with these unfortunate 'young brothers' of the Hindus as pawns and targets, and how it has sown in recent years seeds of unending bitterness and discord among our prominent communities, how some of the most responsible and respected leaders of the communities have suggested and discussed elaborate schemes of converting these 'Untouchables' to their respective faiths for non-religious and sometimes even unworthy considerations

"With the modern growth of ideas, with the efforts of the reforming sections from amongst the Hindus themselves, and as a consequence of general self-consciousness born of the great awakening that has come upon the land during the last decade, the untouchables themselves are slowly beginning to feel their plight, and demand better treatment as a matter of birthright

* * * *

"All this must be painful and humiliating to you, as it should be to every good Hindu The remedy, however, lies in our own hands We must admit with open arms these 'little brothers' of ours in the social fold without reservation The barest justice

requires us to let them draw from the village well drinking water, to let their children have the same benefit of learning the three R's at the village school as our own, and to fling open for them the temples of God that we open to the rest of the Hindus We have got to take these unfortunate brethren of ours to our bosom, and befriend them in all humility as a matter of penance for all our sins of omission and commission

"To you, a custodian of Hindu religion and a trustee not of its monuments in brick and mortar only but of its true import and dignity, I have ventured to address this appeal It is the Mandir which has been to the Hindu throughout centuries the repository of all his religious and social idealism It is blasphemy for him to look upon or think of any living being as inferior or unworthy of Narayan's grace It is one of the proudest legacies left to us by our great saints, most of whom by the by came from lower classes, not excluding untouchables, that we shall consider no human being as inferior to us It would therefore be a tardy performance of duty for you to throw open the temple under your charge to the so-called untouchables

"I shall be thankful if you will let me know what action you propose taking in response to my appeal to you"

Let us hope that the appeal will not fall on deaf ears Wardha has led the way

Young India, 5-9-29] —*M K Gandhi*

ANOTHER PICTURE

By way of an interesting contrast, here is another picture. Gandhiji spent an evening with Sir Chinubhai who had invited a few friends also to meet him The same day a few hours before this, Seth Jamnalalji had been Sir Chinubhai's guest Seth Jamnalalji, we may know, is a great propagandist, and I was told by the friends at Sir Chinubhai's house, that during one or two hours that he had spent there, he had been good enough to entertain his hosts with stories from his own life He had told the Baronet, how years ago he had entertained Commissioners and Collectors to choicest wines, then felt that it meant a woeful sacrifice of principle, had later on asked the same dignitaries to be satisfied with what a strictly vegetarian teetotaller bania like him could give them, and how later he had burnt his boats and cast in his lot with Gandhiji The same orthodox bania had during recent years shocked the orthodoxy of Wardha by opening his temple to all the so-called 'untouchables' and carrying on a vigorous campaign for having all the Hindu temples opened to these classes Would not Sir Chinubhai open his own temple in Ahmedabad to the 'untouchables'? Sir Chinubhai had given him

no reply, but the whole story was narrated to Gandhiji, and as the latter asked him what reply he had given, the Baronet looked at his mother "He is looking at you, Lady Chinubhai," said Gandhiji smiling, "which means that he is ready but waits for your permission" The dowager lady paused for a few seconds and said "If it be your wish, so shall it be"

Young India, 28-5-31] —*Mahadev Desai*

WHY WARDHA?

A friendly Englishman asked Gandhiji the other day a question which rather surprised me "You are a Gujarati, you belong to Gujarat Why should you have selected a Marathi-speaking part for your work and experiments? And why Wardha of all places?" Gandhiji was no less surprised, but he calmly replied "I do not belong to Gujarat, I belong to the whole of India Wardha I selected, because it afforded so many facilities for work There is Jamnalal Bajaj who is interested in my programme of work and my experiments, and he gave me his valuable garden and his garden house for the Village Industries Association of which I made Wardha the headquarters"

* * * *

Gandhiji's brief reply makes me feel like adding something about Jamnalalji that Gandhiji himself said publicly the other day, and which even the Indian readers do not know

In the course of his little talk (to the students of the Marwadi Vidyalaya) * * * Gandhiji asked the boys to be not only worthy of the Principal, but of Jamnalalji who was such a capable 'fisher of men' But he was more "He had long ago broken the bonds of sect and community and creed," said Gandhiji, "and though the institution owed its existence to donations from Marwadis only—that is what gave it its name—Jamnalalji would not be satisfied until it was thrown open to boys of all castes and creeds He had no interest in it until he had found his way to destroy its exclusive character, to throw it open as much to the Harijans as to any other section of Hindus, as much to the Mussalmans as to the Hindus He has no room in his heart for untouchability, and he has none at all for any feeling that Hinduism is in any way superior to any other religion He has helped Muslim institutions no less than he has done Hindu ones, and he has several Muslim friends whom he treats as blood-brothers * * * And let me tell you one thing which you may not know, and perhaps many do not know This passion for removal of untouchability and freedom from communal feeling, as well as equal regard for all religions, Jamnalalji does not at all owe to me It is not

possible for anyone to transfer his conviction to another All one can do is to help another to manifest that conviction which is already in him But in respect of Jamnalalji I could not take the credit for having even helped him to arrive at or to manifest those convictions in his life He had the convictions in him long before he met me and he had lived up to them It was these inner convictions of his that brought him and me together and made possible the close co-operation in which we have been able to work together for so many years You children have to be worthy of a man like him"

Harijan, 24-10-36] —*Mahadev Desai*

OUR BRETHREN THE SHOP ASSISTANTS

As these lines are being written the shop assistants in Bombay are meeting in conference under the presidency of Seth Jamnalal Bajaj Gandhiji in a message to the Conference emphasized the significance of the Conference "To have the Conference presided over by Jamnalalji who has numerous shop assistants in his employment is significant," he said 'Significant, because Jamnalalji knows in his heart no distinction between a seth and a servant, and his shop assistants, cooks, coachmen, and other servants are treated as *members of the family* He knows that they need leisure as he needs it, he knows that they need a holiday occasionally as he needs it (but rarely takes it), he knows that they need to live with their wives and children in fair comfort, in clean and well-ventilated habitations and capable of looking after their own and their children's educational and medical needs even as he needs to do so And he also knows the wretched lot of the average shop assistant, sweating for ten to thirteen hours, without a holiday, on a miserable salary, having to go on leave, if he can get it, without pay, losing every day in health, living a life without cheer, an eternal grind from morning till night"

* * * *

Gandhiji in his message also emphasized the necessity of peaceful and persuasive agitation, again ensured by the presence and guidance of Seth Jamnalal Bajaj

Harijan, 23-10-37]

कार्य-समितिके प्रस्ताव

[कॉंग्रेसकी कार्य-समितिने वर्धाकी बैठकमें जो प्रस्ताव पास किये उनमेंसे महत्त्वके प्रस्ताव नीचे दिये जाते है।]

* * * *

(१) "जयपुर-सीकरके झगडेके सम्बन्धमे समझौता होनेकी खबर

कमेटीने सेठ जमनालालजी बजाजसे सुनी, और कमेटी जनताको इसके लिए बधाई देती है कि उसने सशस्त्र मुकाबला करनेका विचार त्यागकर अहिंसात्मक उपायोको ग्रहण किया जिससे रक्तपातका निवारण हुआ। कार्य-समितिको इसपर दुःख है कि ४ जुलाईको सीकरमें गोलियां चलनेके कारण व्यर्थ कुछ मनुष्योंकी जानें गईं। मृतकोंके परिवारोंसे कमेटी अपनी समवेदना जाहिर करती है।

"कार्य-समितिको आशा है कि भविष्यमें सीकरकी जनतासे व्यवहार करनेमें जयपुरके अधिकारी सद्भावसे काम लेंगे, ताकि राज्य, रावराजा और सीकरकी जनतामें मैत्रीभाव पुनः जारी हो जाय।"

हरिजन सेवक, १३–८–३८] — मो० क० गांधी

जयपुरकी स्थिति

मालूम होता है कि जयपुरके अधिकारी उस समय तक खुश न होंगे जबतक कि वे जयपुरके देशभक्तोंके होश-हवास अच्छी तरह दुरुस्त न कर देंगे। क्योंकि अब उन्होंने जयपुर राज्य प्रजा-मण्डलको, जिसके कि जमनालालजी प्रेसीडेण्ट हैं, गैरकानूनी घोषित कर दिया है। जयपुरकी कौंसिल ऑफ स्टेटके प्रेसीडेण्टके नाम लिखे अपने पत्रको जमनालालजीने प्रकाशित कर दिया है।[1] उम्मीद थी कि वह पत्र अधिकारियोंको अपना पुराना हुक्म वापस लेनेकी प्रेरणा करेगा, मगर जयपुर कौंसिल (जिसके बारेमें भूलसे पिछले सप्ताह मैंने यह लिखा था कि उसमें सब बाहरके ही आदमी हैं, मगर अब मुझे मालूम हुआ है कि उसके चार सदस्य जयपुर राज्यके ही हैं) प्रकट-रूपसे इस बातके लिए उतारू दीखती है कि उन सब कार्योंका अस्तित्व ही मिटा दिया जाय, जिनसे जमनालालजी और उनके सहयोगियोंका सम्बन्ध है, फिर वे चाहे सामाजिक हों, या मानव-सेवाके अथवा ऐसे ही कोई और।

अधिकारियोंका उन लोगोंसे, जिनको वे पसन्द नहीं करते, पेश आनेका यह एक नया तरीका है। मैं केवल आशाके विरुद्ध आशा कर सकता हूं कि जयपुरके अधिकारी अखिल-भारतीय सकटको उत्पन्न करनेमें जल्दबाजीसे काम न लेंगे, क्योंकि इस बातके तीन कारण हैं जिससे जयपुरका सवाल वह महत्त्व धारण कर लेगा।

जमनालालजी खुद ही एक मस्या है। इसके अलावा वह कॉंग्रेसके खजाची और उसकी वर्किंग कमेटीके मेम्बर भी हैं। फिर जयपुरमें जो तरीका अख्तियार किया जा रहा है, वह इतना भीषण है कि पूरी शक्तिके साथ उसका मुकाबला करना ही चाहिए, क्योंकि उसका मुकाबला न किया

१. देखिए पृष्ठ ३९३-३९६, पत्र सख्या ४१।

गया तो रियासतोमे होनेवाली ऐसी हरेक हलचलका ही अत हो जायगा, जिसका प्रजाकी वैध राजनैतिक आकाक्षाओसे जरा भी कोई सम्बन्ध हो।

जयपुरके बारेमे विचित्र बात यह है कि वहाँ असली शासन महाराजका नही, बल्कि एक ऊँचे अंग्रेज अधिकारीका है। क्या इसका मतलब यह है कि वे केन्द्रीय सत्ताकी इच्छानुसार चलते है ? अगर ऐसा न हो, तो क्या कोई अग्रेज दीवान ऐसी नीति पर चल सकता है जो खुद राज्यके लिए विनाशक हो ? मै समझता हूँ कि जयपुरका खजाना इतना भरा-पूरा है कि सर्वनाशके आधुनिक हथियारोका सहारा लेनेके बावजूद प्रजा आत्मसमर्पण न करे और राज्यका लगातार बहिष्कार करती रहे तो भी उसमे हर हालतमे राज्यका काम चलता रहेगा। लेकिन यह वक्त है कि राजा लोग और केन्द्रीय सरकार इस सम्बन्धमे अपनी कोई समान नीति बना ले। या, जैसा कि कुछ लोग कहते है, यह समझा जाय कि जयपुरने जो तरीका अख्तियार किया है, वही उनकी समान नीति है ? मै तो केवल यही उम्मीद कर सकता हूँ कि ऐसा नही है।

हरिजन सेवक, २१-१-३९] —मो क गाधी

जमनालालजी पर प्रतिबन्ध

जमनालालजी पर जो प्रतिबन्ध लगाया गया है, वह बडा अजीब है। उन्हे मिला हुआ हुक्म इस प्रकार है —

"वर्धा (मध्यप्रात) के सेठ जमनालाल बजाज,

चूकि जयपुर-सरकारको यह मालूम हुआ है कि जयपुर राज्यमे तुम्हारी मौजूदगी और हलचलसे अमनमे खलल पडनेकी सम्भावना है, लिहाजा सार्वजनिक हित और सार्वजनिक शान्ति बनाये रखनेके लिहाजसे जयपुर राज्यके अदर तुम्हारे प्रवेशकी मनाई करना आवश्यक मालूम पडता है।

इसलिए तुम्हे चाहिए कि जबतक कोई और हुक्म न हो, तुम जयपुर राज्यमे न आओ।"

दरअसल तो जमनालालजी एक ऐसे आदमी है कि जिनकी उपस्थितिसे कही कोई खतरा होनेकी कमसे कम सम्भावना है। लोग तो हमेशा शान्ति करानेवालेके रूपमे ही उन्हे जानते रहे है। सरकारी अधिकारियोके साथ उनके सम्बन्ध बहुत ही सुखद रहे है। उनके इन गुणोकी कद्र भी इतनी हुई है कि सन् १९१६ या उसके आसपास उन्हे रायबहादुरका खिताब दिया गया था, जिसे असहयोगके दिनोमे उन्होने छोडा है। व्यापारी दुनियामें वह एक बहुत प्रसिद्ध व्यक्ति है और बहुत बडे व्यापारी होनेके अलावा वह बैंकर भी है। यो तो वह बडे उत्साही काग्रेसवादी है, मगर आन्दोलनके रूपमे वह

कभी मशहूर नहीं हुए। हाँ, रचनात्मक कार्य और समाज-सुधारमें वह सबसे आगे हैं। यह जरूर सच है कि अपनी अन्तरात्माके अनुसार चलनेका उनमें साहस है और उसके लिए वह कई बार अपने सर्वस्वकी भी बाजी लगा चुके हैं। जेलसे वह कभी नहीं डरते। जमनालालजी पर तामील किये गए हुक्ममें जो कुछ कहा गया है, स्पष्टत वह गलत है और उन पर बिलकुल लागू नहीं होता। शायद यह कहा जाय कि हुक्मकी शब्दावली तो खाली जाब्तेके लिए है, क्योंकि बिना उसके कानूनन उन पर ऐसा हुक्म तामील नहीं किया जा सकता। अगर ऐसा हो, तो उससे निश्चितरूपसे यही साबित होता है कि जमनालालजी जैसे लोगों पर लागू करनेकी मंशासे यह कानून हरगिज नहीं बना था। जमनालालजी जैसे व्यक्तियोंको जयपुर या देशके किसी अन्य भागमें न आने देनेके लिए उसका प्रयोग करना तो कानूनका शुद्ध और स्पष्ट दुरुपयोग मात्र है।

और इसमें भी मजेदार अंश वह है जिसमें जमनालालजीको 'वर्धाका' कहा गया है, क्योंकि दरअसल तो वह जयपुर राज्यके ही हैं। वहीं उनकी जायदाद है और वहीं उनके मा-बाप व अनेक सगे-सम्बन्धी रहते हैं।

ऐसे हुक्मके आगे मेरी ही सलाह पर जमनालालजीने पूरी तरह सिर झुकाया है। इस बातकी बड़ी अफवाह थी कि अगर उन्होंने जयपुरमें दाखिल होनेकी कोशिश की तो शायद उन्हें गिरफ्तार कर लिया जायगा। इसलिए इस बारेमें उन्होंने मुझसे सलाह ली कि अगर इस तरहका हुक्म उनपर तामील हो तो वह क्या करें। जयपुरके उनके कार्यकर्ताओंका तो यह मत था कि ऐसा कोई हुक्म हो तो वहीं फौरन वह उसका भंग करें। लेकिन मेरा मत इससे भिन्न था। अपनी राय पर पछतानेकी कोई वजह मुझे मालूम नहीं पड़ती। मैंने अपने मनमें सोचा कि ऐसा हुक्म देना तो बड़े पागलपनका काम होगा और जो पागल हैं उनकी बातों पर ज्यादा ध्यान नहीं देना चाहिए, बल्कि उन्हें शांत होनेका मौका दिया जाय। मुझे मालूम हुआ है कि गिरफ्तारीके खयालसे उसके लिए बड़ी-बड़ी तैयारियाँ भी की गई थीं। अत जो लोग गिरफ्तार करनेके लिए आये थे उन्हें जरूर एक तरहकी निराशा हुई होगी।

जल्दबाजी न करने और अधिकारियोंको यह समझानेकी कोशिश करनेमें कि उन्होंने जल्दबाजीसे और गलत काम किया है, जमनालालजीका कोई नुकसान नहीं हुआ। जयपुरकी प्रजा और एक जिम्मेदार आदमी होनेके नाते, शायद यह उनका फर्ज ही था कि वे अधिकारियोंको अपने निश्चय पर फिरसे विचार करनेका मौका दें। फिर भी वे ध्यान न दें और जमनालालजी इस हुक्मको भंग करनेका निश्चय करें, जैसा कि उन्हें करना ही होगा, तो वह ऐसा और भी ज्यादा नैतिक शक्ति और प्रतिष्ठाके साथ करेंगे। और अहिंसात्मक कार्यमें तो नैतिक शक्तिकी ही जरूरत भी है।

यह स्मरण रहे कि महाराजा तो अपने उन मंत्रियोंके हाथोंकी कठपुतली मात्र हैं, जो सब बाहरी हैं, बल्कि उनमेंसे कुछ तो अंग्रेज हैं। वहाँकी प्रजा या वहाँके प्रदेशके बारेमें वे कुछ नहीं जानते। वे तो एक तरहसे उनपर जबर्दस्ती लदे हुए हैं। जयपुरके पढे-लिखे घाटेमें हैं, हालाँकि बाहरी अधिकारियोंके आनेसे पहले, किसी-न-किसी रूपमें, जयपुर राज्यका काम चल ही रहा था। पिछले सप्ताह मुझे उन दुःखद बातोंकी चर्चा करनी पडी थी, जो राजकोटमें अंग्रेज दीवानने अपने बहुत थोडे कार्य-कालमें ही कर डाली। इसमें कोई शक नहीं कि जयपुरके मुहकमा खासका, जिसमें सब बाहरी आदमी ही भरे हुए हैं, कमसे कम यह कृत्य उनकी गैरजिम्मेदारी और अयोग्यताका एक दुःखद प्रदर्शन है। एक आदमीका, फिर वह कितना ही बडा क्यों न हो, निर्वासन नगण्य-सी बात मालूम पडेगी। लेकिन घटनाएँ शायद यही सिद्ध करेंगी कि यह मामला कमसे कम मूर्खतापूर्ण और महँगा तो रहा ही है, क्योंकि पाठकोंको शायद ही यह पता हो कि जयपुरमें प्रजामंडल भी है, जो पिछले छः सालसे जमनालालजीकी प्रेरणासे काम कर रहा है। इस समय जमनालालजी ही उसके अध्यक्ष हैं। मंडल एक शक्तिशाली संस्था है, जिसके सदस्य जिम्मेदार आदमी हैं, और उसने काफी रचनात्मक कार्य किया है। अगर यह प्रतिबन्ध न उठा तो मंडलको भी अपना फर्ज अदा करना पडेगा। क्योंकि यह प्रतिबन्ध तो, ऐसा कहते हैं, मंडलके रचनात्मक और वैध कार्योंको भी रोकनेकी पेशबन्दी है। अधिकारी लोग ऐसी संस्थाके बढते हुए प्रभावको बर्दाश्त नहीं कर सकते, जिसका उद्देश्य महाराजाकी छत्रछायाके अन्दर जयपुरमें उत्तरदायी शासन प्राप्त करना है, फिर उसके साधन कितने ही अच्छे क्यों न हों।

जमनालालजी पर लगाया गया यह एक अपशकुन है। ऐसा मालूम पडता है कि जिन संस्थाओंकी किसी भी रूपमें कोई राजनैतिक आकांक्षा हो उनकी हलचलोंको रोकनेके लिए अख्तियार की जानेवाली सम्मिलित नीतिकी यह पेशबन्दी है और अफवाह तो यह भी है कि राजपूतानेकी रियासतों द्वारा ग्रहण की जानेवाली यह एक संयुक्त नीति है। यह सिर्फ जयपुरके लिए ही सच हो या अन्य सभी रियासतोंके लिए, यह सब पर्याप्त अपशकुन है और जमनालालजी तथा जयपुरकी जनताके लिए अपनी पूरी शक्तिके साथ इसका मुकाबला करना आवश्यक है। यह जरूर है कि ऐसा किया जाय सत्य और अहिंसाके काँग्रेसी सिद्धान्तके अनुरूप ही।

हरिजन सेवक, २१–१–३९] — मो० क० गांधी

CONGRESS AND STATES

In reply to the correspondent's question as to what Gandhiji meant by saying in the last week's *Harijan* that "an all-India

crisis would occur if the Jaipur authorities persisted in prohibiting the entry of Seth Jamnalal Bajaj into the State, Gandhiji replied

"Seth Jamnalal is an all-India man, though a subject of Jaipur He is also a member of the Congress Working Committee, and essentially and admittedly a man of peace He is the president of an organization which has been working and has been allowed to work in Jaipur for some years Its activities have always been open It contains well-known workers who are sober by disposition and who have done much constructive work, both among men and women There is at the head of affairs in Jaipur a distinguished politico-military officer He is shaping the policy of the State in connection with the ban pronounced against Jamnalalji and his association, the Jaipur Rajya Praja Mandal I take it that Sir Beauchamp St John, Prime Minister of Jaipur, would not be acting without at least the tacit approval of the Central authority, without whose consent he could not become the Prime Minister of an important State like Jaipur

"If the action of the Jaipur authorities precipitates a first-class crisis, it is impossible for the Indian National Congress, and therefore all India, to stand by and look on with indifference whilst Jamnalalji, for no offence whatsoever, is imprisoned and members of the Praja Mandal are dealt with likewise The Congress will be neglecting its duty if, having power, it shrank from using it and allowed the spirit of the people of Jaipur to be crushed for want of support from the Congress This is the sense in which I have said that the example of Jaipur, or say Rajkot, might easily lead to an all-India crisis"

Harijan, 28-1-39]

राजकोट और जयरपु

जयपुरका मामला बहुत ही सीधा और राजकोटसे भिन्न है। अगर मुझे मिली हुई खबर सही है, तो वहाँके अंग्रेज प्रधानमत्री इस बात पर तुले हुए है कि उत्तरदायी शासनकी भावनाको लोगोमे फैलानेका भी कोई आन्दोलन न चलने दिया जाये। इसलिए जयपुरमे सविनय अवज्ञा उत्तरदायी शासनके लिए नही, बल्कि प्रजामडल और उसके अध्यक्ष सेठ जमनालाल बजाज पर लगाये गये प्रतिबन्धको हटानेके लिए की जा रही है। मेरी रायमे वाइसरायका कर्तव्य है कि राजकोटके रेजीडेण्टसे कहे कि उस कौल-करारको चलने दे और जयपुरके प्रधानमत्रीसे कहे कि पाबन्दी हटा ले। वाइसरायके ऐसा करनेसे किसी हालतमे यह नही समझा जा सकता कि उन्होने देशी रियासतोके मामलेमे अनावश्यक दस्तदाजी की।

हरिजन सेवक, ४-२-३९] —मो क गाधी

विज्ञप्तियाँ संतोषकारक नहीं

भारत सरकार और जयपुर सरकारने जो विज्ञप्तियाँ निकाली हैं, उन पर गांधीजीने नीचे लिखा वक्तव्य ३ फरवरीको वर्धासे प्रकाशित कराया है —

"जयपुरके बारेमें मुझे केवल एक शब्द कहना है। मैं यह बात अच्छी तरह जानता हूँ कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री जयपुर राज्यकी कौंसिलके सदस्य हैं। इसलिए मेरा कहना यह है कि वही सबकुछ हैं। उन्होंने प्रजामंडल तथा सेठ जमनालाल बजाजसे बदला चुकानेकी शपथ ले ली है और मैं यह घोषित करता हूँ कि प्रजामंडलके सम्बन्धमें राज्य जो कार्रवाई कर रहा है उसके बारेमें वह चाहे जो शब्दाडम्बर रचे, प्रजामंडल गैरकानूनी संस्था घोषित की जा चुकी है। अगर प्रजामंडल गैरकानूनी संस्था नहीं घोषित की गई है तो अधिकारियोंको चाहिए कि वे सेठ जमनालाल बजाजको जयपुर राज्यमें प्रवेश करनेकी स्वतंत्रता दे दें और उन्हें तथा मंडलको बगैर किसी प्रकारकी छेड़खानी किये प्रजाको उत्तरदायी शासनकी शिक्षा देने दें। और अगर वे प्रत्यक्षरूपसे या अप्रत्यक्ष-रूपसे हिंसात्मक भाव जागृत करनेका प्रयत्न करें, तो अधिकारी गण उन्हें सजा भी दें।"

हरिजन सेवक, ११-२-३९]

अहिंसा बनाम मशीनगन

अभी कुछ दिन हुए कि सीकरके राव-राजाके कानूनी सलाहकार बैरिस्टर चुडगरकी जयपुरके ब्रिटिश प्रधानमंत्रीके साथ बातचीत हुई थी। बातचीतके सारांशकी नीचे लिखी रिपोर्ट श्री चुडगरने जमनालालजीके पास भेज दी।

(श्री चुडगरका यह पत्र पृष्ठ ३६७-८ पर फुटनोटमें देखें)

मैं तो यह पढ़कर दिग्विमूढ़-सा हो गया। मुझे यह इतना अधिक चकित कर देनेवाला मालूम हुआ कि मैंने जयपुरके प्रधानमंत्रीके पास ऊपरका वक्तव्य १८-१-३९ को भेज दिया और साथ ही निम्नलिखित पत्र भी उन्हें लिखा।

(यह पत्र पृष्ठ ३६७-८ पर देखें)

प्रधानमंत्रीने २०-१-३९ को मुझे इस पत्रका जवाब दिया।

(यह पत्र पृष्ठ ३६६ पर देखें)

इसका जवाब फिर मैंने २२-१-३९ को नीचे लिखे अनुसार भेजा।

(यह पत्र पृष्ठ ३६६ पर देखें)

यह सारा पत्र-व्यवहार मैंने श्री चुडगरको दिखाया और उन्होंने इस सम्बन्धमें २८-१-३९ को श्री जमनालालजीको पत्र लिखा था, उसकी निम्नलिखित नकल मेरे पास भेज दी।

(यह पत्र पृष्ठ ४०१ पर फुटनोटमें देखें)

जयपुरके प्रधानमत्रीके पत्र विस्मयमे डाल देते है। मैंने मागी उनसे रोटी, पर उन्होने दिया मुझे पत्थर! अब अगर वह अपना बयान देनेमें असमर्थ हो, और इस स्थितिमे मै श्री चुडगरके बयानको सच्चा मान लू, तो वह (सर बीचम) मुझे क्षमा करेगे। उनका महज इन्कार करना, साथ ही धमकी देना, इसमे कोई वजन नही।

कॉंग्रेसमे ताकत होते हुए वह इतजार करती रहे और चुपचाप देखा करे, और जयपुरकी प्रजाको मानसिक तथा नैतिक भूखसे मरने दे–खासकर जबकि एक प्राकृतिक अधिकार पर लगाई गई ऐसी पाबन्दीके पीछे ब्रिटिश साम्राज्यका पजा हो–कॉंग्रेसके लिए यह सम्भव नही। जयपुरका प्रधानमत्री अगर बगैर सत्ताके यह सब कर रहा हो तो कमसे कम पद परसे तो उसे हटा ही लेना चाहिए।

हरिजन सेवक, १८–२–३९] –मो क गाधी

जमनालालजी

आखिरकार जयपुर दरबारको जमनालालजीको गिरफ्तार करना ही पडा। कहते है कि उन्हे एक अपरिचित स्थानमे मजबूत चौकी-पहरेके नीचे, अच्छे बढिया मकानमे रखा गया है। जान पडता है, हर बातमे गुप्तता रखी जाती है। मेरी सूचना यह है कि अधिकारियोको उनके पते-ठिकानेकी उन्हे दी जानेवाली सुविधाओ तथा उनके साथ पत्र-व्यवहार व मुलाकात करने सबधी शर्तोको प्रकाशित कर देना चाहिए। जमनालालजीको जहाँ उन्होने रखा है वहाँ क्या डाक्टरी मदद आसानीसे मिल सकती है?

मगर शेखावाटीके बारेमें जो खबरे आ रही है, वे अगर सच है तो उनके आगे जमनालालजीकी नजरबदी और उनके साथ किये जानेवाला बर्ताव गौण हो जाता है। राज्यकी ओरसे तफसीलवार खबरे प्रकाशित न होनेसे जनता अखबारोमें आनेवाली तरह-तरहकी खबरोको ही सत्य मानेगी।

हरिजन सेवक, ४–३–३९] –मो क गाधी

जयपुरके राजबंदी

जयपुर सरकारने सेठ जमनालाल बजाज तथा दूसरे राजबदियोके साथ किये जानेवाले बर्तावके बारेमे जो वक्तव्य प्रकाशित किया है, वह ऐसा मालूम होता है, जैसे कि अपने बचावके लिए खास प्रयत्नके साथ लिखा गया हो। सेठजीके सबधका प्रश्न तो बिल्कुल सीधा-सादा है। यह स्वीकार किया गया है कि उन्हे ऐसी जगह रखा गया है, जहाँका पानी बहुत भारी बताया जाता है। यह भी कबूल कर लिया गया है कि वहाँ पहुँचना आसान नही है। उनका वहाँ कोई साथी भी नही। यह सारा अकेलापन किस लिए? क्या वे कोई खतरनाक आदमी है? क्या वे कोई षड्यत्री है?

उनको नजरबद रखना तो समझमे आजाता है, क्योकि वे उस हुक्मकी अदूली करना चाहते है, जो उनको अपने जन्म-प्रदेशमे प्रवेश करनेसे रोकता है। अधिकारियोको यह मालूम है कि सेठजी एक आदर्श कैदी है, वे जेलके नियत्रणका पूरी तरह पालन करनेमे विश्वास रखते है। उन्हे जिस प्रकार बाहरकी सारी दुनियासे अलग कर दिया गया है, क्या वह अत्याचार और निर्दयता नही है?

कैदियोकी सबसे बडी जरूरत ऐसे साथीकी होती है, जो आचार-विचार, रहन-सहन और व्यवहारमे उनका-सा हो। मेरा खयाल है कि बगैर कठिनाईके उनको एक ऐसे स्थान पर रखा जा सकता है, जहाँ पहुँचना कठिन न हो, साथ ही जहाँ उनके कुछ साथी हो।

* * * *

सत्याग्रहके ध्येयसे सम्बन्ध रखनेवाले अनेक और महत्त्वपूर्ण सवालोका हल होना अभी बाकी है। लेकिन फिलहाल जो सवाल है, वह बहुत बडा नही है। इसका सम्बन्ध तो केवल प्रजामडलको मजूर करवानेके साथ है। सरकारने उसके लिए एक ऐसी शर्त रख दी है, जिसका स्वीकार करना अशक्य है। वह यह कि इसके अधिकारी वे लोग नही हो सकेंगे, जो राज्यसे बाहरकी राजनैतिक सस्थाओंके सदस्य होगे। इससे तो खुद जमनालालजी ही प्रजामडलके प्रमुख नही रह सकते, क्योकि उनका सम्बन्ध कॉंग्रेससे है।

दूसरी रियासतोकी तरह मेरे कहने पर जयपुरमे भी सत्याग्रह स्थगित कर दिया गया है। पर वह हमेशा स्थगित नही रह सकता। मुझे अब भी आशा है कि रियासत अपनी प्रजाके जाग्रत समुदायको सतुष्ट करेगी। मै जयपुर-सरकारको यह सुझाना चाहता हूँ कि सत्याग्रह स्थगित होने पर भी इन सबको जेलमें रखकर वह उल्टे रास्ते पर जा रही है। इतना तो मै फिर भी कहूँगा कि राजबन्दियोके साथ, जिनमे सेठ जमनालाल भी शामिल है, होनेवाले इस अमानुषिक बर्तावको तुरन्त बन्द कर देना चाहिए।

हरिजन सेवक, ६-५-३९] —मो क गाधी

गांधी-सेवा-संघ सम्मेलन

१९२२-२३मे जब गाधीजी जेलमें थे और कॉंग्रेसका रचनात्मक काम बिलकुल ढीला पड गया था, तब जमनालालजीने सोचा कि जो लोग सत्य और अहिंसाको अपना ध्येय मानकर गाधीजीका रचनात्मक कार्य करनेके लिए प्रतिज्ञाबद्ध हो उन लोगोका एक सगठन बनाया जाये। कई बरसो तक वर्किंग कमेटीके केवल तीन सदस्य ही गाधी-सेवा-सघके सदस्य रहे, और तीन साल पहले जमनालालजीने सघकी सदस्यतासे इसलिए इस्तीफा दे दिया, क्योकि उन्हे ऐसा लगा कि सघकी नीतिके नैतिक और आध्यात्मिक

फलितार्थोकी कसौटी पर वह पूरे नही उतर सके। अगर यह राजनैतिक दल होता तो उन्हे अपनी सदस्यतासे इस्तीफा देनेकी कोई वजह नही थी।[1]

*　　*　　*　　*

हरिजन सेवक, १३-५-३९]　　　　-महादेव देसाई

फिर जयपुर

जयपुरमे बहुत ही सुस्तीसे काम लिया जा रहा है। अखबारोमे यह प्रकाशित हुआ था कि दरबार और प्रजाके बीच समझौता होनेवाला है और सेठ जमनालालजी तथा उनके साथी कार्यकर्ताओको रिहा कर दिया जायगा। जिस बात पर झगडा है वह तो बहुत ही मामूली मालूम पडती है। केवल नागरिक स्वाधीनताकी रक्षाके लिए ही वहाँ सविनय-भग करनेका निश्चय किया गया था। और तभी उसका सहारा लिया गया जब कि प्रजा-मडल द्वारा लोगोको वैध तरीकेसे राज्यके अन्दर स्थानीय उत्तरदायी शासनके लिए आन्दोलन करनेकी शिक्षा देनेके अधिकार तक पर आपत्ति की गई। कुछ समय पूर्व दरबारकी एक विज्ञप्ति निकली थी, जिसमे प्रजा-मडलकी स्वीकृतिके लिए शर्ते दी हुई थी। दरबारने चाहा होता तो निश्चय ही उनको ऐसे रूपमे रखा जा सकता था जिससे सविनय-भगके नेता उन्हे मजूर कर लेते। उदाहरणके लिए यह शर्त कि स्थानीय सघका कोई पदाधिकारी ऐसा न होगा जो राज्यसे बाहरकी किसी राजनैतिक सस्थाका भी सदस्य हो, केवल परेशान करनेके लिए ही रक्खी गई मालूम पडती है। भला, सेठ जमनालालजीको इस बिना पर प्रजामडलका अध्यक्ष बननेके अयोग्य क्यो करार दिया जाये कि वह राष्ट्रीय महासभा (काँग्रेस) की कार्यसमितिके सदस्य है? या खास उन्हीकी खातिर यह शर्त रक्खी गई है? इसका स्पष्टीकरण आवश्यक है। और भी ऐसी शर्ते है, जिनके स्पष्टीकरणकी आवश्यकता है। आखिरी दो शर्ते ये है-(१) "मडल श्रीमान महाराजा साहब बहादुर द्वारा स्थापित विधानके मातहत समय-समय पर निश्चित किये जानेवाले उपयुक्त जरियोसे जयपुर राज्यकी प्रजाकी आकाक्षाओ और शिकायतोको पेश करनेका वचन देगा", और (२) "जयपुर राज्यमे बसे हुए लोग ही इसके सदस्य हो सकेगे।"

ये दोनो ही शर्ते अस्पष्ट है। भला राज्य, जो सुधार देनेके लिए तैयार है, उनका पहलेसे ही प्रतिपादन करनेकी आजादी प्रजाको क्यो न दे दे? लेकिन आखिरी शर्त तो, मालूम पडता है, इस स्वाभाविक अधिकार पर बन्दिश लगानेके ही लिए है। और 'बसे हुए' शब्द तो ऐसा खतरनाक कानूनी शब्द

१ इस बारेमे अधिक जानकारीके लिए श्री किशोरलाल मशरूवाला व जमनालालजीके बीच हुआ पत्रव्यवहार पृष्ठ ३८५-३६० पर देखें।

है कि जिसका राजनैतिक रूपमे कम ही व्यवहार किया जाता है। इसके बजाय अधिक प्रचलित 'निवासी' शब्दका प्रयोग क्यो न हो ?

हरिजन सेवक, १०–६–३९] —मो क गाधी

जयपुर

जो लोग जयपुरके मामलेमे दिलचस्पी रखते है, वे आजकल बडे शशोपजमे पडे है, क्योकि उन्हे मालूम हुआ था कि सेठ जमनालालजी बजाज और रियासतके प्रधानमन्त्रीके बीच कुछ बातचीत चल रही थी। उन्हे यह सूचित करते हुए मुझे दुःख होता है कि उस बातचीतका कोई फल नही निकला, इसलिए हमारी लडाई जारी है। सत्याग्रह भी अपने एक तरीकेसे जारी है, भले ही अब गिरफ्तार होनेवाले नये जत्थोका जाना बन्द हो गया है। जो लोग सत्याग्रहके सिलसिलेमे गिरफ्तार हुए थे, वे अब भी जेलमें शाही बन्दी है। उन्हे अभीतक रिहा नही किया गया। वे अपनी सजाकी पूरी मियाद भुगतकर ही बाहर आवेगें। सेठजी ही अनिश्चित कालके लिए नजरबन्द है। वे रिहा होते ही रियासत छोडनेका वचन देकर कभी बाहर नही आयेगे और रियासतके अधिकारी, गिरफ्तारीके लिए नये जत्थोका जाना बन्द होनेके बावजूद, उन्हे एक स्वतत्र व्यक्तिकी भाति जयपुरमे नही रहने देगे। इस तरह वे सेठजीको जयपुरके लोगोमे रचनात्मक कार्य-क्रम चलानेकी इजाजत तक भी नही देगे। वे जानते है कि सेठजीकी ओरसे किसी गुप्त आदोलनका — या कहे कुछ करे कुछ इसका — कोई भय नही है। वे अपनी खरी ईमानदारीके लिए प्रसिद्ध है और उनकी ईमानदारी पर कोई सदेह नही कर सकता।

सेठजीके घुटनोमे दर्द रहनेके कारण सवाल कुछ पेचीदा हो गया है। रियासतके मेडिकल अफसरने सेठजीको इलाजके लिए यूरोप या कमसे कम किसी समुद्री किनारे पर जानेकी सलाह दी है। वे खुद अपनी ओरसे भरसक इलाज कर रहे है, लेकिन उनकी राय स्थान-परिवर्तनकी है। इधर सेठजी जबतक नजरबन्द है, अपने इलाजके लिए भी जयपुरसे बाहर जाना पसन्द नही करेगे। उनके खयालमे आत्म-सम्मानका तकाजा है कि रिहाई बगैर किसी शर्तके हो। जबतक उनके ऊपर ऐसी पाबन्दी लगी हुई है, जिसे किसी भी तरह जायज नही सिद्ध किया जा सकता, वे स्थान-परिवर्तनकी बात तक नही सोच सकते। जब सत्याग्रह ही स्थगित हो गया है, तब जमनालालजीको नजरबन्द रखनेका कोई कारण मालूम नही होता। क्यो नही रियासती अधिकारी उन्हे छोड देते और जब वे रियासती कानूनोका फिर भग करे, उन्हे गिरफ्तार कर ले ? अगर हम नरमसे नरम शब्दोमे कहना चाहे, तो कह सकते है कि सेठ जमनालालजीके इलाजमे कुछ गैबी-सी चीज है। जयपुरके

अधिकारियोका यह फर्ज है कि या तो वे उनकी अनिश्चित काल तककी कैदको उचित सिद्ध करे या उन्हे बिना किसी शर्तके रिहा कर दे।

जयपुरी लोग मुझसे पूछते रहते है कि उनके सत्याग्रह पर कवतक पावन्दी लगी रहेगी ? मै उन्हे सिर्फ यही जवाव दे सकता हूँ कि जवतक वातावरणकी दृष्टिसे उसका स्थगित रहना आवश्यक हो। इस अरसेमे उन्हे रचनात्मक कार्य जारी रखना चाहिए। मेरी अव भी यही राय है कि ऐसा कोई भी व्यक्ति सत्याग्रह करनेका अधिकारी नही है, जिसने उन शर्तोको पूरा नही कर लिया, जो शर्ते मैने सत्याग्रहके लिए वताई है। लेकिन मेरी सव सलाहोमे एक वात ऐसी है, जिससे गुजायश निकल सकती है। जवतक किसीके दिल व दिमागमे मेरी वात वैठ नही जाती, वह उसपर अमल करनेके लिए वाध्य नही है। जवतक किसीको सच्चे दिलसे आन्तरिक प्रेरणा नही होती, तबतक "यह गाधीजीकी सलाह है," इस खयालसे उसे मानकर रुकना लाजिमी नही है। दूसरे शब्दोमे, यह उन्ही पर लागू होती है, जो आन्तरिक प्रेरणाका अनुभव नही करते और जो मेरे परिपक्व अनुभवो तथा मेरी सलाहकी गभीरता पर विश्वास करते है।

हालाँकि समझौतेकी वातचीत टूट गई है, तो भी रियासतके अधिकारी इस गुत्थीका हल ढूढनेकी जिम्मेदारीसे मुक्त नही हो गये। सत्याग्रह न करनेका यह अर्थ नही है कि स्वाधीनताके मौलिक अधिकार, जिनके लिए लडाई शुरु की गई थी, लेनेके लिए किसी भी प्रकारका आदोलन न चलाया जाय। लोकमत अधिकारियोको चैन नही लेने देगा। इसलिए जयपुरियोको यह समझ लेना चाहिए कि जवतक उनमे दृढ सकल्प मौजूद है, उनके हाथमे शक्ति भी है। और इस शक्तिको अपने नियत्रणमे रखनेसे यह सदा वढती ही है। प्रत्येक शक्ति इसीलिए नही होती कि उसका इस्तेमाल किया जाय। शक्तिके पैदा होते ही उसे इस्तेमालमे लानेकी अपेक्षा उसका सचय कर लेना प्राय अधिक प्रभावकारी होता है।

हरिजन सेवक, १५-७-३९] —मो क गाधी

SETH JAMNALALJI

Seth Jamnalalji is an extraordinary prisoner He believes that as a prisoner he has not to care about his body beyond what the doctors provided for him do And so I have only now come to know the true state of his health Shri Shankarlal Banker, who happened to go to Jaipur to see Jamnalalji, got concerned about his health and told me how bad it was

For the moment I refrain from publishing the correspondence which has come into my hands According to the Jaipur Civil Surgeon his is a case for special treatment If it is, the onus is on the State to release him unconditionally, leaving it to Jamnalalji whether he will take special treatment within the State or

without It is futile to suggest to Jamnalalji that he should undertake to leave Jaipur if he is discharged He will rather die in prison than be free under the very condition for the breach of which he has courted imprisonment As I have already pointed out there is no fear of Jamnalalji promoting civil disobedience in the State For it stands indefinitely suspended The authorities know that Jamnalalji is essentially a non-violent man They also know him to be a man of his word To me his detention is a mystery and, in the present state of his health, a crime

The public generally do not know that though the place where he is detained is good and accessible, it is a haunt of ferocious animals * * * My purpose is to protest against Jamnalalji being kept in a tiger-infested place I understand that even his keepers are not very happy over their job There is no fear of Jamnalalji running away If he must be kept in prison, why should he not be kept in an unobjectionable place where medical and other assistance is easily available?

There is also another point which calls for notice Though repeated requests have been made, he has not yet been permitted to keep a companion He has been given no nurse Instances are on record when he was badly in need of night attendance That he himself has made no complaint is no reason for the authorities' negligence in not providing necessary attendance Their attention has been drawn to the matter more than once by Sethji's secretary

—*M K Gandhi*

[The above was written on the 6th inst, but after we had gone to press the happy news has been received that Jamnalalji has been released Ed]

Harijan, 12-8-39]

जयपुर सत्याग्रह

जैसा कि सेठ जमनालालजीने अपने सार्वजनिक वक्तव्यमे घोपित किया है, जयपुरका सत्याग्रह सफलताके साथ समाप्त हो गया। महाराजा साहवसे उनकी कई मुलाकाते हुई है। उनके फलस्वरूप सभाओ और जुलूसो पर पावन्दीवाला कानून (रेग्युलेशन) उठा लिया गया है, इसी प्रकार अखवारो पर लगा हुआ प्रतिवन्ध भी उठ गया है, और कई दूसरे सुधार जारी करनेका भी आश्वासन दिया गया है। इस सुखद परिणामके लिए महाराजा साहव और सेठ जमनालालजी दोनो ही धन्यवादके पात्र है – महाराजा साहव तो अपनी न्यायवुद्धिके लिए और सेठ जमनालालजी जयपुर प्रजामण्डलकी ओरसे वातचीत करनेमे प्रदर्शित अपनी वुद्धिमत्ता और विनम्रताके लिए। यह एक

ऐसे आन्दोलनका सुखद अन्त है, जो बड़े सयम और शान्तिके साथ चलाया गया था। यह अहिंसाकी विजय है। इसमें बिल्कुल शुरूसे ही अपनी मांग इतनी कमसे कम रखी गयी थी जितनी कि राजनैतिक शिक्षा और अपने विचारोंको प्रकट करनेके लिए आवश्यक है। उत्तरदायी शासनका ध्येय तो हमेशा रहा है, लेकिन उसे इस उग्र या आक्रमणात्मक रूपमें कभी नहीं रखा गया, मानो फौरन ही पूर्ण उत्तरदायित्व देने पर आग्रह हो। प्रजा-मडलने अपनी मर्यादा और जनताकी पिछड़ी हुई हालतका बुद्धिमानीके साथ ध्यान रक्खा है। व्यावहारिक रूपमें राजपूतानेके अनेक राज्योंमें अभी तक कोई राजनैतिक शिक्षा नहीं देने दी गई है। अत यदि जयपुरकी प्रजाको नागरिक स्वाधीनता उसकी असली भावनामें मिल गई हो तो यह एक ठोस लाभ होगा। पर यह जितना जयपुरके अधिकारियों पर निर्भर है उतना ही इस बात पर भी निर्भर है कि प्रजा किस बुद्धिमानीके साथ उसका उपयोग करती है।

इस सम्बन्धमें सेठ जमनालालजीने एक बहुत महत्त्वपूर्ण बात कही है। उनका आग्रह है कि किसी अंग्रेजको दीवान न बनाया जाय। मुझे इस राज्यके अंग्रेज दीवानके शासन-प्रबन्धकी आलोचनाका दुखदायी फर्ज अदा करना पड़ा है। मुझे इसमें कोई सन्देह नहीं कि किसी भी देशी राज्यमें अंग्रेज दीवान कभी भी उपयुक्त नहीं हो सकता।

* * * *

इसलिए, आशा की जाती है कि, अगर महाराजा साहबको अपना दीवान चुननेकी सचमुच छूट हो, तो वह किसी ऐसे भारतीयको ही चुनेंगे, जो अपनी ईमानदारी, योग्यता और प्रजाकी आकांक्षाओंके प्रति सहानुभूतिके लिए प्रसिद्ध हो। साथ ही, यह भी आशा की जाती है कि अगर ब्रिटिश सरकार ही चुनाव करे, तो वह किसी अंग्रेज दीवानको महाराजा साहबके ऊपर न थोपेगी।

हरिजन सेवक, २३–९–३९] —मो क गांधी

जयपुर राज्य और प्रजा-मंडल

आखिर प्रजा-मडल और राज्यके बीच एक समझौता हो गया है। इस सुखद अन्तका श्रेय राज्याधिकारियों और सेठ जमनालालजी, दोनोंको है। आशा है कि इस समझौतेके फल-स्वरूप राज्याधिकारियों और प्रजामडलके बीच सुन्दर सम्बन्ध स्थापित हो सकेगा, और इन दोनोंके सहयोगके परिणाम-स्वरूप हर दिशामें रियासती प्रजाकी दिन-दिन उन्नति होगी। इसके लिए राज्यको सहिष्णुताका परिचय देना होगा, और मडलको अपने सभी कामों और वक्तव्योंमें सयमसे काम लेना होगा।

हरिजन सेवक, २०–४–४०] —मो क गांधी

जयपुर

सेठ जमनालालजी जयपुरमे मुसीबतोके घने जगलमेंसे अपना रास्ता निकालनेका यत्न कर रहे है। एक समझौता पिछले दिनोमे हो चुका है। उसमे उनका काफी हिस्सा था। उसमे रियासतको भी वाहवाही मिली थी और मुसीबते भी कम हो गई थी। इसीलिए उन्होने सोचा था कि इस बार उनका काम सुगम व सरल हो जायगा। मगर ऐसा नही हुआ। सेठजीके कहनेके अनुसार वहाके दीवान राजा ज्ञाननाथजी एक बिलकुल गैरजिम्मेदार व तरक्कीके दुश्मन व्यक्ति है। जयपुरके चिरकालसे पीडित काश्तकारोको जरा भी तसल्ली नही दे सके है। वहाकी प्रजामे उनको हटाने और एक ऐसे दीवानको नियुक्त करनेके लिए आदोलन चल रहा है जो प्रजामतकी कदर कर सके। सार्वभौम सरकारका यह कर्त्तव्य हो जाता है कि जब वह राजाओके लिए किसी दीवानकी नियुक्ति करे तो यह अवश्य देख ले कि वह रैयतकी जरूरतोकी तरफ सहानुभूति रखनेवाला है या नही। जब कोई दीवान जिस राजाकी नौकरी करता है उससे भी बढकर स्वेच्छाचारी बन जाय, तो यह इस बातका सूचक है कि वह हटा दिया जाय।

हरिजन सेवक, १९–१०–४०] — मो क गाधी

स्वर्गीय जमनालालजी

सेठ जमनालाल बजाजको छीनकर कालने हमारे बीचसे एक शक्ति-शाली व्यक्तिको छीन लिया है। जब-जब मैने धनवानोके लिए यह लिखा कि वे लोक-कल्याणकी दृष्टिसे अपने धनके ट्रस्टी बन जाये, तब-तब मेरे सामने सदा ही इस वणिक शिरोमणिका उदाहरण मुख्य रहा। अगर वह अपनी सम्पत्तिके आदर्श ट्रस्टी नही बन पाये, तो इसमे दोष उनका नही था। मैने जानबूझकर उनको रोका। मै नही चाहता था कि वे उत्साहमे आकर ऐसा कोई काम कर ले, जिसके लिए बादमे शान्त मनसे सोचने पर उन्हे पछताना पडे। उनकी सादगी तो उनकी अपनी ही चीज थी। अपने लिए उन्होने जितने भी घर बनाये, वे उनके घर नही रहे, धर्मशाला बन गये। सत्या-ग्रहीके नाते उनका दान सर्वोत्तम रहा। राजनैतिक प्रश्नोकी चर्चामे वह अपनी राय दृढतापूर्वक व्यक्त करते थे। उनके निर्णय पुख्ता हुआ करते थे। त्यागकी दृष्टिसे उनका अन्तिम कार्य सर्वश्रेष्ठ रहा। वे किसी ऐसे रचनात्मक काममे लग जाना चाहते थे, जिसमे वे अपनी पूरी योग्यताके साथ अपने जीवनका शेष भाग तन्मय होकर बिता सके। देशके पशुधनकी रक्षाका काम उन्होने अपने लिए चुना था, और गायको उसका प्रतीक माना था। इस काममे वह इतनी एकाग्रता और लगनके साथ जुट गये थे कि जिसकी

कोई मिसाल नही। उनकी उदारतामें जाति, धर्म या वर्णकी सकुचितताको कोई स्थान न था। वे एक ऐसी साधनामे लगे हुए थे, जो कामकाजी आदमीके लिए विरल है। विचार-सयम उनकी एक वडी साधना थी। वे सदा ही अपनेको तुस्कर विचारोसे बचानेकी कोशिशमे रहते थे। उनके अवसानसे वसुन्धराका एक रत्न कम हो गया है। उनको खोकर देशने अपना एक वीरसे वीर सेवक खोया है। जिस कार्यके लिए उन्होने अपना शेष जीवन समर्पित कर दिया था, उसे अब उनकी विधवा जानकीदेवीने स्वय करनेका निश्चय किया है। उन्होने अपनी समस्त निजी सम्पत्तिको, जो करीब ढाई लाखके आसपास है, कृष्णार्पण कर दिया है। ईश्वर उन्हे अपने इस अगीकृत कार्यमे सफल होनेकी शक्ति दे।

हरिजन सेवक, १५–२–४२] —मो क गाधी

क्रूर प्रहार

डाक रवाना होनेके बाद फोन आया कि जमनालालजी अचानक बेहोश हो गये है। गाधीजी तुरन्त ही उन्हे देखनेको चल पडे, लेकिन उनके वर्धा पहुचनेमे पहेले ही खबर मिली कि जमनालालजी चले गये।

कल रात उन्होने फोन पर मुझसे देर तक बाते की। चीनके तारणहार श्री चाग काई-शेकके वर्धा आने पर उन्हे कहा टिकाया जाय, क्या-क्या प्रबन्ध किया जाय, वगैरा अनेक बाते मुझसे पूछी और उन्हे अपने पास ही टिकानेकी उत्कण्ठा प्रकट की। फिर हँसते-हँसते बोले "बापू मुझसे गोसेवाका काम लेना चाहते है, मगर वह हो कैसे ? काम तो ऐसे-ऐसे आते रहते है।" मैने कहा · "लेकिन आपको तो ससारके एक महापुरुषको अपना अतिथि भी बनाना है, और गोसेवा भी करनी है, फिर क्या हो ?" इस पर आप बोले "मेरे यहा तो ससारका सबसे बडा महापुरुष पहलेसे अतिथि बनकर बैठा है। क्या वह काफी नही ?" फिर कहने लगे "अब मै गोपुरी जाता हूँ।" मैने कहा "अगर वे आये, तो आपको कुछ दिनोके लिए गोपुरी छोड जानकी-पुरीमे आना पडेगा।" बोले "गोपुरी भी तो आज जानकीपुरी बन गई है, क्योकि जानकीदेवी गोपुरीमे ही आ बसी है।" इस प्रकार उन्होने अपने सदा सुलभ हास्यके साथ रात बाते की। सवेरे भी वही प्रसन्नता, वे ही उल्लासभरी बाते, उतनी ही उत्कण्ठाभरी पूछताछ "चाग काई-शेकके आनेकी कोई खबर है ?"

क्या सपनेमे भी किसीने सोचा होगा कि इन्ही जमनालालजीको दोपहर बाद अचानक खूनके दबावका दौरा २५० और १२५ का हो जायगा, और गाधीजीके उनके समीप पहुचनेसे पहले ही वे हम सबको छोडकर चल देगे ?

कालकी गतिको कौन जान पाया है? आज वर्धाकी सभी सार्वजनिक संस्थायें और उन संस्थाओंके कार्यकर्ता उनके अभावमें अनाथ हो कर बैठे हैं। सब बिलख रहे हैं। वे तो मरते दम तक सेवा करते और सेवाका ही ध्यान करते हुए चले गये। उनके समान धन्य मृत्यु बिरलोंको ही प्राप्त होती है। लेकिन उनके अभावमें अपंग बैठे हुए हम लोग क्या करें? गांधीजी क्या करें? जानकीबहन क्या करें? उनके प्रेम और पोषणसे पुष्ट होनेवाली संस्थायें क्या करें? इस समय तो आंखोंके सामने अंधेरा छा रहा है और कलम आगे बढ़नेसे इनकार करती है।

हरिजन सेवक, १५-२-४२] —महादेव देसाई

कड़ी परीक्षा

बाईस वर्ष पहलेकी बात है। तीस सालका एक नवयुवक मेरे पास आया और बोला. "मैं आपसे कुछ मांगना चाहता हूँ।"

मैंने आश्चर्यके साथ कहा "मांगो। चीज मेरे बसकी होगी तो मैं दूंगा।"

नवयुवकने कहा· "आप मुझे अपने देवदासकी तरह मानिये।"

मैंने कहा "मान लिया! लेकिन इसमें तुमने मांगा क्या? दर-असल तो तुमने दिया और मैंने कमाया।"

यह नवयुवक जमनालाल थे।

वह किस तरह मेरे पुत्र बन कर रहे, सो तो हिन्दुस्तानवालोंने कुछ-कुछ अपनी आँखों देखा है। जहांतक मैं जानता हूँ, मैं कह सकता हूँ कि ऐसा पुत्र आज तक शायद किसीको नहीं मिला।

यों तो मेरे अनेक पुत्र और पुत्रियां हैं, क्योंकि सब पुत्रवत् कुछ-न-कुछ काम करते हैं। लेकिन जमनालाल तो अपनी इच्छासे पुत्र बने थे और उन्होंने अपना सर्वस्व दे दिया था। मेरी ऐसी एक भी प्रवृत्ति नहीं थी, जिसमें उन्होंने दिलसे पूरी-पूरी सहायता न की हो। और वह सभी कीमती साबित हुई, क्योंकि उनके पास बुद्धिकी तीव्रता और व्यवहारकी चतुरता दोनोंका सुन्दर सुमेल था। धन तो कुबेरके भण्डार-सा था। मेरे सब काम अच्छी तरह चलते हैं या नहीं, मेरा समय कोई नष्ट तो नहीं करता, मेरा स्वास्थ्य अच्छा रहता है या नहीं, मुझे आर्थिक सहायता बराबर मिलती है या नहीं, इसकी फिक्र उनको बराबर रहा करती थी। कार्यकर्ताओंको लाना भी उन्हींका काम था। अब ऐसा दूसरा पुत्र मैं कहांसे लाऊं? जिस रोज मरे, उसी रोज जानकीदेवीके साथ वे मेरे पास आनेवाले थे। बातोंका निर्णय करना था, लेकिन भगवानको कुछ और ही मंजूर

रहा। ऐसे पुत्रके उठ जानेसे बाप पगु बनता ही है। यही हाल आज मेरे है। जो हाल मगनलालके जानेसे हुए थे, वे ही ईश्वरने इस बार फिर मेरे किये है। इसमे भी उसकी कोई छिपी कृपा ही है। वह मेरी और भी परीक्षा करना चाहता है। करे। उत्तीर्ण होनेकी शक्ति भी वही देगा।

हरिजन सेवक, २२–२–४२] –मो क गाधी

JAMNALALJI

"The angel
Came again with a great wakening light,
And showed the names whom love of God had blessed,
And lo! Sheth Jaman's name led all the rest"

Those who knew Jamnalalji — and the hundreds of telegrams that have been pouring in from places far and near show that the number of that blessed company was great — will not feel unhappy over the alteration I have made in Leigh Hunt's famous lines about Abou Ben Adhem I do not know if on the fateful afternoon of the 11th Jamnalalji had a vision of any Angel come to receive him in the region of the blessed But if he had, I am sure he must have spoken to him

"Low but cheerly still, and said,
I pray thee then,
Write me as one that loves his fellowmen"

Never since the sudden and premature death of Manganlal Gandhi in 1928 had any bereavement dealt such a staggering blow on Gandhiji as the sudden and premature death of Jamnalalji Words fail me when I attempt to describe his feeling of desolation For two days he bore up bravely consoling the bereaved widow and the aged mother, but on the third day he broke down as he was saying "Childless people adopt sons But Jamnalalji adopted me as father He should have been an heir to my all. Instead he has left me an heir to his all" The feeling of desolation is, if I may say so, universal Wardha and Sevagram, even with Bapu and Ba in it, look dreary without Jamnalalji The numerous institutions he had founded or helped in founding will experience a piercing sense of void without his sunny presence Even the meetings of the Congress Working Committee must be dull and dreary without his scintillating and outspoken commonsense

The feeling of loneliness that has come over most of us may be judged from these few lines from Vallabhbhai's letter

"He had vowed not to sit in a train or a motor car, and his vow was to terminate on the 15th He had promised thereafter to come and have rest with me in Hajira Instead he has gone

to his eternal rest No death could have been better But as the proverb goes, 'Let a hundred die, but not the nourisher of a hundred' Hundreds upon hundreds of our workers in various parts of our country must be shedding silent tears in their cottages Bapu has lost a true son, Jankidevi and the family a true shelter, the country a loyal servant, the Congress a stately pillar, the cow her true friend and many institutions their patron, and we have lost a beloved blood brother I feel so desolate and forlorn"

Everyone mourns his loss Amongst the mourners are not only his friends of the Working Committee, not only his friends in the business world like the Birlas and the Tatas, Sir Purushottamdas and others, not only his numerous co-workers the humblest of whom he had brothered and befriended, but countless others who received his help without the world ever knowing it The meeting to mourn his death held in Wardha was addressed by members of the Hindu Mahasabha and the Muslim League, and a Muslim barrister paid him a fine tribute He said without Jamnalalji's sympathy and timely help the Anglo-Urdu School would not have been in existence He had the priceless gift of friendship which endeared him to all, and everyone under his roof felt completely at home He had literally broken the barriers of the family of his blood relationship, and made himself member of a vaster family to which men and women of all races and creeds belonged Above all he had broken the barrier that wealth and position often create His employees and his servants were members of his family, and they shared their joys and sorrows with him in an unstinted measure There are few wealthy men on earth so utterly void of affectation and snobbery, so utterly innocent of possession and propriety (I mean ownership), so utterly free from communalism or provincialism, and so overflowing with the milk of human kindness

Like some of those rare men who are gifted with the power of sublimating their desires and their passions, he was gifted with the power to sublimate his sense of possession He followed the master cheerfully through all the numerous vicissitudes of the latter's life, because although 'he had great possessions', he had divested himself of the sense of proprietorship in them Born of an obscure family in a waterless village in Jaipur State, he was adopted by a rich man from the same State who had settled in Wardha Even the poor parents would not part with their child, until the rich Bachhrajji from Wardha promised to dig a well in the village The boy was brought up by the adoptive father, and after two or three years in a Hindi school was put into business

Once he incurred the rage of his hot-tempered father who reminded him of the riches he had come into possession of without labouring for them He was just 17 then He addressed a letter to the father couched in terms of humility and firmness characteristic of the Jamnalalji of future years[1]

* * * *

The father relented, implored the son tearfully to stay, and he stayed Sturdy commonsense and innate business skill enabled him to earn lakhs and give in charity five times the wealth he had inherited from the adoptive father If he stayed home in response to the father's importunations, he knew he was a trustee of the father's wealth Consciously or unconsciously that was his first lesson in the theory of trusteeship The father who had adopted him taught that first lesson, the father he later adopted initiated him into the deep implications of it

Similarly he had the virtue of fearlessness which the absence of a slavish education had left unimpaired He had silenced Tommies travelling first and second and trying to bully him, he would not serve wines at a party he gave in honour of a Governor, to a Commissioner who said that the Chief Commissioner would not open his school unless he promised to be more loyal, he had said he would do without that costly privilege, and to a DSP whom he was interviewing and who had remarked "How I wish the boat that is carrying Tilak to England may go to the bottom of the sea,' he had said "You forget that there are numerous Englishmen on the boat!"

The fearlessness came into full play during the twenty years of his public life under Gandhiji's leadership President Kruger was unlettered and Generalissimo Chiang Kai-shek knows no English Ignorance of English was no handicap to them It had in fact left the native vigour of their minds unspoilt Even so with Jamnalalji He could see the implications of an intricately worded Congress resolution quicker than many other members, and he would often raise his warning voice lest the Committee should put their foot into seemingly innocent propositions It was he who raised earliest the question of moral and material co-operation in the war and who said that a nation of shop-keepers could not be duped by the promise of moral co-operation.

Treasurer of the nation's wealth, he was also the treasurer of the nation's honour He was among the very few capitalists who recklessly threw themselves in the fray for the nation's freedom and bore the rigours of imprisonment every time the

1 *The English translation of the letter given here is deleted. Please see pp 519-520 for its Hindi version*

call was made His faith burnt brightest when that of others flickered in times of stress and strain and dark despair It was to revive the faith of others when Gandhiji was in jail under a six years' term of imprisonment that he donated Rs 2,50,000 and founded the Gandhi Seva Sangh Politics he could understand, but he *often regarded it as a sorry game which might soil one's* heart and soul And so he had early set his heart on the constructive part of the Congress programme Khadi to which he gave his wealth, his time, his organizing ability and his devotion, Harijan uplift for which he risked the wrath of his hide-bound community, threw open the first big temple in India to the Harijans, and gave to Gandhiji the whole of the income of the *Harijan village—Sevagram—for the Harijans'* welfare, Hindu-Muslim unity for which he cheerfully bore heavy blows in the course of a riot, and earnestness for which won him distinguished men like the Khan Sahebs as brothers and women like Raihanaben and the Captain Sisters as sisters, Village industries, for which he gave away a precious part of his patrimony, women's cause to which he devoted a good deal of his wealth and time, and the Cow to whose cause he dedicated his life

Who could have been blessed with a richer life of service? And yet one could notice in various utterances of his a longing for something he had not yet achieved His sense of truth and justice was keen even to harshness, so far at any rate as he was concerned Before he met Gandhiji he had worshipped at many shrines Gandhiji seemed to settle his mind, and Gandhiji's fierce passion for truth made him long to be his son "Blessed will be the moment when I shall be worthy of being known as Mahatmaji's son," he wrote in 1923 "It is due to his infinite mercy that I have learnt at least to see my weaknesses and failings" He was often overwhelmed by a sense of his spiritual shortcomings, and he often longed to retire from all public activities It was this spirit that endeared him to Gandhiji more than the sacrifice of material possessions, almost incomparably great as this was

* * * *

Nourished on food like this, he grew from self-introspection to more self-introspection Constant companionship with Vinoba, who had managed the Satyagrahashram at Wardha since the beginning, was a great help in the process He had immense self-confidence He knew that, if some day the crown of thorns of Congress Presidentship were to be bestowed on him, he would be equal to the burden But his heart quailed when he thought of the spiritual journey he had still to do before entering the Kingdom of Heaven It was not because he had riches Owner-

ship in these he had cast away But there were other things needed And in order to purge himself of all dross he took the greatest step of his life — dedicating himself to the service of the cow He left his house — the house which had lodged guests like Presidents of the Congress, Lord Lothian, H E Tai Chi Tao, Dr John Mott, and the Egyptian Delegation — and went to live in a hut which he called Gopuri Here he did his spinning, tended his cows with the devotion of King Dileepa, and kept a careful record of his thoughts and acts from day to day As we visited the hut on the day he passed away, we saw on the little desk in front of his feet his diary written up complete to the day of his death Even so his life was complete and regular and God-fearing He had dedicated this to Mother Cow, in order that she may be for him the *Kamadugha*[1] that Cow Nandini had been to King Dileepa Whether the death that came to him was the blessing given him by the Cow it is difficult to say Perhaps it was For no death could be more desirable Almost until the last moment he was thinking of his Cow and his Gopuri, and when the end came it was so sudden and so quick that it seemed as though he had slipped into blissful peace But whether the Cow had really proved his *Kamadugha*, there is no doubt that by his dedicated life he had rendered himself Gandhiji's *Kamadugha* It was he who had made it possible for Gandhiji to settle first in Wardha and then in Sevagram, and it was he who was the living link between the outside world and Gandhiji His death removes the link and leaves both Gandhiji and the outside world much poorer

Harijan, 22-2-42] — *Mahadev Desai*

सतीका संकल्प

गत बुधवार ता ११ फरवरीको दोपहर बाद करीब तीन बजे यकायक फोन पर गांधीजीसे कहा गया कि जमनालालजीको खूनके दबावका दौरा हुआ है, और ११० व २५० डिग्री दबावके बीच वे बेहोश पडे है। खूनके दौरेको उतारनेके लिए जो दवा गांधीजी लिया करते है, वह डॉक्टरोने तुरन्त ही मगाई थी और उसके लिए एक मोटर भी रवाना की थी। मोटरके आते ही गांधीजी दवाके साथ उस पर सवार होकर वर्धा रवाना हुए। सेठ घनश्यामदासजी बिडला भी, जो कार्यवश उन दिनो यही थे, उनके साथ गये। मोटरमे बैठते-बैठते गांधीजीके मुहसे अचानक यह उद्गार निकला "अगर वे जिन्दा न मिले, तो बडा ही दुर्दैव होगा।" परन्तु उनके सहज

1 *Fulfiller of all desires*

आशावादने यहाँ भी उनका साथ न छोडा। उन्होने इसी सिलसिलेमे फौरन कहा "मगर मुमकिन है कि हम उन्हे वहाँ हमेशाकी तरह हँसते-खेलते ही देखे।" लेकिन जमनालालजी तो उनके वर्धा पहुँचनेसे पहले ही गोलोकवासी बन चुके थे। जिसने सुना, वही स्तब्ध रह गया। किसीको विश्वास ही न होता था, क्योकि न तो उनकी उम्र ही अभी इस लायक थी और न तन्दुरुस्ती ही इतनी खराब थी, कि वे अचानक चले जाते! उस दिन दोपहरको बारह बजे तो वे फोन पर हमसे बाते कर रहे थे। वही हँसी, वही मीठा मजाक। सेवाकी अभी उन्हे बडी बडी उमगे थी। पिछले दिनो जब नागपुर जेलमें हम सब साथ थे वे अकसर बातचीतके दौरानमे मुझसे कहा करते थे "ऐसा कोई काम या प्रवृत्ति मुझे चाहिये, जिसमे मैं सारी शक्ति और समय लगाकर देशकी सेवा कर सकू।" इसी दरमियान एकाएक तबीयत खराब हो जानेकी वजहसे वे अपनी मियादके कोई पाँच-छ हफ्ते पहले ही जेलसे रिहा कर दिये गये। रिहा होते ही वे एक सत्याग्रही सिपाहीके नाते सीधे गाधीजीके सामने हाजिर हुए। हुक्म मिला कि जब तक सजाकी मुद्दत पूरी न हो, दुबारा सत्याग्रह करना मुनासिब न होगा। यह वक्त तन्दुरुस्तीको सभालनेमे ही खर्च होना चाहिये। अतएव स्वास्थ्य-सुधारके विचारमे वे करीब एक महीने शिमला रह आये, और जिस दिन उनकी नौ महीनेकी सजाकी मुद्दत पूरी होती थी, ठीक उसी दिन वापस गाधीजीके पास आ पहुँचे। बहुत सोच-विचारके बाद गाधीजीने तय किया कि उनके शरीरकी जर्जरित अवस्थाको देखते हुए उन्हे फिरसे जेल जानेकी इजाजत तो वे न दे सकेंगे। चुनाँचे उन्होने जमनालालजीको गोसेवाका काम उठा लेनेकी सलाह दी। और जमनालालजी किसी कामको आधे दिलसे तो कभी करते ही न थे। जिस चीजको हाथमे लेते थे, उसके पीछे अपना सर्वस्व लगा देते थे। वे तुरन्त ही गोसेवाके भेखधारी बन गये। वर्धा और नालवाडीके दरमियान उन्होने अपने रुपयोसे बहुत-सी खुली जमीन खरीद ली और उस पर अपने लिए घास-फूसकी एक कुटिया बनाकर उसीमे रहने लगे। फिर क्या था? जमनालालजी थे और उनकी गोसेवा थी। रात-दिन उसीकी लगन – उसीकी धुन! सचमुच गोसेवाको उन्होने अपने लिए 'मोक्षका साधन' ही मान लिया था। ऐसा मालूम होता था मानो वशिष्ठकी नन्दिनीके इस वरदानको उन्होने अपने जीवनका सूत्र बना लिया हो "न केवलाना पयस प्रसूतिमवे हि माम् कामदुघा प्रसन्नाम्।" (अर्थात् यह न सोचो कि मैं केवल दूध ही दे सकती हूँ, मैं कामधेनु हूँ, प्रसन्न हो जाऊँ तो जो चाहूँ दे सकती हूँ।)

इसलिए जब उनके अग्निदाहका प्रश्न उठा, तो गाधीजीने उसके लिए गोपुरीकी भूमि ही पसन्द की। वहीं उनकी अर्थी पहुँचाई गई। वर्धाकी अधिकाश जनता तो उन्हे अपने पिताके रूपमे देखती थी। शामके वक्त

उनकी शव-यात्राके साथ सारा शहर गोपुरीमे उमड आया। वही गाधीजी भी जमनालालजीकी अस्सी वर्षकी वयोवृद्ध माता, पत्नी जानकीदेवी और अन्य कुटुम्बीजनोके साथ आये। अतिशय स्नेह और आदरके साथ उन्होने जमनालालजीकी सूनी कुटियाके कोने-कोनेकी 'यात्रा' की।

गाधीजीके लिए यह कोई साधारण अवसर न था। जमनालालजीके कुटुम्बियोके लिए तो यह अग्निपरीक्षाका समय था ही, किन्तु स्वय गाधीजीके लिए भी यह एक कडी कसौटीका समय था। गाधीजीका अपना यह जीवन-सिद्धान्त है कि आदमी खुद जो कहता या करता है, उससे उसकी इतनी जाँच नही होती, जितनी उसके कहने या करनेसे उसके अपने निकटके साथियो और कुटुम्बियोके आचरण पर पडनेवाले प्रभावसे होती है। इसलिए जमनालालजीके स्वर्गवासके बाद, ईश्वरके भेजे हुए इस वज्रपातका जवाब उनके कुटुम्बीजन किस तरह देते है, इसीमे उन्होने उनकी और अपनी परीक्षा समझी। एक ओर उन्होने जमनालालजीकी माताको दिलासा दे-देकर शान्त किया, दूसरी ओर जानकीदेवीजीको, जो 'सती' होनेके विचारमे चिता पर बैठनेको तैयार थी, 'सती' का सच्चा अर्थ समझाया और उनसे चिताग्निकी साक्षीमे पतिके अपूर्ण कार्यको पूरा करनेके लिए अपना सर्वस्व दे देने और शेष जीवन यज्ञबुद्धिमे बितानेका सकल्प करवाया। श्री विनोबा तो वहाँ थे ही। कुष्ठरोगसे पीडित श्री परचुरे शास्त्री भी अपनी रोगशय्या छोडकर सेवाग्रामसे पैदल गोपुरी आये थे और वहाँ मौजूद थे। श्री विनोबाके और शास्त्रीजीके मत्रोच्चारकी ध्वनिसे सारी गोपुरी गूँज उठी। श्रीमती अम्तुल सलामने 'फातेहा' पढा, कुरानकी कुछ आयते पढी। इतनेमे काफी अधेरा हो गया। चिता धू-धू जल रही थी। थोडे ही समयमे जमनालालजीका भौतिक शरीर जलकर भस्म स्वरूप बन गया, किन्तु चिताग्निकी लाल-नीली लपटोके उस प्रकाशमें जब सब लोग विसर्जित होकर अपने-अपने घर लौटे तो बजाय शोक या रुदनके सबके चेहरो पर सतीके पुण्य सकल्पकी झलक ही नजर आई। ऐसा प्रतीत होता था मानो सब अपने किसी महानुभाव साथीको किसी लम्बी पुण्य-यात्राके लिए विदा करके उसके पदचिन्हो पर चलनेका निश्चय लिये लौट रहे हो।

* * * *

उस दिन सेवाग्राम लौटने पर शामकी प्रार्थनाके बाद गाधीजीने आश्रमवासियोके सामने सारी घटनाका वर्णन करते हुए अपने हृदयके जो उद्गार प्रकट किये, श्री महादेवभाईके शब्दोमे उनका सार इस प्रकार है –

"सवाल यह था कि अग्निदाह कहाँ किया जाय – सेवाग्रामके पास टीले पर, सार्वजनिक श्मशान-भूमिम या गोपुरीमे। आखिर यह तय हुआ कि जिस गोपुरीको उन्होन अपना घर बनाया था, जहाँ अपन जीवनके अन्तिम

कार्यके लिए अपना सर्वार्पण करके उन्होने फकीरीको अपनानेका निश्चय किया था, अग्निदाह भी वही किया जाय। मै इस बारेमे तटस्थ था, लेकिन मुझे यह निर्णय अच्छा लगा।

"उनके शवके साथ हजारो लोग गोपुरी तक आये। अग्निदाहके बाद विनोबाने अपने मधुर कण्ठमे सारेका सारा ईशोपनिषद् सुनाया। फिर मैने उनसे 'गीताई' का बारहवाँ अध्याय सुनानेको कहा, ताकि वहाँ उपस्थित सब लोग उसे समझ सके। बारहवाँ अध्याय मैने इसलिए सुझाया था कि वह छोटा है, किन्तु उन्हे तो अठारहो अध्याय जबानी याद है, इसलिए उन्होने नवाँ सुनाया। मगर उतनेसे मुझे तृप्ति नही हुई। मैने कहा कोई अभग सुनाओ। इस पर उन्होने तुकारामका एक अभग भी सुनाया। अन्तमे मैने कहा अब 'वैष्णव जन तो तेने कहिये' भी सुना दो। उन्होने वह भी सुनाया। श्री परचुरे शास्त्री वहाँ पहले ही पहुँच चुके थे। उन्होने वेद-मत्र पढे और मेरे कहने पर लोगोको उन मत्रोका अर्थ भी सुनाया। मत्र बडे अर्थ-गभीर और सामयिक थे। थोडेमे उनका सार यह था 'जो ज्योति जमनालालजीमे सीमित थी, वह अब सीमारहित विश्व ज्योतिमे समा गई है, यानी हम सबमे आ मिली है। शरीर तो मिट्टीका था, मिट्टीमे मिल गया। परन्तु उसमें जो शाश्वत था, मगर एक सीमामे बधा हुआ था, वह अब हम सबका हो गया है। जब तक जीवित थे, जमनालालजी कुछ ही लोगोके थे, किन्तु अब वे सारे विश्वके बन गये है। उनके शरीरका अन्त हुआ है, किन्तु उनके व्रत, उनकी प्रतिज्ञाएँ, उनकी गोसेवा, उनकी खादी-सेवा, सत्य और अहिंसाकी उनकी लगन, ये सब तो अब हममे आकर मिल गई है—हमारी विरासत बन गई है। उन्होने इन सब व्रतोको सिद्ध करनेके लिए जो जो कुछ भी किया, सो सब तो अब हमारा है ही, लेकिन जितना कुछ वह अधूरा छोड गये है, उसे पूरा करनेका जिम्मा भी हमारा है। अपनी मृत्यु द्वारा वे आज हमे यही सिखा गये है।'

"इससे ज्यादा सच्चा सदेश और क्या हो सकता है? यह मै कैसे कहूँ कि मुझे उनके जानेका दुख नही हुआ? दुख होना तो स्वाभाविक था, क्योंकि मेरे लिए तो वही मेरी कामधनु थे। आफत-मुसीबत हो तो बुलाओ जमनालालजीको, कुछ काम करना हो, कोई जरूरत आ पडी हो, तो बुलाओ जमनालालजीको, और जमनालाल भी ऐसे कि बुलावा गया नही, और वे आये नही। ऐसे जमनालालका दुख कैसे न हो? लेकिन जब उनके किये कामोको याद करता हूँ और हमारे लिए जो सन्देश वे छोड गये है, उसका विचार करता हूँ, तो अपना दुख भूल जाता हूँ।

"आज हमे विचार तो यह करना है कि हम उनकी जमीन पर बैठे है। सेवाग्रामके लिए उनके मनमे कितना अनुराग था, सो मै जानता हूँ। यहाँ

एक-एक कौडी उन्हीकी खर्च होती है। उन्हे इस वातकी चिन्ता रहती थी कि यहाँ खर्च होनेवाली एक एक पाईका ठीक-ठीक हिसाव रहता है या नही, क्योकि वे खुद अपनी कौडी-कौडीका हिसाव रखते थे। वे हमेशा इस वातका आग्रह रखते थे कि सेवाग्रामका कोई आदमी वाहर जाय, तो उसका वर्ताव और उसकी रहन-सहन सेवाग्रामको शोभित करनेवाली होनी चाहिये।

"उनका अपना जीवन भी कैसा अनोखा था? एक दिन आकर कहने लगे 'मानता हूँ कि आपका मुझ पर वडा प्रेम है, लेकिन मुझे तो देवदासकी तरह आपका पुत्र वनना है।' पहाडी डीलडौलवाले जमनालालजीको मैं अपना पुत्र कैसे वनाता? परन्तु आखिर उनके प्रेम और आग्रहके सामने मुझे झुकना ही पडा। मैंने कहा 'अच्छी वात है।' लोग वेटेको गोद लेते है, लेकिन यहाँ तो वेटेने वापको गोद लिया! और गोद भी किस तरह लिया? वोले 'वस, अव तो मुझे अपना अन्तर्वाह्य सव सदाके लिए आपके चरणोमे चढा देना है। मेरे मनमे मलिन विचार तो आते ही रहते है, लेकिन अव मैं उन सवको आपके सामने उगल दिया करूँगा, ताकि मेरी शुद्धि हो और मुझे शाति मिले।' अपने इस सकल्पका उन्होने मरते दम तक पालन किया। वे रायवहादुर थे। लेकिन मेरे साथ उनका सम्वन्ध रायवहादुरीसे पहले ही कायम हो चुका था। मैंने उन्हे रायवहादुरी लेने दी, क्योकि उन दिनो मैं सोचता था कि उसका भी कुछ सदुपयोग हो सकेगा। जव उसे छोडनेकी वात आई, तो उन्हे उसका त्याग करनेमे एक क्षणकी भी देर न लगी। उनकी निर्भयता तो असाधारण ही थी। जवसे 'पुत्र' वने तवसे वे अपनी समस्त प्रवृत्तियोकी चर्चा मुझसे करने लगे थे। अन्तमे जव उन्होने गोसेवाके लिए फकीर वननेका निश्चय किया, तो वह भी मेरे साथ पूरी तरह सलाह-मशविरा करके ही किया। वे जिस कामको हाथमे लेते थे, उसमे जी-जानसे जुट जाते थे। यही उनका स्वभाव था। जव रुपया कमाने लगे तो ढेरो रुपया कमाया, लेकिन जहाँ तक मुझे मालूम है, मैं दावेके साथ कह सकता हूँ कि अनीतिसे उन्होने एक पाई भी कभी न कमाई। और जो कुछ कमाया, सो सव उन्होने जनता-जनार्दनके हितमे ही खर्च किया।

"जानकीदेवीके दुःखकी तो हम सव कल्पना कर सकते है। वे तो पागल ही हो गई थी। कहती थी 'वस, मुझे तो इनके साथ सती होना है। इनके विना मैं जी ही नही सकती।' मैंने कहा 'यह न समझो कि इस तरह सती होनेसे लोग तुम्हारी पूजा करेगे। इससे तो उलटे निन्दा होगी। हाँ, अगर कर सको, तो योगाग्नि पैदा करो और उसमे भस्म होकर सती हो जाओ। न मैं तुम्हे रोकूगा और न दूसरा ही कोई तुम्हे रोक सकेगा। लेकिन वह तो सम्भव नही। इसलिए मैं तुमसे कहता हूँ कि अव तो उनके पीछे जोगिन वनकर ही तुम्हे सच्ची सती वनना होगा।' घनश्यामदासजी

पास ही थे। उन्होंने कहा 'हमारे यहाँ तो ऐसे मौको पर कोई शुभ सकल्प करनेका रिवाज है। जानकीदेवीसे ऐसा कोई सकल्प कराइये।' जानकी-बाईने खुद ही कहा 'मेरा सकल्प तो यही है कि वे मेरे लिए जो कुछ छोड गये हैं, सो सब मैं उनके कामके लिए अर्पण करती हूँ।' उन्होंने मुझे अपना हिसाब भी बताया · दो-ढाई लाखकी रकम थी। यह सब उन्होंने गोसेवाके लिए अर्पण कर दी। इसके बाद जब वह चिताग्निके प्रकाशमे खडी थी, मैंने एक और बात भी उनसे कही। मैंने कहा 'सिर्फ इससे काम न चलेगा। अपना सारा धन कृष्णार्पण करके तुम भिखारिन बन गई हो। अब लडके तुम्हे खिलायेंगे तो तुम खाओगी, और नही खिलायेंगे तो मेरे पास आ जाओगी और मेरे भिक्षान्नमे शरीक हो जाओगी। लेकिन इसके साथ ही अब तुम्हे इस चिताकी साक्षीमे अपने आपको भी इसी कामके लिए समर्पित कर देना है। अब तुम्हे अपने लिए नही, बल्कि जमनालालजीके इस गोसेवा-कार्यके लिए ही जीना है। अब न तो लडकोका घर तुम्हारे लिए है, न लडकियोका। तुम्हे या तो गोपुरीमे रहना है, या मेरे पास सेवाग्राममे। तीसरी जगह तुम्हारे लिए नही। और चूंकि तुम अपना सर्वस्व इस कार्यके लिए दे रही हो, इसलिए अब शोक करनेका भी कोई अधिकार तुम्हे नही रह जाता।' जानकीदेवीने इसे भी स्वीकार किया और स्वय जमनालालजीकी गोपुरीमें गड जानेका निश्चय कर लिया। इस तरह वे सच्चे अर्थमे सती बनी। यह सब शुद्ध वैराग्यसे हुआ है, या स्मशान वैराग्य ही है, सो तो समय ही बतायेगा। वह खुद पूछती थी 'क्या ईश्वर मुझे यह सब करनेकी शक्ति देगा?' विनोबा वही थे। उन्होने कहा: 'जहाँ शुभेच्छा होती है, वहाँ ईश्वर उसको पूर्ण करनेकी शक्ति भी देता ही है।' इस पर मुझे महारानी विक्टो-रियाकी याद हो आई। राजगादी पर बैठते समय उनकी उम्र सिर्फ १९ बरसकी थी। जब उनका प्रधानमत्री रानीके रूपमें उनको सलाम करने आया, तो वह अपने सिंहासनसे नीचे उतर आई और बूढे प्रधानके आगे सिर झुकाकर खडी हो गई। जब उनके राज्याभिषेककी घोषणा की गई, तो उन्होने ईश्वरसे प्रार्थना की और प्रतिज्ञा ली I will be good —अर्थात् मैं भली बनूँगी। बस, यह उनका एक शुद्ध सकल्प था, जो उनके मत्रियोकी सहायतासे चमक उठा। हिन्दुस्तानकी वह सम्राज्ञी थी। यह मैं नही कहता कि उनके राज्यमें हमें कोई तकलीफ ही नही हुई। फिर भी इतिहास इस बातका साक्षी है कि वह अपने उस शुभ सकल्पके अनुसार अपनी प्रजाकी सेवा करना चाहती थी। जो काम उन्होंने किया, वही जानकीदेवी भी कर सकती है। वे गोसेवाका सारा काम अपने हाथमें लेकर उसे पूरी तरह सफल बना सकती है।

"मै फिर कहता हूँ कि हमे हमेशा यह याद रखना होगा कि हम जमनालालजीकी भूमि पर बैठे है। हमे उनके नामको सुशोभित करना है। ऐसा कोई काम हमारे हाथो न हो, जिससे उनकी कीर्तिमे बट्टा लगे। उनकी शुद्ध कमाईको हमे खूब सोच-विचारकर खर्च करना चाहिये, और एक-एक पाईका हिसाव रख कर हमेशा अपव्ययसे बचना चाहिये। उनका सयम हमारे लिए मार्ग-दर्शक हो।"

किन्तु गाधीजीको इससे भी सतोष नही हुआ। उस रात वे एक मिनट भी नही सो पाये। मुझे याद नही पडता कि इससे पहले कभी किसी प्रियजनकी मृत्यु पर उन्होने इस तरह सारी रात आँखोमे काटी हो। दूसरे दिन उन्होने जमनालालजीके सारे परिवारको इकट्ठा किया, और जिससे उन्हे जो आशा थी, सो उसे बता दी। जमनालालजीके सबसे बडे पुत्र चि कमलनयनसे उन्होने कहा "हिन्दू धर्ममे सबसे बडा पुत्र दूसरे पुत्रोकी तरह अपने पिताकी सम्पत्तिका वारिस तो होता ही है, मगर साथ ही वह कुलधर्मका और अपने पिताकी नीति और सिद्धान्तोका सरक्षक भी बनता है। इसलिए मै तुमसे कहता हूँ कि तुम व्यापारमे लगे हो, तो लगे रहो, धन कमाना हो, कमाओ, लेकिन तुम्हारी सारी कमाई जमनालालजीकी तरह धर्मकी कमाई होनी चाहिये। साथ ही, यह भी याद रखो कि, जमनालालजीकी तरह तुम्हे भी लोकहितके लिए अपनी सम्पत्तिका सरक्षक बनकर रहना है। तुम अपनी कमाईका रुपया अपने लिए नही, लोकसेवाके लिए खर्च करोगे, तभी तुम्हारा ट्रस्टीपन सार्थक हो सकेगा।" इसके बाद छोटे भाई चि रामकृष्णको समझाते हुए कहा "तुमसे तो मै यह आशा करता हूँ कि तुम अपना सारा जीवन सेवाके लिए और जमनालालजी द्वारा छोडे हुए अधूरे कामोको पूरा करनेके लिए समर्पित कर दोगे। लेकिन मै तुम्हे इसके लिए मजबूर करना नही चाहता। तुम्हारी हिम्मत हो, तो सकल्प करो। याद रखो कि जो शुभ सकल्प हम करते है, उन्हे निबाहनेकी शक्ति भी ईश्वर हमे दे ही देता है। और मान लो कि हम सफल नही हो पाये, तो भी कोई नुकसान नही। गीताकी भाषामे 'योगभ्रष्ट' की गति भी शुभ ही होती है।" फिर उन्होने जमनालालजीके भतीजे श्री राधाकृष्णजीसे कहा "जानकीदेवीके व्रतको तो तुम जानते ही हो। मै मानता हूँ कि अगर उन्हे एक योग्य सचिव मिल जाय, जैसा महारानी विक्टोरियाको मेलबोर्न मिल गया था, तो वह अवश्य ही गोसेवा-सघकी सभानेत्रीके पदको सुशोभित कर सकेगी। वह गोमाताकी 'पुत्री' है, अतएव वह अपनी 'माँ' की अच्छी सेवा कर सकेगी। आजकी इस गिरी हुई तन्दुरुस्तीमे मै उन

पर ज्यादा बोझ नहीं डालना चाहता। किन्तु मैं जानता हूँ कि 'त्याग-मूर्ति' के संकल्पका बल उसकी देहको वज्रवत् बना दिया करता है। तुम याद रखो कि और सब काम बँट जाने पर जो बाकी रह जायगा, उस सबकी जिम्मेदारी तुम्हारे कन्धो रहेगी।" अन्तमें जमनालालजीकी पुत्रियोंसे बात करते हुए उन्होंने कहा "अभी जो बातें मैंने चि कमलनयन और रामकृष्ण वगरासे कही हैं, वे सब तो तुमने सुनी ही हैं। याद रखो कि तुम्हें भी वही सब करना है। तुमसे भी मैं तुम्हारी शक्तिके अनुसार त्यागकी आशा रखूँगा। यह कभी न भूलो कि जमनालालजीकी जितनी कमाई थी, सो सभी असलमें कृष्णार्पण थी। अगर उसका कुछ हिस्सा तुम्हें मिला है, तो वह भी ट्रस्टीशिपकी शर्तके साथ ही मिला समझो। वह तुम्हारे भोग-विलासके लिए नहीं, बल्कि इसलिए है कि जमनालालजीकी तरह तुम भी उसकी ट्रस्टी बन कर रहो।"

हरिजन सेवक, २२-२-४२] —प्यारेलाल

जमनालालजी और स्त्री-समाज

गांधीजीने स्व जमनालालजीके जीवनकी चर्चा करते हुए महिला-आश्रमकी बहनोंके सामने नीचे लिखा प्रवचन किया —

"महिला-आश्रमकी बहनें तो जमनालालजीकी खास तौर पर ऋणी हैं। वे इस ऋणको किस तरह चुकायेंगी? सिर्फ रोने-धोनेसे तो यह ऋण नहीं चुकेगा। सेवा ही उनका उत्तम स्मारक है। आत्मा तो अमर है। शरीर ही नाशवान है लेकिन जमनालालजीकी तरह हर आदमी लोगोंके दिलमें अमरता नहीं पाता।

* * * *

"जमनालालजीने स्त्री-कार्यकर्ता तैयार करनेके विचारसे महिला-सेवा-मण्डलकी स्थापना की थी। आप और कुछ न करें, तो कमसे कम उनके सेवाभावको तो अवश्य ही तन-मनसे अपना लें, और जब जीवनके विशाल क्षेत्रमें प्रवेश करें, तो उसे अपने कवचके रूपमें धारण करलें। आपमें जो कुवारी हैं, उनमेंसे अधिकतर तो ब्याह करके घर-गृहस्थी संभालेंगी। यह स्वाभाविक है। जमनालालजी तो जोडे जुडानेका काम भी बडी निपुणताके साथ करते थे, इसलिए मैं तो उन्हें मजाकमें 'शादीलाल' ही कहा करता था। मेरी तरह उनकी भी यह प्रबल इच्छा थी कि कुवारी बहनें अपनी अभागिन बहनोंकी सेवाके लिए स्वेच्छा-पूर्वक अविवाहित रहें। लेकिन ऐसी स्त्रियां तो इनी-गिनी ही हो सकती हैं।

* * * *

"जमनालालजी एक बेजोड आदमी थे। वे सेवाके लिए ही पैदा हुए थे, और उनकी सेवाका जन्म भी सकुचित क्षेत्रमें रहनेके लिए नही हुआ था। कोई काम वे आधे दिलसे न करते थे। उनकी लगन आश्चर्यजनक थी। जिस गायका दूध वे पीते थे, उसकी सारी सार-सभाल वे खुद करने लगे थे। उनकी तन्मयता कुछ ऐसी ही थी। वे चाहते थे कि काम करते-करते मरे। ईश्वरने उन्हे वैसी ही मृत्यु दी। उनकी हर चीजका हर आदमी अनुसरण नही कर सकता, लेकिन जिन जमनालालजीने आप लोगोके लिए इतना किया है, उनके लिए आपके दिलमें सचमुच ही प्रेम और आदर हो, तो आपको उनके जीवनसे कमसे कम एक पाठ तो सीखना ही चाहिये। स्त्रीत्वका जो ऊचा आदर्श उन्होने आपके सामने रक्खा है, उसे सिद्ध करनेका आप सब प्रयत्न कीजिये और उसके लिए अपना जीवन समर्पित कर दीजिये।"

हरिजन सेवक, ८–३–४२] — अमृत कुवर

जमनालालजीका सच्चा स्मारक

(१)

सत्यशोधकको तो हर बातमे अपना रास्ता दुनियासे न्यारा ही निकालना पडता है। और, जमनालालजीने तो गाधीजीसे सत्य-शोधक बनना ही सीखा था। गाधीजीने सत्यकी ही तलाशमे अपने परिवारका त्याग किया, और सारी दुनियाको अपना परिवार माना। जमनालालजीने जगतकी सेवाको अपना जीवन-कार्य बनाया। यही वह अमर गाठ थी, जो दोनोको एक-दूसरेसे जोडे रही। इसलिए गाधीजीने बडी खूबीके साथ जमनालालजीकी मृत्युके शोकको एक नया ही रूप दे दिया।

जमनालालजी अकेले एक व्यक्ति ही नही थे, वे सच्चे अर्थमे देशकी एक सस्था थे। उनके आकस्मिक स्वर्गवासके बाद गाधीजीने तय किया कि उनकी तमाम सार्वजनिक प्रवृत्तियोको पहलेकी तरह अखण्ड रूपसे चलाते रहना ही उनका सच्चा स्मारक हो सकता है। इस हेतुको सफल बनानेके लिए उन्होने जमनालालजीके करीब दो सौ ऐसे मित्रोको, जिन्हे उनके जीवन-कार्यसे सहानुभूति थी, अपनी सहीसे निमत्रण भेजकर सलाह-मशविरेके लिए वर्धा बुलाया। जमना-लालजीके राष्ट्र-भाषा-प्रचारके सिद्धातको ध्यानमे रखकर निमत्रण-पत्र हिन्दी और उर्दू दोनो लिपियोमे छापा गया था। वर्धाके नवभारत विद्यालयमे २० और २२ फरवरीको दोपहर बाद इस निमित्त आये

हुए भाई-बहनोकी दो सभायें हुईं। इस अवसर पर गांधीजीने जो भाषण किया, वह अपनी मिसाल आप ही है। उनके मुहसे ऐसे वचन, इस प्रकारके अवसर पर शायद पहले कभी सुननेमें नही आये। रुपये-पैसे द्वारा ईंट-पत्थरका स्मारक बनानेकी बातको छोडकर जमनालालजीकी मृत्युको आत्मोन्नतिका और उनके जीवन-कार्योको आगे बढानेका एक साधन बना लेनेकी सलाह देते हुए उन्होने वहाँ एकत्र मित्र-मण्डलीसे कहा —

बोझ बटाइये

"आजका-सा अवसर मेरे जीवनमे इससे पहले कभी नही आया था, और जहा तक मैं सोच पाता हूँ आगे भी कभी नही आयेगा। आप देखते है कि जो कार्रवाई आज हम यहा करने जा रहे है, उसके लिए कोई सभापति नही चुना गया है। मैं तो सभापति हूँ ही नही। क्यो नही हूँ, सो आप खुद ही थोडे समयमे समझ जाइयेगा।

"कहा जा सकता है कि मेरे साथ जमनालालजीका सम्बन्ध करीब-करीब तभीसे शुरू हुआ, जबसे मैंने हिन्दुस्तानके सार्वजनिक जीवनमे प्रवेश किया। उन्होने मेरे सभी कामोको पूरी तरह अपना लिया था। यहा तक कि मुझे कुछ करना ही नही पडता था। ज्योही मैं किसी नये कामको शुरू करता, वे उसका बोझ खुद उठा लेते थे। इस तरह मुझे निश्चिन्त कर देना, मानो उनका जीवनकार्य ही बन गया था। यो, हमारा काम मजेमें चल रहा था। लेकिन अब तो वे खुद ही चले गये है और उनके सब कामोको चलानेका भार मेरे कन्धो पर आ पडा है। इसलिए मैंने सोचा कि मैं उनके सब मित्रोको जो उनके अनेकानेक सेवा-कार्योमे सहायक होते रहते थे, यहा बुलाऊ और उनसे निवेदन करू कि वे इस असह्य बोझको उठानेमें अपनी ताकतभर मेरी मदद करके इसे हलका करे। आज मैं आपके सामने एक भिक्षुककी हैसियतसे यहा खडा हू। फिर इस सभाका सभापति कैसे बन सकता हूँ?

भिक्षा कौन देगा?

"अपना भिक्षा-पात्र लेकर मैं आपके सामने खडा तो हू, लेकिन मैं धन-दौलतकी भीख नही चाहता। वैसी भीख भी मैंने अपने जीवनमे खूब मागी है। गरीबकी कौडी और अमीरके करोडोकी मुझे जरूरत रही है। लेकिन आज जो काम मुझे करना है, उसमे रुपये-पैसेकी कम ही जरूरत है। अगर मैं चाहता तो आजके दिन जमनालालजीके सब धनिक मित्रोको यहा इकट्ठा करके उन पर दबाव

डाल सकता था, उनकी खुशामद कर सकता था, और उनकी भावना-ओको द्रवित करके थैलियोके मुह खुलवा सकता था। यह धन्धा भी मैने अपने जीवनमे जी भरकर किया है, और वह मुझे अच्छी तरह आता भी है। लेकिन अगर वही सब आज मै यहा करने बैठता, तो उस व्यक्तिके नामको बडा धब्बा लगता, जो मुझे अपना सर्वस्व देकर चल बसा है, जो मेरे पास आया तो मेरी परीक्षा लेने था, मगर पुत्र बनकर बैठ गया, और मेरा सारा बोझ उठाता रहा। मुझे जो भिक्षा आज आपसे मागनी है, वह तो यह है कि जमना-लालजीके उठ जानेसे जो बोझ बढ गया है उसको उठानेमे कौन-कौन मेरी मदद करेगे। अकेले एक आदमीकी मददसे नही चलेगा, मदद तो सबको मिलकर देनी होगी और काम बाँट लेना होगा।

अब तक क्या हो सका है?

"इस सम्बन्धमे आगे कुछ कहनेसे पहले मै आपको यह बता दू कि अभी तक मैने क्या किया है। ११ फरवरीको जब मै जमनालालजीके द्वार पर पहुँचा, तो उनका देहान्त हो चुका था। मेरे पास वर्धासे सदेशा तो सिर्फ यही आया था कि खूनका दौरा कम करनेकी दवा भेजें। मै दवा भेजकर अपने दिलकी तसल्ली कर सकता था। लेकिन उस दिन मैने महसूस किया कि नही, मुझे खुद ही जाना चाहिए। जब वहा पहुचा, तो मामला कुछ और ही पाया। मै उस अवसर पर भी निर्दय बन गया। जानकीदेवी तो पतिके शवके साथ सती होनेकी ही बात करती थी। मैने कहा 'सचमुच सती होना है, तो जीती-जागती सती बन जाओ। धनका जितना त्याग कर सको, कर दो।' यह तो उनके लिए एक मामूली बात थी। आखिर धनसे वह कितना सुख और आराम भोग सकती थी? लेकिन दूसरी चीज उतनी आसान नहीं थी। सम्भव है, वह अब भी उतनी आसान न हो। मैने कहा, वह अपने पतिका स्थान ले ले। उन्हे सकोच हुआ, फिर भी मैने उनसे प्रतिज्ञा करा ही ली। इतना कठोर मै बन गया।

"इस तरह जानकीदेवीने तो त्यागकी दीक्षा ली, लेकिन फिर मैने सोचा कि उनके लडको, लडकियो और दामाद वगैराको भी ऐसा ही त्याग करना चाहिये। मै उनके साथ भी कठोर हो गया। मैने उनसे कहा 'बेशक, आप जमनालालजीकी तरह व्यापार कीजिये, लेकिन उसमे उनकी विशेषताको निवाहते रहिये, यानी व्यापार भी सेवाभावसे अथवा धर्मभावसे कीजिये। जितना कमाये, नीतिपूर्वक कमाइये और उसे खर्च भी पुण्यकार्यके लिए ही कीजिये, अपने ऐश-आरामके लिए नही। यानी आप अपने कमाये धनके भी सरक्षक बनकर रहिये।'

"जमनालालजी करीब छ लाख रुपया अपने लड़कोंके पास छोड गये थे, ताकि वे उनका उपयोग सेवार्थ करें, यानी उससे मेरे जैसे भिखारियोंकी झोलिया भरे। लड़के कह सकते थे, कि एक बार हमें जी भरकर ऐश-आराम कर लेने दीजिये, फिर हम त्याग भी करते रहेंगे। लेकिन नहीं, एक-दो दिनके गभीर विचारके बाद उन्होंने वह सारी रकम सेवा-कार्यके लिए दे दी। इसके सिवा, जमनालालजीके जीवन-कालमें काग्रेस-जनोंके और दूसरे कार्यकर्त्ताओं वगैराके आतिथ्य पर हर साल करीब २० हजार रुपया खर्च होता था। उन्होंने इसको भी पहलेकी तरह जारी रखनेका निश्चय किया, और सारे खर्चकी जिम्मेदारी बच्छराज-जमनालाल फर्मकी तरफसे अपने कन्धो पर उठा ली। सेठजीने बजाजवाडीका एक हिस्सा जानकीदेवीके लिए और बच्चोंके लिए रक्खा था। लेकिन उनके परिवारवालोंने यह तय किया कि उनमेंसे कोई उन बगलोमें नही रहेंगे। उनका उपयोग सिर्फ अतिथि-सत्कार अथवा सार्वजनिक कामके लिए ही होगा। वे खुद तो अभी गोपुरीमें ही रहना पसद करते है।

स्वराज्य-प्राप्तिसे भी कठिन

"इस तरह शुभ सकल्पोंके साथ यह काम शुरू हुआ है। जमना-लालजीकी आख बन्द होते ही मैंने उनके बोझका बँटवारा शुरू कर दिया है। आप देखेंगे कि जमनालालजीके कामोंकी जो फेहरिस्त आपको भेजी गई है, उसमें उनके आखिरी कामको पहला स्थान मिला है। यह काम स्वराज्य-प्राप्तिके कामसे भी कठिन है। स्वराज्य मिलनेसे यह अपने-आप नहीं हो जायगा। यह सिर्फ पैसेसे होनेवाला काम नहीं। मैं इस बातका साक्षी हू कि आजीवन अलौकिक निष्ठासे काम करनेवाले उस व्यक्तिने किस अपूर्व निष्ठासे इस कामको शुरू किया था। उन्हें इस तरह काम करते देखकर एक दिन सहज ही मेरे मुहसे यह निकल गया था कि जिस वेगसे वे इस कामको कर रहे हैं, उसको उनका शरीर सह सकेगा या नहीं? कहीं बीच ही में वह धोखा तो न दे जायगा? आज मेरा वह कथन भविष्यवाणी साबित हुआ है— मानो उस समय भगवान् ही मेरे मुहसे बोल रहे थे। साराश यह कि यह काम पैसेसे नहीं, एक-निष्ठासे ही होनेवाला है।

* * * *

"जानकीदेवीके दानकी रकमके साथ मिलकर यह रकम हमारी आजकी आवश्यकताके लिए काफी है। लेकिन कार्यकर्त्ता काफी नहीं है। गोसेवाका काम आज तक जिस तरह चला, उससे न जमना-लालजीको सतोष था, न मुझे। इस कामको सतोषजनक रूपसे चलानेके

लिए मुझे आपकी तन-मनसे मदद मिलनी चाहिए। जबतक यह न हो जायगा, मुझे चैन न पडेगा। असलमे वारिस तो उन्हे मेरा बनना चाहिये था, पर वह तो चले गये और जीत गये। अब परीक्षा मेरी है। मै एक नये रूपमे उनका वारिस बन गया हू, यानी उनके सारेके सारे कामोको मैंने अपने जिम्मे ले लिया है। लेकिन यह तो एक ऐसी चीज है, जिसके वारिस आप सब बन सकते है। जब आप सब मिलकर इन कामोको उठा लेगे, तो ये पहलेसे भी ज्यादा व्यवस्थित और सतोषजनक रीतिसे चलेगे, और तभी मै इस परीक्षाओमे उत्तीर्ण हो पाऊगा।

* * * *

खादी और ग्रामोद्योग

"अब दूसरी चीज लीजिये। मिसालके तौर पर, खादीके काममें उनकी दिलचस्पी मुझसे कम न थी। खादीके लिए जितना समय मैंने दिया, उतना ही उन्होने भी दिया। उन्होने इस कामके पीछे मुझसे कम बुद्धि खर्च नही की थी। इसके लिए कार्यकर्त्ता भी वे ही ढूढ-ढूढ कर लाया करते थे। थोडेमे यह कह लीजिये कि अगर मैंने खादीका मत्र दिया, तो जमनालालजीने उसको मूर्तिरूप दिया। खादीका काम शुरु होनेके बाद मै तो जेलमे जा बैठा। मगर वे जानते थे कि मेरे नजदीक खादी ही मे स्वराज्य है। अगर उन्होने तुरन्त ही उसमे रत होकर उसे सगठित रूप न दिया होता, तो मेरी गैरहाजिरीमे सारा काम तीन-तेरह हो जाता।

"यही बात ग्रामोद्योगकी थी। उन्होने इसके लिए मगनवाडी तो दी ही थी, साथ ही उसके सामनेकी कुछ जमीन भी वे मगन-वाडीके लिए खरीदनेका सकल्प कर चुके थे। अब चि. कमलनयनने वह जमीन भी मगनवाडीको दे दी है।

* * * *

"अब तक इस देशकी आजादीको खोनेमे व्यापारी-समाजकी खास जिम्मेदारी रही है। जमनालालजीको यह चीज बराबर खटका करती थी। इसीलिए आज आपके सामने मुझे ये सारी बाते रखनी पडी है।

* * * *

"जमनालालजीके दूसरे कामोके बारेमे मैं आपका इस वक्त ज्यादा समय लेना नही चाहता। वे सब आपकी आखोके सामने ही है। महिला-आश्रमको ही लीजिये। यह उनकी अपनी एक विशेष कृति है। उन्हीकी कल्पनाके अनुसार यह अबतक काम करता रहा है। जमनालालजीके सामने सवाल यह था कि जो लोग देशके काममे जुट कर भिखारी बन जाते है, उनके बाल-बच्चोकी शिक्षाका क्या

प्रबन्ध हो ? उन्होंने कहा कि कमसे कम उनकी लड़कियोंको तो यहां सरकारी मदरसोंके मुकाबले अच्छी ही तालीम मिल सकेगी। बस, इसी खयालसे महिला-आश्रमकी स्थापना हुई।

* * * *

"बुनियादी तालीम और हरिजन-सेवक-संघके कामका भी यही हाल है। आप इनमें शरीक हो सकते हैं। हिन्दू-मुस्लिम एकताके लिए उनके दिलमें खास लगन थी। उनके अन्दर साम्प्रदायिक द्वेषको बू तक न थी। आप उनके जीवनसे इस गुणको ग्रहण कर सकते हैं।

सच्चा स्मारक

"जमनालालजीका स्मृति-स्तंभ खड़ा करके हम उनकी यादको चिरस्थायी नहीं बना सकते। स्तंभ पर खुदे हुए शिलालेखको तो लोग पढ़ कर थोड़े ही समयमें भूल जायेंगे, परन्तु जिस आदमीने दुनियाके लिए इतना-कुछ किया है, उसके कामको चिरस्थायी रखनेका संकल्प कोई कर ले, तो वह उसका सच्चा स्मारक हो रहेगा।

* * * *

"मैं इसे अपने जीवनका एक अत्यन्त गंभीर अवसर मानता हूं। जो शुद्ध धर्मभावना अन्तिम समयमें जमनालालजीकी थी, उसे मैं कायम रखना चाहता हूं। इसलिए जिसे जो कुछ करना हो, उसी भावनासे करे। एकान्तमें बैठे, अन्तर्मुख बने और ईश्वरको साक्षी रख कर जो संकल्प करना हो, करे।"

हरिजन सेवक, ८-३-४२] — प्यारेलाल

जमनालालजीका सच्चा स्मारक

(२)

* * * *

दूसरे दिन सभाकी कार्रवाई शुरू करते हुए गांधीजीने कहा —

"अगर जमनालालजीकी मृत्युसे हम फायदा उठाना चाहते हैं, तो हमें बहुत ज्यादा सावधान बनना होगा, बहुत ज्यादा संयम और त्याग सीखना होगा।

* * * *

"मैं अकसर सोचता हूं कि अगर हममेंसे हरएकको एक सालके फौजी अनुशासनका तजरबा रहता, तो आज हमारी हालत कुछ और होती। जमनालालजी किसी फौजी विद्यालयमें तालीम लेने नहीं गये थे। मगर उन्होंने खुद अपनी कोशिशसे अपने अंदर फौजी अनुशासनके गुण पैदा कर लिये थे। वैसी ही तालीम हममेंसे हरएकको खुद ले लेनी होगी।

* * * *

"इसलिए कल मैंने अपनेमे यह तय कर लिया था कि अगर इस मौके पर पैसा इकट्ठा करनेके बजाय मैं आपको सावधान कर पाऊ, तो वही मेरा सच्चा व्यापार होगा। मैं फिर आपसे कहता हूँ कि आप अपने दिलको खूब टटोल कर देखिये, और जहा कहीं जडता नजर आये, उसे उखाड फेकिये। और भविष्यके लिए यहासे यही सकल्प करके उठिये कि जो अच्छी सलाह आपको मिलेगी या अन्तरसे जो प्रेरणा उठेगी, उसके अनुसार आप तुरन्त काममे जुट जाया करेगे। जमनालालजीके स्मारककी सच्ची स्थापनाका इससे अच्छा या महत्त्वपूर्ण आरम्भ और क्या हो सकता है?"

* * * *

हरिजन सेवक, १५-३-४२] — प्यारेलाल

एक अंग्रेजकी श्रद्धाञ्जली

[मेरे नाम लिखे अपने एक पत्रमें श्री वेरियर एल्विनने स्व जमनालालजीके सम्बन्धमे नीचे लिखे उद्‌गार प्रकट किये है।

— महादेव देसाई]

पिछले कुछ सालोंमें मैं जमनालालजीको बहुत ही कम देख पाया था। हालाकि एक वक्त ऐसा था, जब हम एक-दूसरेके काफी नजदीक थे। ऐसा कोई वक्त मुझे याद नही पडता, जब मैंने प्रेम और कृतज्ञताके साथ उनका स्मरण न किया हो।

* * * *

दस साल पहले जब मैं धूलिया जेलमे जमनालालजीसे मिलने गया, और उन्हे 'सी' क्लासमे रहते देखा, तो मुझे इतना आघात पहुचा कि मैंने उसी समय प्रतिज्ञा की कि जबतक हमारे देशमे ये बातें होती रहती है, मैं नगे पैर ही घूमूगा। * * * मैं आज भी नगे पैर ही घूमता हूँ और यह एक ऐसी घटना है, जो प्राय मुझे अपने मित्रका स्मरण करा दिया करती है।

* * * *

आजसे दस बरस पहले वर्धामे जमनालालजीके उस छोटेसे सीधे-सादे घरमें उनके मेहमान बन कर रहना एक अद्‌भुत चीज थी। अपने जीवनमे जमनालालजीने कभी सादगीका त्याग नही किया। बादमें जब वर्धाने राजधानीका रूप ले लिया, तो सहज ही वहा बहुतसी नई इमारते और सस्थायें खडी हो गईं, और जो थी वे भर गईं। मगर १९३१-३२ में तो उनके घरमें साधुकी कुटियाकी तरह शान्ति और सादगीका वातावरण मानो मुहसे बोलता था।

* * * *

जमनालालजीमें कई ऐसे गुण थे, जो पश्चिमवालोंको खूब पसन्द आते। उनकी सादगी और स्वाभिमान, उनकी सच्चाई और स्पष्टवादिता, और जीवनके प्रति क्वेकरोंसी उनकी वृत्ति पश्चिमवालों पर अपना प्रभाव डाले बिना न रहती।

* * * *

उनके जैसे धनी आदमीमें सत्यका इतना आग्रह क्वचित ही पाया जाता है। उनके मुहसे निकलनेवाले प्रत्येक शब्दको आप जब चाहे कसौटी पर पूरा उतार सकते थे, आपको विश्वास रहता था कि उनकी भावुकतामें कोई परिवर्तन न होगा, और उनके आदर्शमें कोई कमी न आयेगी। मै उनको दिलसे प्यार करता था, और आज जब वे चले गये है, मै अपने जीवनमें एक बडे अभावका अनुभव कर रहा हू, हालाकि पिछले कुछ सालोमे मैने शायद ही उन्हे देखा हो। मै यह भी अनुभव करता हू कि आज वर्धामे रहते हुए आप सब लोगोको और देशकी जनताको उनके समान शुद्ध हृदय, प्रेमी, उदार और व्यापक सहानुभूतिवाले व्यक्तिका अभाव कितना खटक रहा होगा।
हरिजन सेवक, २९–३–४२]

पशुपालन

"वर्धामें जो केन्द्रीय गोसेवा-सघ चलता है, वह स्वर्गीय श्री जमनालालजीकी अन्तिम कृति है। उनकी लोकोपयोगी प्रवृत्तियाँ अनेक थीं। वर्षोंसे धन कमानेका मोह उन्होंने छोड रखा था। जो कुछ धन कमाते थे, सो लोकसेवामें लगानेके लिए। ११ फरवरीको उनकी पाचवी पुण्यतिथि थी। उनके अनुयायियो और साथियोंने उस पुण्यतिथिका समय जमनालालजीकी अन्तिम प्रवृत्तिका विचार करनेमे विताया और इस तरह तिथि मनाई। सब जानते हैं कि अपने देहान्तके एक घण्टे पूर्व भी वे कुछ-न-कुछ गोसेवाका कार्य कर रहे थे। गोपुरी नामका क्षेत्र भी उन्होंने बनाया था। उनकी समाधि गोपुरीमें ही है।
हरिजन सेवक, १७–२–४६] — मो क गाधी

महादेव देसाई

महादेवभाईके मरनेके बाद मैंने बापूसे एक रोज पूछा "आज तक आपने जितनी मौते देखी, उन सबमे महादेवभाईकी मौतसे क्या आपको सबसे ज्यादा सदमा नही पहुँचा?" उन्होंने जवाब दिया "जमनालालजी, मगनलाल और महादेव — इनमेंसे हरएक अपने-अपने क्षेत्रमें अनूठे थे। मेरा खयाल है कि उनकी जगह दूसरे नही ले सकते।"
हरिजन सेवक, १८–८–४६] — सुशीला नय्यर

"क्रोध नहीं, मोह नहीं"

* * * स्व भाई जमनालालजीकी इच्छासे हिन्दुस्तानी प्रचार सभा कायम हुई। इससे उर्दू रिसाला निकालना लाजमी हो गया।

* * * *

मै साहित्यके प्रचारकी दृष्टिसे हिंदी साहित्य सम्मेलनका सदस्य नही बना था। स्व भाई श्री जमनालालजी और दूसरे अनेक मित्रोने मुझे बताया था कि नाम चाहे कुछ भी हो, उन लोगोका मन साहित्यमे नही था, उनका दिल राष्ट्रभाषामे ही था और इसीलिए मैने दक्षिणमे राष्ट्रभाषाका जोरसे प्रचार किया।

हरिजन सेवक, २५–१–४८] –मो क गाधी

उनकी अन्तिम चिन्ता

* * * *

सारे दिन लोग लगातार मुलाकात करनेके लिए आते रहे। उनमे दिल्लीके मौलाना लोग भी थे। उन्होने गाधीजीके वर्धा जानेके बारेमे अपनी सम्मति दे दी। गाधीजीने उनसे कहा कि मै सिर्फ थोडे दिनोके लिए ही यहासे गैरहाजिर रहूगा, और अगर भगवानकी कुछ और ही मर्जी न हुई और कोई आकस्मिक घटना न घटी, तो ११ तारीखको स्वर्गीय सेठ जमनालालजीकी पुण्यतिथि मनानेके वाद वहुत करके १४ वी तारीखको मै लौट आऊगा।[1]

* * * *

हरिजन सेवक, १५–२–४८] –प्यारेलाल

"सवाल जवाब"

सवाल–क्या आप उन सस्थाओको यादी देनेकी कृपा करेगे जिन्हे गाधीजीने स्थापित किया है या जिन्हे उनके उपदेशोसे प्रेरणा मिली है?

जवाब–वर्धा और उसके आसपासके गाँवोकी नीचे लिखी सस्थाये श्री जमनालालजीके उत्साह, श्री विनोवाजीके मार्गदर्शन और हमेशा मिलते रहनेवाले गाधीजीके आदेशोके कारण ही कायम हुईं, वन्द की गईं या उन्हे नया रूप दिया गया।

क कन्या आश्रम, वर्धा। १९३५ मे वन्द हो गया।

ख महिला आश्रम, वर्धा, १९३५।

१ यह अश प्यारेलालजीके लेखमेंसे लिया गया है जिसमें उन्होंने गाधीजीके देहान्तके वाद उनके अतिम दिनोंका वर्णन किया है। ३० जनवरी १९४८ को गांधीजीका देहान्त हो गया था और वे वर्धा नही जा सके थे।

ग गोसेवा मण्डल, नालवाडी, वर्धा ।
घ गोसेवा चर्मालय, नालवाडी, वर्धा ।
ङ महारोगी (कोढ) आश्रम, दत्तपुर, वर्धा ।
च गोसेवा सघ, गोपुरी, वर्धा ।
छ ग्राम-सेवा मण्डल, वर्धा ।
ज स्वराज्य भण्डार, वर्धा ।
झ परमधाम, पवनार, वर्धा । पिछले कुछ सालोसे श्री विनोबा यही रहते थे ।

हरिजन सेवक, १२-१२-४८] — किशोरलाल मशरूवाला

'दादीजी' बजाज

'दादीजी'—स्व जमनालालजी बजाजकी माता श्री बिरदीबाईका देहान्त ३१ मई (वैशाख-ज्येष्ठ कृ ११) को शामके करीब साढे चार बजे लगभग ९० वर्षकी उमरमे हुआ। गुजरातीमे साखी है कि

जननी जण तो भक्त जण, का दाता का शूर।
नही तो रहेजे वाझणी, मा गुमावीश नूर।।

श्री जमनालालजी जैसे भक्त, दाता और शूरकी जन्मदात्री वर्धावासियोकी 'दादीजी' ने इस आदेशको सफल करके अपना जीवन आदरणीय किया था। जब तक आख, कान और हाथ-पैरोने काम दिया, वे अपने निजी कामोमे सदा स्वावलम्बी रही। जवानीमें उन्होने बहुत सख्त परिश्रम किया था और अभी-अभी तक घण्टो बराबर सूत कातती रही। कितने ही प्रियजनोको उन्होने अपने सूतकी खादी दी होगी। शरीरके अवयवो और ज्ञानेद्रियोकी शक्ति कम हो जानेसे चरखा चलाना मुश्किल हो गया, तब समय कैसे काटे इसकी उन्हे बेचैनी मालूम होने लगी। फिर भी विनोबाजीकी सलाहसे जबतक बन पडा वे कातती रही। अपने ही सूतके वस्त्रोमे उन्होने आखिर अग्निस्नान किया।

उनका शरीर पूरे पके पानकी तरह हो गया था। अपना काम पूरा करके उसका गिर जाना उचित ही हुआ है। परन्तु जिस तरह 'वृक्ष सूना इक पर्ण बिना', वैसे ही बजाजवाडी और गोपुरी जो उनके दो निवासस्थान थे, उस पीले पानसे भी शोभावान मालूम होते थे। वे अब परिचित मित्रोको फीके मालूम होगे। उनके जीवनकी सौम्य सुगधकी स्मृति स्वजनोको प्रेरणा देती रहेगी।

हरिजन सेवक, ९-६-५१] — कि घ मशरूवाला

काकीनाडा,
शनिश्चर

भाई जमनालालजी,

अग्रवाल भाईयोको मे इतना हि कहना चाहता हु की हिंदुस्तानकी जो कोइ कोम शुद्ध बलीदान दे सकती है हिंदुस्तानकी और स्वधर्मकी रक्षा कर सकती है। मेरी उमीद है इस समय अग्रवाल जाति स्वराज्यका महान् जगमे अपना पूरा हिस्सा दे देगी। मै जानता हु की मारवाडी कोममे धन है, धर्म-प्रेम है, दान देनेका भाव है। आधुनिक प्रवृत्ति आत्मशुद्धिकी और धर्मरक्षाकी है। उसमे अग्रवाल भाईको बलीदान देनेकी शक्ति ईश्वर दे दे ऐसी मै प्रार्थना करता हु।[1]

आपका

१ यह पत्र, किताब करीब करीब छप चुकने पर मिलनेके कारण, पहले भागमें नहीं दिया जा सका, इसलिए यहाँ दिया जाता है।

परिशिष्ट ४

गांधीजीके अपने हाथों लिखे पत्र

जो पत्र गाधीजीने अपने हाथो लिखे है उनकी भाषा बिना कुछ फरक किए ज्यो की त्यो (गलतियो सहित) रखी गई है। ऐसे पत्रोकी क्रमसख्या निम्नाकित है –

भाग १ १ से ९, १७, १८, २२ मे २६, २८, २९, ३२ से ३४, ४४ से ४६, ४८, ५५, ६०, ६२, ६६ से ७२, ७४ से ८०, ८९, ९०, ९५, ९६, १००, १०५, १०६, १०८, १११ से ११३, ११५, १२७, १२९ से १३२, १३४ से १३७, १४०, १४४, १४६, १४७, १४९, १५२ मे १५५, १५८ मे १६०, १६२ से १६६, १७०, १७२, १७४ से १७८, १८० मे १८७, १८९ से १९३, १९५, १९७, १९८, २०० मे २०२, २०४, २०५, २०८ से २१०, २१२ से २१७, २२० से २२२, २२४ से २२६, २२९, २३६, २४५ से २४७, २५० से २५२, २५६, २६२ से २६५, २६९, २७८, २८१, २८२, २८५, २८६, २९२, २९३, २९५, ३०५, ३१२, ३१४, ३१५, ३२०, ३२३ से ३२७, ३३१, ३३९, ३४०, ३४२ से ३४४, ३४६, ३४९, ३५१ से ३५४, ३५७, ३५९, ३६४ से ३६६, ३६८, ३७०, ३७१, ३७४ से ३७६, ३७९, ३८०।

भाग २ ३, ४, ६, ९ मे ११, १३, १६, १८, १९, २१ से २३, २६, २७, २९, ३३, ३७, ४०, ४३, ४५, ४६, ४९ से ५१, ५३, ५४, ५७ से ६३, ६५ से ७२, ७४, ७५, ७७, ७९, ८२ से ८६, ८८ से ९३, ९५ मे १०४, १०६ मे १२१, १२३ से १३०, १३४ से १३६, १३८ मे १४७, १४९ मे १५१, १५४, १५६ से १५८, १६०, १६२ से १६४, १६६, १६७।

भाग ३ १५, २२, २६, ३१, ३३, ३७, ४० से ४२, ४५।

परिशिष्ट ३ अतिम पत्र (पृष्ठ ५७०)।

शुद्धिपत्र

पत्र सख्या	पृष्ठ	पॅरा	लाइन	अशुद्ध	शुद्ध
१४	१४	२	२	ह ।	है ।
१७	२१	३	६	रुड	रुड़ु
३६	३९			म भाईश्री	मु भाईश्री
५६	५४	३	१	भाईलालजीनु	भाई लालजीनु
७१	६२			फा व १	का व १
१०९	८४	४	८	वै रहा	और वहा
११४	९१	५	२	ी होसकते	ही हो सकते
११६	९४			२७–९–३२	२१–९–३२
१३६	१०९	१	२	थय	थयु
१४०	११२			च जमनालाल	चि जमनालाल
१४०	११२	१	१	वन तेटलो	वने तेटलो
१४४	११४	१	२	तेनु	तेनु
१५४	१२१	ता क	१	पूव	पूर्वे
१५६	१२२	१	२	nterrupt	interrupt
१८०	१३५	४	२	नाखवापण	नाखवापणु
१८४	१३९	१	२	सदर	सुदर
१९१	१४३	२	५	सतोषजो	सतोषजो
२०७	१५२	२	२	म	मे
२१६	१५७	१	१	थयो छ	थयो छे
२४८	१७९	?	१	चीतलीआ	चीतलीआए
२६२	१८७	३	२	जाओ ो	जाओ तो
२७८	१९५	१	२	जो जो।	जोजो।
२८५	१९९	?	१	आज	आजे
२९०	२०२	२	२	ोशिश	कोशिश
२९१	२०३	१	१६	मरा पतन	मेरा पतन
३०६	२१३	फुटनोट २	४	कद	कैद
३२७	२२६	१	१	जपुर	जेपुर
३३४	२३०	१	४	लये	लिये
३४०	२३५	१	३	दा पटलना	दा पटेलना

अनुक्रमणिका